الجزء ٢١

اُتْلُ مَآ اُوْحِىَ اِلَيْكَ مِنَ الْكِتٰبِ وَاَقِمِ الصَّلٰوةَ ؕ

नमाज़	और क़ाइम करें	किताब से	आप (स) की तरफ़	वहि की गई	जो	आप (स) पढ़ें

اِنَّ الصَّلٰوةَ تَنْهٰى عَنِ الْفَحْشَآءِ وَالْمُنْكَرِ ؕ وَلَذِكْرُ اللّٰهِ اَكْبَرُ ؕ

सब से बड़ी बात	और अलबत्ता अल्लाह की याद	और बुराई	बेहयाई	से	रोकती है	नमाज़	बेशक

وَاللّٰهُ يَعْلَمُ مَا تَصْنَعُوْنَ ﴿٤٥﴾ وَلَا تُجَادِلُوْٓا اَهْلَ الْكِتٰبِ

अहले किताब	और तुम न झगड़ो	45	जो तुम करते हो	जानता है	और अल्लाह

اِلَّا بِالَّتِىْ هِىَ اَحْسَنُ ۖ اِلَّا الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا مِنْهُمْ وَقُوْلُوْٓا

और तुम कहो	उन (में) से	जिन लोगों ने ज़ुल्म किया	सिवाए	वह बेहतर	मगर उस तरीक़े से जो

اٰمَنَّا بِالَّذِىْٓ اُنْزِلَ اِلَيْنَا وَاُنْزِلَ اِلَيْكُمْ وَاِلٰهُنَا وَاِلٰهُكُمْ وَاحِدٌ

एक	और तुम्हारा माबूद	और हमारा माबूद	तुम्हारी तरफ़	और नाज़िल किया गया	हमारी तरफ़	नाज़िल किया गया	हम ईमान लाए उस पर जो

وَّنَحْنُ لَهٗ مُسْلِمُوْنَ ﴿٤٦﴾ وَكَذٰلِكَ اَنْزَلْنَآ اِلَيْكَ الْكِتٰبَ ؕ فَالَّذِيْنَ

पस जिन लोगों को	किताब	हम ने नाज़िल की तुम्हारी तरफ़	और उसी तरह	46	फ़रमांबरदार (जमा)	उस के	और हम

اٰتَيْنٰهُمُ الْكِتٰبَ يُؤْمِنُوْنَ بِهٖ ۚ وَمِنْ هٰٓؤُلَآءِ مَنْ يُّؤْمِنُ بِهٖ ؕ

उस पर	बाज़ ईमान लाते हैं	और इन अहले मक्का से	उस पर	वह ईमान लाते हैं	किताब	हम ने दी उन्हें

وَمَا يَجْحَدُ بِاٰيٰتِنَآ اِلَّا الْكٰفِرُوْنَ ﴿٤٧﴾ وَمَا كُنْتَ تَتْلُوْا مِنْ قَبْلِهٖ

इस से क़ब्ल	आप (स) पढ़ते थे	और न	47	काफ़िर (जमा)	मगर (सिर्फ़)	हमारी आयतों का	और वह नहीं इन्कार करते

مِنْ كِتٰبٍ وَّلَا تَخُطُّهٗ بِيَمِيْنِكَ اِذًا لَّارْتَابَ الْمُبْطِلُوْنَ ﴿٤٨﴾

48	हक़ नाशनास	आलबत्ता शक करते	उस (सूरत) में	अपने दाएं हाथ से	और न उसे लिखते थे	कोई किताब

بَلْ هُوَ اٰيٰتٌۢ بَيِّنٰتٌ فِىْ صُدُوْرِ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْعِلْمَ ؕ وَمَا يَجْحَدُ

और नहीं इन्कार करते	इल्म दिया गया	वह लोग जिन्हें	सीनों में	वाज़ेह आयतें	बल्कि वह

بِاٰيٰتِنَآ اِلَّا الظّٰلِمُوْنَ ﴿٤٩﴾ وَقَالُوْا لَوْلَآ اُنْزِلَ عَلَيْهِ اٰيٰتٌ مِّنْ رَّبِّهٖ ؕ قُلْ

आप (स) फ़रमा दें	उस के रब से	निशानियां	उस पर	नाज़िल की गई	क्यों न	और वह बोले	49	ज़ालिम (जमा)	मगर	हमारी आयतों का

اِنَّمَا الْاٰيٰتُ عِنْدَ اللّٰهِ ؕ وَاِنَّمَآ اَنَا نَذِيْرٌ مُّبِيْنٌ ﴿٥٠﴾ اَوَلَمْ يَكْفِهِمْ اَنَّآ اَنْزَلْنَا

कि हम ने नाज़िल की	क्या उन के लिए काफ़ी नहीं	50	साफ़ साफ़	डराने वाला	और इस के सिवा नहीं कि मैं	अल्लाह के पास	निशानियां	इस के सिवा नहीं

عَلَيْكَ الْكِتٰبَ يُتْلٰى عَلَيْهِمْ ؕ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَرَحْمَةً وَّذِكْرٰى لِقَوْمٍ

उन लोगों के लिए	और नसीहत	अलबत्ता रहमत है	उस में	बेशक	उन पर	पढ़ी जाती है	किताब	आप (स) पर

ع ٥/١ يُّؤْمِنُوْنَ ﴿٥١﴾ قُلْ كَفٰى بِاللّٰهِ بَيْنِىْ وَبَيْنَكُمْ شَهِيْدًا ۚ يَعْلَمُ مَا فِى السَّمٰوٰتِ

आस्मानों में	जो	वह जानता है	गवाह	और तुम्हारे दरमियान	मेरे दरमियान	आप (स) फ़रमा दें कि काफ़ी है अल्लाह	51	वह ईमान लाते हैं

وَالْاَرْضِ ؕ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا بِالْبَاطِلِ وَكَفَرُوْا بِاللّٰهِ ۙ اُولٰٓئِكَ هُمُ الْخٰسِرُوْنَ ﴿٥٢﴾

52	वह घाटा पाने वाले	वही हैं	अल्लाह के	और वह मुन्किर हुए	बातिल पर	ईमान लाए	और जो लोग	और ज़मीन में

आप (स) पढ़ें जो आप (स) की तरफ़ किताब वहि की गई है, और नमाज़ क़ाइम करें, बेशक नमाज़ रोकती है बेहयाई और बुराई से, और अलबत्ता अल्लाह की याद सब से बड़ी बात है, और अल्लाह जानता है जो तम करते हो। (45)

और तुम अहले किताब से न झगड़ो मगर उस तरीक़े से जो बेहतर हो, सिवाए उन में से जिन लोगों ने ज़ुल्म किया, और तुम कहो हम उस पर ईमान लाए जो हमारी तरफ़ नाज़िल किया गया और जो तुम्हारी तरफ़ नाज़िल किया गया, और हमारा माबूद और तुम्हारा माबूद एक है, और हम उस के फ़रमांबरदार हैं। (46)

और उसी तरह हम ने तुम्हारी तरफ़ किताब नाज़िल की, पस जिन लोगों को हम ने किताब दी है वह ईमान लाते हैं उस पर, और अहले मक्का में से बाज़ उस पर ईमान लाते हैं, और हमारी आयतों से इन्कार सिर्फ़ काफ़िर करते हैं। (47)

और आप (स) इस (नुज़ूले क़ुरआन) से क़ब्ल कोई किताब न पढ़ते थे और न अपने दाएं हाथ से उसे लिखते थे। उस सूरत में अलबत्ता हक़ नाशनास शक करते। (48)

बल्कि यह वाज़ेह आयतें उन के सीनों में महफ़ूज़ हैं जिन्हें इल्म दिया गया, और हमारी आयतों का इन्कार सिर्फ़ ज़ालिम करते हैं। (49)

और वह बोले उस पर उस के रब की तरफ़ से निशानियां (मोजिज़ात) क्यों न नाज़िल की गईं, आप (स) फ़रमा दें इस के सिवा नहीं कि निशानियां (मोजिज़ात) अल्लाह के पास हैं और इस के सिवा नहीं कि मैं साफ़ साफ़ डराने वाला हूँ। (50)

क्या उन लोगों के लिए काफ़ी नहीं कि हम ने आप (स) पर किताब नाज़िल की जो उन पर पढ़ी जाती है, बेशक उस में उन लोगों के लिए रहमत और नसीहत है जो ईमान लाते हैं। (51)

आप (स) फ़रमा दें अल्लाह काफ़ी है मेरे और तुम्हारे दरमियान गवाह, वह जानता है जो कुछ आस्मानों और ज़मीन में है, और जो लोग बातिल पर ईमान लाए और वह अल्लाह के मुन्किर हुए वही लोग हैं घाटा पाने वाले। (52)

وَيَسْتَعْجِلُوْنَكَ بِالْعَذَابِ ؕ وَلَوْ لَآ اَجَلٌ مُّسَمًّى لَّجَآءَهُمُ الْعَذَابُ ؕ

अज़ाब	तो आ चुका होता उन पर	मुक़र्रर	मीआ़द	और अगर न	अज़ाब की	और वह आप (स) से जल्दी करते हैं

وَلَيَاْتِيَنَّهُمْ بَغْتَةً وَّهُمْ لَا يَشْعُرُوْنَ ﴿٥٣﴾ يَسْتَعْجِلُوْنَكَ بِالْعَذَابِ ؕ

अज़ाब की	आप (स) से जल्दी करते हैं	53	उन्हें ख़बर न होगी	और वह	अचानक	और ज़रूर उन पर आएगा

وَاِنَّ جَهَنَّمَ لَمُحِيْطَةٌ ۢ بِالْكٰفِرِيْنَ ﴿٥٤﴾ يَوْمَ يَغْشٰىهُمُ الْعَذَابُ

अज़ाब	उन्हें ढांप लेगा	(जिस) दिन	54	काफ़िरों को	अलबत्ता घेरे हुए	जहन्नम	और बेशक

مِنْ فَوْقِهِمْ وَمِنْ تَحْتِ اَرْجُلِهِمْ وَيَقُوْلُ ذُوْقُوْا مَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿٥٥﴾

55	तुम करते थे	जो	चखो तुम	और वह कहेगा	उन के पाऊँ	और नीचे से	उन के ऊपर से

يٰعِبَادِيَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِنَّ اَرْضِيْ وَاسِعَةٌ فَاِيَّايَ فَاعْبُدُوْنِ ﴿٥٦﴾

56	पस तुम इबादत करो	पस मेरी ही	वसीअ़	मेरी ज़मीन	बेशक	जो ईमान लाए	ऐ मेरे बन्दो

كُلُّ نَفْسٍ ذَآئِقَةُ الْمَوْتِ ۫ ثُمَّ اِلَيْنَا تُرْجَعُوْنَ ﴿٥٧﴾ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

और जो लोग ईमान लाए	57	तुम लौटाए जाओगे	फिर हमारी तरफ़	मौत	चखना	हर शख़्स

وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ لَنُبَوِّئَنَّهُمْ مِّنَ الْجَنَّةِ غُرَفًا تَجْرِيْ

जारी हैं	बाला ख़ाने	जन्नत	से-के	हम ज़रूर उन्हें जगह देंगे	नेक	और उन्हों ने अ़मल किए

مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ؕ نِعْمَ اَجْرُ الْعٰمِلِيْنَ ﴿٥٨﴾

58	काम करने वाले	(क्या ही) अच्छा अजर है	उस में	वह हमेशा रहेंगे	नहरें	उस के नीचे से

الَّذِيْنَ صَبَرُوْا وَعَلٰى رَبِّهِمْ يَتَوَكَّلُوْنَ ﴿٥٩﴾ وَكَاَيِّنْ مِّنْ دَآبَّةٍ لَّا تَحْمِلُ

नहीं उठाते	जानवर जो	और बहुत से	59	वह भरोसा करते हैं	और वह अपने रब पर	जिन लोगों ने सब्र किया

رِزْقَهَا ۖ اَللّٰهُ يَرْزُقُهَا وَاِيَّاكُمْ ۚ وَهُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ ﴿٦٠﴾ وَلَئِنْ

और अलबत्ता अगर	60	जानने वाला	सुनने वाला	और वह	और तुम्हें भी	उन्हें रोज़ी देता है	अल्लाह	अपनी रोज़ी

سَاَلْتَهُمْ مَّنْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ وَسَخَّرَ الشَّمْسَ وَالْقَمَرَ

और चाँद	सूरज	और काम में लगाया	और ज़मीन	आस्मान (जमा)	किस ने बनाया	तुम पूछो उन से

لَيَقُوْلُنَّ اللّٰهُ ۚ فَاَنّٰى يُؤْفَكُوْنَ ﴿٦١﴾ اَللّٰهُ يَبْسُطُ الرِّزْقَ لِمَنْ يَّشَآءُ

जिस के लिए वह चाहता है	रोज़ी	फ़राख़ करता है	अल्लाह	61	वह उलटे फिरे जाते हैं	फिर कहां	अल्लाह	वह ज़रूर कहेंगे

مِنْ عِبَادِهٖ وَيَقْدِرُ لَهٗ ؕ اِنَّ اللّٰهَ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيْمٌ ﴿٦٢﴾ وَلَئِنْ

और अलबत्ता अगर	62	जानने वाला	हर चीज़ का	बेशक अल्लाह	उस के लिए	और तंग कर देता है	अपने बन्दों में से

سَاَلْتَهُمْ مَّنْ نَّزَّلَ مِنَ السَّمَآءِ مَآءً فَاَحْيَا بِهِ الْاَرْضَ مِنْۢ بَعْدِ

बाद	ज़मीन	उस से	फिर ज़िन्दा कर दिया	पानी	आस्मान से	उतारा	किस ने	तुम उन से पूछो

مَوْتِهَا لَيَقُوْلُنَّ اللّٰهُ ؕ قُلِ الْحَمْدُ لِلّٰهِ ؕ بَلْ اَكْثَرُهُمْ لَا يَعْقِلُوْنَ ﴿٦٣﴾ ع ٦ ١٢ ٢

63	वह अ़क़्ल से काम नहीं लेते	उन में अक्सर लोग	लेकिन	तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए	आप (स) कह दें	अल्लाह	अलबत्ता वह कहेंगे	उस का मरना

और वह आप (स) से अ़ज़ाब की जल्दी करते हैं, और अगर मीआ़द न होती मुक़र्रर, तो उन पर अ़ज़ाब आ चुका होता, और वह उन पर ज़रूर अचानक आएगा और उन्हें ख़बर (भी) न होगी। (53)

और वह आप (स) से अ़ज़ाब की जल्दी करते हैं, और बेशक जहन्नम काफ़िरों को घेरे हुए है। (54)

जिस दिन उन्हें ढांप लेगा अ़ज़ाब, उन के ऊपर से और उन के पाऊँ के नीचे से, और (अल्लाह तआ़ला) कहेगा (उस का मज़ा) चखो जो तुम करते थे। (55)

ऐ मेरे बन्दो जो ईमान लाए हो! बेशक मेरी ज़मीन वसीअ़ है, पस तुम मेरी ही इबादत करो। (56)

हर शख़्स को मौत (का मज़ा) चखना है, फिर तुम हमारी तरफ़ लौटाए जाओगे। (57)

और जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने नेक अ़मल किए, हम ज़रूर उन्हें जगह देंगे जन्नत के बाला ख़ानों में, उस के नीचे नहरें जारी हैं, वह उस में हमेशा रहेंगे, क्या ही अच्छा अजर है काम करने वालों का। (58)

जिन लोगों ने सब्र किया, और वह अपने रब पर भरोसा करते हैं। (59)

और बहुत से जानवर हैं (जो) नहीं उठाए (फिरते) अपनी रोज़ी, अल्लाह उन्हें रोज़ी देता है और तुम्हें भी, और वह सुनने वाला, जानने वाला है। (60)

और अलबत्ता अगर तुम उन से पूछो किस ने ज़मीन और आस्मानों को बनाया? और सूरज और चाँद को काम में लगाया? तो वह ज़रूर कहेंगे "अल्लाह", फिर वह कहां उलटे फिरे जाते हैं? (61)

अल्लाह अपने बन्दों में से जिस के लिए चाहे रोज़ी फ़राख़ करता है और (जिस के लिए चाहे) उस के लिए तंग कर देता है, बेशक अल्लाह हर चीज़ का जानने वाला है। (62)

और अलबत्ता अगर तुम उन से पूछो: किस ने आस्मान से पानी उतारा? फिर उस से ज़मीन को उस के मरने के बाद ज़िन्दा कर दिया, वह ज़रूर कहेंगे "अल्लाह", आप (स) फ़रमा दें तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं, लेकिन उन में अक्सर लोग अ़क़्ल से काम नहीं लेते। (63)

وَمَا هٰذِهِ الْحَيٰوةُ الدُّنْيَآ اِلَّا لَهْوٌ وَّلَعِبٌ ؕ وَاِنَّ الدَّارَ الْاٰخِرَةَ

आख़िरत का घर	और बेशक	और कूद	सिवाए खेल	दुनिया की ज़िन्दगी	यह	और नहीं

وقف لازم

لَهِيَ الْحَيَوَانُ ۘ لَوْ كَانُوْا يَعْلَمُوْنَ ﴿٦٤﴾ فَاِذَا رَكِبُوْا فِى الْفُلْكِ

कश्ती में	वह सवार होते हैं	फिर जब	64	वह जानते होते	काश	ज़िन्दगी	अलबत्ता वही

دَعَوُا اللّٰهَ مُخْلِصِيْنَ لَهُ الدِّيْنَ ۚ فَلَمَّا نَجّٰىهُمْ اِلَى الْبَرِّ اِذَا هُمْ

नागहां (फ़ौरन) वह	ख़ुश्की की तरफ़	वह उन्हें नजात देता है	फिर जब	उस के लिए एतिक़ाद	ख़ालिस रख कर	अल्लाह को पुकारते हैं

يُشْرِكُوْنَ ﴿٦٥﴾ لِيَكْفُرُوْا بِمَآ اٰتَيْنٰهُمْ ۚ وَلِيَتَمَتَّعُوْا ۗ فَسَوْفَ

पस अ़नक़रीब वह	और ताकि वह फ़ाइदा उठाएं	हम ने उन्हें दिया	वह जो	ताकि नाशुक्री करें	65	शिर्क करने लगते हैं

يَعْلَمُوْنَ ﴿٦٦﴾ اَوَلَمْ يَرَوْا اَنَّا جَعَلْنَا حَرَمًا اٰمِنًا وَّيُتَخَطَّفُ النَّاسُ

लोग	जबकि उचक लिए जाते हैं	हरम (सरज़मीने मक्का) को अम्न की जगह	कि हम ने बनाया	क्या उन्हों ने नहीं देखा	66	जान लेंगे वह

مِنْ حَوْلِهِمْ ؕ اَفَبِالْبَاطِلِ يُؤْمِنُوْنَ وَبِنِعْمَةِ اللّٰهِ يَكْفُرُوْنَ ﴿٦٧﴾

67	नाशुक्री करते हैं	और अल्लाह की नेमत की	ईमान लाते हैं	क्या पस बातिल पर	उस के इर्द गिर्द	से

وَمَنْ اَظْلَمُ مِمَّنِ افْتَرٰى عَلَى اللّٰهِ كَذِبًا اَوْ كَذَّبَ

या झुटलाया उस ने	झूट	अल्लाह पर	बान्धा	उस से जिस ने	बड़ा ज़ालिम	और कौन

بِالْحَقِّ لَمَّا جَآءَهٗ ؕ اَلَيْسَ فِىْ جَهَنَّمَ مَثْوًى لِّلْكٰفِرِيْنَ ﴿٦٨﴾

68	काफ़िरों के लिए	ठिकाना	जहन्नम में	क्या नहीं	वह आया उस के पास	जब	हक़ को

ع ٦ ٣

وَالَّذِيْنَ جَاهَدُوْا فِيْنَا لَنَهْدِيَنَّهُمْ سُبُلَنَا ؕ وَاِنَّ اللّٰهَ لَمَعَ الْمُحْسِنِيْنَ ﴿٦٩﴾

69	अलबत्ता साथ है नेकोकारों के	और बेशक अल्लाह	अपने रास्ते (जमा)	हम ज़रूर उन्हें हिदायत देंगे	हमारी (राह) में	और जिन लोगों ने कोशिश की

آيَاتُهَا ٦٠ ❀ سُوْرَةُ الرُّوْمِ (٣٠) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٦

रुकुआत 6 — (30) सूरतुर रोम — आयात 60

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

الٓمّٓ ﴿١﴾ غُلِبَتِ الرُّوْمُ ﴿٢﴾ فِىْٓ اَدْنَى الْاَرْضِ وَهُمْ مِّنْۢ بَعْدِ

बाद	और वह	क़रीब की ज़मीन	में	2	रोमी	मग़लूब हो गए	1	अलिफ़ लाम मीम

غَلَبِهِمْ سَيَغْلِبُوْنَ ﴿٣﴾ فِىْ بِضْعِ سِنِيْنَ ؕ لِلّٰهِ الْاَمْرُ

अल्लाह ही के लिए हुक्म	चन्द साल (जमा)	में	3	अ़नक़रीब वह ग़ालिब होंगे	अपने मग़लूब होने

مِنْ قَبْلُ وَمِنْۢ بَعْدُ ؕ وَيَوْمَئِذٍ يَّفْرَحُ الْمُؤْمِنُوْنَ ﴿٤﴾

4	अहले ईमान	ख़ुश होंगे	और उस दिन	और बाद	पहले

بِنَصْرِ اللّٰهِ ؕ يَنْصُرُ مَنْ يَّشَآءُ ؕ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ﴿٥﴾

5	निहायत मेहरबान	ग़ालिब	और वह	जिस को चाहता है	वह मदद देता है	अल्लाह की मदद से

और यह दुनिया की ज़िन्दगी खेल कूद के सिवा कुछ नहीं, और बेशक आख़िरत का घर ही (असल) ज़िन्दगी है, काश वह जानते होते। (64)

फिर जब वह कश्ती में सवार होते हैं तो वह अल्लाह को पुकारते हैं ख़ालिस उसी पर एतिक़ाद रखते हुए, फिर जब वह उन्हें ख़ुश्की की तरफ़ नजात देता (बचा लाता) है तो वह फ़ौरन शिर्क करने लगते हैं। (65)

ताकि उस की नाशुक्री करें जो हम ने उन्हें दिया है, और ताकि वह फ़ाइदा उठाएं, पस अ़नक़रीब वह जान लेंगे। (66)

क्या उन्हों ने नहीं देखा कि हम ने सरज़मीने मक्का को अम्न की जगह बनाया, जब कि उस के इर्द गिर्द से लोग उचक लिए जाते हैं, पस क्या वह बातिल पर ईमान लाते हैं और अल्लाह की नेमत की नाशुक्री करते हैं। (67)

और उस से बड़ा ज़ालिम कौन है? जिस ने अल्लाह पर झूट बान्धा, या जब हक़ उस के पास आया उस ने उसे झुटलाया, क्या जहन्नम में काफ़िरों के लिए ठिकाना नहीं? (68)

और जिन लोगों ने हमारी राह में कोशिश की, हम ज़रूर उन्हें हिदायत देंगे अपने रास्तों की, और बेशक अल्लाह नेकोकारों के साथ है। (69)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

अलिफ़-लाम-मीम। (1)

रोमी क़रीब की सरज़मीन में मग़लूब हो गए। (2)

और वह अपने मग़लूब होने के बाद अ़नक़रीब चन्द सालों में ग़ालिब होंगे। (3)

पहले भी और पीछे भी अल्लाह ही का हुक्म है, और उस दिन अहले ईमान अल्लाह की मदद से ख़ुश होंगे। (4)

वह जिस को चाहता है मदद देता है, और वह ग़ालिब निहायत मेहरबान है। (5)

وَعْدَ اللّٰهِ ؕ لَا يُخْلِفُ اللّٰهُ وَعْدَهٗ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ

अक्सर लोग	और लेकिन	अपना वादा	ख़िलाफ़ नहीं करता अल्लाह	अल्लाह का वादा है

لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٦﴾ يَعْلَمُوْنَ ظَاهِرًا مِّنَ الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا ۖ وَهُمْ عَنِ

से	और वह	दुनिया की ज़िन्दगी	से	ज़ाहिर को	वह जानते हैं	6	नहीं जानते

الْاٰخِرَةِ هُمْ غٰفِلُوْنَ ﴿٧﴾ اَوَلَمْ يَتَفَكَّرُوْا فِيْٓ اَنْفُسِهِمْ ؕ مَا خَلَقَ اللّٰهُ

पैदा किया अल्लाह	नहीं	अपने जी (दिल) में	वह ग़ौर करते	क्या नहीं	7	ग़ाफ़िल हैं	वह	आख़िरत

السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ وَمَا بَيْنَهُمَآ اِلَّا بِالْحَقِّ وَاَجَلٍ مُّسَمًّى ؕ

और एक मुक़र्रर मीआ़द	दुरुस्त तदबीर के साथ	मगर	उन दोनो के दरमियान	और जो	और ज़मीन	आस्मानों

وَاِنَّ كَثِيْرًا مِّنَ النَّاسِ بِلِقَآئِ رَبِّهِمْ لَكٰفِرُوْنَ ﴿٨﴾ اَوَلَمْ يَسِيْرُوْا

उन्हों ने सैर की	क्या नहीं	8	मुन्किर हैं	अपना रब	मुलाक़ात से	लोगों से	अक्सर	और बेशक

فِى الْاَرْضِ فَيَنْظُرُوْا كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ ؕ

उन से पहले	वह लोग जो	अन्जाम	कैसा हुआ	जो वह देखते	ज़मीन में

كَانُوْٓا اَشَدَّ مِنْهُمْ قُوَّةً وَّاَثَارُوا الْاَرْضَ وَعَمَرُوْهَآ اَكْثَرَ

ज़ियादा	और उन्हों ने उस को आबाद किया	ज़मीन	और उन्हों ने बोया जोता	ताक़त (में)	इन से	बहुत ज़ियादा	वह थे

مِمَّا عَمَرُوْهَا وَجَآءَتْهُمْ رُسُلُهُمْ بِالْبَيِّنٰتِ ؕ فَمَا كَانَ اللّٰهُ لِيَظْلِمَهُمْ

कि उन पर ज़ुल्म करता	अल्लाह	पस न था	रोशन दलाइल के साथ	उन के रसूल	और उन के पास आए	इन्हों ने उसे आबाद किया	उस से जो

وَلٰكِنْ كَانُوْٓا اَنْفُسَهُمْ يَظْلِمُوْنَ ﴿٩﴾ ثُمَّ كَانَ عَاقِبَةَ الَّذِيْنَ

जिन लोगों ने	अन्जाम	हुआ	फिर	9	ज़ुल्म करते	अपनी जानें	वह थे	और लेकिन

اَسَآءُوا السُّوْٓاٰى اَنْ كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِ اللّٰهِ وَكَانُوْا بِهَا يَسْتَهْزِءُوْنَ ﴿١٠﴾ ع ١٠ ٢

10	उस से मज़ाक़ करते	और थे वह	अल्लाह की आयतों को	कि उन्हों ने झुटलाया	बुरा	बुरे काम किए

اَللّٰهُ يَبْدَؤُا الْخَلْقَ ثُمَّ يُعِيْدُهٗ ثُمَّ اِلَيْهِ تُرْجَعُوْنَ ﴿١١﴾ وَيَوْمَ

और जिस दिन	11	तुम लौटाए जाओगे	फिर उस की तरफ़	फिर वह उसे दोबारा (पैदा) करेगा	ख़ल्क़त	अल्लाह पहली बार पैदा करता है

تَقُوْمُ السَّاعَةُ يُبْلِسُ الْمُجْرِمُوْنَ ﴿١٢﴾ وَلَمْ يَكُنْ لَّهُمْ

उन के लिए	और न होंगे	12	मुजरिम (जमा)	नाउम्मीद रह जाएँगे	बरपा होगी क़ियामत

مِّنْ شُرَكَآئِهِمْ شُفَعٰٓؤُا وَكَانُوْا بِشُرَكَآئِهِمْ كٰفِرِيْنَ ﴿١٣﴾

13	मुन्किर	अपने शरीकों के	और वह हो जाएंगे	कोई सिफ़ारशी	उन के शरीकों में से

وَيَوْمَ تَقُوْمُ السَّاعَةُ يَوْمَئِذٍ يَّتَفَرَّقُوْنَ ﴿١٤﴾ فَاَمَّا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

पस जो लोग ईमान लाए	14	मुतफ़र्रिक़ हो जाएंगे	उस दिन	क़ाइम होगी क़ियामत	और जिस दिन

وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ فَهُمْ فِىْ رَوْضَةٍ يُّحْبَرُوْنَ ﴿١٥﴾

15	खुशहाल (आओ भगत) किए जाएंगे	बाग़ में	सो वह	नेक	और उन्हों ने अ़मल किए

(यह) अल्लाह का वादा है, अल्लाह अपने वादे के ख़िलाफ़ नहीं करता, और लेकिन अक्सर लोग जानते नहीं। (6)

वह दुनिया की ज़िन्दगी के (सिर्फ़) ज़ाहिर को जानते हैं, और वह आख़िरत से ग़ाफ़िल हैं। (7)

क्या वह अपने दिल में ग़ौर नहीं करते? अल्लाह ने नहीं पैदा किया आस्मानों को और ज़मीन को, और जो कुछ उन दोनो के दरमियान है मगर दुरुस्त तदबीर के साथ, और एक मुक़र्ररा मीआ़द के लिए, और बेशक लोगों में से अक्सर अपने रब की मुलाक़ात के मुनिकर हैं। (8)

क्या उन्हों ने ज़मीन (दुनिया) में सैर नहीं की? वह देखते कि कैसा अन्जाम हुआ उन लोगों का जो उन से पहले थे, वह क़ुव्वत में उन से बहुत ज़ियादा थे, और उन्हों ने ज़मीन को बोया जोता, और उस को आबाद किया उस से ज़ियादा (जिस क़द्र) इन्हों ने आबाद किया है, और उन के पास उन के रसूल रोशन दलाइल के साथ आए, पस अल्लाह (ऐसा) न था कि वह उन पर ज़ुल्म करता और लेकिन वह अपनी जानों पर ज़ुल्म करते थे। (9)

फिर जिन लोगों ने बुरे काम किए उन का अन्जाम बुरा हुआ कि उन्हों ने अल्लाह की आयतों को झुटलाया और वह उन का मज़ाक़ उड़ाते थे। (10)

अल्लाह पहली बार ख़ल्क़त को पैदा करता है फिर वह उसे दोबारा पैदा करेगा, फिर तुम उसी की तरफ़ लौटाए जाओगे। (11)

और जिस दिन क़ियामत बरपा होगी मुजरिम नाउम्मीद हो कर रह जाएंगे। (12)

और उन के शरीकों में से कोई उन के सिफ़ारशी न होंगे, और वह अपने शरीकों के मुनकिर हो जाएंगे। (13)

और जिस दिन क़ियामत क़ाइम होगी उस दिन (लोग) मुतफ़र्रिक़ (तित्तर बित्तर) हो जाएंगे। (14)

पस जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने नेक अ़मल किए सो वह बाग़े (जन्नत) में आओ भगत किए जाएंगे। (15)

وَاَمَّا الَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَكَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَا وَلِقَآئِ الْاٰخِرَةِ

आख़िरत	और मुलाक़ात को	हमारी आयतों को	और झुटलाया	कुफ़्र किया	और जिन लोगों ने

فَاُولٰٓئِكَ فِى الْعَذَابِ مُحْضَرُوْنَ ﴿١٦﴾ فَسُبْحٰنَ اللّٰهِ حِيْنَ

जब	अल्लाह	पस पाकीज़गी (बयान करो)	16	हाज़िर (गिरिफ़्तार) किए जाएंगे	अ़ज़ाब में	पस यही लोग

تُمْسُوْنَ وَحِيْنَ تُصْبِحُوْنَ ﴿١٧﴾ وَلَهُ الْحَمْدُ فِى السَّمٰوٰتِ

आस्मानों में	तमाम तारीफ़ें	और उस के लिए	17	तुम सुबह करो (सुबह के वक़्त)	और जब	तुम शाम करो (शाम के वक़्त)

وَالْاَرْضِ وَعَشِيًّا وَّحِيْنَ تُظْهِرُوْنَ ﴿١٨﴾ يُخْرِجُ الْحَىَّ

ज़िन्दा	वह निकालता है	18	तुम ज़ुहर करते हो (ज़ुहर के वक़्त)	और जब	और बाद ज़वाल (तीसरे पहर)	और ज़मीन

مِنَ الْمَيِّتِ وَيُخْرِجُ الْمَيِّتَ مِنَ الْحَىِّ وَيُحْىِ الْاَرْضَ بَعْدَ

बाद	ज़मीन	और वह ज़िन्दा करता है	ज़िन्दा से	मुर्दा	और निकालता है वह	मुर्दा से

ع ٢ ٩ ٥ مَوْتِهَا ۭ وَكَذٰلِكَ تُخْرَجُوْنَ ﴿١٩﴾ وَمِنْ اٰيٰتِهٖٓ اَنْ خَلَقَكُمْ مِّنْ

से	उस ने पैदा किया तुम्हें	कि	और उस की निशानियों से	19	तुम निकाले जाओगे	और उसी तरह	उस का मरना

تُرَابٍ ثُمَّ اِذَآ اَنْتُمْ بَشَرٌ تَنْتَشِرُوْنَ ﴿٢٠﴾ وَمِنْ اٰيٰتِهٖٓ اَنْ خَلَقَ

उस ने पैदा किया	कि	और उस की निशानियों से	20	फैले हुए	आदमी	नागहां तुम	फिर	मिट्टी

لَكُمْ مِّنْ اَنْفُسِكُمْ اَزْوَاجًا لِّتَسْكُنُوْٓا اِلَيْهَا وَجَعَلَ

और उस ने किया	उन की तरफ़ (पास)	ताकि तुम सुकून हासिल करो	जोड़े	तुम्हारी जिन्स से	तुम्हारे लिए

بَيْنَكُمْ مَّوَدَّةً وَّرَحْمَةً ۭ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يَّتَفَكَّرُوْنَ ﴿٢١﴾

21	वह ग़ौर ओ फ़िक्र करते हैं	उन लोगों के लिए	अलबत्ता निशानियां	उस में	बेशक	और मेहरबानी	मुहब्बत	तुम्हारे दरमियान

وَمِنْ اٰيٰتِهٖ خَلْقُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَاخْتِلَافُ اَلْسِنَتِكُمْ

तुम्हारी ज़बानें	और मुख़्तलिफ़ होना	और ज़मीन	आस्मान (जमा)	उस ने पैदा किया	और उस की निशानियों से

وَاَلْوَانِكُمْ ۭ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّلْعٰلِمِيْنَ ﴿٢٢﴾ وَمِنْ اٰيٰتِهٖ

और उस की निशानियों से	22	आ़लिमों (दानिशमन्दों) के लिए	अलबत्ता निशानियां	उस में	बेशक	और तुम्हारे रंग

مَنَامُكُمْ بِالَّيْلِ وَالنَّهَارِ وَابْتِغَآؤُكُمْ مِّنْ فَضْلِهٖ ۭ اِنَّ

बेशक	उस के फ़ज़्ल से	और तुम्हारा तलाश करना	और दिन	रात में	तुम्हारा सोना

فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يَّسْمَعُوْنَ ﴿٢٣﴾ وَمِنْ اٰيٰتِهٖ يُرِيْكُمُ الْبَرْقَ

बिजली	वह दिखाता है तुम्हें	और उस की निशानियों से	23	वह सुनते हैं	उन लोगों के लिए	अलबत्ता निशानियां	उस में

خَوْفًا وَّطَمَعًا وَّيُنَزِّلُ مِنَ السَّمَآءِ مَآءً فَيُحْىِ بِهِ الْاَرْضَ

ज़मीन	फिर ज़िन्दा करता है उस से	पानी	आस्मान से	और वह नाज़िल करता है	और उम्मीद के लिए	ख़ौफ़

بَعْدَ مَوْتِهَا ۭ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يَّعْقِلُوْنَ ﴿٢٤﴾

24	अ़क़्ल से काम लेते हैं	उन लोगों के लिए	अलबत्ता निशानियां	इस में	बेशक	उस के मरने के बाद

और जिन लोगों ने कुफ़्र किया, और झुटलाया हमारी आयतों को, और मुलाक़ात को आख़िरत की, पस यही लोग अ़ज़ाब में गिरफ़्तार किए जाएंगे। (16)

पस तुम अल्लाह की पाकीज़गी बयान करो शाम के वक़्त और सुबह के वक़्त। (17)

और उसी के लिए हैं तमाम तारीफ़ें आस्मानों में और ज़मीन में, और तीसरे पहर और ज़ुहर के वक़्त। (18)

वह मुर्दा से ज़िन्दा को निकालता है, और ज़िन्दा से मुर्दा को निकालता है, और वह ज़िन्दा करता है ज़मीन को उस के मरने के बाद, और उसी तरह तुम (क़ब्रों से) निकाले जाओगे। (19)

और उस की निशानियों में से है कि उस ने तुम्हें पैदा किया मिट्टी से, फिर नागहां तुम आदमी (जा बजा) फैले हुए। (20)

और उस की निशानियों में से है कि उस ने तुम्हारे लिए पैदा किए तुम्हारी जिन्स से जोड़े (बीवियां) ताकि तुम उन के पास सुकून हासिल करो, और उस ने तुम्हारे दरमियान मुहब्बत और रहमत (पैदा) की, बेशक उस में अलबत्ता उन लोगों के लिए निशानियां हैं जो ग़ौर ओ फ़िक्र करते हैं। (21)

और उस की निशानियों में से हैं आस्मानों और ज़मीन का पैदा करना और तुम्हारी ज़बानों और तुम्हारे रंगों का मुख़्तलिफ़ होना, बेशक उस में दानिशमन्दों के लिए निशानियां हैं। (22)

और उस की निशानियों में से है तुम्हारा सोना रात में और दिन (के वक़्त), और तुम्हारा तलाश करना उस के फ़ज़्ल से (रोज़ी), बेशक उस में निशानियां हैं उन लोगों के लिए जो सुनते हैं। (23)

और उस की निशानियों में से है कि वह तुम्हें बिजली दिखाता है ख़ौफ़ और उम्मीद के लिए, और वह नाज़िल करता है आस्मान से पानी, फिर उस से ज़मीन को उस के मरने के बाद ज़िन्दा करता है, बेशक उस में निशानियां हैं उन लोगों के लिए जो अ़क़्ल से काम लेते हैं। (24)

وَمِنْ اٰيٰتِهٖٓ اَنْ تَقُوْمَ السَّمَآءُ وَالْاَرْضُ بِاَمْرِهٖ ؕ ثُمَّ اِذَا دَعَاكُمْ

जब वह तुम्हें बुलाएगा	फिर	उस के हुक्म से	और ज़मीन	आस्मान	क़ाइम हैं	कि	और उस की निशानियों से

دَعْوَةً ۖ مِّنَ الْاَرْضِ ۖ اِذَآ اَنْتُمْ تَخْرُجُوْنَ ﴿۲۵﴾ وَلَهٗ مَنْ

जो	और उस के लिए	25	निकल आओगे	यकबारगी तुम	ज़मीन से	एक निदा

فِى السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ كُلٌّ لَّهٗ قٰنِتُوْنَ ﴿۲۶﴾ وَهُوَ الَّذِىْ يَبْدَؤُا

पहली बार पैदा करता है	और वही है जो	26	फ़रमांबरदार	सब उसी के लिए	और ज़मीन में	आस्मानों में

الْخَلْقَ ثُمَّ يُعِيْدُهٗ وَهُوَ اَهْوَنُ عَلَيْهِ ؕ وَلَهُ الْمَثَلُ الْاَعْلٰى

बुलन्द तर	शान	और उसी के लिए	उस पर	बहुत आसान	और वह (यह)	फिर उस को दोबारा पैदा करेगा	ख़ल्क़त

فِى السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۚ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿۲۷﴾ ع ضَرَبَ لَكُمْ ع ۳ ۸ ۶

तुम्हारे लिए	उस ने बयान की	27	हिक्मत वाला	ग़ालिब	और वह	और ज़मीन	आस्मानों में

مَّثَلًا مِّنْ اَنْفُسِكُمْ ؕ هَلْ لَّكُمْ مِّنْ مَّا مَلَكَتْ اَيْمَانُكُمْ

तुम्हारे दाएं हाथ (ग़ुलाम)	जो मालिक हुए	से	क्या तुम्हारे लिए	तुम्हारी जानें (हाल)	से	एक मिसाल

مِّنْ شُرَكَآءَ فِىْ مَا رَزَقْنٰكُمْ فَاَنْتُمْ فِيْهِ سَوَآءٌ تَخَافُوْنَهُمْ

(क्या) तुम उन से डरते हो	बराबर	उस में	सो (ताकि) तुम	जो हम ने तुम्हें रिज़्क़ दिया	में	कोई शरीक

كَخِيْفَتِكُمْ اَنْفُسَكُمْ ؕ كَذٰلِكَ نُفَصِّلُ الْاٰيٰتِ لِقَوْمٍ يَّعْقِلُوْنَ ﴿۲۸﴾

28	अक़्ल वालों के लिए	निशानियां	हम खोल कर बयान करते हैं	उसी तरह	अपनी जानें (अपनों से)	जैसे तुम डरते हो

بَلِ اتَّبَعَ الَّذِيْنَ ظَلَمُوْٓا اَهْوَآءَهُمْ بِغَيْرِ عِلْمٍ ۚ فَمَنْ يَّهْدِىْ

तो कौन हिदायत देगा	इल्म के बग़ैर (बेजाने)	अपनी ख़्वाहिशात	जिन लोगों ने ज़ुल्म किया (ज़ालिम)	पैरवी की	बल्कि

مَنْ اَضَلَّ اللّٰهُ ؕ وَمَا لَهُمْ مِّنْ نّٰصِرِيْنَ ﴿۲۹﴾ فَاَقِمْ وَجْهَكَ

अपना चेहरा	पस सीधा रखो तुम	29	मददगार	कोई	उन के लिए	और नहीं	गुमराह करे अल्लाह	जिसे

لِلدِّيْنِ حَنِيْفًا ؕ فِطْرَتَ اللّٰهِ الَّتِىْ فَطَرَ النَّاسَ عَلَيْهَا ؕ

उस पर	लोगों को पैदा किया उस ने	जो (जिस)	फ़ित्रत अल्लाह की	यक रुख़ हो कर	दीन के लिए

لَا تَبْدِيْلَ لِخَلْقِ اللّٰهِ ؕ ذٰلِكَ الدِّيْنُ الْقَيِّمُ ۙ وَلٰكِنَّ

और लेकिन	दीन सीधा	यह	अल्लाह की ख़ल्क़ में	तबदीली नहीं

اَكْثَرَ النَّاسِ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿۳۰﴾ مُنِيْبِيْنَ اِلَيْهِ وَاتَّقُوْهُ وَاَقِيْمُوا

और क़ाइम रखो तुम	और तुम डरो उस से	उस की तरफ़	रुजूअ़ करने वाले	30	वह जानते नहीं	अक्सर लोग

الصَّلٰوةَ وَلَا تَكُوْنُوْا مِنَ الْمُشْرِكِيْنَ ﴿۳۱﴾ مِنَ الَّذِيْنَ فَرَّقُوْا

टुकड़े टुकड़े कर लिया	जिन्हों ने	(उन में) से	31	शिर्क करने वाले	से	और न हो तुम	नमाज़

دِيْنَهُمْ وَكَانُوْا شِيَعًا ؕ كُلُّ حِزْبٍۢ بِمَا لَدَيْهِمْ فَرِحُوْنَ ﴿۳۲﴾

32	ख़ुश हैं	उन के पास	उस पर	सब गिरोह	फ़िर्क़े फ़िर्क़े	और हो गए	अपना दीन

और उस की निशानियों में से है कि उस के हुक्म से ज़मीन और आस्मान क़ाइम हैं। फिर जब वह एक निदा दे कर तुम्हें ज़मीन से बुलाएगा तो तुम यकबारगी निकल आओगे। (25)

और उस के लिए है जो आस्मानों में और ज़मीन में है, सब उसी के फ़रमांबरदार हैं। (26)

और वही है जो पहली बार ख़ल्क़त को पैदा करता है, फिर उस को दोबारा पैदा करेगा, और यह उस पर बहुत आसान है, और उसी की है बुलन्द तर शान आस्मानों में और ज़मीन में, और वह ग़ालिब हिक्मत वाला है। (27)

उस ने तुम्हारे लिए तुम्हारे हाल से एक मिसाल बयान की, क्या तुम्हारे लिए है (उन में) से जिन के तुम मालिक हो (तुम्हारे ग़ुलामों में से) उस रिज़्क़ में कोई शरीक? जो हम ने तुम्हें दिया ताकि तुम सब आपस में बराबर हो जाओ, क्या तुम उन से उस तरह डरते हो जैसे अपनों से डरते हो, उसी तरह हम अ़क़्ल वालों के लिए खोल कर निशानियां बयान करते हैं। (28)

बल्कि पैरवी की ज़ालिमों ने बेजाने अपनी ख़्वाहिशात की, तो जिसे अल्लाह गुमराह करे (उसे) कौन हिदायत देगा? और नहीं हैं उन के लिए कोई मददगार। (29)

पस तुम (अल्लाह) के दीन के लिए (सब से कट कर) यक रुख़ हो कर अपना चेहरा सीधा रखो, अल्लाह की उस फ़ित्रत पर जिस पर उस ने लोगों को पैदा किया, उस की ख़ल्क़ (बनाई हुई फ़ित्रत) में कोई तबदीली नहीं, यह सीधा दीन है, और लेकिन अक्सर लोग जानते नहीं। (30)

सब उस की तरफ़ रुजूअ़ करने वाले (रहो) और तुम उसी से डरो, और तुम क़ाइम रखो नमाज़, और तुम शिर्क करने वालों में से न हो। (31)

उन में से जिन्हों ने अपना दीन टुकड़े टुकड़े कर लिया, फ़िर्क़े फ़िर्क़े हो गए। सब के सब गिरोह उस पर ख़ुश हैं जो उन के पास है। (32)

وَاِذَا مَسَّ النَّاسَ ضُرٌّ دَعَوْا رَبَّهُمْ مُّنِيْبِيْنَ اِلَيْهِ ثُمَّ اِذَآ

फिर जब	उस की तरफ़	रुजूअ़ करते हैं	अपने रब को	वह पुकारते हैं	कोई तक्लीफ़	पहुँचती है लोगों को	और जब

اَذَاقَهُمْ مِّنْهُ رَحْمَةً اِذَا فَرِيْقٌ مِّنْهُمْ بِرَبِّهِمْ يُشْرِكُوْنَ ﴿٣٣﴾ لِيَكْفُرُوْا

कि नाशुक्री करें	33	शरीक करने लगते हैं	अपने रब के साथ	उन में से	एक गिरोह	नागहां	रहमत	अपनी तरफ़ से	वह उन को चखा देता है

بِمَآ اٰتَيْنٰهُمْ ۭ فَتَمَتَّعُوْا ۪ فَسَوْفَ تَعْلَمُوْنَ ﴿٣٤﴾ اَمْ اَنْزَلْنَا عَلَيْهِمْ سُلْطٰنًا

कोई सनद	उन पर	क्या हम ने नाज़िल की	34	तुम जान लोगे	फिर अ़नक़रीब	सो फ़ाइदा उठा लो तुम	उस की जो हम ने दिया

فَهُوَ يَتَكَلَّمُ بِمَا كَانُوْا بِهٖ يُشْرِكُوْنَ ﴿٣٥﴾ وَاِذَآ اَذَقْنَا النَّاسَ رَحْمَةً

रहमत	लोग	हम चखाएं	और जब	35	शरीक करते हैं	उस के साथ	हैं	वह जो	कि वह बतलाती है

فَرِحُوْا بِهَا ۭ وَاِنْ تُصِبْهُمْ سَيِّئَةٌۢ بِمَا قَدَّمَتْ اَيْدِيْهِمْ اِذَا هُمْ يَقْنَطُوْنَ ﴿٣٦﴾

36	मायूस हो जाते हैं	नागहां वह	उन के हाथ	आगे भेजा	उस के सबब जो	कोई बुराई	पहुँचे उन्हें	और अगर	तो वह खुश हों उस से

اَوَلَمْ يَرَوْا اَنَّ اللّٰهَ يَبْسُطُ الرِّزْقَ لِمَنْ يَّشَاۗءُ وَيَقْدِرُ ۭ اِنَّ

बेशक	और तंग करता है	वह चाहता है	जिस के लिए	रिज़्क़	कुशादा करता है	कि अल्लाह	क्या उन्हों ने नहीं देखा

فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يُّؤْمِنُوْنَ ﴿٣٧﴾ فَاٰتِ ذَا الْقُرْبٰى حَقَّهٗ

उस का हक़	क़राबत दार	पस दो तुम	37	उन लोगों के लिए जो ईमान रखते हैं	अलबत्ता निशानियां	इस में

وَالْمِسْكِيْنَ وَابْنَ السَّبِيْلِ ۭ ذٰلِكَ خَيْرٌ لِّلَّذِيْنَ يُرِيْدُوْنَ

वह चाहते हैं	उन लोगों के लिए जो	बेहतर	यह	और मुसाफ़िर	और मिसकीन

وَجْهَ اللّٰهِ ۡ وَاُولٰۗىِٕكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ﴿٣٨﴾ وَمَآ اٰتَيْتُمْ مِّنْ رِّبًا لِّيَرْبُوَا۟

ताकि बढ़े	सूद	से	तुम दो	और जो	38	फ़लाह पाने वाले	वह	और वही लोग	अल्लाह की रज़ा

فِيْٓ اَمْوَالِ النَّاسِ فَلَا يَرْبُوْا عِنْدَ اللّٰهِ ۚ وَمَآ اٰتَيْتُمْ مِّنْ زَكٰوةٍ

ज़कात	से	और जो तुम दो	अल्लाह के हां	तो नहीं बढ़ता	लोग (जमा)	माल (जमा)	में

تُرِيْدُوْنَ وَجْهَ اللّٰهِ فَاُولٰۗىِٕكَ هُمُ الْمُضْعِفُوْنَ ﴿٣٩﴾ اَللّٰهُ الَّذِيْ

अल्लाह है जिस ने	39	चन्द दर चन्द करने वाले	वह	तो वही लोग	अल्लाह की रज़ा	चाहते हुए

خَلَقَكُمْ ثُمَّ رَزَقَكُمْ ثُمَّ يُمِيْتُكُمْ ثُمَّ يُحْيِيْكُمْ ۭ هَلْ مِنْ

से	क्या	वह तुम्हें ज़िन्दा करेगा	फिर	फिर वह तुम्हें मौत देता है	फिर उस ने तुम्हें रिज़्क़ दिया	पैदा किया तुम्हें

شُرَكَاۗىِٕكُمْ مَّنْ يَّفْعَلُ مِنْ ذٰلِكُمْ مِّنْ شَيْءٍ ۭ سُبْحٰنَهٗ وَتَعٰلٰى عَمَّا

उस से जो	और बरतर	वह पाक है	कुछ भी	इन (कामों) में से	करे	जो	तुम्हारे शरीक (जमा)

ع ١٣ يُشْرِكُوْنَ ﴿٤٠﴾ ظَهَرَ الْفَسَادُ فِي الْبَرِّ وَالْبَحْرِ بِمَا كَسَبَتْ

कमाया	उस से जो	और दर्या (तरी)	खुश्की में	फ़साद	ज़ाहिर हो गया	40	वह शरीक ठहराते हैं

اَيْدِي النَّاسِ لِيُذِيْقَهُمْ بَعْضَ الَّذِيْ عَمِلُوْا لَعَلَّهُمْ يَرْجِعُوْنَ ﴿٤١﴾

41	बाज़ आ जाएं वह	शायद वह	उन्हों ने किया (आमाल)	बाज़	ताकि वह उन्हें (मज़ा) चखाए	लोगों के हाथ

और जब लोगों को कोई तक्लीफ़ पहुँचती है तो अपने रब को पुकारते हैं उस की तरफ़ रुजूअ़ करते हुए, फिर जब वह उन्हें अपनी तरफ़ से रहमत (का मज़ा) चखा देता है तो नागहां एक गिरोह (के लोग) उन में से अपने रब के साथ शरीक करने लगते हैं। (33) कि वह उसकी नाशुक्री करें जो हम ने उन्हें दिया, सो तुम (चन्द रोज़) फ़ाइदा उठा लो, फिर अ़नक़रीब (तुम उसका अन्जाम) जान लोगे। (34) क्या हम ने उन पर कोई सनद नाज़िल की? कि वह बतलाती है जो उस के साथ यह शरीक करते हैं। (35) और जब हम चखाएं लोगों को (रहमत का मज़ा) तो उस से खुश हों, और अगर उन्हें उस के सबब कोई बुराई पुहँचे जो उन के हाथों ने आगे भेजा (उन के आमाल से) तो वह नागहां मायूस हो जाते हैं। (36) क्या उन्हों ने नहीं देखा कि अल्लाह जिस के लिए चाहता है रिज़्क़ कुशादा करता है (और जिस के लिए चाहता है) तंग करता है, बेशक जो लोग ईमान रखते हैं उन के लिए इस में निशानियां हैं। (37) पस तुम क़राबतदारों को उस का हक़ दो और मोहताज और मुसाफ़िर को, यह उन के लिए बेहतर है जो अल्लाह की रज़ा चाहते हैं, और वही लोग फ़लाह (दो जहानों की कामयाबी) पाने वाले हैं। (38) और जो तुम सूद दो कि लोगों के माल बढ़ें (इज़ाफ़ा हो) तो (यह) अल्लाह के हां नहीं बढ़ता और जो तुम अल्लाह की रज़ा चाहते हुए ज़कात देते हो तो यही लोग हैं (अपना माल और अजर) चन्द दर चन्द करने वाले। (39) अल्लाह ही है जिस ने तुम्हें पैदा किया, फिर तुम्हें रिज़्क़ दिया, फिर वह तुम्हें मौत देता है फिर वह तुम्हें ज़िन्दा करेगा, क्या तुम्हारे शरीकों में से (कोई है) जो उन कामों मे से कुछ भी करे? वह पाक है और बरतर उस से जो वह शरीक ठहराते हैं। (40) फ़साद खुश्की और तरी में ज़ाहिर हो गया (फैल गया) उस से जो कमाया लोगों के हाथों ने (उन के आमाल के सबब) ताकि वह उन के बाज़ आमाल का मज़ा उन्हें चखाए, शायद वह बाज़ आ जाएं। (41)

قُلْ سِيْرُوْا فِى الْاَرْضِ فَانْظُرُوْا كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الَّذِيْنَ

उन का जो	अन्जाम	हुआ	कैसा	फिर तुम देखो	ज़मीन	में	तुम चलो फिरो	आप (स) फ़रमा दें

مِنْ قَبْلُ ؕ كَانَ اَكْثَرُهُمْ مُّشْرِكِيْنَ ﴿٤٢﴾ فَاَقِمْ وَجْهَكَ

अपना चेहरा	पस सीधा रखो	42	शिर्क करने वाले	उन के अक्सर	थे	पहले (थे)

لِلدِّيْنِ الْقَيِّمِ مِنْ قَبْلِ اَنْ يَّاْتِىَ يَوْمٌ لَّا مَرَدَّ لَهٗ مِنَ اللّٰهِ يَوْمَئِذٍ

उस दिन	अल्लाह से	उस के लिए (जिस को)	टलना नहीं	वह दिन	आ जाए	कि	इस से क़ब्ल	दीने रास्त के लिए (तरफ़)

يَّصَّدَّعُوْنَ ﴿٤٣﴾ مَنْ كَفَرَ فَعَلَيْهِ كُفْرُهٗ ۚ وَمَنْ عَمِلَ صَالِحًا

अच्छे अ़मल	और जिस ने किए	उस का कुफ़्र	तो उसी पर	जिस ने कुफ़्र किया	43	जुदा जुदा हो जाएंगे

فَلِاَنْفُسِهِمْ يَمْهَدُوْنَ ﴿٤٤﴾ لِيَجْزِىَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ

और उन्हों ने अच्छे अ़मल किए	उन लोगों को जो ईमान लाए	ताकि जज़ा दे वह	44	सामान कर रहे हैं	तो वह अपने लिए

مِنْ فَضْلِهٖ ؕ اِنَّهٗ لَا يُحِبُّ الْكٰفِرِيْنَ ﴿٤٥﴾ وَمِنْ اٰيٰتِهٖٓ

और उस की निशानियों से	45	काफ़िर (जमा)	पसंद नहीं करता	बेशक वह	अपना फ़ज़्ल	से

اَنْ يُّرْسِلَ الرِّيٰحَ مُبَشِّرٰتٍ وَّلِيُذِيْقَكُمْ مِّنْ رَّحْمَتِهٖ وَلِتَجْرِىَ

और ताकि चलें	से (का) अपनी रहमत	और ताकि वह तुम्हें चखाए	खुशखबरी देने वाली	हवाएं	कि वह भेजता है

الْفُلْكُ بِاَمْرِهٖ وَلِتَبْتَغُوْا مِنْ فَضْلِهٖ وَلَعَلَّكُمْ تَشْكُرُوْنَ ﴿٤٦﴾

46	तुम शुक्र करो	और ताकि तुम	उस का फ़ज़्ल	से	और ताकि तुम तलाश करो	उस के हुक्म से	कश्तियां

وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا مِنْ قَبْلِكَ رُسُلًا اِلٰى قَوْمِهِمْ فَجَآءُوْهُمْ

पस वह उन के पास आए	उन की क़ौमें	तरफ़	बहुत से रसूल	आप (स) से पहले	और तहक़ीक़ हम ने भेजे

بِالْبَيِّنٰتِ فَانْتَقَمْنَا مِنَ الَّذِيْنَ اَجْرَمُوْا ؕ وَكَانَ حَقًّا

हक़ (ज़िम्मे)	और है	वह जिन्हों ने जुर्म किया (मुजरिम)	से	फिर हम ने इन्तिक़ाम लिया	खुली निशानियों के साथ

عَلَيْنَا نَصْرُ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٤٧﴾ اَللّٰهُ الَّذِىْ يُرْسِلُ الرِّيٰحَ

हवाएं	जो भेजता है	अल्लाह	47	मोमिनीन	मदद	हम पर (हमारा)

فَتُثِيْرُ سَحَابًا فَيَبْسُطُهٗ فِى السَّمَآءِ كَيْفَ يَشَآءُ وَيَجْعَلُهٗ

और वह उसे कर देता है	वह चाहता है	जैसे	आस्मान में	फिर वह (बादल) फैलाता है	बादल	तो वह उभारती हैं

كِسَفًا فَتَرَى الْوَدْقَ يَخْرُجُ مِنْ خِلٰلِهٖ ۚ فَاِذَآ اَصَابَ بِهٖ

वह उसे पहुँचा देता है	फिर जब	उस के दरमियान से	निकलती है	बारिश की बूंद	फिर तू देखे	टुकड़े टुकड़े

مَنْ يَّشَآءُ مِنْ عِبَادِهٖٓ اِذَا هُمْ يَسْتَبْشِرُوْنَ ﴿٤٨﴾ وَاِنْ كَانُوْا

थे	और अगरचे	48	खुशियां मनाने लगते हैं	अचानक वह	अपने बन्दों	से	जिसे वह चाहता है

مِنْ قَبْلِ اَنْ يُّنَزَّلَ عَلَيْهِمْ مِّنْ قَبْلِهٖ لَمُبْلِسِيْنَ ﴿٤٩﴾

49	अलबत्ता मायूस (जमा)	पहले (ही) से	उन पर	कि वह नाज़िल हो	उस से क़ब्ल

आप (स) फ़रमा दें तुम ज़मीन में चलो फिरो, फिर तुम देखो उन का अन्जाम कैसा हुआ जो पहले थे, उन के अक्सर शिर्क करने वाले थे। **(42)**

पस अपना चेहरा दीने रास्त की तरफ़ सीधा रखो इस से क़ब्ल कि वह दिन आ जाए जिस को टलना नहीं अल्लाह (की तरफ़) से, उस दिन (सब) जुदा जुदा हो जाएंगे। **(43)**

जिस ने कुफ़्र किया तो उस पर पड़ेगा उस के कुफ़्र (का वबाल), और जिस ने अच्छे अ़मल किए तो वह अपने लिए सामान कर रहे हैं। **(44)**

ताकि (अल्लाह) अपने फ़ज़्ल से उन लोगों को जज़ा दे जो ईमान लाए, और उन्हों ने अच्छे अ़मल किए, बेशक अल्लाह काफ़िरों को पसंद नहीं करता। **(45)**

और उस की निशानियों में से है कि वह भेजता है हवाएं खुशख़बरी देने वाली, और ताकि वह तुम्हें अपनी रहमत का मज़ा चखाए, और ताकि कश्तियां उस के हुक्म से चलें, और ताकि तुम तलाश करो उस का फ़ज़्ल (रिज़्क़) और ताकि तुम शुक्र करो। **(46)**

और तहक़ीक़ हम ने आप (स) से पहले बहुत से रसूल भेजे उन की क़ौमों की तरफ़, पस वह उन के पास खुली निशानियों के साथ आए, फिर हम ने मुजरिमों से इन्तिक़ाम लिया और हमारे ज़िम्मे है मोमिनों की मदद करना। **(47)**

अल्लाह (ही है) जो हवाएं भेजता है, तो वह बादल उभारती हैं, फिर वह फैलाता है बादल, आस्मान में जैसे वह चाहता है और वह उस (बादल) को टुकड़े टुकड़े कर देता है, फिर तू देखे कि उस के दरमियान से मीनह निकलता है, फिर वह अपने बन्दों में से जिसे चाहे वह पहुँचा देता है, तो वह अचानक खुशियां मनाने लगते हैं। **(48)**

अगरचे उस से क़ब्ल कि (बारिश) उन पर नाज़िल हो वह पहले ही से मायूस हो रहे थे। **(49)**

فَانْظُرْ اِلٰٓى اٰثٰرِ رَحْمَتِ اللّٰهِ كَيْفَ يُحْيِ الْاَرْضَ بَعْدَ مَوْتِهَا ؕ

उस के मरने के बाद	ज़मीन	वह कैसे ज़िन्दा करता है	अल्लाह की रहमत	आसार	तरफ़	पस देख तो

اِنَّ ذٰلِكَ لَمُحْيِ الْمَوْتٰى ۚ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ﴿٥٠﴾ وَلَئِنْ

और अगर	50	क़ुदरत रखने वाला	हर शै	पर	और वह	मुर्दे	अलबत्ता ज़िन्दा करने वाला	वही	बेशक

اَرْسَلْنَا رِيْحًا فَرَاَوْهُ مُصْفَرًّا لَّظَلُّوْا مِنْۢ بَعْدِهٖ يَكْفُرُوْنَ ﴿٥١﴾ فَاِنَّكَ

पस बेशक आप (स)	51	नाशुक्री करने वाले	उस के बाद	ज़रूर हो जाएं	ज़र्द शुदा	फिर वह उसे देखें	हवा	हम भेजें

لَا تُسْمِعُ الْمَوْتٰى وَلَا تُسْمِعُ الصُّمَّ الدُّعَآءَ اِذَا وَلَّوْا مُدْبِرِيْنَ ﴿٥٢﴾

52	पीठ दे कर	जब वह फिर जाएं	आवाज़	बहरों	सुना सकते	और नहीं	मुर्दों	नहीं सुना सकते

وَمَآ اَنْتَ بِهٰدِ الْعُمْيِ عَنْ ضَلٰلَتِهِمْ ؕ اِنْ تُسْمِعُ اِلَّا مَنْ يُّؤْمِنُ

जो ईमान लाता है	मगर	आप नहीं सुना सकते	उस की गुमराही से	अन्धा	हिदायत देने वाले	और आप (स) नहीं

بِاٰيٰتِنَا فَهُمْ مُّسْلِمُوْنَ ﴿٥٣﴾ اَللّٰهُ الَّذِيْ خَلَقَكُمْ مِّنْ ضَعْفٍ

कमज़ोरी	से (में)	वह जिस ने तुम्हें पैदा किया	अल्लाह	53	फ़रमांबरदार (जमा)	पस वह	हमारी आयतों पर

ثُمَّ جَعَلَ مِنْۢ بَعْدِ ضَعْفٍ قُوَّةً ثُمَّ جَعَلَ مِنْۢ بَعْدِ قُوَّةٍ

कुव्वत	बाद	फिर उस ने कर दिया	कुव्वत	कमज़ोरी	बाद	उस ने बनाया-दी	फिर

ضَعْفًا وَّشَيْبَةً ؕ يَخْلُقُ مَا يَشَآءُ ۚ وَهُوَ الْعَلِيْمُ الْقَدِيْرُ ﴿٥٤﴾

54	क़ुदरत वाला	इल्म वाला	और वह	जो वह चाहता है	वह पैदा करता है	और बुढ़ापा	कमज़ोरी

وَيَوْمَ تَقُوْمُ السَّاعَةُ يُقْسِمُ الْمُجْرِمُوْنَ ۙ مَا لَبِثُوْا غَيْرَ سَاعَةٍ ؕ

एक घड़ी से ज़ियादा	वह नहीं रहे	मुज्रिम (जमा)	क़सम खाएंगे	क़ियामत	क़ाइम होगी	और जिस दिन

كَذٰلِكَ كَانُوْا يُؤْفَكُوْنَ ﴿٥٥﴾ وَقَالَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْعِلْمَ

इल्म दिया गया	वह लोग जिन्हें	और कहा-कहेंगे	55	औन्धे जाते	वह थे	उसी तरह

وَالْاِيْمَانَ لَقَدْ لَبِثْتُمْ فِيْ كِتٰبِ اللّٰهِ اِلٰى يَوْمِ الْبَعْثِ ۡ فَهٰذَا

पस यह है	जी उठने का दिन	तक	में (मुताबिक़) नविश्ताए इलाही	यक़ीनन तुम रहे हो	और ईमान

يَوْمُ الْبَعْثِ وَلٰكِنَّكُمْ كُنْتُمْ لَا تَعْلَمُوْنَ ﴿٥٦﴾ فَيَوْمَئِذٍ لَّا يَنْفَعُ

नफ़ा न देगी	पस उस दिन	56	न जानते थे	तुम	और लेकिन	जी उठने का दिन

الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا مَعْذِرَتُهُمْ وَلَا هُمْ يُسْتَعْتَبُوْنَ ﴿٥٧﴾ وَلَقَدْ ضَرَبْنَا

और तहक़ीक़ हम ने बयान कीं	57	राज़ी करना चाहा जाएगा	और न वह	उन की माज़िरत	जिन्हों ने ज़ुल्म किया	वह लोग जो

لِلنَّاسِ فِيْ هٰذَا الْقُرْاٰنِ مِنْ كُلِّ مَثَلٍ ؕ وَلَئِنْ جِئْتَهُمْ بِاٰيَةٍ

तुम लाओ उन के पास कोई निशानी	और अगर	मिसालें	हर क़िस्म	इस क़ुरआन	में	लोगों के लिए

لَّيَقُوْلَنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْٓا اِنْ اَنْتُمْ اِلَّا مُبْطِلُوْنَ ﴿٥٨﴾

58	झूट बनाते हो	मगर (सिर्फ़)	तुम नहीं हो	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	तो ज़रूर कहेंगे

पस तू आसार (निशानियों) की तरफ़ देख अल्लाह की रहमत के, वह कैसे ज़मीन को उस के मरने के बाद ज़िन्दा करता है! बेशक वही मुर्दों को ज़िन्दा करने वाला है, और वह हर शै पर क़ुदरत रखने वाला है। (50)

और अगर हम हवा भेजें, फिर वह उसे ज़र्द शुदा देखें तो वह ज़रूर हो जाएं उस के बाद नाशुक्री करने वाले। (51)

पस बेशक आप (स) न मुर्दों को सुना सकते हैं और न बहरों को आवाज़ सुना सकते हैं, जब वह पीठ दे कर फिर जाएं। (52)

आप (स) नहीं अँधे को उस की गुमराही से हिदायत देने वाले, नहीं सुना सकते मगर (सिर्फ़ उसे) जो हमारी आयतों पर ईमान लाता है, पस वही फ़रमांबरदार हैं। (53)

अल्लाह ही है वह जिस ने तुम्हें कमज़ोरी से पैदा किया, फिर कमज़ोरी के बाद कुव्वत, फिर कुव्वत के बाद कमज़ोरी और बुढ़ापा दिया, वह जो चाहता है पैदा करता है, और वह इल्म वाला क़ुदरत वाला है। (54)

और जिस दिन क़ियामत क़ाइम होगी क़सम खाएंगे मुज्रिम कि वह एक घड़ी से ज़ियादा नहीं रहे, इसी तरह वह औन्धे जाते थे। (55)

और वह कहेंगे जिन्हें इल्म और ईमान दिया गयाः यक़ीनन तुम किताबे ईलाही के मुताबिक़ जी उठने के दिन तक रहे हो, पस यह है जी उठने का दिन, लेकिन तुम न जानते थे। (56)

पस उस दिन नफ़ा न देगी उन लोगों को उन की माज़िरत (उज़्र ख़्वाही) जिन्हों ने ज़ुल्म किया, और न उन से (अल्लाह को) राज़ी करना चाहा जाएगा। (57)

और तहक़ीक़ हम ने बयान कीं लोगों के लिए इस क़ुरआन में हर क़िस्म की मिसालें, और अगर तुम उन के पास कोई निशानी लाओ तो काफ़िर ज़रूर कहेंगे, तुम सिर्फ़ झूट बनाते हो। (58)

ع ١٣
٥
٨

قرأ حفص بضم الضاد وفتحها في الثلاثة لكن الضم مختارة ١٢

इसी तरह अल्लाह उन के दिलों पर मुहर लगा देता है जो समझ नहीं रखते। (59)
आप (स) सब्र करें, बेशक अल्लाह का वादा सच्चा है और जो लोग यक़ीन नहीं रखते वह किसी तौर आप को सुबुक (बरदाशत न करने वाला-ओछा) न कर दें। (60)
अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है
अलिफ़-लाम-मीम। (1)
यह आयतें हैं पुर हिक्मत किताब की। (2)
हिदायत और रहमत हैं नेकोकारों के लिए। (3)
जो लोग नमाज़ क़ाइम करते हैं, और ज़कात अदा करते हैं, और वह आख़िरत पर यक़ीन रखते हैं। (4)
यही लोग अपने रब (की तरफ़) से हिदायत पर हैं और यही लोग फ़लाह (दो जहान की कामयाबी) पाने वाले हैं। (5)
और लोगों में से कोई ऐसा (बद नसीब भी) है जो ख़रीदता है बेहूदा बातें ताकि वह बेसमझे अल्लाह के रास्ते से गुमराह कर दे, और वह उसे हँसी मज़ाक़ ठहराते हैं, यही लोग हैं जिन के लिए ज़िल्लत वाला अ़ज़ाब है। (6)
और जब उस पर हमारी आयतें पढ़ी (सुनाई) जाती हैं तो तकब्बुर करते हुए मुँह मोड़ लेता है गोया उस ने उसे सुना ही नहीं, गोया उस के कानों में गिरानी (बहरापन) है, पस उसे दर्दनाक अ़ज़ाब की ख़ुशख़बरी दो। (7)
बेशक जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने अच्छे अ़मल किए, उन के लिए नेमतों के बाग़ात हैं। (8)
उन में वह हमेशा रहेंगे, अल्लाह का वादा सच्चा है, और वह ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (9)
उस ने सुतून के बग़ैर आस्मानों को पैदा किया, तुम उन्हें देखते हो, और उस ने डाले ज़मीन में पहाड़ कि तुम्हारे साथ झुक न जाए, और उस ने उस में हर क़िस्म के जानवर फैलाए, और हम ने उतारा आस्मान से पानी, फिर हम ने उस में उगाए हर क़िस्म के उम्दा जोड़े। (10)

كَذٰلِكَ يَطْبَعُ اللّٰهُ عَلٰى قُلُوْبِ الَّذِيْنَ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٥٩﴾

59	समझ नहीं रखते	जो लोग	दिल (जमा)	पर	अल्लाह मुहर लगा देता है	उसी तरह

فَاصْبِرْ اِنَّ وَعْدَ اللّٰهِ حَقٌّ وَّلَا يَسْتَخِفَّنَّكَ الَّذِيْنَ لَا يُوْقِنُوْنَ ﴿٦٠﴾ ع ٦/٩

60	यक़ीन नहीं रखते	जो लोग	और वह हरगिज़ हलका न पाएं आप को	सच्चा	अल्लाह का वादा	बेशक	पस आप सब्र करें

آيَاتُهَا ٣٤ ❀ سُوْرَةُ لُقْمٰنَ (٣١) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٤

रुकुआत 4 — (31) सूरह लुक़मान — आयात 34

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

الٓمّٓ ﴿١﴾ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ الْحَكِيْمِ ﴿٢﴾ هُدًى وَّرَحْمَةً لِّلْمُحْسِنِيْنَ ﴿٣﴾

3	नेकोकारों के लिए	और रहमत	हिदायत	2	पुर हिक्मत किताब	आयतें	यह	1	अलिफ़ लाम मीम

الَّذِيْنَ يُقِيْمُوْنَ الصَّلٰوةَ وَيُؤْتُوْنَ الزَّكٰوةَ وَهُمْ بِالْاٰخِرَةِ

आख़िरत पर	और वह	ज़कात	और अदा करते हैं	नमाज़	क़ाइम करते हैं	जो लोग

هُمْ يُوْقِنُوْنَ ﴿٤﴾ اُولٰٓئِكَ عَلٰى هُدًى مِّنْ رَّبِّهِمْ وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ﴿٥﴾

5	फ़लाह पाने वाले	वह	और यही लोग	अपने रब से	हिदायत	पर	यही लोग	4	वह यक़ीन रखते हैं

وَمِنَ النَّاسِ مَنْ يَّشْتَرِيْ لَهْوَ الْحَدِيْثِ لِيُضِلَّ عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ

अल्लाह का रास्ता	से	ताकि वह गुमराह करे	खेल की (बेहूदा) बातें	ख़रीदता है	जो	लोग	और से

بِغَيْرِ عِلْمٍ ۖ وَّيَتَّخِذَهَا هُزُوًا ۭ اُولٰٓئِكَ لَهُمْ عَذَابٌ مُّهِيْنٌ ﴿٦﴾

6	ज़िल्लत वाला अ़ज़ाब	उन के लिए	यही लोग	हँसी मज़ाक़	और वह उसे ठहराते हैं	बे समझे

وَاِذَا تُتْلٰى عَلَيْهِ اٰيٰتُنَا وَلّٰى مُسْتَكْبِرًا كَاَنْ لَّمْ يَسْمَعْهَا كَاَنَّ

गोया	उस ने उसे सुना नहीं	गोया	तकब्बुर करते हुए	वह मुँह मोड़ लेता है	हमारी आयतें	पढ़ी जाती हैं उस पर	और जब

فِيْٓ اُذُنَيْهِ وَقْرًا ۚ فَبَشِّرْهُ بِعَذَابٍ اَلِيْمٍ ﴿٧﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا

और उन्हों ने अ़मल किए	ईमान लाए	बेशक जो लोग	7	दर्दनाक	अ़ज़ाब की	पस उसे ख़ुशख़बरी दो	गिरानी	उस के कानों में

الصّٰلِحٰتِ لَهُمْ جَنّٰتُ النَّعِيْمِ ﴿٨﴾ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ۭ وَعْدَ اللّٰهِ حَقًّا ۭ

सच्चा	अल्लाह का वादा	उस में	हमेशा रहेंगे	8	नेमतों के बाग़ात	उन के लिए	अच्छे

وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٩﴾ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ بِغَيْرِ عَمَدٍ تَرَوْنَهَا وَاَلْقٰى

और उस ने डाले	तुम उन्हें देखते हो	बग़ैर सुतून	आस्मान (जमा)	उस ने पैदा किया	9	हिक्मत वाला	ग़ालिब	और वह

فِي الْاَرْضِ رَوَاسِيَ اَنْ تَمِيْدَ بِكُمْ وَبَثَّ فِيْهَا مِنْ كُلِّ دَآبَّةٍ ۭ

जानवर	हर क़िस्म	उस में	और फैलाए	झुक (न) जाए तुम्हारे साथ	कि	पहाड़ (जमा)	ज़मीन में

وَاَنْزَلْنَا مِنَ السَّمَآءِ مَآءً فَاَنْۢبَتْنَا فِيْهَا مِنْ كُلِّ زَوْجٍ كَرِيْمٍ ﴿١٠﴾

10	उम्दा	जोड़े	हर क़िस्म	उस में	फिर हम ने उगाए	पानी	आस्मान से	और हम ने उतारा

هٰذَا خَلْقُ اللّٰهِ فَاَرُوْنِيْ مَاذَا خَلَقَ الَّذِيْنَ مِنْ دُوْنِهٖ ؕ بَلِ

बल्कि	उस के सिवा	वह जो	पैदा किया	क्या	पस तुम मुझे दिखाओ	ख़ल्क़त (बनाया हुआ) अल्लाह का	यह

الظّٰلِمُوْنَ فِيْ ضَلٰلٍ مُّبِيْنٍ ﴿١١﴾ وَلَقَدْ اٰتَيْنَا لُقْمٰنَ الْحِكْمَةَ اَنِ اشْكُرْ ع ١٠

तुम शुक्र करो	कि	हिक्मत	लुक़मान	और अलबत्ता हम ने दी	11	खुली गुमराही	में	ज़ालिम (जमा)

لِلّٰهِ ؕ وَمَنْ يَّشْكُرْ فَاِنَّمَا يَشْكُرُ لِنَفْسِهٖ ۚ وَمَنْ كَفَرَ فَاِنَّ اللّٰهَ غَنِيٌّ

बेनियाज़	तो बेशक अल्लाह	और जिस ने नाशुक्री की	अपने लिए	वह शुक्र करता है	तो इस के सिवा नहीं (सिर्फ़)	शुक्र करता है	और जो	अल्लाह का

حَمِيْدٌ ﴿١٢﴾ وَاِذْ قَالَ لُقْمٰنُ لِابْنِهٖ وَهُوَ يَعِظُهٗ يٰبُنَيَّ لَا تُشْرِكْ بِاللّٰهِ ؕ ١٢ وقف النبي ﷺ

अल्लाह के साथ	तू न शरीक ठहरा	ऐ मेरे बेटे	उसे नसीहत कर रहा था	और वह	अपने बेटे को	लुक़मान	कहा	और जब	12	तारीफ़ों के साथ

اِنَّ الشِّرْكَ لَظُلْمٌ عَظِيْمٌ ﴿١٣﴾ وَوَصَّيْنَا الْاِنْسَانَ بِوَالِدَيْهِ ۚ حَمَلَتْهُ

उसे पेट में रखा	उस के माँ बाप के बारे में	इन्सान	और हम ने ताकीद कर दी	13	अलबत्ता ज़ुल्मे अ़ज़ीम	बेशक शिर्क

اُمُّهٗ وَهْنًا عَلٰى وَهْنٍ وَّفِصٰلُهٗ فِيْ عَامَيْنِ اَنِ اشْكُرْ لِيْ وَلِوَالِدَيْكَ ؕ

और अपने माँ बाप का	कि तू मेरा शुक्र कर	दो साल में	और उस का दूध छुड़ाना	पर कमज़ोरी	कमज़ोरी	उस की माँ

اِلَيَّ الْمَصِيْرُ ﴿١٤﴾ وَاِنْ جٰهَدٰكَ عَلٰٓى اَنْ تُشْرِكَ بِيْ مَا لَيْسَ لَكَ النصف

तुझे	जिस का नहीं	मेरा	कि तू शरीक ठहराए	पर (की)	वह तेरे साथ कोशिश करें	और अगर	14	लौट कर आना	मेरी तरफ़

بِهٖ عِلْمٌ فَلَا تُطِعْهُمَا وَصَاحِبْهُمَا فِي الدُّنْيَا مَعْرُوْفًا ۪ وَّاتَّبِعْ

और तू पैरवी कर	अच्छे तरीक़े से	दुनिया में	और उन के साथ बसर कर	तू उन दोनों का कहा न मान	कोई इल्म	उस का

سَبِيْلَ مَنْ اَنَابَ اِلَيَّ ۚ ثُمَّ اِلَيَّ مَرْجِعُكُمْ فَاُنَبِّئُكُمْ بِمَا

जो कुछ	सो मैं तुम्हें आगाह करूँगा	तुम्हें लौट कर आना है	मेरी तरफ़	फिर	मेरी तरफ़	रुजूअ़ करे	जो	रास्ता

كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿١٥﴾ يٰبُنَيَّ اِنَّهَآ اِنْ تَكُ مِثْقَالَ حَبَّةٍ مِّنْ خَرْدَلٍ

राई	से (के)	वज़न (बराबर) दाना	अगर हो	बेशक वह	ऐ मेरे बेटे	15	तुम करते थे

فَتَكُنْ فِيْ صَخْرَةٍ اَوْ فِي السَّمٰوٰتِ اَوْ فِي الْاَرْضِ يَاْتِ بِهَا

ले आएगा उसे	ज़मीन में	या	आस्मानों में	या	सख़्त पत्थर	में	फिर वह हो

اللّٰهُ ؕ اِنَّ اللّٰهَ لَطِيْفٌ خَبِيْرٌ ﴿١٦﴾ يٰبُنَيَّ اَقِمِ الصَّلٰوةَ وَاْمُرْ

और हुक्म दे	क़ाइम कर नमाज़	ऐ मेरे बेटे	16	ख़बरदार	बारीक बीन	बेशक अल्लाह	अल्लाह

بِالْمَعْرُوْفِ وَانْهَ عَنِ الْمُنْكَرِ وَاصْبِرْ عَلٰى مَآ اَصَابَكَ ؕ

जो तुझ पर पहुँचे	पर	और सब्र कर	बुरी बात	से	और रोक तू	अच्छे काम

اِنَّ ذٰلِكَ مِنْ عَزْمِ الْاُمُوْرِ ﴿١٧﴾ وَلَا تُصَعِّرْ خَدَّكَ لِلنَّاسِ

लोगों से	अपना रुख़्सार	और तू टेढ़ा न कर	17	बड़ी हिम्मत के काम	से	बेशक यह

وَلَا تَمْشِ فِي الْاَرْضِ مَرَحًا ؕ اِنَّ اللّٰهَ لَا يُحِبُّ كُلَّ مُخْتَالٍ فَخُوْرٍ ﴿١٨﴾

18	खुद पसंद	इतराने वाले	हर किसी	पसंद नहीं करता	बेशक अल्लाह	इतराता	ज़मीन में	और न चल तू

यह अल्लाह का बनाया हुआ है, पस तुम मुझे दिखाओ क्या पैदा किया उन्हों ने जो उस के सिवा हैं, बल्कि ज़ालिम खुली गुमराही में हैं। (11)
और अलबत्ता हम ने दी लुक़मान को हिक्मत, (और फ़रमाया) कि तुम अल्लाह का शुक्र करो, और जो शुक्र करता है तो वह सिर्फ़ अपने (ही भले के) लिए करता है, और जिस ने नाशुक्री की तो बेशक अल्लाह बेनियाज़, तारीफ़ों के साथ है। (12)
और (याद करो) जब लुक़मान ने अपने बेटे को कहा और वह उसे नसीहत कर रहा था, ऐ मेरे बेटे! तू अल्लाह के साथ शरीक न ठहरा, बेशक शिर्क एक ज़ुल्मे अ़ज़ीम है। (13)
और हम ने इन्सान को ताकीद की उस के माँ बाप के बारे में (हुस्ने सुलूक की) उस की माँ ने कमज़ोरी पर कमज़ोरी (झेलते हुए) उसे पेट में रखा, और दो साल में उस का दूध छुड़ाया, कि मेरा शुक्र कर और अपने माँ बाप का, मेरी तरफ़ (ही) लौट कर आना है। (14)
और अगर वह दोनों तेरे साथ कोशिश करें कि तू मेरा शरीक ठहराए, जिस का तुझे कोई इल्म (सनद) नहीं तो उन का कहा न मान, और दुनिया (के मामलात) में उन के साथ अच्छे तरीक़े से बसर कर, और उस के रास्ते की पैरवी कर जो रुजूअ़ करे मेरी तरफ़, फिर तुम्हें मेरी तरफ़ ही लौट कर आना है, सो मैं तुम्हें आगाह करूँगा जो कुछ तुम करते थे। (15)
ऐ मेरे बेटे! अगर (कोई चीज़) एक राई के दाने के बराबर (भी) हो, फिर वह किसी सख़्त पत्थर (चटान) में (पोशीदा) हो, या आस्मानों में, या ज़मीन में (पोशीदा) हो, अल्लाह उसे ले आएगा (हाज़िर कर देगा), बेशक अल्लाह बारीक बीन, बाख़बर है। (16)
ऐ मेरे बेटे! नमाज़ क़ाइम कर, और अच्छे कामों का हुक्म दे, और तू बुरी बातों से रोक और तुझ पर जो (उफ़्ताद) पहुँचे उस पर सब्र कर, बेशक यह बड़ी हिम्मत के कामों में से है। (17)
और तू लोगों से (बात करते हुए) अपना रुख़्सार न टेढ़ा कर, और ज़मीन में इतराता हुआ न चल, बेशक अल्लाह पसंद नहीं करता किसी इतराने वाले, खुद पसंद को। (18)

وَاقْصِدْ فِيْ مَشْيِكَ وَاغْضُضْ مِنْ صَوْتِكَ ؕ اِنَّ اَنْكَرَ الْاَصْوَاتِ

आवाज़ें	सब से नापसंदीदा	बेशक	अपनी आवाज़ को	और पस्त कर	अपनी रफ़्तार में	और मियाना रवी कर

لَصَوْتُ الْحَمِيْرِ ﴿١٩﴾ اَلَمْ تَرَوْا اَنَّ اللّٰهَ سَخَّرَ لَكُمْ مَّا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا ع ٢ ٨ ١١

और जो कुछ	आस्मानों में	जो कुछ	तुम्हारे लिए	मुसख़्ख़र किया	कि अल्लाह	क्या तुम ने नहीं देखा	19	गधा	आवाज़

فِي الْاَرْضِ وَاَسْبَغَ عَلَيْكُمْ نِعَمَهٗ ظَاهِرَةً وَّبَاطِنَةً ؕ وَمِنَ النَّاسِ

लोग	और बाज़	और पोशीदा	ज़ाहिर	अपनी नेमतें	तुम पर (तुम्हें)	और भरपूर दें	ज़मीन में

مَنْ يُّجَادِلُ فِي اللّٰهِ بِغَيْرِ عِلْمٍ وَّلَا هُدًى وَّلَا كِتٰبٍ مُّنِيْرٍ ﴿٢٠﴾

20	और बग़ैर किताबे रोशन	और बग़ैर हिदायत	इल्म	बग़ैर	अल्लाह (के बारे में)	झगड़ता है	जो

وَاِذَا قِيْلَ لَهُمُ اتَّبِعُوْا مَآ اَنْزَلَ اللّٰهُ قَالُوْا بَلْ نَتَّبِعُ مَا وَجَدْنَا

जो हम ने पाया	बल्कि हम पैरवी करेंगे	वह कहते हैं	नाज़िल किया अल्लाह	जो	तुम पैरवी करो	उन से	कहा जाए	और जब

عَلَيْهِ اٰبَآءَنَا ؕ اَوَلَوْ كَانَ الشَّيْطٰنُ يَدْعُوْهُمْ اِلٰى عَذَابِ السَّعِيْرِ ﴿٢١﴾

21	दोज़ख़	अ़ज़ाब	तरफ़	उन को बुलाता	शैतान	हो	क्या अगर	अपने बाप दादा	उस पर

وَمَنْ يُّسْلِمْ وَجْهَهٗٓ اِلَى اللّٰهِ وَهُوَ مُحْسِنٌ فَقَدِ اسْتَمْسَكَ

तो बेशक उस ने थामा	नेकोकार	और वह	अल्लाह की तरफ़	अपना चेहरा	झुका दे	और जो

بِالْعُرْوَةِ الْوُثْقٰى ؕ وَاِلَى اللّٰهِ عَاقِبَةُ الْاُمُوْرِ ﴿٢٢﴾ وَمَنْ كَفَرَ

और जो कुफ़्र करे	22	तमाम काम (जमा)	इन्तिहा	और अल्लाह की तरफ़	हल्क़ा मज़बूत

فَلَا يَحْزُنْكَ كُفْرُهٗ ؕ اِلَيْنَا مَرْجِعُهُمْ فَنُنَبِّئُهُمْ بِمَا عَمِلُوْا ؕ اِنَّ اللّٰهَ

बेशक अल्लाह	वह करते थे	फिर हम उन्हें ज़रूर जतलाएंगे वह जो	उन का लौटना	हमारी तरफ़	उस का कुफ़्र	तो आप (स) को ग़मगीन न कर दे

عَلِيْمٌۢ بِذَاتِ الصُّدُوْرِ ﴿٢٣﴾ نُمَتِّعُهُمْ قَلِيْلًا ثُمَّ نَضْطَرُّهُمْ اِلٰى

तरफ़	फिर हम उन्हें खींच लाएंगे	थोड़ा	हम उन्हें फ़ाइदा देंगे	23	सीनों (दिलों) के भेद	जानने वाला

عَذَابٍ غَلِيْظٍ ﴿٢٤﴾ وَلَئِنْ سَاَلْتَهُمْ مَّنْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ

और ज़मीन	आस्मानों (को)	किस ने पैदा किया	तुम उन से पूछो	और अगर	24	सख़्त	अ़ज़ाब

لَيَقُوْلُنَّ اللّٰهُ ؕ قُلِ الْحَمْدُ لِلّٰهِ ؕ بَلْ اَكْثَرُهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٢٥﴾ لِلّٰهِ مَا

अल्लाह के लिए जो कुछ	25	जानते नहीं	बल्कि उन के अक्सर	तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए	फ़रमा दें	तो वह यक़ीनन कहेंगे "अल्लाह"

فِي السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ هُوَ الْغَنِيُّ الْحَمِيْدُ ﴿٢٦﴾ وَلَوْ اَنَّمَا

यह हो कि जो	और अगर	26	तारीफ़ों के क़ाबिल	बेनियाज़	वह	बेशक अल्लाह	और ज़मीन	आस्मानों में

فِي الْاَرْضِ مِنْ شَجَرَةٍ اَقْلَامٌ وَّالْبَحْرُ يَمُدُّهٗ مِنْۢ بَعْدِهٖ

उस के बाद	उस की सियाही	और समन्दर	क़लमें	दरख़्त	से-कोई	ज़मीन	में

سَبْعَةُ اَبْحُرٍ مَّا نَفِدَتْ كَلِمٰتُ اللّٰهِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ﴿٢٧﴾

27	हिक्मत वाला	ग़ालिब	बेशक अल्लाह	अल्लाह की बातें	तो भी ख़तम न हों	समन्दर (जमा)	सात

और अपनी रफ़्तार में मियाना रवी (इख़्तियार) कर, और अपनी आवाज़ को पस्त रख, बेशक आवाज़ों में सब से नापसंदीदा आवाज़ गधे की है। (19)

क्या तुम ने नहीं देखा कि अल्लाह ने तुम्हारे लिए मुसख़्ख़र किया है जो कुछ आस्मानों में और जो कुछ ज़मीन में है, और उस ने तुम्हें अपनी ज़ाहिर और पोशीदा नेमतें भरपूर दीं, और लोगों में बाज़ (ऐसे हैं) जो अल्लाह के बारे में झगड़ते हैं बग़ैर इल्म, बग़ैर हिदायत और बग़ैर रोशन किताब के। (20)

और जब उन से कहा जाए, जो अल्लाह ने नाज़िल किया है तुम उस की पैरवी करो तो वह कहते हैं बल्कि हम उस की पैरवी करेंगे जिस पर हम ने अपने बाप दादा को पाया है, क्या (उस सूरत में भी कि) अगर शैतान उन को दोज़ख़ के अ़ज़ाब की तरफ़ बुलाता हो? (21)

और जो झुका दे चेहरा (सरे तसलीम ख़म कर दे) अल्लाह की तरफ़, और वह नेकोकार हो, तो बेशक उस ने मज़बूत हल्क़ा (दस्त आवेज़) थाम लिया, और अल्लाह की तरफ़ (ही) तमाम कामों की इन्तिहा है। (22)

और जो कुफ़्र करे तो उस का कुफ़्र आप (स) को ग़मगीन न कर दे, उन्हें हमारी तरफ़ (ही) लौटना है, फिर हम उन्हें ज़रूर जतलाएंगे जो वह करते थे, बेशक अल्लाह दिलों के भेद जानने वाला है। (23)

हम उन्हें थोड़ा (चन्द रोज़ा) फ़ाइदा देंगे, फिर उन्हें खींच लाएंगे सख़्त अ़ज़ाब की तरफ़। (24)

और अगर तुम उन से पूछो: किस ने आस्मानों और ज़मीन को पैदा किया? तो वह यक़ीनन कहेंगे "अल्लाह"। आप (स) फ़रमा दें तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं, बल्कि उन के अक्सर नहीं जानते। (25)

अल्लाह ही के लिए है जो कुछ आस्मानों और ज़मीन में है, बेशक अल्लाह बेनियाज़, तारीफ़ों के क़ाबिल। (26)

और अगर यह हो कि ज़मीन में जो भी दरख़्त हैं क़लम बन जाएं और समन्दर उस की सियाही (बन जाएं) और उस के बाद सात समन्दर (और हों) तो भी अल्लाह की बातें ख़तम न हों, बेशक अल्लाह ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (27)

مَا خَلْقُكُمْ وَلَا بَعْثُكُمْ اِلَّا كَنَفْسٍ وَّاحِدَةٍ ؕ اِنَّ اللّٰهَ سَمِيْعٌۢ بَصِيْرٌ ﴿٢٨﴾

28	देखने वाला	सुनने वाला	बेशक अल्लाह	जैसे एक शख़्स	मगर	और नहीं तुम्हारा जी उठाना	नहीं तुम सब का पैदा करना

اَلَمْ تَرَ اَنَّ اللّٰهَ يُوْلِجُ الَّيْلَ فِى النَّهَارِ وَيُوْلِجُ النَّهَارَ فِى الَّيْلِ

रात में	दिन	और दाख़िल करता है	दिन में	रात	दाख़िल करता है	कि अल्लाह	क्या तू ने नहीं देखा

وَسَخَّرَ الشَّمْسَ وَالْقَمَرَ ۙ كُلٌّ يَّجْرِىْٓ اِلٰٓى اَجَلٍ مُّسَمًّى وَّاَنَّ اللّٰهَ

और यह कि अल्लाह	मुक़र्ररा	मुद्दत	तरफ़	चलता रहेगा	हर एक	और चाँद	सूरज	और उस ने मुसख़्ख़र किया

بِمَا تَعْمَلُوْنَ خَبِيْرٌ ﴿٢٩﴾ ذٰلِكَ بِاَنَّ اللّٰهَ هُوَ الْحَقُّ وَاَنَّ مَا يَدْعُوْنَ

वह परस्तिश करते हैं	जो-जिस	और यह कि	वही बरहक़	इस लिए कि अल्लाह	यह	29	ख़बरदार	उस से जो कुछ तुम करते हो

ع ٣ ١١ ١٢

مِنْ دُوْنِهِ الْبَاطِلُ ۙ وَاَنَّ اللّٰهَ هُوَ الْعَلِىُّ الْكَبِيْرُ ﴿٣٠﴾ اَلَمْ تَرَ اَنَّ

कि	क्या तू ने नहीं देखा	30	बड़ाई वाला	बुलन्द मरतबा	वही	और यह कि अल्लाह	बातिल	उस के सिवा

الْفُلْكَ تَجْرِىْ فِى الْبَحْرِ بِنِعْمَتِ اللّٰهِ لِيُرِيَكُمْ مِّنْ اٰيٰتِهٖ ؕ اِنَّ

बेशक	उस की निशानियां	ताकि वह तुम्हें दिखा दे	अल्लाह की नेमतों के साथ	दर्या में	चलती है	कश्ती

فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّكُلِّ صَبَّارٍ شَكُوْرٍ ﴿٣١﴾ وَاِذَا غَشِيَهُمْ مَّوْجٌ كَالظُّلَلِ

साइबानों की तरह	मौज	उन पर छा जाती है	और जब	31	बड़े शुक्र गुज़ार	बड़े सब्र वाले	वास्ते हर	अलबत्ता निशानियां	उस में

دَعَوُا اللّٰهَ مُخْلِصِيْنَ لَهُ الدِّيْنَ ۚ فَلَمَّا نَجّٰىهُمْ اِلَى الْبَرِّ

ख़ुश्की की तरफ़	उस ने उन्हें बचा लिया	फिर जब	उस के लिए दीन (इबादत)	ख़ालिस कर के	वह अल्लाह को पुकारते हैं

فَمِنْهُمْ مُّقْتَصِدٌ ؕ وَمَا يَجْحَدُ بِاٰيٰتِنَآ اِلَّا كُلُّ خَتَّارٍ كَفُوْرٍ ﴿٣٢﴾

32	नाशुक्रा	अ़हद शिकन	हर	सिवाए	हमारी आयतों का	और इन्कार नहीं करता	मियाना रो	तो उन में कोई

يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ اتَّقُوْا رَبَّكُمْ وَاخْشَوْا يَوْمًا لَّا يَجْزِىْ وَالِدٌ

कोई बाप	न काम आएगा	वह दिन	और ख़ौफ़ करो	अपना परवरदिगार	तुम डरो	लोगो	ऐ

عَنْ وَّلَدِهٖ ۡ وَلَا مَوْلُوْدٌ هُوَ جَازٍ عَنْ وَّالِدِهٖ شَيْـًٔا ؕ اِنَّ وَعْدَ اللّٰهِ

अल्लाह का वादा	बेशक	कुछ	से (के) बाप	काम आएगा	वह	और न कोई बेटा	अपने बेटे	से-के

حَقٌّ فَلَا تَغُرَّنَّكُمُ الْحَيٰوةُ الدُّنْيَا ۪ وَلَا يَغُرَّنَّكُمْ بِاللّٰهِ

अल्लाह से	और तुम्हें हरगिज़ धोका न दे	दुनिया की ज़िन्दगी	सो तुम्हें हरगिज़ धोके में न डाले	सच्चा

الْغَرُوْرُ ﴿٣٣﴾ اِنَّ اللّٰهَ عِنْدَهٗ عِلْمُ السَّاعَةِ ۚ وَيُنَزِّلُ الْغَيْثَ ۚ

बारिश	और वह नाज़िल करता है	क़ियामत का इल्म	उस के पास	बेशक अल्लाह	33	धोका देने वाला

وَيَعْلَمُ مَا فِى الْاَرْحَامِ ؕ وَمَا تَدْرِىْ نَفْسٌ مَّاذَا تَكْسِبُ غَدًا ؕ

कल	वह करेगा	क्या	कोई शख़्स	जानता	और नहीं	(हामिला के) रहम में	जो	और वह जानता है

ع ٤ ١٣

وَمَا تَدْرِىْ نَفْسٌۢ بِاَىِّ اَرْضٍ تَمُوْتُ ؕ اِنَّ اللّٰهَ عَلِيْمٌ خَبِيْرٌ ﴿٣٤﴾

34	ख़बरदार	इल्म वाला	बेशक अल्लाह	वह मरेगा	ज़मीन	किस	कोई शख़्स	और नहीं जानता

नहीं है तुम सब का पैदा करना और नहीं है तुम्हारा जी उठाना मगर जैसे एक शख़्स (का पैदा करना), बेशक अल्लाह सुनने वाला, देखने वाला है। (28)

क्या तू ने नहीं देखा कि अल्लाह दाख़िल करता है रात को दिन में, और दिन को दाख़िल करता है रात में, और उस ने सूरज और चाँद को मुसख़्ख़र किया, हर एक चलता रहेगा मुद्दते मुक़र्ररा (रोज़े क़ियामत) तक। और यह कि जो कुछ तुम करते हो अल्लाह उस से ख़बरदार है। (29)

यह इस लिए है कि अल्लाह ही बरहक़ है और यह कि वह उस के सिवा जिस की परस्तिश करते हैं सब बातिल हैं, और यह कि अल्लाह ही बुलन्द मरतबा, बड़ाई वाला है। (30)

क्या तू ने नहीं देखा कि अल्लाह की नेमतों के साथ कश्ती दर्या में चलती है ताकि वह तुम्हें उस की निशानियां दिखा दे, बेशक उस में हर बड़े सब्र करने वाले, शुक्र गुज़ार के लिए निशानियां हैं। (31)

और जब मौज उन पर साइबानों की तरह छा जाती है तो वह अल्लाह को पुकारते हैं ख़ालिस कर के उसी के लिए इबादत, फिर जब उस ने उन्हें ख़ुश्की की तरफ़ बचा लिया तो उन में कोई मियाना रो रहता है। और हमारी आयतों का इन्कार नहीं करता सिवाए हर अ़हद शिकन नाशुक्रे के। (32)

ऐ लोगो! तुम अपने परवरदिगार से डरो, और उस दिन का ख़ौफ़ करो (जिस दिन) न काम आएगा कोई बाप अपने बेटे के, और न कोई बेटा अपने बाप के कुछ काम आएगा, बेशक अल्लाह का वादा सच्चा है, सो तुम्हें दुनिया की ज़िन्दगी हरगिज़ धोके में न डाल दे, और धोका देने वाला (शैतान) तुम्हें अल्लाह से हरगिज़ धोका न दे। (33)

बेशक अल्लाह ही के पास है क़ियामत का इल्म, वही बारिश नाज़िल करता है, और वह जानता है जो हामिला के रहम में है, और नहीं जानता कोई शख़्स के वह कल क्या करेगा, और कोई शख़्स नहीं जानता कि वह किस ज़मीन में मरेगा, बेशक अल्लाह इल्म वाला, ख़बरदार है। (34)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

अलिफ़-लाम-मीम। (1)

इस में कोई शक नहीं कि इस किताब (क़ुरआन) का नाज़िल करना तमाम जहानों के परवरदिगार की तरफ़ से है। (2)

क्या वह कहते हैं कि यह उस ने घड़ लिया है? (नहीं) बल्कि यह तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से हक़ है ताकि तुम उस क़ौम को डराओ जिस के पास कोई डराने वाला नहीं आया तुम से पहले, ताकि वह हिदायत पा लें। (3)

अल्लाह (ही है) जिस ने पैदा किया आस्मानों को और ज़मीन को और जो उन के दरमियान है छः (6) दिन में, फिर उस ने अ़र्श पर क़रार किया, तुम्हारे लिए उस के सिवा नहीं कोई मददगार, और न सिफ़ारिश करने वाला, सो क्या तुम ग़ौर नहीं करते? (4)

वह हर काम की तदबीर करता है आस्मान से ज़मीन तक, फिर (वह काम) उस की तरफ़ रुजूअ़ करेगा एक दिन में, जिस की मिक़्दार एक हज़ार साल है उस (हिसाब) से जो तुम शुमार करते हो। (5)

वह पोशीदा और ज़ाहिर का जानने वाला, ग़ालिब, मेहरबान। (6)

वह जिस ने हर शै बहुत ख़ूब बनाई जो उस ने पैदा की और इन्सान की पैदाइश की इब्तिदा मिट्टी से की। (7)

फिर उस की नस्ल को बेक़द्र पानी के ख़ुलासे से बनाया। (8)

फिर उस ने उस के आज़ा को ठीक किया, और उस में फूंकी अपनी (तरफ़ से) अपनी रूह, और तुम्हारे लिए कान और आँखें और दिल बनाए, तुम बहुत कम हो जो शुक्र करते हो। (9)

और उन्हों ने कहा: क्या जब हम ज़मीन में गुम हो जाएंगे तो क्या नई पैदाइश में (आएंगे)? बल्कि वह अपने रब की मुलाक़ात से मुन्किर हैं। (10)

آيَاتُهَا ٣٠ ❀ سُوْرَةُ السَّجْدَةِ (٣٢) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٣

रुकूआत 3 | (32) सूरतुस सजदा | आयात 30

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

الٓمّٓ ﴿١﴾ تَنْزِيْلُ الْكِتٰبِ لَا رَيْبَ فِيْهِ مِنْ رَّبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٢﴾

2	परवरदिगार तमाम जहानों का	से	इस में	कोई शक नहीं	किताब	नाज़िल करना	1	अलिफ़ लाम मीम

اَمْ يَقُوْلُوْنَ افْتَرٰىهُ ۚ بَلْ هُوَ الْحَقُّ مِنْ رَّبِّكَ لِتُنْذِرَ قَوْمًا

उस क़ौम को	ताकि तुम डराओ	तुम्हारा रब	से	हक़	यह	बल्कि	यह उस ने घड़ लिया है	वह कहते हैं	क्या

مَّآ اَتٰىهُمْ مِّنْ نَّذِيْرٍ مِّنْ قَبْلِكَ لَعَلَّهُمْ يَهْتَدُوْنَ ﴿٣﴾ اَللّٰهُ

अल्लाह	3	हिदायत पालें	ताकि वह	तुम से पहले	से	डराने वाला	कोई	उन के पास नहीं आया

الَّذِيْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ وَمَا بَيْنَهُمَا فِيْ سِتَّةِ اَيَّامٍ

दिन	छः (6)	में	उन के दरमियान	और जो	और ज़मीन	आस्मानों को	पैदा किया	वह जिस ने

ثُمَّ اسْتَوٰى عَلَى الْعَرْشِ ۭ مَا لَكُمْ مِّنْ دُوْنِهٖ مِنْ وَّلِيٍّ وَّلَا شَفِيْعٍ ۭ

और न सिफ़ारिश करने वाला	मददगार	से- कोई	उस के सिवा	तुम्हारे लिए नहीं	अ़र्श पर	उस ने क़रार किया	फिर

اَفَلَا تَتَذَكَّرُوْنَ ﴿٤﴾ يُدَبِّرُ الْاَمْرَ مِنَ السَّمَآءِ اِلَى الْاَرْضِ ثُمَّ

फिर	ज़मीन तक	आस्मान	से	तमाम काम	वह तदबीर करता है	4	सो क्या तुम ग़ौर नहीं करते

يَعْرُجُ اِلَيْهِ فِيْ يَوْمٍ كَانَ مِقْدَارُهٗٓ اَلْفَ سَنَةٍ مِّمَّا تَعُدُّوْنَ ﴿٥﴾

5	तुम शुमार करते हो	उस से जो	एक हज़ार साल	उस की मिक़्दार	है	एक दिन में	उस की तरफ़	(उस का रिपोर्ट) चढ़ता है

ذٰلِكَ عٰلِمُ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ﴿٦﴾ الَّذِيْٓ اَحْسَنَ

बहुत ख़ूब बनाई	वह जिस ने	6	मेहरबान	ग़ालिब	और ज़ाहिर	जानने वाला पोशीदा	वह

كُلَّ شَيْءٍ خَلَقَهٗ وَبَدَاَ خَلْقَ الْاِنْسَانِ مِنْ طِيْنٍ ﴿٧﴾ ثُمَّ جَعَلَ

बनाया	फिर	7	मिट्टी	से	इन्सान	पैदाइश	और इब्तिदा की	जो उस ने पैदा की	हर शै

نَسْلَهٗ مِنْ سُلٰلَةٍ مِّنْ مَّآءٍ مَّهِيْنٍ ﴿٨﴾ ثُمَّ سَوّٰىهُ وَنَفَخَ فِيْهِ مِنْ

से	उस में	और फूंकी	फिर उस (के आज़ा) को ठीक किया	8	हक़ीर (बेक़द्र) पानी	से	ख़ुलासे से	उस की नस्ल

رُّوْحِهٖ وَجَعَلَ لَكُمُ السَّمْعَ وَالْاَبْصَارَ وَالْاَفْـِٕدَةَ ۭ قَلِيْلًا مَّا

जो	बहुत कम	और दिल (जमा)	और आँखें	कान	तुम्हारे लिए	और बनाए	अपनी रूह

تَشْكُرُوْنَ ﴿٩﴾ وَقَالُوْٓا ءَاِذَا ضَلَلْنَا فِي الْاَرْضِ ءَاِنَّا لَفِيْ

तो - में	क्या हम	ज़मीन में	हम गुम हो जाएंगे	क्या जब	और उन्हों ने कहा	9	तुम शुक्र करते हो

خَلْقٍ جَدِيْدٍ ۬ بَلْ هُمْ بِلِقَآءِ رَبِّهِمْ كٰفِرُوْنَ ﴿١٠﴾

10	मुन्किर (जमा)	अपना रब	मुलाक़ात से	वह	बल्कि	नई पैदाइश

قُلْ يَتَوَفّٰىكُمْ مَّلَكُ الْمَوْتِ الَّذِىْ وُكِّلَ بِكُمْ ثُمَّ اِلٰى رَبِّكُمْ

तुम अपने रब की तरफ़	फिर	तुम पर	वह जो कि मुक़र्रर किया गया है	मौत का फ़रिश्ता	तुम्हारी रूह क़ब्ज़ करता है	फ़रमा दें

ع ١١/١٤ تُرْجَعُوْنَ ﴿١١﴾ وَلَوْ تَرٰۤى اِذِ الْمُجْرِمُوْنَ نَاكِسُوْا رُءُوْسِهِمْ عِنْدَ رَبِّهِمْ

अपने रब के सामने	अपने सर	झुकाए होंगे	मुजरिम (जमा)	जब	तुम देखो	और अगर	11	लौटाए जाओगे

رَبَّنَاۤ اَبْصَرْنَا وَسَمِعْنَا فَارْجِعْنَا نَعْمَلْ صَالِحًا اِنَّا مُوْقِنُوْنَ ﴿١٢﴾

12	यक़ीन करने वाले	बेशक हम	अच्छे अमल	हम करेंगे	पस हमें लौटा दे	और हम ने सुन लिया	हम ने देख लिया	ऐ हमारे रब

وَلَوْ شِئْنَا لَاٰتَيْنَا كُلَّ نَفْسٍ هُدٰىهَا وَلٰكِنْ حَقَّ الْقَوْلُ مِنِّىْ

मेरी तरफ़ से	बात	साबित हो चुकी है	और लेकिन	उस की हिदायत	हर शख़्स	हम ज़रूर देते	हम चाहते	और अगर

لَاَمْلَئَنَّ جَهَنَّمَ مِنَ الْجِنَّةِ وَالنَّاسِ اَجْمَعِيْنَ ﴿١٣﴾ فَذُوْقُوْا بِمَا

वह जो	पस चखो तुम	13	इकटठे	और इन्सान	जिन्नों	से	अलबत्ता मैं ज़रूर भर दूँगा जहन्नम

نَسِيْتُمْ لِقَآءَ يَوْمِكُمْ هٰذَا ۚ اِنَّا نَسِيْنٰكُمْ وَذُوْقُوْا عَذَابَ الْخُلْدِ بِمَا

उस का बदला जो	हमेशा का अ़ज़ाब	और चखो तुम	बेशक हम ने तुम्हें भुला दिया	इस	अपने दिन	मुलाक़ात	तुम ने भुला दिया था

كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿١٤﴾ اِنَّمَا يُؤْمِنُ بِاٰيٰتِنَا الَّذِيْنَ اِذَا ذُكِّرُوْا بِهَا

वह	याद दिलाई जाती हैं	जब	वह जो	हमारी आयतों पर	ईमान लाते हैं	इस के सिवा नहीं	14	तुम करते थे

السجدة ٩ خَرُّوْا سُجَّدًا وَّسَبَّحُوْا بِحَمْدِ رَبِّهِمْ وَهُمْ لَا يَسْتَكْبِرُوْنَ ﴿١٥﴾ تَتَجَافٰى

अलग रहते हैं	15	तकब्बुर नहीं करते	और वह	अपना रब	तारीफ़ के साथ	और पाकीज़गी बयान करते हैं	गिर पड़ते हैं सिज्दे में

جُنُوْبُهُمْ عَنِ الْمَضَاجِعِ يَدْعُوْنَ رَبَّهُمْ خَوْفًا وَّطَمَعًا ۫ وَّمِمَّا

और उस से जो	और उम्मीद	डर	अपना रब	वह पुकारते हैं	ख़्वाबगाहों (बिस्तरों)	से	उन के पहलू

رَزَقْنٰهُمْ يُنْفِقُوْنَ ﴿١٦﴾ فَلَا تَعْلَمُ نَفْسٌ مَّاۤ اُخْفِىَ لَهُمْ مِّنْ

से	उन के लिए	छुपा रखा गया	जो	कोई शख़्स	सो नहीं जानता	16	वह ख़र्च करते हैं	हम ने उन्हें दिया

قُرَّةِ اَعْيُنٍ ۚ جَزَآءًۢ بِمَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿١٧﴾ اَفَمَنْ كَانَ مُؤْمِنًا كَمَنْ كَانَ

हो	उस के मानिन्द जो	मोमिन	हो	तो क्या जो	17	जो वह करते थे	उस का	जज़ा	आँखों की ठंडक

وقف غفران فَاسِقًا ۭ لَا يَسْتَوٗنَ ﴿١٨﴾ اَمَّا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ فَلَهُمْ

तो उन के लिए	अच्छे	और उन्हों ने अ़मल किए	जो लोग ईमान लाए	रहे	18	वह बराबर नहीं होते	फ़ासिक़ (नाफ़रमान)

جَنّٰتُ الْمَاْوٰى ۡ نُزُلًۢا بِمَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿١٩﴾ وَاَمَّا الَّذِيْنَ فَسَقُوْا

नाफ़रमानी की	वह जिन्हों ने	और रहे	19	वह करते थे	उस के (सिले में) जो	मेहमानी	बाग़ात रहने के

فَمَاْوٰىهُمُ النَّارُ ۭ كُلَّمَاۤ اَرَادُوْۤا اَنْ يَّخْرُجُوْا مِنْهَاۤ اُعِيْدُوْا فِيْهَا

उस में	लौटा दिए जाएंगे	उस से	कि वह निकलें	वह इरादा करेंगे	जब भी	जहन्नम	तो उन का ठिकाना

وَقِيْلَ لَهُمْ ذُوْقُوْا عَذَابَ النَّارِ الَّذِىْ كُنْتُمْ بِهٖ تُكَذِّبُوْنَ ﴿٢٠﴾

20	झुटलाते	उस को	तुम थे	वह जो	दोज़ख़ का अ़ज़ाब	तुम चखो	उन्हें	और कहा जाएगा

आप (स) फ़रमा दें, मौत का फ़रिश्ता तुम्हारी रूह क़ब्ज़ करता है, जो तुम पर मुक़र्रर किया गया है, फिर तुम अपने रब की तरफ़ लौटाए जाओगे। (11)
और अगर तुम देखो जब मुजरिम अपने रब के सामने अपने सर झुकाए होंगे (और कह रहे होंगे) ए हमारे रब! (अब) हम ने देख लिया और सुन लिया, पस हमें लौटा दे कि हम अच्छे अ़मल करेंगे, बेशक हम यक़ीन करने वाले हैं। (12)
और अगर हम चाहते तो ज़रूर हर शख़्स को उस की हिदायत दे देते लेकिन (यह) बात साबित हो चुकी है मेरी तरफ़ से कि मैं अलबत्ता जहन्नम को ज़रूर भर दूँगा, इकटठे जिन्नों और इन्सानों से। (13)
पस तुम उस का (मज़ा) चखो जो तुम ने भुला दिया था अपने इस दिन की मुलाक़ात (हाज़िरी) को, हम ने (भी) तुम्हें भुला दिया, और चखो हमेशा का अ़ज़ाब उस के बदले जो तुम करते थे। (14)
इस के सिवा नहीं कि हमारी आयतों पर वह लोग ईमान लाते हैं कि जब वह उन्हें याद दिलाई जाती हैं तो सिज्दे में गिर पड़ते हैं अपने रब की तारीफ़ के साथ पाकीज़गी बयान करते हैं और वह तकब्बुर नहीं करते। (15)
उन के पहलू बिस्तरों से अलग रहते हैं, और वह अपने रब को पुकारते हैं डर और उम्मीद से और जो हम ने उन्हें दिया है उस में से वह ख़र्च करते हैं। (16)
सो कोई शख़्स नहीं जानता जो छुपा रखा गया है उन के लिए आँखों की ठंडक से, उस की जज़ा है जो वह करते थे। (17)
तो क्या जो मोमिन हो वह उस के बराबर है जो नाफ़रमान हो? (फ़रमा दें) वह बराबर नहीं होते। (18)
रहे वह लोग जो ईमान लाए और उन्हों ने अच्छे अ़मल किए तो उन के लिए रहने के बाग़ात हैं, उस के बदले में जो वह करते थे। (19)
और रहे वह जिन्हों ने नाफ़रमानी की तो उन का ठिकाना जहन्नम है, वह जब भी उस से निकलने का इरादा करेंगे वह उस में लौटा दिए (ढकेल दिए) जाएंगे, और उन्हें कहा जाएगा दोज़ख़ का अ़ज़ाब चखो, वह जिस को तुम झुटलाते थे। (20)

وَلَنُذِيقَنَّهُمْ مِّنَ الْعَذَابِ الْأَدْنَىٰ دُونَ الْعَذَابِ

अज़ाब	सिवाए (पहले)	नज़्दीक	अज़ाब	कुछ	और अलबत्ता हम उन्हें ज़रूर चखाएंगे

الْأَكْبَرِ لَعَلَّهُمْ يَرْجِعُونَ ﴿٢١﴾ وَمَنْ أَظْلَمُ مِمَّنْ ذُكِّرَ

उसे नसीहत की गई	उस से जो	बड़ा ज़ालिम	और कौन	21	लौट आएं	शायद वह	बड़ा

بِآيَاتِ رَبِّهِ ثُمَّ أَعْرَضَ عَنْهَا ۚ إِنَّا مِنَ الْمُجْرِمِينَ مُنْتَقِمُونَ ﴿٢٢﴾ ع ٢ ١١ ١٥

22	इन्तिक़ाम लेने वाले	मुजरिम (जमा)	से	बेशक हम	उस से	उस ने मुँह फेर लिया	फिर	उस के रब की आयात से

وَلَقَدْ آتَيْنَا مُوسَى الْكِتَابَ فَلَا تَكُنْ فِي مِرْيَةٍ

शक में	तो तुम न रहो	किताब (तौरेत)	मूसा (अ)	और तहक़ीक़ हम ने दी

مِّن لِّقَائِهِ وَجَعَلْنَاهُ هُدًى لِّبَنِي إِسْرَائِيلَ ﴿٢٣﴾

23	बनी इस्राईल के लिए	हिदायत	और हम ने बनाया उसे	उस का मिलना	से-मुतअ़ल्लिक़

وَجَعَلْنَا مِنْهُمْ أَئِمَّةً يَهْدُونَ بِأَمْرِنَا لَمَّا صَبَرُوا ۖ

उन्हों ने सब्र किया	जब	हमारे हुक्म से	वह रहनुमाई करते	इमाम (पेश्वा)	उन से	और हम ने बनाया

وَكَانُوا بِآيَاتِنَا يُوقِنُونَ ﴿٢٤﴾ إِنَّ رَبَّكَ هُوَ يَفْصِلُ بَيْنَهُمْ

उन के दरमियान	फ़ैसला करेगा	वह	तुम्हारा रब	बेशक	24	यक़ीन करते	हमारी आयतों पर	और वह थे

يَوْمَ الْقِيَامَةِ فِيمَا كَانُوا فِيهِ يَخْتَلِفُونَ ﴿٢٥﴾ أَوَلَمْ يَهْدِ لَهُمْ

उन के लिए	क्या हिदायत न हुई	25	इख़्तिलाफ़ करते	उस में	वह थे	उस में	क़ियामत के दिन

كَمْ أَهْلَكْنَا مِن قَبْلِهِم مِّنَ الْقُرُونِ يَمْشُونَ فِي مَسَاكِنِهِمْ ۚ

उन के घर (जमा)	में	वह चलते हैं	उम्मतें	से	उन से क़ब्ल	हम ने कितनी हलाक कीं

إِنَّ فِي ذَٰلِكَ لَآيَاتٍ ۖ أَفَلَا يَسْمَعُونَ ﴿٢٦﴾ أَوَلَمْ يَرَوْا أَنَّا نَسُوقُ

कि हम चलाते हैं	क्या उन्हों ने नहीं देखा	26	तो क्या वह सुनते नहीं	अलबत्ता निशानियां	उस में	बेशक

الْمَاءَ إِلَى الْأَرْضِ الْجُرُزِ فَنُخْرِجُ بِهِ زَرْعًا تَأْكُلُ مِنْهُ

उस से	खाते हैं	फिर हम निकालते हैं उस से खेती	ख़ुश्क	ज़मीन	तरफ़	पानी

أَنْعَامُهُمْ وَأَنْفُسُهُمْ ۖ أَفَلَا يُبْصِرُونَ ﴿٢٧﴾ وَيَقُولُونَ مَتَىٰ الثلثة

कब	और वह कहते हैं	27	देखते नहीं वह	तो क्या	और वह ख़ुद	उन के मवेशी

هَٰذَا الْفَتْحُ إِن كُنتُمْ صَادِقِينَ ﴿٢٨﴾ قُلْ يَوْمَ الْفَتْحِ لَا يَنفَعُ

नफ़ा न देगा	फ़तह (फ़ैसले) के दिन	फ़रमा दें	28	सच्चे	तुम हो	अगर	फ़तह (फ़ैसला)	यह

الَّذِينَ كَفَرُوا إِيمَانُهُمْ وَلَا هُمْ يُنظَرُونَ ﴿٢٩﴾ فَأَعْرِضْ

पस मुँह फेर लो	29	मोहलत दिए जाएंगे	वह	और न	उन का ईमान	जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)

عَنْهُمْ وَانتَظِرْ إِنَّهُم مُّنتَظِرُونَ ﴿٣٠﴾ ع ٣ ٨ ١٦

	30	मुन्तज़िर हैं	बेशक वह	और तुम इन्तिज़ार करो	उन से

और अलबत्ता हम उन्हें ज़रूर चखाएंगे कुछ अ़ज़ाब नज़्दीक (दुनिया) का, (आख़िरत के) बड़े अ़ज़ाब से पहले, शायद वह लौट आएं। (21)

और उस से बढ़ कर ज़ालिम कौन है? जिसे उस के रब की आयात से नसीहत की गई, फिर उस ने उन से मुँह फेर लिया, बेशक हम मुज्रीमों से इन्तिक़ाम (बदला) लेने वाले हैं। (22)

और तहक़ीक़ हम ने मूसा (अ) को तौरेत अ़ता की तो तुम उस के मिलने के बारे में शक में न रहो, और हम ने उसे बना दिया हिदायत बनी इस्राईल के लिए। (23)

और हम ने उन में से पेश्वा बनाए, वह हमारे हुक्म से रहनुमाई करते थे, जब उन्हों ने सब्र किया और वह हमारी आयतों पर यक़ीन करते थे। (24)

बेशक तुम्हारा रब क़ियामत के दिन उन के दरमियान फ़ैसला करेगा जिस (बात) में वह इख़्तिलाफ़ करते थे। (25)

क्या उन के लिए (यह हक़ीक़त) मोजिबे हिदायत न हुई कि हम ने उन से क़ब्ल कितनी (ही) उम्मतें हलाक कीं, वह उन के रहने की जगहों में चलते (फिरते) हैं, बेशक उस में निशानियां हैं तो क्या वह सुनते नहीं? (26)

क्या उन्हों ने नहीं देखा? कि हम ख़ुश्क ज़मीन की तरफ़ पानी चलाते (रवां करते) हैं, फिर उस से हम खेती निकालते हैं, उस से उन के मवेशी खाते हैं, और वह ख़ुद भी, तो क्या वह देखते नहीं? (27)

और वह कहते हैं यह फ़ैसला कब होगा अगर तुम सच्चे हो। (28)

आप (स) फ़रमा दें, फ़ैसले के दिन काफ़िरों को उन का ईमान (लाना) नफ़ा न देगा, और न वह मोहलत दिए जाएंगे। (29)

पस तुम उन से मुँह फेर लो और तुम इन्तिज़ार करो, बेशक वह भी मुन्तज़िर हैं। (30)

آيَاتُهَا ٧٣ ❀ (٣٣) سُوْرَةُ الْاَحْزَابِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٩

रुकूआत 9 | (33) सुरतुल अहज़ाब लशकर | आयात 73

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्रबान, रह्म करने वाला है

يٰۤاَيُّهَا النَّبِىُّ اتَّقِ اللّٰهَ وَلَا تُطِعِ الْكٰفِرِيْنَ وَالْمُنٰفِقِيْنَ ؕ

और मुनाफ़िक़ों	काफ़िरों	और कहा न मानें	अल्लाह से डरते रहें	ऐ नबी (स)

اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلِيْمًا حَكِيْمًا ۙ﴿١﴾ وَّاتَّبِعْ مَا يُوْحٰۤى اِلَيْكَ مِنْ رَّبِّكَ ؕ

आप के रब (की तरफ़) से	आप की तरफ़	जो वहि किया जाता है	और पैरवी करें आप	1	हिक्मत वाला	जानने वाला	है	बेशक अल्लाह

اِنَّ اللّٰهَ كَانَ بِمَا تَعْمَلُوْنَ خَبِيْرًا ۙ﴿٢﴾ وَّتَوَكَّلْ عَلَى اللّٰهِ ؕ وَكَفٰى بِاللّٰهِ

और काफ़ी है अल्लाह	अल्लाह पर	और भरोसा रखें आप (स)	2	ख़बरदार	तुम करते हो	उस से जो	है	बेशक अल्लाह

وَكِيْلًا ﴿٣﴾ مَا جَعَلَ اللّٰهُ لِرَجُلٍ مِّنْ قَلْبَيْنِ فِىْ جَوْفِهٖ ۚ وَمَا جَعَلَ

और नहीं बनाया	उस के सीने में	दो दिल	किसी आदमी के लिए	नहीं बनाए अल्लाह ने	3	कार साज़

اَزْوَاجَكُمُ الّٰٓـِٔىْ تُظٰهِرُوْنَ مِنْهُنَّ اُمَّهٰتِكُمْ ۚ وَمَا جَعَلَ اَدْعِيَآءَكُمْ

तुम्हारे मुँह बोले बेटे	और नहीं बनाया	तुम्हारी माएं	उन से- उन्हें	तुम माँ कह बैठते हो	वह जिन्हें	तुम्हारी बीवियां

اَبْنَآءَكُمْ ؕ ذٰلِكُمْ قَوْلُكُمْ بِاَفْوَاهِكُمْ ؕ وَاللّٰهُ يَقُوْلُ الْحَقَّ وَهُوَ

और वह	हक़	फ़रमाता है	और अल्लाह	अपने मुँह (जमा)	तुम्हारा कहना	यह तुम	तुम्हारे बेटे

يَهْدِى السَّبِيْلَ ﴿٤﴾ اُدْعُوْهُمْ لِاٰبَآئِهِمْ هُوَ اَقْسَطُ عِنْدَ اللّٰهِ ۚ

अल्लाह के नज़्दीक	ज़ियादा इंसाफ़	यह	उनके बापों की तरफ़	उन्हें पुकारो	4	रास्ता	हिदायत देता है

فَاِنْ لَّمْ تَعْلَمُوْۤا اٰبَآءَهُمْ فَاِخْوَانُكُمْ فِى الدِّيْنِ وَمَوَالِيْكُمْ ؕ

और तुम्हारे रफ़ीक़	दीन में (दीनी)	तो वह तुम्हारे भाई	उन के बापों को	तुम न जानते हो	फिर अगर

وَلَيْسَ عَلَيْكُمْ جُنَاحٌ فِيْمَاۤ اَخْطَاْتُمْ بِهٖ وَلٰكِنْ مَّا تَعَمَّدَتْ قُلُوْبُكُمْ ؕ

अपने दिल	जो इरादे से	और लेकिन	उस से	उस में जो तुम से भूल चूक हो चुकी	कोई गुनाह	तुम पर	और नहीं

وَكَانَ اللّٰهُ غَفُوْرًا رَّحِيْمًا ﴿٥﴾ اَلنَّبِىُّ اَوْلٰى بِالْمُؤْمِنِيْنَ مِنْ

से	मोमिनों के	ज़ियादा (हक़दार)	नबी (स)	5	मेह्रबान	बख़्शने वाला	अल्लाह	और है

اَنْفُسِهِمْ وَاَزْوَاجُهٗۤ اُمَّهٰتُهُمْ ؕ وَاُولُوا الْاَرْحَامِ بَعْضُهُمْ اَوْلٰى

नज़्दीक तर	उन में से बाज़	और क़राबतदार	उन की माएं	और उस की बीवियां	उन की जानें

بِبَعْضٍ فِىْ كِتٰبِ اللّٰهِ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ وَالْمُهٰجِرِيْنَ اِلَّاۤ اَنْ

मगर यह कि	और मुहाजिरों	मोमिनों	से	अल्लाह की किताब	में	बाज़ (दूसरों) से

تَفْعَلُوْۤا اِلٰۤى اَوْلِيٰٓئِكُمْ مَّعْرُوْفًا ؕ كَانَ ذٰلِكَ فِى الْكِتٰبِ مَسْطُوْرًا ﴿٦﴾

6	लिखा हुआ	किताब में	यह	है	हुस्ने सुलूक	अपने दोस्त (जमा)	तरफ़ (साथ)	तुम करो

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्रबान, रह्म करने वाला है

ऐ नबी (स)! अल्लाह से डरते रहें, और काफ़िरों और मुनाफ़िक़ों का कहा न मानें, बेशक अल्लाह जानने वाला, हिक्मत वाला है। (1) और पैरवी करें जो वहि किया जाता है आप (स) को आप (स) के रब की तरफ़ से, बेशक अल्लाह उस से बा ख़बर है जो तुम करते हो। (2) और आप (स) अल्लाह पर भरोसा रखें, अल्लाह काफ़ी है कार साज़। (3) अल्लाह ने नहीं बनाए किसी आदमी के लिए उस के सीने में दो दिल, और तुम्हारी उन बीवियों को जिन्हें तुम माँ कह बैठते हो नहीं बनाया तुम्हारी माएं, और तुम्हारे मुँह बोले (ले पालकों को) (सच मुच) तुम्हारे बेटे नहीं बनाया, यह (सिर्फ़) तुम्हारे मुँह से कहने (की बात है) और अल्लाह हक़ फ़रमाता है, और वह रास्ते की हिदायत देता है। (4) उन्हें उन ही के बापों की तरफ़ (मन्सूब कर के) पुकारो, यह अल्लाह के नज़्दीक ज़ियादा (क़रीने) इंसाफ़ है, फिर अगर तुम उन के बापों को न जानते हो तो वह तुम्हारे दीनी भाई हैं, और वह तुम्हारे रफ़ीक़ हैं, और तुम पर नहीं उस में कोई गुनाह जो तुम से भूल चूक हो चुकी, लेकिन (हां) जो अपने दिल के इरादे से करो, और अल्लाह बख़्शने वाला, मेह्रबान है। (5) नबी (स) मोमिनों के लिए उन के अपने नफ़्स से ज़ियादा हक़दार हैं और आप (नबी स) की बीवीयां उन (मोमिनों) की माँएं हैं, और क़राबतदार अल्लाह की किताब में बाज़ (आम) मुसलमानों और मुहाजिरों की बनिस्बत एक दूसरे से ज़ियादा नज़्दीक (फ़ाइक़) हैं मगर यह कि तुम करो अपने दोस्तों के साथ हुस्ने सुलूक, यह (अल्लाह की) किताब में लिखा हुआ है। (6)

وَاِذْ اَخَذْنَا مِنَ النَّبِيّٖنَ مِيْثَاقَهُمْ وَمِنْكَ وَمِنْ نُّوْحٍ وَّاِبْرٰهِيْمَ

और इब्राहीम (अ)	और नूह (अ) से	और तुम से	उन का अ़हद	नबियों	से	हम ने लिया	और जब

وَمُوْسٰى وَعِيْسَى ابْنِ مَرْيَمَ ۪ وَاَخَذْنَا مِنْهُمْ مِّيْثَاقًا غَلِيْظًا ۙ﴿۷﴾

7	पुख़्ता	अ़हद	उन से	और हम ने लिया	और मरयम के बेटे ईसा (अ)	और मूसा (अ)

لِّيَسْـَٔلَ الصّٰدِقِيْنَ عَنْ صِدْقِهِمْ ۚ وَاَعَدَّ لِلْكٰفِرِيْنَ عَذَابًا اَلِيْمًا ﴿۸﴾ ع ۸ / ۱۷

8	दर्दनाक	अ़ज़ाब	काफ़िरों के लिए	और उस ने तैयार किया	उन की सच्चाई	से	सच्चे	ताकि वह सवाल करे

يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اذْكُرُوْا نِعْمَةَ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ اِذْ جَآءَتْكُمْ جُنُوْدٌ

लशकर (जमा)	जब तुम पर (चढ़) आए	अपने ऊपर	अल्लाह की नेमत	याद करो	ईमान वालो	ऐ

فَاَرْسَلْنَا عَلَيْهِمْ رِيْحًا وَّجُنُوْدًا لَّمْ تَرَوْهَا ؕ وَكَانَ اللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ

तुम करते हो	उसे जो	अल्लाह	और है	तुम ने उन्हें न देखा	और लशकर	आँधी	उन पर	हम ने भेजी

بَصِيْرًا ﴿۹﴾ ۚ اِذْ جَآءُوْكُمْ مِّنْ فَوْقِكُمْ وَمِنْ اَسْفَلَ مِنْكُمْ وَاِذْ

और जब	तुम्हारे	और नीचे से	तुम्हारे ऊपर	से	वह तुम पर आए	जब	9	देखने वाला

زَاغَتِ الْاَبْصَارُ وَبَلَغَتِ الْقُلُوْبُ الْحَنَاجِرَ وَتَظُنُّوْنَ بِاللّٰهِ

अल्लाह के बारे में	और तुम गुमान करते थे	गले	दिल (जमा)	और पहुँच गए	कज हुईं (चुन्धिया गईं) आँखें

الظُّنُوْنَا ﴿۱۰﴾ ؕ هُنَالِكَ ابْتُلِيَ الْمُؤْمِنُوْنَ وَزُلْزِلُوْا زِلْزَالًا شَدِيْدًا ﴿۱۱﴾

11	शदीद	हिलाया जाना	और वह हिलाए गए	मोमिन (जमा)	आज़माए गए	यहां	10	बहुत से गुमान

وَاِذْ يَقُوْلُ الْمُنٰفِقُوْنَ وَالَّذِيْنَ فِيْ قُلُوْبِهِمْ مَّرَضٌ مَّا وَعَدَنَا

जो हम से वादा किया	रोग	दिलों में	और वह जिन के	मुनाफ़िक़ (जमा)	कहने लगे	और जब

اللّٰهُ وَرَسُوْلُهٗۤ اِلَّا غُرُوْرًا ﴿۱۲﴾ وَاِذْ قَالَتْ طَّآئِفَةٌ مِّنْهُمْ يٰۤاَهْلَ يَثْرِبَ

ऐ यसरिब (मदीने) वालो	उन में से	एक गिरोह	कहा	और जब	12	धोका देना	मगर (सिर्फ़)	अल्लाह और उस का रसूल

لَا مُقَامَ لَكُمْ فَارْجِعُوْا ۚ وَيَسْتَاْذِنُ فَرِيْقٌ مِّنْهُمُ النَّبِيَّ

नबी से	उन में से	एक गिरोह	और इजाज़त मांगता था	लिहाज़ा तुम लौट चलो	तुम्हारे लिए	कोई जगह नहीं

يَقُوْلُوْنَ اِنَّ بُيُوْتَنَا عَوْرَةٌ ۛؕ وَمَا هِيَ بِعَوْرَةٍ ۚۛ اِنْ يُّرِيْدُوْنَ اِلَّا ع ۱۰ / عند المتقدمین ۱۲

मगर (सिर्फ़)	वह नहीं चाहते	ग़ैर महफ़ूज़	हालांकि वह नहीं	ग़ैर महफ़ूज़	हमारे घर	बेशक	वह कहते थे

فِرَارًا ﴿۱۳﴾ وَلَوْ دُخِلَتْ عَلَيْهِمْ مِّنْ اَقْطَارِهَا ثُمَّ سُئِلُوا الْفِتْنَةَ

फ़साद	उन से चाहा जाए	फिर	उस (मदीने) के अतराफ़	से	उन पर	दाख़िल हो जाएं	और अगर	13	फ़िरार

لَاٰتَوْهَا وَمَا تَلَبَّثُوْا بِهَاۤ اِلَّا يَسِيْرًا ﴿۱۴﴾ وَلَقَدْ كَانُوْا عَاهَدُوا اللّٰهَ

अल्लाह	हालांकि वह अ़हद कर चुके थे	14	थोड़ी सी	मगर (सिर्फ़)	उस में	और न देर लगाएंगे	तो वह ज़रूर उसे देंगे

مِنْ قَبْلُ لَا يُوَلُّوْنَ الْاَدْبَارَ ؕ وَكَانَ عَهْدُ اللّٰهِ مَسْـُٔوْلًا ﴿۱۵﴾

15	पूछा जाने वाला	अल्लाह का अ़हद	और है	पीठ	फेरेंगे	न	इस से पहले

और (याद करो) जब हम ने लिया नबियों से उन का अ़हद, और तुम से (भी लिया) और वह नूह (अ) से और इब्राहीम (अ) से और मूसा (अ) और मरयम (अ) के बेटे ईसा (अ) से, और हम ने उन से पुख़्ता अ़हद लिया। (7)

ताकि वह (उन) सच्चों से उन की सच्चाई (के बारे में) सवाल करे, और उस ने काफ़िरों के लिए दर्दनाक अ़ज़ाब तैयार किया है। (8)

ऐ ईमान वालो! अपने ऊपर अल्लाह की नेमत (उस का एहसान) याद करो जब तुम पर बहुत से लशकर चढ़ आए तो हम ने उन पर आन्धी भेजी और (ऐसे) लशकर जिन्हें तुम ने न देखा, और अल्लाह उसे देखने वाला है जो तुम करते हो। (9)

जब वह तुम पर (चढ़) आए तुम्हारे ऊपर (की तरफ़) से और तुम्हारे नीचे (की तरफ़) से, और जब आँखें चुन्धिया गईं, और दिल गलों में (कलेजे मुँह को) आने लगे और तुम अल्लाह के बारे में (तरह तरह के) गुमान कर रहे थे। (10)

यहां (इस मौक़े पर) मोमिन आज़माए गए और वह शदीद हिलाए (झिन्झोड़े) गए। (11)

और जब कहने लगे मुनाफ़िक़ और वह जिन के दिलों में रोग है: हम से अल्लाह और उस के रसूल (स) ने जो वादा किया वह सिर्फ़ धोका था। (12)

और जब एक गिरोह ने कहा उन में से, ऐ मदीने वालों! तुम्हारे लिए कोई जगह (ठिकाना) नहीं, लिहाज़ा तुम लौट चलो, और उन में से एक गिरोह इजाज़त मांगता था नबी (स) से, वह कहते थे कि हमारे घर बेशक ग़ैर महफ़ूज़ हैं, हालांकि वह ग़ैर महफ़ूज़ नहीं हैं, वह तो सिर्फ़ फ़िरार चाहते हैं। (13)

और अगर (दुश्मन) उन पर मदीने के अतराफ़ से दाख़िल हो जाएं (आ घुसें) फिर उन से फ़साद चाहा जाए (कहा जाए) तो वह उसे ज़रूर देंगे (मन्ज़ूर कर लेंगे) और घरों में सिर्फ़ थोड़ी सी देर लगाएंगे। (14)

हालांकि वह इस से पहले अल्लाह से अ़हद कर चुके थे कि वह पीठ न फेरेंगे, और अल्लाह से किया हुआ अ़हद पूछा जाने वाला है। (15)

قُلْ لَّنْ يَّنْفَعَكُمُ الْفِرَارُ اِنْ فَرَرْتُمْ مِّنَ الْمَوْتِ اَوِ الْقَتْلِ وَاِذًا

और उस सूरत में	क़त्ल	या	मौत से	तुम भागे	अगर	फ़िरार	तुम्हें हरगिज़ नफ़ा न देगा	फ़रमा दें

لَّا تُمَتَّعُوْنَ اِلَّا قَلِيْلًا ﴿١٦﴾ قُلْ مَنْ ذَا الَّذِيْ يَعْصِمُكُمْ مِّنَ اللّٰهِ اِنْ

अगर	अल्लाह से	वह जो तुम्हें बचाए	कौन जो	फ़रमा दें	16	थोड़ा	मगर (सिर्फ़)	न फ़ाइदा दिए जाओगे

اَرَادَ بِكُمْ سُوْٓءًا اَوْ اَرَادَ بِكُمْ رَحْمَةً ؕ وَلَا يَجِدُوْنَ لَهُمْ مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ

अल्लाह के सिवा	अपने लिए	और वह न पाएंगे	मेहरबानी	चाहे तुम से	या	बुराई	वह चाहे तुम से

وَلِيًّا وَّلَا نَصِيْرًا ﴿١٧﴾ قَدْ يَعْلَمُ اللّٰهُ الْمُعَوِّقِيْنَ مِنْكُمْ وَالْقَآئِلِيْنَ

और कहने वाले	तुम में से	रोकने वाले	अल्लाह	खूब जानता है	17	और न मददगार	कोई दोस्त

لِاِخْوَانِهِمْ هَلُمَّ اِلَيْنَا ۚ وَلَا يَاْتُوْنَ الْبَاْسَ اِلَّا قَلِيْلًا ﴿١٨﴾ اَشِحَّةً

बुख़्ल करते हुए	18	बहुत कम	मगर	लड़ाई	और नहीं आते	हमारी तरफ़	आजाओ	अपने भाइयों से

عَلَيْكُمْ ۚ فَاِذَا جَآءَ الْخَوْفُ رَاَيْتَهُمْ يَنْظُرُوْنَ اِلَيْكَ تَدُوْرُ

घूम रही हैं	तुम्हारी तरफ़	वह देखने लगते हैं	तुम देखोगे उन्हें	ख़ौफ़	फिर जब आए	तुम्हारे मुतअ़ल्लिक़

اَعْيُنُهُمْ كَالَّذِيْ يُغْشٰى عَلَيْهِ مِنَ الْمَوْتِ ۚ فَاِذَا ذَهَبَ الْخَوْفُ

ख़ौफ़	चला जाए	फिर जब	मौत से	उस पर	ग़शी आती है	उस शख़्स की तरह	उन की आँखें

سَلَقُوْكُمْ بِاَلْسِنَةٍ حِدَادٍ اَشِحَّةً عَلَى الْخَيْرِ ؕ اُولٰٓئِكَ لَمْ يُؤْمِنُوْا

नहीं ईमान लाए	यह लोग	माल पर	बख़ीली (लालच) करते हुए	तेज़	ज़बानों से	तुम्हें ताने देने लगे

فَاَحْبَطَ اللّٰهُ اَعْمَالَهُمْ ؕ وَكَانَ ذٰلِكَ عَلَى اللّٰهِ يَسِيْرًا ﴿١٩﴾ يَحْسَبُوْنَ

वह गुमान करते हैं	19	आसान	अल्लाह पर	यह	और है	उन के अ़मल	तो अकारत कर दिए अल्लाह ने

الْاَحْزَابَ لَمْ يَذْهَبُوْا ۚ وَاِنْ يَّاْتِ الْاَحْزَابُ يَوَدُّوْا لَوْ اَنَّهُمْ

कि काश वह	वह तमन्ना करें	लशकर	और अगर आएं	नहीं गए हैं	लशकर (जमा)

بَادُوْنَ فِى الْاَعْرَابِ يَسْاَلُوْنَ عَنْ اَنْۢبَآئِكُمْ ؕ وَلَوْ كَانُوْا فِيْكُمْ

तुम्हारे दरमियान	हों	और अगर	तुम्हारी ख़बरें	से	पूछते रहते	देहातियों में	बाहर निकले हुए होते

ع ٢ ١٢ ١٨ مَّا قٰتَلُوْٓا اِلَّا قَلِيْلًا ﴿٢٠﴾ لَقَدْ كَانَ لَكُمْ فِىْ رَسُوْلِ اللّٰهِ اُسْوَةٌ حَسَنَةٌ

अच्छा बेहतरीन	मिसाल (नमूना)	अल्लाह का रसूल (स)	में	तुम्हारे लिए	अलबत्ता है यक़ीनन	20	बहुत कम	मगर	जंग न करें

لِّمَنْ كَانَ يَرْجُوا اللّٰهَ وَالْيَوْمَ الْاٰخِرَ وَذَكَرَ اللّٰهَ كَثِيْرًا ﴿٢١﴾ وَلَمَّا

और जब	21	कस्रत से	और अल्लाह को याद करता है	और रोज़े आख़िरत	अल्लाह	उम्मीद रखता है	उस के लिए जो

رَاَ الْمُؤْمِنُوْنَ الْاَحْزَابَ ۙ قَالُوْا هٰذَا مَا وَعَدَنَا اللّٰهُ وَرَسُوْلُهٗ

और उस का रसूल (स)	अल्लाह	जो हम को वादा दिया	यह है	वह कहने लगे	लशकरों को	मोमिनों ने देखा

وَصَدَقَ اللّٰهُ وَرَسُوْلُهٗ ۫ وَمَا زَادَهُمْ اِلَّآ اِيْمَانًا وَّتَسْلِيْمًا ﴿٢٢﴾

22	और फ़रमांबरदारी	ईमान	मगर	उन का ज़ियादा किया	और न	और उस का रसूल	अल्लाह	और सच कहा था

आप (स) फ़रमा दें: फ़िरार तुम्हें हरगिज़ नफ़ा न देगा अगर तुम मौत या क़त्ल से भागे, और उस सूरत में तुम सिर्फ़ थोड़ा (चन्द दिन) फ़ाइदा दिए जाओगे। (16)

आप (स) फ़रमा दें: वह कौन है जो तुम्हें अल्लाह से बचा सकता? अगर वह तुम से बुराई (करना) चाहे या तुम पर मेहरबानी करना चाहे और वह अपने लिए अल्लाह के सिवा कोई दोस्त न पाएंगे और न मददगार। (17)

अल्लाह खूब जानता है तुम में से (दूसरों को जिहाद से) रोकने वालों को, और अपने भाइयों से यह कहने वालों को कि हमारी तरफ़ आजाओ, और वह लड़ाई में नहीं आते मगर बहुत कम। (18)

तुम्हारा साथ देने में बख़ीली करते हैं, फिर जब ख़ौफ़ आए तो तुम उन्हें देखोगे कि वह तुम्हारी तरफ़ (यूँ) देखने लगते हैं (जैसे) उन की आँखें घूम रही हैं उस शख़्स की तरह जिस पर मौत की ग़शी (तारी) हो, फिर जब ख़ौफ़ चला जाए तो तुम्हें ताने देने लगें तेज़ ज़बानों से, माल पर बख़ीली करते हुए, यह लोग ईमान नहीं लाए, तो अल्लाह ने अकारत कर दिए उन के अ़मल, और अल्लाह पर यह आसान है। (19)

वह गुमान करते हैं कि (काफ़िरों के) लशकर (अभी) नहीं गए हैं, और अगर लशकर (दोबारा) आएं तो वह तमन्ना करें कि काश वह देहात में बाहर निकले होते (सेहरा नशीन होते) तुम्हारी ख़बरें पूछते रहते और अगर तुम्हारे दरमियान हों तो जंग न करें मगर बहुत कम। (20)

यक़ीनन तुम्हारे लिए है अल्लाह के रसूल (स) में एक बेहतरीन नमूना, (हर) उस शख़्स के लिए जो अल्लाह और रोज़े आख़िरत पर उम्मीद रखता है, और अल्लाह को बकस्रत याद करता है। (21)

और जब मोमिनों ने लशकरों को देखा तो वह कहने लगे: यह है जिस का हमें अल्लाह और उस के रसूल ने वादा दिया था, और अल्लाह और उस के रसूल (स) ने सच कहा था, और (उस सूरते हाल ने) उन में ज़ियादा न किया मगर ईमान और फ़रमांबरदारी (का जज़्बा)। (22)

مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ رِجَالٌ صَدَقُوْا مَا عَاهَدُوا اللّٰهَ عَلَيْهِ ۚ فَمِنْهُمْ

सो उन में से	उस पर	उन्हों ने अ़हद किया अल्लाह से	जो	उन्हों ने सच कर दिखाया	ऐसे आदमी	मोमिन (जमा)	से (में)

مَّنْ قَضٰى نَحْبَهٗ وَمِنْهُمْ مَّنْ يَّنْتَظِرُ ۖ وَمَا بَدَّلُوْا تَبْدِيْلًا ۝٢٣ لِّيَجْزِيَ

ताकि जज़ा दे	23	कुछ भी तबदीली	और उन्हों ने तबदीली नहीं की	इन्तिज़ार में है	जो	और उन में से	नज़र अपनी	पूरा कर चुका	जो

اللّٰهُ الصّٰدِقِيْنَ بِصِدْقِهِمْ وَيُعَذِّبَ الْمُنٰفِقِيْنَ اِنْ شَآءَ اَوْ

या	अगर वह चाहे	मुनाफ़िक़ों	और वह अ़ज़ाब दे	उन की सच्चाई की	सच्चे लोग	अल्लाह

يَتُوْبَ عَلَيْهِمْ ۗ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ غَفُوْرًا رَّحِيْمًا ۝٢٤ وَرَدَّ اللّٰهُ

और लौटा दिया अल्लाह ने	24	मेहरबान	बख़्शने वाला	है	बेशक अल्लाह	वह उन की तौबा क़ुबूल कर ले

الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِغَيْظِهِمْ لَمْ يَنَالُوْا خَيْرًا ۭ وَكَفَى اللّٰهُ الْمُؤْمِنِيْنَ الْقِتَالَ ۭ

जंग	मोमिनीन	और काफ़ी है अल्लाह	कोई भलाई	उन्हों ने न पाई	उन के गुस्से में भरे हुऐ	वह जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)

وَكَانَ اللّٰهُ قَوِيًّا عَزِيْزًا ۝٢٥ وَاَنْزَلَ الَّذِيْنَ ظَاهَرُوْهُمْ مِّنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ

अहले किताब	से	जिन्हों ने उन की मदद की	उन लागों को	और उतार दिया	25	ग़ालिब	तवाना	अल्लाह	और है

مِنْ صَيَاصِيْهِمْ وَقَذَفَ فِيْ قُلُوْبِهِمُ الرُّعْبَ فَرِيْقًا

एक गिरोह	रुअ़ब	उन के दिल	में	और डाल दिया	उन के क़िल्ए	से

تَقْتُلُوْنَ وَتَاْسِرُوْنَ فَرِيْقًا ۝٢٦ وَاَوْرَثَكُمْ اَرْضَهُمْ وَدِيَارَهُمْ

और उन के घर (जमा)	उन की ज़मीन	और तुम्हें वारिस बना दिया	26	एक गिरोह	और तुम क़ैद करते हो	तुम क़त्ल करते हो

وَاَمْوَالَهُمْ وَاَرْضًا لَّمْ تَطَئُوْهَا ۭ وَكَانَ اللّٰهُ عَلٰي كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرًا ۝٢٧ ع ٣ ١٩

27	क़ुदरत रखने वाला	हर शै	पर	अल्लाह	और है	तुम ने वहां क़दम नहीं रखा	और वह ज़मीन	और उन के माल (जमा)

يٰٓاَيُّهَا النَّبِيُّ قُلْ لِّاَزْوَاجِكَ اِنْ كُنْتُنَّ تُرِدْنَ الْحَيٰوةَ الدُّنْيَا

दुनिया	ज़िन्दगी	चाहती हो	तुम हो	अगर	अपनी बीवियों से	फ़रमा दें	ऐ नबी (स)

وَزِيْنَتَهَا فَتَعَالَيْنَ اُمَتِّعْكُنَّ وَاُسَرِّحْكُنَّ سَرَاحًا جَمِيْلًا ۝٢٨

28	अच्छी	रुख़सत करना	और तुम्हें रुख़सत कर दूँ	मैं तुम्हें कुछ देदूँ	तो आओ	और उस की ज़ीनत

وَاِنْ كُنْتُنَّ تُرِدْنَ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ وَالدَّارَ الْاٰخِرَةَ

और आख़िरत का घर	और उस का रसूल	चाहती हो अल्लाह	तुम	और अगर

فَاِنَّ اللّٰهَ اَعَدَّ لِلْمُحْسِنٰتِ مِنْكُنَّ اَجْرًا عَظِيْمًا ۝٢٩

29	अजरे अ़ज़ीम	तुम में से	नेकी करने वालियों के लिए	तैयार किया है	पस बेशक अल्लाह

يٰنِسَاۗءَ النَّبِيِّ مَنْ يَّاْتِ مِنْكُنَّ بِفَاحِشَةٍ مُّبَيِّنَةٍ يُّضٰعَفْ

बढ़ाया जाएगा	खुली	बेहूदगी के साथ	तुम में से	लाए (मुर्तकिब हो)	जो कोई	ऐ नबी की बीवियो

لَهَا الْعَذَابُ ضِعْفَيْنِ ۭ وَكَانَ ذٰلِكَ عَلَي اللّٰهِ يَسِيْرًا ۝٣٠

30	आसान	अल्लाह पर	यह	और है	दो चन्द	अ़ज़ाब	उस के लिए

मोमिनों में कुछ ऐसे आदमी हैं कि उन्हों ने अल्लाह से जो अ़हद किया था वह सच कर दिखाया, सो उन में से (कुछ हैं) जो अपनी नज़र पूरी कर चुके, और उन में (कुछ हैं) जो इन्तिज़ार में हैं, और उन्हों ने कुछ भी तबदीली नहीं की। (23)

(यह इस लिए हुआ) कि अल्लाह जज़ा दे सच्चे लोगों को उन की सच्चाई की, और अगर वह चाहे तो मुनाफ़िक़ों को अ़ज़ाब दे या वह उन की तौबा क़ुबूल कर ले, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला, मेहरबान है। (24)

और अल्लाह ने काफ़िरों को लौटा दिया उन के (अपने) गुस्से में भरे हुए, उन्हों ने कोई भलाई न पाई, और जंग (के मामले में) मोमिनों के लिए अल्लाह काफ़ी है, और अल्लाह है तवाना और ग़ालिब। (25)

और अहले किताब में से जिन्हों ने उन की मदद की थी, उस ने उन्हें उन के क़िलों से उतार दिया, और उन के दिलों में रुअ़ब डाल दिया, एक गिरोह को तुम क़त्ल करते हो और एक गिरोह को क़ैद करते हो। (26)

और तुम्हें वारिस बना दिया उन की ज़मीन का, और उन के घरों का, और उन के मालों का, और उस ज़मीन का जहां तुम ने क़दम नहीं रखा था, और अल्लाह है हर शै पर क़ुदरत रखने वाला। (27)

ऐ नबी (स)! आप (स) अपनी बीवियों से फ़रमा दें, अगर तुम दुनिया की ज़िन्दगी और उस की ज़ीनत चाहती हो तो आओ, मैं तुम्हें कुछ देदूँ और रुख़सत कर दूँ अच्छी तरह रुख़सत। (28)

और अगर तुम अल्लाह और उस का रसूल (स) और आख़िरत का घर चाहती हो तो बेशक अल्लाह ने तुम में से नेकी करने वालियों के लिए अजरे अ़ज़ीम तैयार कर रखा है। (29)

ऐ नबी (स) की बीवियो! जो कोई तुम में से खुली बेहूदगी की मुर्तकिब हो तो उस के लिए अ़ज़ाब दो चन्द बढ़ा दिया जाएगा, और यह अल्लाह पर आसान है। (30)

وَمَنْ يَّقْنُتْ مِنْكُنَّ لِلّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ وَتَعْمَلْ صَالِحًا

नेक	और अ़मल करे	अल्लाह और उस के रसूल (स) की	तुम में से	इताअ़त करे	और जो

نُّؤْتِهَآ اَجْرَهَا مَرَّتَيْنِ ۙ وَاَعْتَدْنَا لَهَا رِزْقًا كَرِيْمًا ﴿٣١﴾

31	इ़ज़्ज़त का रिज़्क़	उस के लिए	और हम ने तैयार किया	दोहरा	उस का अजर	हम देंगे उस को

يٰنِسَآءَ النَّبِيِّ لَسْتُنَّ كَاَحَدٍ مِّنَ النِّسَآءِ اِنِ اتَّقَيْتُنَّ فَلَا تَخْضَعْنَ

तो मुलाइमत न करो	तुम परहेज़गारी करो	अगर	औरतों में से	किसी एक की तरह	तुम नहीं हो	ऐ नबी (स) की बीवियो!

بِالْقَوْلِ فَيَطْمَعَ الَّذِيْ فِيْ قَلْبِهٖ مَرَضٌ وَّقُلْنَ قَوْلًا مَّعْرُوْفًا ﴿٣٢﴾

32	अच्छी (माकूल)	बात	और बात करो तुम	रोग (खोट)	उस के दिल में	वह जो	कि लालच करे	गुफ़्तगू में

وَقَرْنَ فِيْ بُيُوْتِكُنَّ وَلَا تَبَرَّجْنَ تَبَرُّجَ الْجَاهِلِيَّةِ الْاُوْلٰى

अगला	(ज़माना-ए) जाहिलियत	बनाव सिंगार	और बनाव सिंगार का इज़्हार करती न फिरो	अपने घरों में	और क़रार पकड़ो

وَاَقِمْنَ الصَّلٰوةَ وَاٰتِيْنَ الزَّكٰوةَ وَاَطِعْنَ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ ؕ

अल्लाह और उस का रसूल	और इताअ़त करो	ज़कात	और देती रहो	नमाज़	और क़ाइम करो

اِنَّمَا يُرِيْدُ اللّٰهُ لِيُذْهِبَ عَنْكُمُ الرِّجْسَ اَهْلَ الْبَيْتِ

ऐ अहले बैत	आलूदगी	तुम से	कि दूर फ़रमा दे	अल्लाह चाहता है	इस के सिवा नहीं

وَيُطَهِّرَكُمْ تَطْهِيْرًا ﴿٣٣﴾ وَاذْكُرْنَ مَا يُتْلٰى فِيْ بُيُوْتِكُنَّ

तुम्हारे घर (जमा)	में	जो पढ़ा जाता है	और तुम याद रखो	33	ख़ूब पाक	और तुम्हें पाक और साफ़ रखे

مِنْ اٰيٰتِ اللّٰهِ وَالْحِكْمَةِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ لَطِيْفًا خَبِيْرًا ﴿٣٤﴾

34	बाख़बर	बारीक बीन	है	बेशक अल्लाह	और हिक्मत	अल्लाह की आयतें	से

ع ٧ / ١

اِنَّ الْمُسْلِمِيْنَ وَالْمُسْلِمٰتِ وَالْمُؤْمِنِيْنَ وَالْمُؤْمِنٰتِ

और मोमिन औरतें	और मोमिन मर्द	और मुसलमान औरतें	मुसलमान मर्द	बेशक

وَالْقٰنِتِيْنَ وَالْقٰنِتٰتِ وَالصّٰدِقِيْنَ وَالصّٰدِقٰتِ وَالصّٰبِرِيْنَ

और सब्र करने वाले मर्द	और रास्तगो औरतें	और रास्तगो मर्द	और फ़रमांबरदार औरतें	और फ़रमांबरदार मर्द

وَالصّٰبِرٰتِ وَالْخٰشِعِيْنَ وَالْخٰشِعٰتِ وَالْمُتَصَدِّقِيْنَ

और सदक़ा करने वाले मर्द	और आजिज़ी करने वाली औरतें	और आजिज़ी करने वाले मर्द	और सब्र करने वाली औरतें

وَالْمُتَصَدِّقٰتِ وَالصَّآئِمِيْنَ وَالصّٰٓئِمٰتِ وَالْحٰفِظِيْنَ

और हिफ़ाज़त करने वाले मर्द	और रोज़ा रखने वाली औरतें	और रोज़ा रखने वाले मर्द	और सदक़ा करने वाली औरतें

فُرُوْجَهُمْ وَالْحٰفِظٰتِ وَالذّٰكِرِيْنَ اللّٰهَ كَثِيْرًا

बकसरत	अल्लाह	और याद करने वाले	और हिफ़ाज़त करने वाली औरतें	अपनी शर्मगाहें

وَّالذّٰكِرٰتِ اَعَدَّ اللّٰهُ لَهُمْ مَّغْفِرَةً وَّاَجْرًا عَظِيْمًا ﴿٣٥﴾

35	और अजरे अ़ज़ीम	बख़्शिश	उन के लिए	अल्लाह ने तैयार किया	और याद करने वाली औरतें

और तुम में से जो अल्लाह और उस के रसूल (स) की इताअ़त करे और नेक अ़मल करे हम उसे उस का दोहरा अजर देंगे और हम ने उस के लिए इ़ज़्ज़त का रिज़्क़ तैयार किया है। (31)
ऐ नबी (स) की बीवियो! औरतों में से तुम किसी एक की तरह (आम) नहीं हो, अगर तुम परहेज़गारी इख़्तियार करो तो गुफ़्तगू में मुलाइमत न करो कि जिस के दिल में खोट है वह लालच (ख़याले फ़ासिद) करे और तुम बात करो माकूल बात। (32)
और अपने घरों में क़रार पकड़ो, और अगले ज़माना-ए-जाहिलियत के बनाव सिंगार का इज़्हार करती न फिरो, और नमाज़ क़ाइम करो, और ज़कात देती रहो, और अल्लाह और उस के रसूल (स) की इताअ़त करो, बेशक अल्लाह चाहता है कि वह तुम से आलूदगी दूर फ़रमा दे ऐ अहले बैत! और तुम्हें ख़ूब (हर तरह से) पाक और साफ़ रखे। (33)
और तुम याद रखो जो तुम्हारे घरों में अल्लाह की आयतें और हिक्मत (दानाई की बातें) पढ़ी जाती हैं, बेशक अल्लाह बारीक बीन, बाख़बर है। (34)
बेशक मुसलमान मर्द और मुसलमान औरतें, और मोमिन मर्द और मोमिन औरतें, और फ़रमांबरदार मर्द और फ़रमांबरदार औरतें, और रास्तगो मर्द और रास्तगो औरतें, और सब्र करने वाले मर्द और सब्र करने वाली औरतें, और आजिज़ी करने वाले मर्द और आजिज़ी करने वाली औरतें, और सदक़ा (ख़ैरात) करने वाले मर्द और सदक़ा (ख़ैरात) करने वाली औरतें, और रोज़ा रखने वाले मर्द और रोज़ा रखने वाली औ़रतें, और हिफ़ाज़त करने वाले मर्द अपनी शर्मगाहों की, और हिफ़ाज़त करने वाली औरतें, और अल्लाह को बकसरत याद करने वाले मर्द और (अल्लाह को) याद करने वाली औरतें, अल्लाह ने उन (सब) के लिए तैयार की है बख़्शिश और अजरे अ़ज़ीम। (35)

وَمَا كَانَ لِمُؤْمِنٍ وَّلَا مُؤْمِنَةٍ اِذَا قَضَى اللّٰهُ وَرَسُوْلُهٗٓ اَمْرًا

किसी काम का	अल्लाह और उस का रसूल	फ़ैसला कर दें	जब	और न किसी मोमिन औरत के लिए	किसी मोमिन मर्द के लिए	और नहीं है

اَنْ يَّكُوْنَ لَهُمُ الْخِيَرَةُ مِنْ اَمْرِهِمْ ؕ وَمَنْ يَّعْصِ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ

अल्लाह और उस का रसूल	नाफ़रमानी करेगा	और जो	उन के काम में	कोई इख़्तियार	उन के लिए	कि (बाक़ी) हो

فَقَدْ ضَلَّ ضَلٰلًا مُّبِيْنًا ﴿٣٦﴾ وَاِذْ تَقُوْلُ لِلَّذِيْٓ اَنْعَمَ اللّٰهُ عَلَيْهِ

उस पर	अल्लाह ने इन्आम किया	उस शख़्स को	और (याद करो) जब आप (स) फ़रमाते थे	36	सरीह	गुमराही	तो अलबत्ता वह गुमराही में जा पड़ा

وَاَنْعَمْتَ عَلَيْهِ اَمْسِكْ عَلَيْكَ زَوْجَكَ وَاتَّقِ اللّٰهَ وَتُخْفِيْ فِيْ نَفْسِكَ

अपने दिल में	और आप (स) छुपाते थे	और डर अल्लाह से	अपनी बीवी	अपने पास	रोके रख	उस पर	और आप (स) ने इन्आम किया

مَا اللّٰهُ مُبْدِيْهِ وَتَخْشَى النَّاسَ ۚ وَاللّٰهُ اَحَقُّ اَنْ تَخْشٰىهُ ؕ فَلَمَّا

फिर जब	तुम उस से डरो	कि	ज़ियादा हक़दार	और अल्लाह	लोग	और आप (स) डरते थे	उस को ज़ाहिर करने वाला	जो अल्लाह

قَضٰى زَيْدٌ مِّنْهَا وَطَرًا زَوَّجْنٰكَهَا لِكَيْ لَا يَكُوْنَ عَلَى الْمُؤْمِنِيْنَ

मोमिनों	पर	न रहे	ताकि	हम ने उसे तुम्हारे निकाह में दे दिया	अपनी हाजत	उस से	ज़ैद	पूरी कर ली

حَرَجٌ فِيْٓ اَزْوَاجِ اَدْعِيَآئِهِمْ اِذَا قَضَوْا مِنْهُنَّ وَطَرًا ؕ وَكَانَ

और है	अपनी हाजत	उन से	पूरी कर चुकें	जब वह	अपने ले पालक	बीवियों में	कोई तंगी

اَمْرُ اللّٰهِ مَفْعُوْلًا ﴿٣٧﴾ مَا كَانَ عَلَى النَّبِيِّ مِنْ حَرَجٍ فِيْمَا فَرَضَ اللّٰهُ لَهٗ ؕ

उस के लिए	मुक़र्रर किया अल्लाह ने	उस में जो	कोई हरज	नबी पर	नहीं है	37	हो कर रहने वाला	अल्लाह का हुक्म

سُنَّةَ اللّٰهِ فِي الَّذِيْنَ خَلَوْا مِنْ قَبْلُ ؕ وَكَانَ اَمْرُ اللّٰهِ قَدَرًا مَّقْدُوْرَا ۙ﴿٣٨﴾

38	अन्दाज़े से	मुक़र्रर किया हुआ	अल्लाह का हुक्म	और है	पहले	गुज़रे	वह जो	में	अल्लाह का दस्तूर

الَّذِيْنَ يُبَلِّغُوْنَ رِسٰلٰتِ اللّٰهِ وَيَخْشَوْنَهٗ وَلَا يَخْشَوْنَ اَحَدًا اِلَّا اللّٰهَ ؕ

अल्लाह के सिवा	किसी से	वह नहीं डरते	और उस से डरते हैं	अल्लाह के पैग़ामात	पहुँचाते हैं	वह जो

وَكَفٰى بِاللّٰهِ حَسِيْبًا ﴿٣٩﴾ مَا كَانَ مُحَمَّدٌ اَبَآ اَحَدٍ مِّنْ رِّجَالِكُمْ

तुम्हारे मर्दों में से	किसी के	बाप	मुहम्मद (स)	नहीं हैं	39	हिसाब लेने वाला	अल्लाह	और काफ़ी है

وَلٰكِنْ رَّسُوْلَ اللّٰهِ وَخَاتَمَ النَّبِيّٖنَ ؕ وَكَانَ اللّٰهُ بِكُلِّ شَيْءٍ

हर शै का	अल्लाह	और है	नबियों	और मुहर	अल्लाह के रसूल	और लेकिन

عَلِيْمًا ﴿٤٠﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اذْكُرُوا اللّٰهَ ذِكْرًا كَثِيْرًا ۙ﴿٤١﴾ ع ٥ ٦ ٢

41	बकस्रत	याद	अल्लाह	याद करो तुम	ईमान वालो	ऐ	40	जानने वाला

وَّسَبِّحُوْهُ بُكْرَةً وَّاَصِيْلًا ﴿٤٢﴾ هُوَ الَّذِيْ يُصَلِّيْ عَلَيْكُمْ وَمَلٰٓئِكَتُهٗ

और उस के फ़रिश्ते	तुम पर	भेजता है	वही जो	42	और शाम	सुबह	और पाकीज़गी बयान करो उस की

لِيُخْرِجَكُمْ مِّنَ الظُّلُمٰتِ اِلَى النُّوْرِ ؕ وَكَانَ بِالْمُؤْمِنِيْنَ رَحِيْمًا ﴿٤٣﴾

43	मेहरबान	मोमिनों पर	और है	नूर की तरफ़	अन्धेरों	से	ताकि वह तुम्हें निकाले

और (गुन्जाइश) नहीं है किसी मोमिन मर्द और न किसी मोमिन औरत के लिए कि जब फ़ैसला कर दें अल्लाह और उस के रसूल (स) किसी मामले का, कि उन के लिए उस मामले में कोई इख़्तियार बाक़ी हो, और जो नाफ़रमानी करेगा, अल्लाह और उस के रसूल (स) की तो अलबत्ता वह सरीह गुमराही में जा पड़ा। (36)
और याद करो जब आप (स) उस शख़्स [ज़ैद ؓ बिन हारिसा] को फ़रमाते थे जिस पर अल्लाह ने इन्आम किया और आप (स) ने भी उस पर इन्आम किया कि अपनी बीवी [ज़ैनब ؓ] को अपने पास रोके रख और अल्लाह से डर, और आप (स) छुपाते थे अपने दिल में वह (बात) जिसे अल्लाह ज़ाहिर करने वाला था और आप (स) लोगों (के तअ़न) से डरते थे और अल्लाह ज़ियादा हक़दार है कि तुम उस से डरो, फिर जब ज़ैद ने उस [ज़ैनब] से अपनी हाजत पूरी कर ली तो हम ने उसे आप (स) के निकाह में दे दिया, ताकि मोमिनों पर कोई तंगी न रहे अपने ले पालकों की बीवियों (से निकाह करने में) जब वह उन से अपनी हाजत पूरी कर लें (तलाक़ दे दें) और अल्लाह का हुक्म (पूरा हो कर) रहने वाला है। (37)
नबी पर उस काम में कोई हरज (तंगी) नहीं है जो अल्लाह ने उस के लिए मुक़र्रर किया, अल्लाह का (यही) दस्तूर (रहा है) उन में जो पहले गुज़रे हैं और अल्लाह का हुक्म (सहीह) अन्दाज़े से मुक़र्रर किया हुआ है। (38)
वह जो अल्लाह के पैग़ामात पहुँचाते हैं और वह उस से डरते हैं और अल्लाह के सिवा किसी से नहीं डरते, और अल्लाह काफ़ी है हिसाब लेने वाला। (39)
मुहम्मद (स) तुम्हारे मर्दों में से किसी के बाप नहीं हैं, लेकिन वह अल्लाह के रसूल और (सब) नबियों पर मुहर (आख़री नबी) हैं और अल्लाह हर शै का जानने वाला है। (40)
ऐ ईमान वालो! तुम अल्लाह को याद करो बकस्रत। (41)
और सुबह और शाम उस की पाकीज़गी बयान करो। (42)
वही है जो तुम पर रहमत भेजता है और उस के फ़रिश्ते (भी) ताकि वह तुम्हें अँधेरों से नूर की तरफ़ निकाल लाए, और अल्लाह मोमिनों पर मेहरबान है। (43)

تَحِيَّتُهُمْ يَوْمَ يَلْقَوْنَهٗ سَلٰمٌ ۚ وَّاَعَدَّ لَهُمْ اَجْرًا كَرِيْمًا ﴿٤٤﴾

44	बड़ा अच्छा	अजर	उन के लिए	और तैयार किया उस ने	सलाम	वह मिलेंगे उस को	जिस दिन	उन की दुआ

يٰۤاَيُّهَا النَّبِيُّ اِنَّاۤ اَرْسَلْنٰكَ شَاهِدًا وَّمُبَشِّرًا وَّنَذِيْرًا ﴿٤٥﴾ وَّدَاعِيًا

और बुलाने वाला	45	और डर सुनाने वाला	और खुश ख़बरी देने वाला	गवाही देने वाला	बेशक हम ने आप (स) को भेजा	ऐ नबी (स)

اِلَى اللّٰهِ بِاِذْنِهٖ وَسِرَاجًا مُّنِيْرًا ﴿٤٦﴾ وَبَشِّرِ الْمُؤْمِنِيْنَ بِاَنَّ لَهُمْ

उन के लिए	यह कि	मोमिनों (जमा)	और खुशख़बरी दें	46	रोशन	और चिराग़	उस के हुक्म से	अल्लाह की तरफ़

مِّنَ اللّٰهِ فَضْلًا كَبِيْرًا ﴿٤٧﴾ وَلَا تُطِعِ الْكٰفِرِيْنَ وَالْمُنٰفِقِيْنَ وَدَعْ اَذٰىهُمْ

उन का ईज़ा देना	और परवा न करें	और मुनाफ़िक़ (जमा)	काफ़िर (जमा)	और कहा न मानें	47	बड़ा	फ़ज़्ल	अल्लाह (की तरफ़) से

وَتَوَكَّلْ عَلَى اللّٰهِ ؕ وَكَفٰى بِاللّٰهِ وَكِيْلًا ﴿٤٨﴾ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْۤا اِذَا

जब	ईमान वालो	ऐ	48	कारसाज़	अल्लाह	और काफ़ी	अल्लाह पर	और भरोसा करें

نَكَحْتُمُ الْمُؤْمِنٰتِ ثُمَّ طَلَّقْتُمُوْهُنَّ مِنْ قَبْلِ اَنْ تَمَسُّوْهُنَّ

तुम उन्हें हाथ लगाओ	कि	पहले	तुम उन्हें तलाक़ दो	फिर	मोमिन औरतों	तुम निकाह करो

فَمَا لَكُمْ عَلَيْهِنَّ مِنْ عِدَّةٍ تَعْتَدُّوْنَهَا ۚ فَمَتِّعُوْهُنَّ

पस तुम उन्हें कुछ मताअ़ दो	कि पूरी कराओ तुम उस से	कोई इद्दत	उन पर	तो नहीं तुम्हारे लिए

وَسَرِّحُوْهُنَّ سَرَاحًا جَمِيْلًا ﴿٤٩﴾ يٰۤاَيُّهَا النَّبِيُّ اِنَّاۤ اَحْلَلْنَا

हम ने हलाल कीं	ऐ नबी (स)!	49	अच्छी तरह	रुख़सत	और उन्हें रुख़सत कर दो

لَكَ اَزْوَاجَكَ الّٰتِيْۤ اٰتَيْتَ اُجُوْرَهُنَّ وَمَا مَلَكَتْ يَمِيْنُكَ

तुम्हारा दायां हाथ	मालिक हुआ	और जो	उन का मेहर	तुम ने दे दिया	वह जो कि	तुम्हारी बीवियां	तुम्हारे लिए

مِمَّاۤ اَفَآءَ اللّٰهُ عَلَيْكَ وَبَنٰتِ عَمِّكَ وَبَنٰتِ عَمّٰتِكَ

और तुम्हारी फुफियों की बेटियां	और तुम्हारे चचाओं की बेटियां	तुम्हारे	अल्लाह ने हाथ लगा दीं	उन से जो

وَبَنٰتِ خَالِكَ وَبَنٰتِ خٰلٰتِكَ الّٰتِيْ هَاجَرْنَ مَعَكَ ۫ وَامْرَاَةً

और औरत	तुम्हारे साथ	उन्हों ने हिजरत की	वह जिन्हों ने	और तुम्हारी ख़ालाओं की बेटियां	और तुम्हारे मामूओं की बेटियां

مُّؤْمِنَةً اِنْ وَّهَبَتْ نَفْسَهَا لِلنَّبِيِّ اِنْ اَرَادَ النَّبِيُّ اَنْ

कि	चाहे नबी (स)	अगर	नबी (स) के लिए	अपने आप को	वह बख़्शदे (नज़्र कर दे)	अगर	मोमिना

يَّسْتَنْكِحَهَا ۚ خَالِصَةً لَّكَ مِنْ دُوْنِ الْمُؤْمِنِيْنَ ؕ قَدْ عَلِمْنَا

अलबत्ता हमें मालूम है	मोमिनों	अ़लावा	तुम्हारे लिए	ख़ास	उसे निकाह में लेले

مَا فَرَضْنَا عَلَيْهِمْ فِيْۤ اَزْوَاجِهِمْ وَمَا مَلَكَتْ اَيْمَانُهُمْ

मालिक हुए उन के दाहिने हाथ (कनीज़ें)	और जो	उन की औरतें	में	उन पर	जो हम ने फ़र्ज़ किया

لِكَيْلَا يَكُوْنَ عَلَيْكَ حَرَجٌ ؕ وَكَانَ اللّٰهُ غَفُوْرًا رَّحِيْمًا ﴿٥٠﴾

50	मेहरबान	बख़्शने वाला	अल्लाह	और है	कोई तंगी	तुम पर	ताकि न रहे

उन का इस्तिक़्बाल जिस दिन वह उस को मिलेंगे "सलाम" से होगा, और उस ने उन के लिए बड़ा अच्छा अजर तैयार किया है। (44)

ऐ नबी (स)! बेशक हम ने आप (स) को भेजा है गवाही देने वाला और खुशख़बरी देने वाला और डर सुनाने वाला। (45)

और उस के हुक्म से अल्लाह की तरफ़ बुलाने वाला, और रोशन चिराग़। (46)

और आप (स) मोमिनों को यह खुशख़बरी दें कि उन के लिए अल्लाह की तरफ़ से बड़ा फ़ज़्ल है। (47)

और आप (स) कहा न मानें काफ़िरों और मुनाफ़िक़ों का, और आप (स) उन के ईज़ा देने का ख़याल न करें और अल्लाह पर भरोसा करें। और काफ़ी है अल्लाह कारसाज़। (48)

ऐ ईमान वालो! जब तुम मोमिन औ़रतों से निकाह करो, फिर तुम उन्हें उस से पहले तलाक़ दे दो कि तुम उन्हें हाथ लगाओ तो उन पर तुम्हारा (कोई हक़) नहीं कि उन की इद्दत पूरी कराओ, पस उन्हें कुछ सामान दे दो और रुख़सत कर दो अच्छी तरह रुख़सत। (49)

ऐ नबी (स)! हम ने तुम्हारे लिए हलाल कीं तुम्हारी वह बीवियां जिन को तुम ने उन का मेहर दे दिया, और तुम्हारी कनीज़ें उन में से जो अल्लाह ने (ग़नीमत में से) तुम्हारे हाथ लगा दीं और तुम्हारे चचाओं की बेटियां, और तुम्हारी फुफियों की बेटियां, और तुम्हारे मामूओं की बेटियां, और तुम्हारी ख़ालाओं की बेटियां, वह जिन्हों ने तुम्हारे साथ हिज्रत की, और वह मोमिन औ़रत जो अपने आप को नबी (स) की नज़्र कर दे, अगर नबी (स) उसे निकाह में लेना चाहे, यह आ़म मोमिनों के अ़लावा ख़ास तुम्हारे लिए है, अलबत्ता हमें मालूम है जो हम ने उन की औ़रतों और कनीज़ों (के बारे) में उन पर फ़र्ज़ किया है, ताकि तुम पर कोई तंगी न रहे, और अल्लाह बख़्शने वाला, मेहरबान है। (50)

تُرْجِيْ مَنْ تَشَآءُ مِنْهُنَّ وَتُـْٔوِيْٓ اِلَيْكَ مَنْ تَشَآءُ ۭ وَمَنِ ابْتَغَيْتَ

दूर रखें	जिस को आप (स) चाहें	उन में से	और पास रखें	अपने पास	जिसे आप (स) चाहें	और जिस को	आप (स) तलब करें

مِمَّنْ عَزَلْتَ فَلَا جُنَاحَ عَلَيْكَ ۭ ذٰلِكَ اَدْنٰٓى اَنْ تَقَرَّ اَعْيُنُهُنَّ

उन में से जो	दूर कर दिया था आप ने	तो कोई तंगी नहीं	आप (स) पर	यह ज़ियादा क़रीब है	कि ठंडी रहें	उन की आँखें

وَلَا يَحْزَنَّ وَيَرْضَيْنَ بِمَآ اٰتَيْتَهُنَّ كُلُّهُنَّ ۭ وَاللّٰهُ يَعْلَمُ مَا

और वह आज़ुर्दा न हों	और वह राज़ी रहें	उस पर जो आप (स) ने उन्हें दीं	वह सब की सब	और अल्लाह	जानता है	जो

فِيْ قُلُوْبِكُمْ ۭ وَكَانَ اللّٰهُ عَلِيْمًا حَلِيْمًا (٥١) لَا يَحِلُّ لَكَ النِّسَآءُ

तुम्हारे दिलों में	और है	अल्लाह	जानने वाला	बुर्दबार	51	हलाल नहीं	आप के लिए	औरतें

مِنْۢ بَعْدُ وَلَآ اَنْ تَبَدَّلَ بِهِنَّ مِنْ اَزْوَاجٍ وَّلَوْ اَعْجَبَكَ

उस के बाद	और न	यह कि बदल लें	उन से	से (और)	औरतें	अगरचे	आप (स) को अच्छा लगे

حُسْنُهُنَّ اِلَّا مَا مَلَكَتْ يَمِيْنُكَ ۭ وَكَانَ اللّٰهُ عَلٰي كُلِّ شَيْءٍ

उन का हुस्न	सिवाए	जिस का मालिक हो तुम्हारा हाथ (कनीज़ें)	और है	अल्लाह	पर	हर शै

رَّقِيْبًا (٥٢) يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَدْخُلُوْا بُيُوْتَ النَّبِيِّ ع ٦ ١٢ ٣

निगहबान	52	ऐ	ईमान वालो	तुम दाख़िल न हो	घर (जमा)	नबी (स)

اِلَّآ اَنْ يُّؤْذَنَ لَكُمْ اِلٰى طَعَامٍ غَيْرَ نٰظِرِيْنَ اِنٰىهُ وَلٰكِنْ اِذَا

सिवाए यह कि	इजाज़त दी जाए	तुम्हारे लिए	तरफ़ (लिए)	खाना	न राह तको	उस का पकना	और लेकिन	जब

دُعِيْتُمْ فَادْخُلُوْا فَاِذَا طَعِمْتُمْ فَانْتَشِرُوْا وَلَا مُسْتَاْنِسِيْنَ

तुम्हें बुलाया जाए	तो तुम दाख़िल हो	फिर जब	तुम खालो	तो तुम मुन्तशिर हो जाया करो	और न जी लगा कर बैठे रहो

لِحَدِيْثٍ ۭ اِنَّ ذٰلِكُمْ كَانَ يُؤْذِي النَّبِيَّ فَيَسْتَحْيٖ مِنْكُمْ ۡ

बातों के लिए	बेशक	यह तुम्हारी बात	ईज़ा देती है	नबी (स)	पस वह शर्माते हैं	तुम से

وَاللّٰهُ لَا يَسْتَحْيٖ مِنَ الْحَقِّ ۭ وَاِذَا سَاَلْتُمُوْهُنَّ مَتَاعًا

और अल्लाह	नहीं शर्माता	हक़ (बात) से	और जब	तुम उन से मांगो	कोई शै

فَسْـَٔـلُوْهُنَّ مِنْ وَّرَآءِ حِجَابٍ ۭ ذٰلِكُمْ اَطْهَرُ لِقُلُوْبِكُمْ وَقُلُوْبِهِنَّ ۭ

तो उन से मांगो	पर्दे के पीछे से	तुम्हारी यह बात	ज़ियादा पाकीज़गी	तुम्हारे दिलों के लिए	और उन के दिल

وَمَا كَانَ لَكُمْ اَنْ تُؤْذُوْا رَسُوْلَ اللّٰهِ وَلَآ اَنْ تَنْكِحُوْٓا اَزْوَاجَهٗ

और (जाइज़) नहीं	तुम्हारे लिए	कि तुम ईज़ा दो	अल्लाह का रसूल (स)	और न	यह कि तुम निकाह करो	उस की बीवियाँ

مِنْۢ بَعْدِهٖٓ اَبَدًا ۭ اِنَّ ذٰلِكُمْ كَانَ عِنْدَ اللّٰهِ عَظِيْمًا (٥٣)

उन के बाद	कभी	बेशक	तुम्हारी यह बात	है	अल्लाह के नज़्दीक	बड़ा	53

اِنْ تُبْدُوْا شَيْـــًٔا اَوْ تُخْفُوْهُ فَاِنَّ اللّٰهَ كَانَ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيْمًا (٥٤)

अगर तुम ज़ाहिर करो	कोई बात	या उसे छुपाओ	तो बेशक अल्लाह	है	हर शै	जानने वाला	54

आप (स) जिस को चाहें दूर रखें उन में से, और जिसे चाहें अपने पास रखें, और उन में से जिस को आप (स) ने दूर कर दिया था आप (फिर) तलब करें तो कोई तंगी (हरज) नहीं आप (स) पर, यह ज़ियादा क़रीब है कि (उस से) उन की आँखें ठंडी रहें और वह आज़ुर्दा न हों, और वह सब की सब उस पर राज़ी रहें जो आप उन्हें दें, और अल्लाह जानता है जो तुम्हारे दिलों में है, और अल्लाह जानने वाला बुर्दबार है। **(51)**

हलाल नहीं आप (स) के लिए इस के बाद (और) औरतें, और न यह कि आप (स) उन से और औरतें बदल लें अगरचे आप (स) को अच्छा लगे उन का हुस्न, सिवाए आप (स) की कनीज़े, और अल्लाह हर शै पर निगहबान है। **(52)**

ऐ ईमान वालो! तुम नबी (स) के घरों में दाख़िल न हो, सिवाए इस के कि तुम्हें इजाज़त दी जाए खाने के लिए, उस के पकने की राह न तको, लेकिन जब तुम्हें बुलाया जाए तो तुम दाख़िल हो, फिर जब तुम खाना खालो तो तुम मुन्तशिर हो जाया करो, और बातों के लिए जी लगा कर न बैठे रहो। बेशक तुम्हारी यह बात नबी (स) को ईज़ा देती है, पस वह तुम से शर्माते हैं, और अल्लाह हक़ बात (फ़रमाने) से नहीं शर्माता, और जब तुम उन (नबी (स) की बीवियों) से कोई शै मांगो तो उन से पर्दे के पीछे से मांगो, यह बात तुम्हारे और उन के दिलों के लिए ज़ियादा पाकीज़गी का ज़रीआ है, और तुम्हारे लिए जाइज़ नहीं कि तुम अल्लाह के रसूल (स) को ईज़ा दो, और न यह (जाइज़ है) कि उन के बाद कभी भी उन की बीवियों से तुम निकाह करो, बेशक तुम्हारी यह बात अल्लाह के नज़्दीक बड़ा (गुनाह) है। **(53)**

अगर तुम कोई बात ज़ाहिर करो या उसे छुपाओ तो बेशक अल्लाह हर शै का जानने वाला है। **(54)**

لَا جُنَاحَ عَلَيْهِنَّ فِيْۤ اٰبَآئِهِنَّ وَلَاۤ اَبْنَآئِهِنَّ وَلَاۤ اِخْوَانِهِنَّ

और न अपने भाई	अपने बेटों	और न	अपने बाप	में	औरतों पर	गुनाह नहीं

وَلَاۤ اَبْنَآءِ اِخْوَانِهِنَّ وَلَاۤ اَبْنَآءِ اَخَوٰتِهِنَّ وَلَا نِسَآئِهِنَّ وَلَا

और न	अपनी औरतें	और न	अपनी बहनों के बेटे	और न	अपने भाइयों के बेटे	और न

مَا مَلَكَتْ اَيْمَانُهُنَّ ۚ وَاتَّقِيْنَ اللّٰهَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلٰى

पर	है	बेशक अल्लाह	अल्लाह	और डरती रहो	जिस के मालिक हुए उन के हाथ (कनीज़ें)

كُلِّ شَيْءٍ شَهِيْدًا ﴿٥٥﴾ اِنَّ اللّٰهَ وَمَلٰٓئِكَتَهٗ يُصَلُّوْنَ عَلَى النَّبِيِّ ؕ يٰۤاَيُّهَا

ऐ	नबी (स) पर	दरूद भेजते हैं	और उस के फ़रिश्ते	बेशक अल्लाह	55	गवाह (मौजूद)	हर शै

الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا صَلُّوْا عَلَيْهِ وَسَلِّمُوْا تَسْلِيْمًا ﴿٥٦﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ

जो लोग	बेशक	56	खूब सलाम	और सलाम भेजो	उस पर	दरूद भेजो	ईमान वालो

يُؤْذُوْنَ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ لَعَنَهُمُ اللّٰهُ فِي الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ وَاَعَدَّ

और तैयार किया उस ने	और आख़िरत	दुनिया में	उन पर लानत की अल्लाह ने	अल्लाह और उस का रसूल (स)	ईज़ा देते हैं

لَهُمْ عَذَابًا مُّهِيْنًا ﴿٥٧﴾ وَالَّذِيْنَ يُؤْذُوْنَ الْمُؤْمِنِيْنَ وَالْمُؤْمِنٰتِ

और मोमिन औरतें	मोमिन मर्द (जमा)	ईज़ा देते हैं	और जो लोग	57	रुस्वा करने वाला अज़ाब	उन के लिए

بِغَيْرِ مَا اكْتَسَبُوْا فَقَدِ احْتَمَلُوْا بُهْتَانًا وَّاِثْمًا مُّبِيْنًا ﴿٥٨﴾ ع

58	सरीह	और गुनाह	बुहतान	अलबत्ता उन्हों ने उठाया	कि उन्हों ने कमाया (किया)	बग़ैर

يٰۤاَيُّهَا النَّبِيُّ قُلْ لِّاَزْوَاجِكَ وَبَنٰتِكَ وَنِسَآءِ الْمُؤْمِنِيْنَ يُدْنِيْنَ

डाल लिया करें	मोमिनो	और औरतों को	और बेटियों को	अपनी बीवियों को	फ़रमा दें	ऐ नबी (स)

عَلَيْهِنَّ مِنْ جَلَابِيْبِهِنَّ ؕ ذٰلِكَ اَدْنٰۤى اَنْ يُّعْرَفْنَ فَلَا يُؤْذَيْنَ ؕ

तो उन्हें न सताया जाए	उन की पहचान हो जाए	कि	क़रीब तर	यह	अपनी चादरें	से	अपने ऊपर

وَكَانَ اللّٰهُ غَفُوْرًا رَّحِيْمًا ﴿٥٩﴾ لَئِنْ لَّمْ يَنْتَهِ الْمُنٰفِقُوْنَ

मुनाफ़िक़ (जमा)	बाज़ न आए	अगर	59	मेह्रबान	बख़्शने वाला	और अल्लाह है

وَالَّذِيْنَ فِيْ قُلُوْبِهِمْ مَّرَضٌ وَّالْمُرْجِفُوْنَ فِي الْمَدِيْنَةِ

मदीना	में	और झूटी अफ़्वाहें उड़ाने वाले	रोग	उन के दिलों में	और वह जो

لَنُغْرِيَنَّكَ بِهِمْ ثُمَّ لَا يُجَاوِرُوْنَكَ فِيْهَاۤ اِلَّا قَلِيْلًا ﴿٦٠﴾ مَّلْعُوْنِيْنَ ۛ

फिटकारे हुए	60	चन्द दिन	सिवाए	इस (शहर) में	तुम्हारे हमसाया न रहेंगे वह	फिर	उन के	हम ज़रूर तुम्हें पीछे लगा देंगे

اَيْنَمَا ثُقِفُوْۤا اُخِذُوْا وَقُتِّلُوْا تَقْتِيْلًا ﴿٦١﴾ سُنَّةَ اللّٰهِ فِي الَّذِيْنَ

उन लोगों में जो	अल्लाह का दस्तूर	61	बुरी तरह मारा जाना	और मारे जाएंगे	पकड़े जाएंगे	वह पाए जाएंगे	जहां कहीं

خَلَوْا مِنْ قَبْلُ ۚ وَلَنْ تَجِدَ لِسُنَّةِ اللّٰهِ تَبْدِيْلًا ﴿٦٢﴾

62	कोई तबदीली	अल्लाह के दस्तूर में	और तुम हरगिज़ न पाओगे	इन से पहले	गुज़रे

ग़ौरतों पर गुनाह नहीं (पर्दा न करने में) अपने बाप, और न अपने बेटों, और न अपने भाइयों, और न अपने भाइयों के बेटों, और न अपनी बहनों के बेटों, और न अपनी औरतों से, और न अपनी कनीज़ों से, (ऐ औरतो) तुम अल्लाह से डरती रहो, बेशक अल्लाह हर शै पर गवाह (मौजूद) है। (55) बेशक अल्लाह और उस के फ़रिश्ते नबी (स) पर दरूद भेजते हैं, ऐ ईमान वालो! तुम भी उस पर दरूद भेजो और खूब सलाम भेजो। (56) बेशक जो लोग अल्लाह को और उस के रसूल (स) को ईज़ा देते हैं अल्लाह ने उन पर दुनिया और आख़िरत में लानत की (अपनी रहमत से महरूम कर दिया) और उनके लिए रुस्वा करने वाला अज़ाब तैयार किया। (57) और जो लोग मोमिन मर्दों और मोमिन औरतों को ईज़ा देते हैं, बग़ैर उस के कि उन्हों ने कुछ किया हो तो अलबत्ता उन्हों ने उठाया (अपने सर लिया) बुहतान और सरीह गुनाह। (58) ऐ नबी (स)! आप (स) अपनी बीवियों और अपनी बेटियों को, और मोमिनों की औरतों को फ़रमा दें कि वह अपने ऊपर अपनी चादरें डाल लिया करें (घूंघट निकाल लिया करें) यह (उस से) क़रीब तर है कि उन की पहचान हो जाए, तो उन्हें न सताया जाए, और अल्लाह बख़्शने वाला, निहायत मेह्रबान है। (59) अगर बाज़ न आए मुनाफ़िक़ और वह लोग जिन के दिलों में रोग है, और मदीने में झूटी अफ़्वाहें उड़ाने वाले, तो हम ज़रूर तुम्हें उन के पीछे लगा देंगे, फिर वह इस शहर (मदीना) में चन्द दिन के सिवा तुम्हारे हमसाया (पास) न रहेंगे। (60) फिटकारे हुए, वह जहाँ कहीं पाए जाएंगे पकड़े जाएंगे, और बुरी तरह मारे जाएंगे। (61) अल्लाह का (यही) दस्तूर रहा है, उन लोगों में जो गुज़रे हैं इस से पहले, और तुम अल्लाह के दस्तूर में हरगिज़ कोई तबदीली न पाओगे। (62)

ع ٦/٧

معانقة ١٢ عند المتأخرين ١٢

الربع

يَسْـَٔلُكَ النَّاسُ عَنِ السَّاعَةِ ۭ قُلْ اِنَّمَا عِلْمُهَا عِنْدَ اللّٰهِ ۭ وَمَا

और क्या	अल्लाह के पास	उस का इल्म	इस के सिवा नहीं	फ़रमा दें	क़ियामत	से (मुतअ़ल्लिक़)	लोग	आप से सवाल करते हैं

يُدْرِيْكَ لَعَلَّ السَّاعَةَ تَكُوْنُ قَرِيْبًا ﴿٦٣﴾ اِنَّ اللّٰهَ لَعَنَ الْكٰفِرِيْنَ

काफ़िरों पर	लानत की	बेशक अल्लाह	63	क़रीब	हो	क़ियामत	शायद	तुम्हें ख़बर

وَاَعَدَّ لَهُمْ سَعِيْرًا ﴿٦٤﴾ خٰلِدِيْنَ فِيْهَآ اَبَدًا ۚ لَا يَجِدُوْنَ وَلِيًّا وَّلَا

और न	कोई दोस्त	वह न पाएंगे	हमेशा	उस में	हमाशा रहेंगे	64	भड़कती हुई आग	उन के लिए	और तैयार किया उस ने

نَصِيْرًا ﴿٦٥﴾ يَوْمَ تُقَلَّبُ وُجُوْهُهُمْ فِي النَّارِ يَقُوْلُوْنَ يٰلَيْتَنَآ اَطَعْنَا

हम ने इताअ़त की होती	ऐ काश हम	वह कहेंगे	आग में	उन के चेहरे	उलट पुलट किए जाएंगे	जिस दिन	65	कोई मददगार

اللّٰهَ وَاَطَعْنَا الرَّسُوْلَا ﴿٦٦﴾ وَقَالُوْا رَبَّنَآ اِنَّآ اَطَعْنَا سَادَتَنَا وَكُبَرَآءَنَا

और अपने बड़ों	अपने सरदार	हम ने इताअ़त की	बेशक हम	ऐ हमारे रब	और वह कहेंगे	66	और इताअ़त की होती रसूल	अल्लाह

فَاَضَلُّوْنَا السَّبِيْلَا ﴿٦٧﴾ رَبَّنَآ اٰتِهِمْ ضِعْفَيْنِ مِنَ الْعَذَابِ وَالْعَنْهُمْ

और लानत कर उन पर	अ़ज़ाब	दुगना	दे उन्हें	ऐ हमारे रब	67	रास्ता	तो उन्हों ने भटकाया हमें

لَعْنًا كَبِيْرًا ﴿٦٨﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَكُوْنُوْا كَالَّذِيْنَ اٰذَوْا ع ٨ ١٠ ٥

उन्हों ने सताया	उन लोगों की तरह	तुम न होना	ईमान वालो	ऐ	68	बड़ी	लानत

مُوْسٰى فَبَرَّاَهُ اللّٰهُ مِمَّا قَالُوْا ۭ وَكَانَ عِنْدَ اللّٰهِ وَجِيْهًا ﴿٦٩﴾

69	बाआबरू	अल्लाह के नज़्दीक	और वह थे	उन्हों ने कहा	उस से जो	अल्लाह	तो बरी कर दिया उस को	मूसा (अ)

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اتَّقُوا اللّٰهَ وَقُوْلُوْا قَوْلًا سَدِيْدًا ﴿٧٠﴾ يُّصْلِحْ

वह संवार देगा	70	सीधी	बात	और कहो	अल्लाह से डरो	ईमान वालो	ऐ

لَكُمْ اَعْمَالَكُمْ وَيَغْفِرْ لَكُمْ ذُنُوْبَكُمْ ۭ وَمَنْ يُّطِعِ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ

और उस का रसूल	अल्लाह की इताअ़त की	और जो-जिस	तुम्हारे लिए तुम्हारे गुनाह	और बख़्श देगा	तुम्हारे अ़मल (जमा)	तुम्हारे लिए

فَقَدْ فَازَ فَوْزًا عَظِيْمًا ﴿٧١﴾ اِنَّا عَرَضْنَا الْاَمَانَةَ عَلَى السَّمٰوٰتِ

आस्मान (जमा)	पर	अमानत	हम ने पेश किया	बेशक हम	71	बड़ी मुराद	तो वह मुराद को पहुँचा

وَالْاَرْضِ وَالْجِبَالِ فَاَبَيْنَ اَنْ يَّحْمِلْنَهَا وَاَشْفَقْنَ مِنْهَا

उस से	और वह डर गए	कि वह उसे उठाएं	तो उन्हों ने इन्कार किया	और पहाड़	और ज़मीन

وَحَمَلَهَا الْاِنْسَانُ ۭ اِنَّهٗ كَانَ ظَلُوْمًا جَهُوْلًا ﴿٧٢﴾ لِّيُعَذِّبَ اللّٰهُ

ताकि अल्लाह अ़ज़ाब दे	72	बड़ा नादान	ज़ालिम	था	बेशक वह	इन्सान ने	और उसे उठा लिया

الْمُنٰفِقِيْنَ وَالْمُنٰفِقٰتِ وَالْمُشْرِكِيْنَ وَالْمُشْرِكٰتِ وَيَتُوْبَ

और तौबा क़ुबूल करे	और मुश्रिक औरतों	और मुश्रिक मर्दों	और मुनाफ़िक़ औरतों	मुनाफ़िक़ मर्दों

اللّٰهُ عَلَى الْمُؤْمِنِيْنَ وَالْمُؤْمِنٰتِ ۭ وَكَانَ اللّٰهُ غَفُوْرًا رَّحِيْمًا ﴿٧٣﴾ ع ٥ ٩ ٦

73	मेहरबान	बख़्शने वाला	अल्लाह	और है	और मोमिन औरतों	मोमिन मर्दों	पर-की	अल्लाह

आप (स) से लोग क़ियामत के बारे में सवाल करते हैं। आप (स) फ़रमा दें इस के सिवा नहीं कि उस का इल्म अल्लाह के पास है, और तुम्हें क्या ख़बर! शायद क़ियामत क़रीब (ही) हो। (63)

बेशक अल्लाह ने काफ़िरों पर लानत की, और उन के लिए (जहन्नम की) भड़कती हुई आग तैयार की है। (64)

वह उस में हमेशा हमेशा रहेंगे, वह न कोई दोस्त पाएंगे, और न मददगार। (65)

जिस दिन उन के चेहरे आग में उलट पुलट किए जाएंगे, वह कहेंगे ऐ काश! हम ने इताअ़त की होती अल्लाह की, और इताअ़त की होती रसूल (स) की। (66)

और वह कहेंगे, ऐ हमारे रब! बेशक हम ने इताअ़त की अपने सरदारों की और अपने बड़ों की, तो उन्हों ने हमें रास्ते से भटकाया। (67)

ऐ हमारे रब! उन्हें दुगना अ़ज़ाब दे और उन पर बड़ी लानत कर। (68)

ऐ ईमान वालो! उन लोगों की तरह न होना जिन्हों ने मूसा (अ) को (इल्ज़ाम लगा कर) सताया तो बरी कर दिया उस को अल्लाह ने उस से जो उन्हों ने कहा (इल्ज़ाम लगाया), और वह (मूसा अ) अल्लाह के नज़्दीक बाआबरू थे। (69)

ऐ ईमान वालो! अल्लाह से डरो और सीधी बात कहो। (70)

वह तुम्हारे लिए तुम्हारे अ़मल संवार देगा, और तुम्हारे गुनाह बख़्श देगा, और जिस ने अल्लाह और उस के रसूल (स) की इताअ़त की तो वह बड़ी मुराद को पहुँचा। (71)

बेशक हम ने अपनी अमानत (ज़िम्मेदारी को) पेश किया आस्मानों और ज़मीन और पहाड़ों पर, तो उन्हों ने उस के उठाने से इन्कार किया, और वह उस से डर गए, और इन्सान ने उसे उठा लिया, बेशक वह ज़ालिम, बड़ा नादान था। (72)

ताकि अल्लाह अ़ज़ाब दे मुनाफ़िक़ मर्दों और मुनाफ़िक़ औरतों को, और मुश्रिक मर्दों और मुश्रिक औरतों को, और अल्लाह तौबा क़ुबूल करे मोमिन मर्दों और मोमिन औरतों की, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला मेहरबान है। (73)

آیَاتُهَا ٥٤ ❀ (٣٤) سُوْرَةُ سَبَاٍ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٦

रुकूआत 6	(34) सूरतुस सबा	आयात 54

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِیْ لَهٗ مَا فِی السَّمٰوٰتِ وَمَا فِی الْاَرْضِ وَلَهُ

और उसी के लिए	ज़मीन में	और जो	आस्मानों में	जो	वह जिस के लिए	तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए

الْحَمْدُ فِی الْاٰخِرَةِ ؕ وَهُوَ الْحَكِیْمُ الْخَبِیْرُ ﴿١﴾ یَعْلَمُ مَا یَلِجُ

जो दाख़िल होता है	वह जानता है	1	ख़बर रखने वाला	हिक्मत वाला	और वह	आख़िरत में	हर तारीफ़

فِی الْاَرْضِ وَمَا یَخْرُجُ مِنْهَا وَمَا یَنْزِلُ مِنَ السَّمَآءِ وَمَا یَعْرُجُ

चढ़ता है	और जो	आस्मान से	नाज़िल होता है	और जो	उस से	निकलता है	और जो	ज़मनि में

فِیْهَا ؕ وَهُوَ الرَّحِیْمُ الْغَفُوْرُ ﴿٢﴾ وَقَالَ الَّذِیْنَ كَفَرُوْا لَا تَاْتِیْنَا

हम पर नहीं आएगी	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	और कहा (कहते हैं)	2	बख़्शने वाला	मेहरबान	और वह	उस में

السَّاعَةُ ؕ قُلْ بَلٰی وَرَبِّیْ لَتَاْتِیَنَّكُمْ ۙ عٰلِمِ الْغَیْبِ ۚ لَا یَعْزُبُ عَنْهُ

उस से	पोशीदा नहीं	ग़ैब	जानने वाला	अलबत्ता तुम पर ज़रूर आएगी	क़सम मेरे रब की	हाँ	फ़रमा दें	क़ियामत

مِثْقَالُ ذَرَّةٍ فِی السَّمٰوٰتِ وَلَا فِی الْاَرْضِ وَلَاۤ اَصْغَرُ مِنْ ذٰلِكَ

उस से	छोटा	और न	ज़मीन में	और न	आस्मानों में	एक ज़र्रे के बराबर

وَلَاۤ اَكْبَرُ اِلَّا فِیْ كِتٰبٍ مُّبِیْنٍ ﴿٣﴾ لِّیَجْزِیَ الَّذِیْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا

और उन्हों ने अ़मल किए	उन लोगों को जो ईमान लाए	ताकि जज़ा दे	3	रोशन किताब	में	मगर	बड़ा	और न

الصّٰلِحٰتِ ؕ اُولٰٓىِٕكَ لَهُمْ مَّغْفِرَةٌ وَّرِزْقٌ كَرِیْمٌ ﴿٤﴾ وَالَّذِیْنَ

और वह लोग जो	4	और इ़ज़्ज़त की रोज़ी	बख़्शिश	उन के लिए	यही लोग	नेक

سَعَوْ فِیْۤ اٰیٰتِنَا مُعٰجِزِیْنَ اُولٰٓىِٕكَ لَهُمْ عَذَابٌ مِّنْ رِّجْزٍ اَلِیْمٌ ﴿٥﴾

5	सख़्त दर्दनाक	से	अ़ज़ाब	उन के लिए	यही लोग	हराने के लिए	हमारी आयतों में	उन्हों ने कोशिश की

وَیَرَی الَّذِیْنَ اُوْتُوا الْعِلْمَ الَّذِیْۤ اُنْزِلَ اِلَیْكَ مِنْ رَّبِّكَ

तुम्हारे रब की तरफ़ से	तुम्हारी तरफ़	नाज़िल किया गया	वह जो कि	इ़ल्म	दिया गया	वह लोग जिन्हें	और वह देखते हैं

هُوَ الْحَقَّ ۙ وَیَهْدِیْۤ اِلٰی صِرَاطِ الْعَزِیْزِ الْحَمِیْدِ ﴿٦﴾

6	सज़ावारे तारीफ़	ग़ालिब	रास्ता	तरफ़	और वह रहनुमाई करता है	वह हक़

وَقَالَ الَّذِیْنَ كَفَرُوْا هَلْ نَدُلُّكُمْ عَلٰی رَجُلٍ یُّنَبِّئُكُمْ

वह ख़बर देता है तुम्हें	ऐसा आदमी	पर	हम बतलाएं तुम्हें	क्या	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	और कहा (कहते हैं)

اِذَا مُزِّقْتُمْ كُلَّ مُمَزَّقٍ ۙ اِنَّكُمْ لَفِیْ خَلْقٍ جَدِیْدٍ ﴿٧﴾ ۚ

7	ज़िन्दगी नई	अलबत्ता में	बेशक तुम	पूरी तरह रेज़ा रेज़ा	तुम रेज़ा रेज़ा हो जाओगे	जब

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं, उसी के लिए है जो कुछ आस्मानों और जो कुछ ज़मीन में है, और उसी के लिए हर तारीफ़ है आख़िरत में, और वह हिक्मत वाला, ख़बर रखने वाला। (1)

वह जानता है जो ज़मीन में दाख़िल होता है (मसलन पानी) और जो उस से निकलता है, और जो आस्मान से नाज़िल होता है, और जो उस में चढ़ता है, और वह मेहरबान है बख़्शने वाला। (2)

और कहते हैं काफ़िर कि हम पर क़ियामत नहीं आएगी, आप (स) फ़रमा दें हाँ! मेरे रब की क़सम! अलबत्ता वह तुम पर ज़रूर आएगी, और वह ग़ैब का जानने वाला है। उस से एक ज़र्रे के बराबर भी पोशीदा नहीं आस्मानों में और न ज़मीन में, और न छोटा उस से और न बड़ा मगर (सब कुछ) रोशन किताब में है। (3)

ताकि वह उन लोगों को जज़ा दे जो ईमान लाए और उन्हों ने अ़मल किए नेक, यही लोग हैं जिन के लिए बख़्शिश और इ़ज़्ज़त की रोज़ी है। (4)

और जिन लोगों ने हमारी आयतों में कोशिश की हराने के लिए, उन ही लोगों के लिए सख़्त दर्दनाक अ़ज़ाब है। (5)

और जिन्हें इ़ल्म दिया गया वह देखते (जानते) हैं कि जो तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से नाज़िल किया गया है वह हक़ है, और (अल्लाह) ग़ालिब, सज़ावारे तारीफ़ के रास्ते की तरफ़ रहनुमाई करता है। (6)

और काफ़िर कहते हैं क्या हम तुम्हें बताएं ऐसा आदमी जो तुम्हें ख़बर देता है कि जब तुम पूरी तरह रेज़ा रेज़ा हो जाओगे, तो बेशक तुम नई ज़िन्दगी में (आओगे)। (7)

उस ने अल्लाह पर झूट बान्धा है या उसे जुनून (है), (नहीं) बल्कि जो लोग आख़िरत पर ईमान नहीं रखते, वह अ़ज़ाब और दूर की (शदीद) गुमराही में हैं। (8)
क्या उन्हों ने नहीं देखा? उस की तरफ़ जो उन के आगे और जो उन के पीछे है, यानी आस्मान और ज़मीन, अगर हम चाहें तो हम उन्हें ज़मीन में धंसा दें या उन पर आस्मान का टुकड़ा गिरा दें, बेशक उस में निशानी है हर रुजूअ़ करने वाले बन्दे के लिए। (9)
और तहक़ीक़ हम ने दाऊद (अ) को अपनी तरफ़ से फ़ज़्ल अ़ता किया। ऐ पहाड़ो! उस के साथ तस्बीह करो और परिन्दो (तुम भी)। और हम ने उस के लिए लोहे को नर्म कर दिया। (10)
कि चौड़े ज़िरहें बनाओ, और कड़ियों को जोड़ने में अन्दाज़ा रखो, और अच्छे अ़मल करो, तुम जो कुछ करते हो बेशक मैं उस को देख रहा हूँ। (11)
और सुलेमान (अ) के लिए हवा (को मुसख़्ख़र) किया और उस की सुबह की मन्ज़िल एक माह (की राह होती) और शाम की मन्ज़िल एक माह (की राह) और हम ने उस के लिए तांबे का चश्मा बहाया, और जिन्नात में से (बाज़) उसके सामने काम करते थे उस के रब के हुक्म से। और उन में से जो हमारे हुक्म से कजी करेगा हम उसे दोज़ख़ के अ़ज़ाब का मज़ा चखाएंगे। (12)
वह (जिन्नात) बनाते उस के लिए जो वह (सुलेमान अ) चाहते, क़िलए, और तस्वीरें, और हौज़ जैसे लगन, एक जगह जमी हुई देगें, ऐ ख़ानदाने दाऊद (अ)! तुम शुक्र बजा ला कर अ़मल करो, और मेरे बन्दों में शुक्रगुज़ार थोड़े हैं। (13)
फिर जब हम ने उस की मौत का हुक्म जारी किया, उन्हें (जिन्नों को) उस की मौत का पता न दिया मगर घुन की तरह कीड़े (दीमक) ने, वह उस का अ़सा खाता था, फिर जब वह गिर पड़ा तो जिन्नों पर हक़ीक़त खुली कि अगर वह ग़ैब जानते होते तो वह न रहते ज़िल्लत के अ़ज़ाब में। (14)

اَفۡتَرٰی عَلَی اللّٰهِ كَذِبًا اَمۡ بِهٖ جِنَّةٌ ۜ بَلِ الَّذِيۡنَ لَا يُؤۡمِنُوۡنَ

ईमान नहीं रखते	वह लोग जो	बल्कि	जुनून	उसे	या	झूट	अल्लाह पर	उस ने बान्धा

بِالۡاٰخِرَةِ فِی الۡعَذَابِ وَالضَّلٰلِ الۡبَعِيۡدِ ﴿٨﴾ اَفَلَمۡ يَرَوۡا اِلٰی مَا

जो	तरफ़	क्या उन्हों ने नहीं देखा?	8	दूर	और गुमराही	अ़ज़ाब में	आख़िरत पर

بَيۡنَ اَيۡدِيۡهِمۡ وَمَا خَلۡفَهُمۡ مِّنَ السَّمَآءِ وَالۡاَرۡضِ ؕ اِنۡ نَّشَاۡ

अगर हम चाहें	और ज़मीन	आस्मान से	उन के पीछे	और जो	उन के आगे

نَخۡسِفۡ بِهِمُ الۡاَرۡضَ اَوۡ نُسۡقِطۡ عَلَيۡهِمۡ كِسَفًا مِّنَ السَّمَآءِ ؕ اِنَّ

बेशक	आस्मान से	टुकड़ा	उन पर	या गिरा दें	ज़मीन	उन्हें धंसा दें हम

فِیۡ ذٰلِكَ لَاٰيَةً لِّكُلِّ عَبۡدٍ مُّنِيۡبٍ ﴿٩﴾ وَلَقَدۡ اٰتَيۡنَا دَاوٗدَ مِنَّا فَضۡلًا ؕ

फ़ज़्ल	अपनी तरफ़ से	दाऊद (अ)	और तहक़ीक़ हम ने दिया	9	रुजूअ़ करने वाला	बन्दा	लिए-हर	अलबत्ता निशानी	इस में

يٰجِبَالُ اَوِّبِیۡ مَعَهٗ وَالطَّيۡرَ ۚ وَاَلَـنَّا لَهُ الۡحَدِيۡدَ ﴿١٠﴾ اَنِ اعۡمَلۡ

बनाओ	कि	10	लोहा	उस के लिए	और हम ने नर्म कर दिया	और परिन्दे	उस के साथ	तस्बीह करो	ऐ पहाड़ो

سٰبِغٰتٍ وَّقَدِّرۡ فِی السَّرۡدِ وَاعۡمَلُوۡا صَالِحًا ؕ اِنِّیۡ بِمَا تَعۡمَلُوۡنَ

तुम जो कुछ करते हो उस को	बेशक	अच्छे	और अ़मल करो	(कड़ियों के) जोड़ने में	और अन्दाज़ा रखो	कुशादह ज़िरहें

بَصِيۡرٌ ﴿١١﴾ وَلِسُلَيۡمٰنَ الرِّيۡحَ غُدُوُّهَا شَهۡرٌ وَّرَوَاحُهَا شَهۡرٌ ۚ

एक माह	और शाम की मन्ज़िल	एक माह	उस की सुबह की मन्ज़िल	हवा	और सुलेमान (अ) के लिए	11	देख रहा हूँ

وَاَسَلۡنَا لَهٗ عَيۡنَ الۡقِطۡرِ ؕ وَمِنَ الۡجِنِّ مَنۡ يَّعۡمَلُ بَيۡنَ يَدَيۡهِ بِاِذۡنِ

इज़्न (हुक्म) से	उस के सामने	वह काम करते	जिन्न	और से	तांबे का चश्मा	और हम ने बहाया उस के लिए

رَبِّهٖ ؕ وَمَنۡ يَّزِغۡ مِنۡهُمۡ عَنۡ اَمۡرِنَا نُذِقۡهُ مِنۡ عَذَابِ السَّعِيۡرِ ﴿١٢﴾

12	आग (दोज़ख़)	अ़ज़ाब	से-का	हम उस को चखाएंगे	हमारे हुक्म से	उन में से	कजी करेगा	और जो	उस के रब के

يَعۡمَلُوۡنَ لَهٗ مَا يَشَآءُ مِنۡ مَّحَارِيۡبَ وَتَمَاثِيۡلَ وَجِفَانٍ كَالۡجَوَابِ

हौज़ जैसे	और लगन	और तस्वीरें	बड़ी इमारतें (क़िलए)	से	जो वह चाहते	उस के लिए	वह बनाते

وَقُدُوۡرٍ رّٰسِيٰتٍ ؕ اِعۡمَلُوۡۤا اٰلَ دَاوٗدَ شُكۡرًا ؕ وَقَلِيۡلٌ مِّنۡ عِبَادِیَ

मेरे बन्दे	से	और थोड़े	शुक्र बजा ला कर	ऐ ख़ानदाने दाऊद	तुम अ़मल करो	एक जगह जमी हुई	और देगें

الشَّكُوۡرُ ﴿١٣﴾ فَلَمَّا قَضَيۡنَا عَلَيۡهِ الۡمَوۡتَ مَا دَلَّهُمۡ عَلٰی مَوۡتِهٖۤ

उस की मौत का	उन्हें पता न दिया	मौत	उस पर	हुक्म जारी किया	फिर जब हम ने	13	शुक्र गुज़ार

اِلَّا دَآبَّةُ الۡاَرۡضِ تَاۡكُلُ مِنۡسَاَتَهٗ ۚ فَلَمَّا خَرَّ تَبَيَّنَتِ الۡجِنُّ

जिन्न	हक़ीक़त खुली	वह गिर पड़ा	फिर जब	उस का अ़सा	वह खाता था	घुन का कीड़ा	मगर

اَنۡ لَّوۡ كَانُوۡا يَعۡلَمُوۡنَ الۡغَيۡبَ مَا لَبِثُوۡا فِی الۡعَذَابِ الۡمُهِيۡنِ ﴿١٤﴾

14	ज़िल्लत	अ़ज़ाब	में	वह न रहते	ग़ैब	वह जानते होते	अगर

لَقَدْ كَانَ لِسَبَاٍ فِيْ مَسْكَنِهِمْ اٰيَةٌ ۚ جَنَّتٰنِ عَنْ يَّمِيْنٍ وَّشِمَالٍ ۬

और बाएं	दाएं से	दो बाग़	एक निशानी	उन की आबादी	में	(क़ौम) सबा के लिए	अलबत्ता थी

كُلُوْا مِنْ رِّزْقِ رَبِّكُمْ وَاشْكُرُوْا لَهٗ ؕ بَلْدَةٌ طَيِّبَةٌ وَّرَبٌّ

और रब	पाकीज़ा	शहर	उस का	और शुक्र अदा करो	अपने रब का रिज़्क़	से	तुम खाओ

غَفُوْرٌ ﴿۱۵﴾ فَاَعْرَضُوْا فَاَرْسَلْنَا عَلَيْهِمْ سَيْلَ الْعَرِمِ وَبَدَّلْنٰهُمْ

और हम ने उन्हें बदल दिए	सैलाब बन्द से (रुका हुआ)	उन पर	तो हम ने भेजा	फिर उन्हों ने मुँह मोड़ लिया	15	बख़्शने वाला

بِجَنَّتَيْهِمْ جَنَّتَيْنِ ذَوَاتَيْ اُكُلٍ خَمْطٍ وَّاَثْلٍ وَّشَيْءٍ مِّنْ سِدْرٍ

बेरियां	और कुछ	और झाड़	बदमज़ा	मेवा	वाले	दो बाग़	उन के दो बाग़ों के बदले

قَلِيْلٍ ﴿۱۶﴾ ذٰلِكَ جَزَيْنٰهُمْ بِمَا كَفَرُوْا ؕ وَهَلْ نُجٰزِيْٓ اِلَّا الْكَفُوْرَ ﴿۱۷﴾

17	नाशुक्रा	मगर-सिर्फ़	हम सज़ा देते	और नहीं	उन्हों ने नाशुक्री की	उस के सबब जो	हम ने उन को सज़ा दी	यह	16	थोड़ी

وَجَعَلْنَا بَيْنَهُمْ وَبَيْنَ الْقُرَى الَّتِيْ بٰرَكْنَا فِيْهَا قُرًى ظَاهِرَةً

एक दूसरे से मुत्तसिल	बस्तियां	उस में	हम ने बरकत दी	वह जिन्हें	बस्तियां	और दरमियान	उन के दरमियान	और हम ने (आबाद) कर दिए

وَّقَدَّرْنَا فِيْهَا السَّيْرَ ؕ سِيْرُوْا فِيْهَا لَيَالِيَ وَاَيَّامًا اٰمِنِيْنَ ﴿۱۸﴾

18	अम्न से (बेख़ौफ़ ओ ख़तर)	और दिन (जमा)	रातों	उन में	तुम चलो (फिरो)	उन में आमद ओ रफ़्त	और हम ने मुक़र्रर कर दिया

فَقَالُوْا رَبَّنَا بٰعِدْ بَيْنَ اَسْفَارِنَا وَظَلَمُوْٓا اَنْفُسَهُمْ فَجَعَلْنٰهُمْ

तो हम ने बना दिया उन्हें	अपनी जानों पर	और उन्हों ने ज़ुल्म किया	हमारे सफ़रों के दरमियान	दूरी पैदा कर दे	ऐ हमारे रब	वह कहने लगे

اَحَادِيْثَ وَمَزَّقْنٰهُمْ كُلَّ مُمَزَّقٍ ؕ اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ

निशानियां	उस में	बेशक	पूरी तरह परागन्दा	और हम ने उन्हें परागन्दा कर दिया	अफ़्साने

لِّكُلِّ صَبَّارٍ شَكُوْرٍ ﴿۱۹﴾ وَلَقَدْ صَدَّقَ عَلَيْهِمْ اِبْلِيْسُ ظَنَّهٗ فَاتَّبَعُوْهُ

पस उन्हों ने उस की पैरवी की	अपना गुमान	इब्लीस	उन पर	सच कर दिखाया	और अलबत्ता	19	शुक्र गुज़ार	हर सब्र करने वाले

اِلَّا فَرِيْقًا مِّنَ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿۲۰﴾ وَمَا كَانَ لَهٗ عَلَيْهِمْ مِّنْ سُلْطٰنٍ

कोई ग़ल्बा	उन पर	उसे (इब्लीस को)	और न था	20	मोमिनीन	से-का	एक गिरोह	सिवाए

اِلَّا لِنَعْلَمَ مَنْ يُّؤْمِنُ بِالْاٰخِرَةِ مِمَّنْ هُوَ مِنْهَا فِيْ شَكٍّ ؕ

शक में	उस से	वह	उस से जो	आख़िरत पर	जो ईमान रखता है	ताकि हम मालूम कर लें	मगर

ع ۲ ۱۲ ۸ وَرَبُّكَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ حَفِيْظٌ ﴿۲۱﴾ قُلِ ادْعُوا الَّذِيْنَ زَعَمْتُمْ

गुमान करते हो	उन को जिन्हें	पुकारो	फ़रमा दें	21	निगहबान	हर शै	पर	और तेरा रब

مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ ۚ لَا يَمْلِكُوْنَ مِثْقَالَ ذَرَّةٍ فِي السَّمٰوٰتِ وَلَا

और न	आस्मानों में	एक ज़र्रे के बराबर	वह मालिक नहीं हैं	अल्लाह के सिवा

فِي الْاَرْضِ وَمَا لَهُمْ فِيْهِمَا مِنْ شِرْكٍ وَّمَا لَهٗ مِنْهُمْ مِّنْ ظَهِيْرٍ ﴿۲۲﴾

22	कोई मददगार	उन में से	और नहीं उस (अल्लाह) का	उन (आस्मान और ज़मीन) में कोई साझा	उन का	और नहीं	ज़मीन में

अलबत्ता क़ौमे सबा के लिए उन की आबादी में निशानी थी, दो बाग़ दाएं और बाएं, (हम ने कह दिया कि) तुम अपने परवरदिगार के रिज़्क़ से खाओ और उस का शुक्र अदा करो, शहर है पाकीज़ा और परवरदिगार है बख़्शने वाला। (15)
फिर उन्हों ने मुँह मोड़ लिया तो हम ने उन पर (बन्द तोड़ कर) ज़ोर का सैलाब भेजा और उन दो बाग़ों के बदले (दूसरे) दो बाग़ दिए बदमज़ा मेवा वाले और कुछ झाड़, और थोड़ी सी बेरियाँ। (16)
यह हम ने उन्हें सज़ा दी इस लिए कि उन्हों ने नाशुक्री की और हम सिर्फ़ नाशुक्रे को सज़ा देते हैं। (17)
और हम ने आबाद कर दी उन के दरमियान और (शाम) की उन बस्तियों के दरमियान जिन्हें हम ने बरकत दी है, एक दूसरे से लगी बस्तियां, और हम ने उन में सफ़र के पड़ाव मुक़र्रर कर दीं, तुम उन में चलो फिरो, रात और दिन बेख़ौफ़ ओ ख़तर। (18)
वह कहने लगे ऐ हमारे परवरदिगार! हमारे सफ़रों के दरमियान दूरी पैदा कर दे, और उन्हों ने अपनी जानों पर ज़ुल्म किया तो हम ने उन्हें बना दिया अफ़्साने, और हम ने उन्हें पूरी पूरी तरह परागन्दा कर दिया, बेशक उस में हर बड़े सब्र करने वाले शुक्र गुज़ार के लिए नशिानियां हैं। (19)
और अलबत्ता इब्लीस ने उन पर अपना गुमान सच कर दिखाया, पस उन्हों ने उस की पैरवी की सिवाए एक गिरोह मोमिनों के। (20)
और इब्लीस को उन पर कोई ग़ल्बा न था मगर (हम चाहते थे कि) मालूम कर लें जो आख़िरत पर ईमान रखता है उस से (जुदा कर के) जो उस (के बारे में) शक में है, और तेरा रब हर शै पर निगहबान है। (21)
आप (स) फ़रमा दें, उन्हें पुकारो जिन्हें तुम अल्लाह के सिवा (माबूद) गुमान करते हो, वह (तो) एक ज़र्रा बराबर चीज़ के भी मालिक नहीं (इख़्तियार नहीं रखते) आस्मानों में और न ज़मीन में और न उन (आस्मान और ज़मीन) में उन का कोई साझा है और न उन में से कोई (अल्लाह का) मददगार है। (22)

وَلَا تَنفَعُ الشَّفَاعَةُ عِندَهٗٓ اِلَّا لِمَنْ اَذِنَ لَهٗ ؕ حَتّٰٓى اِذَا فُزِّعَ

दूर कर दी जाती है	जब	यहां तक	उस को	जिसे वह इजाज़त दे	सिवाए	उस के पास	शफ़ाअ़त	और नफ़ा नहीं देती

عَنْ قُلُوْبِهِمْ قَالُوْا مَاذَا ۙ قَالَ رَبُّكُمْ ؕ قَالُوا الْحَقَّ ۚ وَهُوَ الْعَلِيُّ

बुलन्द मरतबा	और वह	हक़	वह कहते हैं	तुम्हारे रब ने	फ़रमाया	क्या	कहते हैं	उन के दिलों से

الْكَبِيْرُ ﴿٢٣﴾ قُلْ مَنْ يَّرْزُقُكُمْ مِّنَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ قُلِ اللّٰهُ ۙ

फ़रमा दें अल्लाह	और ज़मीन	आस्मानों से	तुम को रिज़्क़ देता है	कौन	फ़रमा दें	23	बुज़ुर्ग क़द्र

وَاِنَّآ اَوْ اِيَّاكُمْ لَعَلٰى هُدًى اَوْ فِيْ ضَلٰلٍ مُّبِيْنٍ ﴿٢٤﴾ قُلْ لَّا تُسْـَٔلُوْنَ

तुम से न पूछा जाएगा	फ़रमादें	24	खुली	गुमराही में	या	अलबत्ता हिदायत पर	तुम ही	या	और बेशक हम

عَمَّآ اَجْرَمْنَا وَلَا نُسْـَٔلُ عَمَّا تَعْمَلُوْنَ ﴿٢٥﴾ قُلْ يَجْمَعُ بَيْنَنَا رَبُّنَا ثُمَّ

फिर	हमारा रब	हम सब को	वह जमा करेगा	फ़रमा दें आप (स)	25	जो तुम करते हो	उसकी बाबत	और न हम से पूछा जाएगा	जो हम ने गुनाह किया	उसकी बाबत

يَفْتَحُ بَيْنَنَا بِالْحَقِّ ؕ وَهُوَ الْفَتَّاحُ الْعَلِيْمُ ﴿٢٦﴾ قُلْ اَرُوْنِيَ الَّذِيْنَ اَلْحَقْتُمْ

तुम ने साथ मिला दिया है	वह जिन्हें	मुझे दिखाओ	फ़रमा दें	26	जानने वाला	फ़ैसला करने वाला	और वह	ठीक ठीक	हमारे दरमियान	फ़ैसला करेगा

بِهٖ شُرَكَآءَ كَلَّا ؕ بَلْ هُوَ اللّٰهُ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٢٧﴾ وَمَآ اَرْسَلْنٰكَ

आप (स) को हम ने भेजा	और नहीं	27	हिक्मत वाला	ग़ालिब	वह अल्लाह	बल्कि	हरगिज़ नहीं	शरीक	उस के साथ

اِلَّا كَآفَّةً لِّلنَّاسِ بَشِيْرًا وَّنَذِيْرًا وَّلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٢٨﴾

28	नहीं जानते	अक्सर लोग	और लेकिन	और डर सुनाने वाला	ख़ुशख़बरी देने वाला	मगर तमाम लोगों (नुए-इन्सानी) के लिए

وَيَقُوْلُوْنَ مَتٰى هٰذَا الْوَعْدُ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ﴿٢٩﴾ قُلْ لَّكُمْ مِّيْعَادُ يَوْمٍ

एक दिन	वादा	तुम्हारे लिए	फ़रमा दें	29	सच्चे	तुम हो	अगर	यह वादा (क़ियामत)	कब	और वह कहते हैं

لَّا تَسْتَاْخِرُوْنَ عَنْهُ سَاعَةً وَّلَا تَسْتَقْدِمُوْنَ ﴿٣٠﴾ وَقَالَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا ع ٣ ٩ النصف

जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	और कहते हैं	30	तुम आगे बढ़ सकते हो	और न	एक घड़ी	उस से	न तुम पीछे हट सकते हो

لَنْ نُّؤْمِنَ بِهٰذَا الْقُرْاٰنِ وَلَا بِالَّذِيْ بَيْنَ يَدَيْهِ ؕ وَلَوْ تَرٰٓى

और काश तुम देखो	इस से पहले	उस पर जो	और न	इस क़ुरआन पर	हम हरगिज़ ईमान न लाएंगे

اِذِ الظّٰلِمُوْنَ مَوْقُوْفُوْنَ عِنْدَ رَبِّهِمْ ۖۚ يَرْجِعُ بَعْضُهُمْ اِلٰى بَعْضِ

दूसरे	तरफ़	उन में से एक	लौटाएगा (रद करेगा)	अपने रब के सामने	खड़े किए जाएंगे	ज़ालिम (जमा)	जब

اِۨلْقَوْلَ ۚ يَقُوْلُ الَّذِيْنَ اسْتُضْعِفُوْا لِلَّذِيْنَ اسْتَكْبَرُوْا لَوْلَآ اَنْتُمْ

अगर न तुम होते	तकब्बुर करते थे (बड़े लोग)	उन लोगों को जो	जो कमज़ोर किए गए	कहेंगे	बात

لَكُنَّا مُؤْمِنِيْنَ ﴿٣١﴾ قَالَ الَّذِيْنَ اسْتَكْبَرُوْا لِلَّذِيْنَ اسْتُضْعِفُوْٓا اَنَحْنُ

क्या हम	उन से जो कमज़ोर किए गए	जो लोग तकब्बुर करते थे (बड़े लोग)	कहेंगे	31	ईमान लाने वाले	ज़रूर हम होते

صَدَدْنٰكُمْ عَنِ الْهُدٰى بَعْدَ اِذْ جَآءَكُمْ بَلْ كُنْتُمْ مُّجْرِمِيْنَ ﴿٣٢﴾

32	मुज्रिम (जमा)	तुम थे	बल्कि	जब आ गई तुम्हारे पास	उस के बाद	हिदायत	से	हम ने रोका तुम्हें

और शफ़ाअ़त (सिफ़ारिश) नफ़ा नहीं देती उस के पास सिवाए उस के जिसे वह इजाज़त देदे, यहां तक कि जब उन के दिलों से (घबराहट) दूर कर दी जाती है तो कहते हैं क्या कहा है तुम्हारे रब ने, वह (सिफ़ारिशी) कहते हैं कि हक़ (फ़रमाया है), और वह बुलन्द मरतबा बुज़ुर्ग क़द्र है। (23)

आप (स) फ़रमा दें कौन तुम्हें रोज़ी देता है आस्मानों से और ज़मीन से, फ़रमा दें "अल्लाह"। बेशक हम या तुम (दोनों में से एक) अलबत्ता हिदायत पर है या खुली गुमराही में है। (24)

आप (स) फ़रमा दें (अगर हम मुज्रिम हैं तो) तुम से उस गुनाह की बाबत न पूछा जाएगा जो हम ने किया और न हम से उस बाबत पूछा जाएगा जो तुम करते हो। (25)

फ़रमा दें हम सब को जमा करेगा हमारा रब, फिर हमारे दरमियान ठीक ठीक फ़ैसला करेगा, और वह फ़ैसला करने वाला, जानने वाला है। (26)

आप (स) फ़रमा दें मुझे दिखाओ जिन्हें तुम ने साथ मिलाया है उस के साथ शरीक (ठहरा कर), हरगिज़ नहीं बल्कि अल्लाह ही ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (27)

और हम ने आप (स) को भेजा है तमाम नुए-इन्सानी के लिए ख़ुशख़बरी देने वाला, और डर सुनाने वाला, लेकिन अक्सर लोग नहीं जानते। (28)

और वह कहते हैं यह वादाए क़ियामत कब (आएगा) अगर तुम सच्चे हो। (29)

आप (स) फ़रमा दें तुम्हारे लिए वादे का एक दिन (तय) है, उस से न तुम एक घड़ी पीछे हट सकते हो, और न तुम आगे बढ़ सकते हो। (30)

और काफ़िर कहते हैं: हम हरगिज़ इस क़ुरआन पर ईमान न लाएंगे, और न उन (किताबों) पर जो इस से पहले थीं, और काश! तुम देखो, जब यह ज़ालिम अपने रब के सामने खड़े किए जाएंगे, रद करेगा उन में से एक दूसरे की बात, कमज़ोर लोग बड़े लोगों से कहेंगे अगर तुम न होते तो हम ज़रूर ईमान लाने वाले होते। (31)

और बड़े लोग कमज़ोर लोगों से कहेंगे, क्या हम ने तुम्हें हिदायत से रोका? जब कि वह तुम्हारे पास आई (नहीं), बल्कि तुम (ख़ुद) मुज्रिम थे। (32)

وَقَالَ الَّذِيْنَ اسْتُضْعِفُوْا لِلَّذِيْنَ اسْتَكْبَرُوْا بَلْ مَكْرُ الَّيْلِ وَالنَّهَارِ

रात और दिन	चाल	बल्कि	उन लोगों से जो तकब्बुर करते थे (बड़े)	कमज़ोर किए गए	वह लोग जो	और कहेंगे

اِذْ تَاْمُرُوْنَنَآ اَنْ نَّكْفُرَ بِاللّٰهِ وَنَجْعَلَ لَهٗٓ اَنْدَادًا ؕ وَاَسَرُّوا

और वह छुपाएंगे	शरीक (जमा)	उस के लिए	और हम ठहराएं	अल्लाह का	कि हम इन्कार करें	जब तुम हुक्म देते थे हमें

النَّدَامَةَ لَمَّا رَاَوُا الْعَذَابَ ؕ وَجَعَلْنَا الْاَغْلٰلَ فِيْٓ اَعْنَاقِ

गर्दनों में	तौक़	और हम डालेंगे	अ़ज़ाब	जब वह देखेंगे	शर्मिन्दगी

الَّذِيْنَ كَفَرُوْا ؕ هَلْ يُجْزَوْنَ اِلَّا مَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿٣٣﴾ وَمَآ اَرْسَلْنَا فِيْ قَرْيَةٍ

किसी बस्ती में	और हम ने नहीं भेजा	33	वह करते थे	जो	मगर	वह सज़ा न दिए जाएंगे	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)

مِّنْ نَّذِيْرٍ اِلَّا قَالَ مُتْرَفُوْهَآ اِنَّا بِمَآ اُرْسِلْتُمْ بِهٖ كٰفِرُوْنَ ﴿٣٤﴾

34	मुन्किर हैं	उस के	तुम जो दे कर भेजे गए हो	बेशक हम	उस के ख़ुशहाल लोग	कहा	मगर	कोई डराने वाला

وَقَالُوْا نَحْنُ اَكْثَرُ اَمْوَالًا وَّاَوْلَادًا ۙ وَّمَا نَحْنُ بِمُعَذَّبِيْنَ ﴿٣٥﴾

35	अ़ज़ाब दिए जाने वाले	हम	और नहीं	और औलाद में	माल में	ज़ियादा	हम	और उन्हों ने कहा

قُلْ اِنَّ رَبِّيْ يَبْسُطُ الرِّزْقَ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيَقْدِرُ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ

अक्सर लोग	और लेकिन	और तंग कर देता है	जिस के लिए वह चाहता है	रिज़्क़	वसीअ़ फ़रमाता है	मेरा रब	बेशक	फ़रमा दें

ع ١٠ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٣٦﴾ وَمَآ اَمْوَالُكُمْ وَلَآ اَوْلَادُكُمْ بِالَّتِيْ تُقَرِّبُكُمْ

तुम्हें नज़्दीक करदे	वह जो कि	तुम्हारी औलाद	और न	तुम्हारे माल	और नहीं	36	नहीं जानते

عِنْدَنَا زُلْفٰٓى اِلَّا مَنْ اٰمَنَ وَعَمِلَ صَالِحًا ۡ فَاُولٰٓئِكَ لَهُمْ

उन के लिए	यही लोग	और उस ने अच्छे अ़मल किए	ईमान लाया	जो	मगर	दर्जा	हमारे नज़्दीक

جَزَآءُ الضِّعْفِ بِمَا عَمِلُوْا وَهُمْ فِي الْغُرُفٰتِ اٰمِنُوْنَ ﴿٣٧﴾

37	अम्न से होंगे	बालाख़ानों में	और वह	उस के बदले जो उन्हों ने किया	दुगनी	जज़ा

وَالَّذِيْنَ يَسْعَوْنَ فِيْٓ اٰيٰتِنَا مُعٰجِزِيْنَ اُولٰٓئِكَ فِي الْعَذَابِ

अ़ज़ाब में	यही लोग	आजिज़ करने (हराने) वाले	हमारी आयतों में	कोशिश करते हैं	और जो लोग

مُحْضَرُوْنَ ﴿٣٨﴾ قُلْ اِنَّ رَبِّيْ يَبْسُطُ الرِّزْقَ لِمَنْ يَّشَآءُ

जिस के लिए वह चाहता है	रिज़्क़	वसीअ़ फ़रमाता है	मेरा रब	बेशक	फ़रमा दें	38	हाज़िर किए जाएंगे

مِنْ عِبَادِهٖ وَيَقْدِرُ لَهٗ ؕ وَمَآ اَنْفَقْتُمْ مِّنْ شَيْءٍ فَهُوَ

तो वह	कोई शै	तुम ख़र्च करोगे	और जो	उस के लिए	और तंग कर देता है	अपने बन्दों में से

يُخْلِفُهٗ ۚ وَهُوَ خَيْرُ الرّٰزِقِيْنَ ﴿٣٩﴾ وَيَوْمَ يَحْشُرُهُمْ جَمِيْعًا

सब	वह जमा करेगा उन को	और जिस दिन	39	रिज़्क़ देने वाला	बेहतरीन	और वह	उस का इवज़ देगा

ثُمَّ يَقُوْلُ لِلْمَلٰٓئِكَةِ اَهٰٓؤُلَآءِ اِيَّاكُمْ كَانُوْا يَعْبُدُوْنَ ﴿٤٠﴾

40	परस्तिश करते थे	तुम्हारी ही	क्या यह लोग	फ़रिश्तों को	फिर फ़रमाएगा

और कहेंगे कमज़ोर लोग बड़ों को: (नहीं) बल्कि (हमें रोक रखा था तुम्हारी) दिन रात की चालों ने, जब तुम हमें हुक्म देते थे कि हम अल्लाह का इन्कार करें और हम उस के लिए शरीक ठहराएं, और जब वह अ़ज़ाब देखेंगे तो शर्मिन्दगी छुपाएंगे, और हम तौक़ डालेंगे काफ़िरों की गर्दनों में, और वह (उसी की) सज़ा पाएंगे जो वह करते थे। (33)

और हम ने नहीं भेजा किसी बस्ती में कोई डराने वाला मगर उस के ख़ुशहाल लोगों ने कहा: जो (हिदायत) दे कर तुम भेजे गए हो, हम उस के मुन्किर हैं। (34)

और उन्हों ने कहा कि हम माल और औलाद में ज़ियादा (बढ़ कर) हैं, और हम अ़ज़ाब दिए जाने वाले नहीं (हमें अ़ज़ाब न होगा)। (35)

आप (स) फ़रमा दें बेशक मेरा रब जिस के लिए चाहता है रिज़्क़ वसीअ़ फ़रमाता है (और जिस के लिए चाहे) वह तंग कर देता है, लेकिन अक्सर लोग नहीं जानते। (36)

और नहीं तुम्हारे माल और औलाद (ऐसे कि) जो तुम्हें दर्जा में हमारे नज़्दीक कर दें, मगर जो ईमान लाया और उस ने अच्छे अ़मल किए तो उन ही लोगों के लिए दुगनी जज़ा है उस के बदले जो उन्हों ने किया, और वह बालाख़ानों में अम्न से होंगे। (37)

और जो लोग हमारी आयतों को हराने की कोशिश करते हैं, यही लोग अ़ज़ाब में हाज़िर किए जाएंगे। (38)

आप (स) फ़रमा दें मेरा रब अपने बन्दों में से जिस के लिए चाहता है रिज़्क़ वसीअ़ फ़रमाता है (और जिस के लिए चाहे) तंग कर देता है, और कोई शै तुम ख़र्च करोगे तो वह तुम को उस का इवज़ देगा, और वह बेहतरीन रिज़्क़ देने वाला है। (39)

और जिस दिन वह जमा करेगा, उन सब को, फिर फ़रिश्तों से फ़रमाएगा, क्या यह लोग तुम्हारी ही परस्तिश करते थे? (40)

قَالُوْا سُبْحٰنَكَ اَنْتَ وَلِيُّنَا مِنْ دُوْنِهِمْ ۚ بَلْ كَانُوْا يَعْبُدُوْنَ

वह परस्तिश करते थे	बल्कि	उन के सिवाए (न कि वह)	हमारा कारसाज़	तू	तू पाक है	वह कहेंगे

الْجِنَّ ۚ اَكْثَرُهُمْ بِهِمْ مُّؤْمِنُوْنَ ﴿٤١﴾ فَالْيَوْمَ لَا يَمْلِكُ بَعْضُكُمْ

तुम में से बाज़ (एक)	इख़्तियार नहीं रखता	सो आज	41	एतिक़ाद रखते थे	उन पर	इन में से अक्सर	जिन्न (जमा)

لِبَعْضٍ نَّفْعًا وَّلَا ضَرًّا ۭ وَنَقُوْلُ لِلَّذِيْنَ ظَلَمُوْا ذُوْقُوْا عَذَابَ النَّارِ

आग (जहन्नम) का अज़ाब	तुम चखो	जिन्हों ने ज़ुल्म किया	उन लोगों को	और हम कहेंगे	और न नुक़्सान का	नफ़ा का	बाज़ (दूसरे) के लिए

الَّتِيْ كُنْتُمْ بِهَا تُكَذِّبُوْنَ ﴿٤٢﴾ وَاِذَا تُتْلٰى عَلَيْهِمْ اٰيٰتُنَا

हमारी आयात	उन पर	पढ़ी जाती हैं	और जब	42	तुम झुटलाते थे	उस को	तुम थे	वह जिस

بَيِّنٰتٍ قَالُوْا مَا هٰذَآ اِلَّا رَجُلٌ يُّرِيْدُ اَنْ يَّصُدَّكُمْ عَمَّا

उस से जिस	कि रोके तुम्हें	वह चाहता है	एक आदमी	मगर सिर्फ़	नहीं है यह	वह कहते हैं	वाज़ेह

كَانَ يَعْبُدُ اٰبَآؤُكُمْ ۚ وَقَالُوْا مَا هٰذَآ اِلَّآ اِفْكٌ مُّفْتَرًى ۭ وَقَالَ

और कहा	झूट घड़ा हुआ	मगर	नहीं यह	और वह कहते हैं	तुम्हारे बाप दादा	परस्तिश करते थे

الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لِلْحَقِّ لَمَّا جَآءَهُمْ ۙ اِنْ هٰذَآ اِلَّا سِحْرٌ مُّبِيْنٌ ﴿٤٣﴾

43	जादू खुला	मगर	यह नहीं	जब वह आया उन के पास	हक़ के बारे में	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)

وَمَآ اٰتَيْنٰهُمْ مِّنْ كُتُبٍ يَّدْرُسُوْنَهَا وَمَآ اَرْسَلْنَآ اِلَيْهِمْ قَبْلَكَ

आप (स) से पहले	उन की तरफ़	भेजा हम ने	और न	कि उन्हें पढ़ें	किताबें	दीं हम ने उन्हें	और न

مِنْ نَّذِيْرٍ ﴿٤٤﴾ وَكَذَّبَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ ۙ وَمَا بَلَغُوْا مِعْشَارَ

दसवां हिस्सा	और यह न पहुँचे	इन से पहले	उन्हों ने जो	और झुटलाया	44	कोई डराने वाला

مَآ اٰتَيْنٰهُمْ فَكَذَّبُوْا رُسُلِيْ ۣ فَكَيْفَ كَانَ نَكِيْرِ ﴿٤٥﴾ قُلْ

फ़रमा दें	45	मेरा अज़ाब	हुआ	तो कैसा	मेरे रसूलों को	सो उन्हों ने झुटलाया	जो हम ने उन्हें दिया

ع ٥ ١١

اِنَّمَآ اَعِظُكُمْ بِوَاحِدَةٍ ۚ اَنْ تَقُوْمُوْا لِلّٰهِ مَثْنٰى وَفُرَادٰى

और अकेले अकेले	दो, दो	तुम खड़े हो जाओ अल्लाह के वास्ते	कि	एक बात की	मैं सिर्फ़ नसीहत करता हूँ तुम्हें

ثُمَّ تَتَفَكَّرُوْا ۣ مَا بِصَاحِبِكُمْ مِّنْ جِنَّةٍ ۭ اِنْ هُوَ اِلَّا نَذِيْرٌ لَّكُمْ

तुम्हें	डराने वाले	मगर-सिर्फ़	वह	नहीं	कोई जुनून	क्या तुम्हारे साथी को	फिर तुम ग़ौर करो

بَيْنَ يَدَيْ عَذَابٍ شَدِيْدٍ ﴿٤٦﴾ قُلْ مَا سَاَلْتُكُمْ مِّنْ اَجْرٍ

कोई अजर	जो मैं ने मांगा हो तुम से	फ़रमा दें	46	सख़्त अज़ाब	आगे (आने से पहले)

فَهُوَ لَكُمْ ۭ اِنْ اَجْرِيَ اِلَّا عَلَي اللّٰهِ ۚ وَهُوَ عَلٰي كُلِّ شَيْءٍ

हर शै	पर-की	और वह	अल्लाह के ज़िम्मे	मगर-सिर्फ़	मेरा अजर	नहीं	तुम्हारा है	तो वह

شَهِيْدٌ ﴿٤٧﴾ قُلْ اِنَّ رَبِّيْ يَقْذِفُ بِالْحَقِّ ۚ عَلَّامُ الْغُيُوْبِ ﴿٤٨﴾

48	सब ग़ैबों का जानने वाला	हक़ को	डालता (ऊपर से उतारता है)	मेरा रब	बेशक	फ़रमा दें	47	इत्तिलाअ़ रखने वाला

वह कहेंगे, तू पाक है, तू हमारा कारसाज़ है न कि वह, बल्कि वह जिन्नों की परस्तिश करते थे, उन में से अक्सर उन पर एतिक़ाद रखते थे। (41)

सो आज तुम में से कोई एक दूसरे के न नफ़ा का इख़्तियार रखता है और न नुक़्सान का, और हम उन लोगों को कहेंगे जिन्हों ने ज़ुल्म (शिर्क) किया: तुम जहन्नम के अ़ज़ाब (का मज़ा) चखो जिस को तुम झुटलाते थे। (42)

और जब उन पर पढ़ी जाती हैं हमारी वाज़ेह आयात तो वह कहते हैं: यह तो सिर्फ़ (तुम जैसा) आदमी है, चाहता है कि तुम्हें उन से रोके जिन की परस्तिश तुम्हारे बाप दादा करते थे, और वह कहते हैं यह (क़ुरआन) नहीं है मगर घड़ा हुआ झूट, और काफ़िरों ने हक़ के बारे में कहा जब वह उन के पास आया कि यह नहीं मगर खुला जादू। (43)

और हम ने उन्हें (मुश्रिकीने अरब को) किताबें नहीं दीं कि वह उन्हें पढ़ते हों और न आप (स) से पहले उन की तरफ़ कोई डराने वाला भेजा। (44)

और जो उन से पहले थे उन्हों ने झुटलाया, और यह (मुश्रिकीने अरब) उस के दसवें हिस्से को (भी) न पहुँचे जो हम ने उन्हें दिया था, सो उन्हों ने मेरे रसूलों को झुटलाया तो कैसा हुआ मेरा अ़ज़ाब। (45)

फ़रमा दें: मैं तुम्हें सिर्फ़ नसीहत करता हूँ एक बात की कि तुम अल्लाह के वास्ते खड़े हो जाओ दो, दो और अकेले अकेले, फिर तुम ग़ौर करो कि तुम्हारे साथी को क्या जुनून है, वह (स) तो सिर्फ़ सख़्त अ़ज़ाब आने से पहले तुम्हें डराने वाले हैं। (46)

आप (स) फ़रमा दें: मैं ने तुम से जो मांगा हो कोई अजर तो वह तुम्हारा है, मेरा अजर तो सिर्फ़ अल्लाह के ज़िम्मे है, और वह हर शै की इत्तिलाअ़ रखने वाला (गवाह) है। (47)

आप (स) फ़रमा दें, बेशक मेरा रब ऊपर से हक़ उतारता है, और सब ग़ैब की बातों का जानने वाला है। (48)

قُلْ جَآءَ الْحَقُّ وَمَا يُبْدِئُ الْبَاطِلُ وَمَا يُعِيْدُ ﴿٤٩﴾ قُلْ اِنْ

अगर	फ़रमा दें	49	और न लौटाएगा	बातिल	और न पैदा करेगा	हक़ आ गया	फ़रमा दें

ضَلَلْتُ فَاِنَّمَآ اَضِلُّ عَلٰى نَفْسِيْ ۚ وَاِنِ اهْتَدَيْتُ فَبِمَا يُوْحِيْٓ

वह वहि करता है	तो उस की बदौलत	मैं हिदायत पर हूँ	और अगर	अपनी जान पर (अपने नुक़्सान को)	मैं बहका हूँ	तो इस के सिवा नहीं	मैं बहका हूँ

اِلَيَّ رَبِّيْ ۭ اِنَّهٗ سَمِيْعٌ قَرِيْبٌ ﴿٥٠﴾ وَلَوْ تَرٰٓى اِذْ فَزِعُوْا فَلَا فَوْتَ

और न बच सकेंगे	वह घबराएंगे	जब	ऐ काश तुम देखो	50	क़रीब	सुनने वाला	बेशक वह	मेरा रब	मेरी तरफ़

وَّاُخِذُوْا مِنْ مَّكَانٍ قَرِيْبٍ ﴿٥١﴾ لا وَّقَالُوْٓا اٰمَنَّا بِهٖ ۚ وَاَنّٰى لَهُمُ التَّنَاوُشُ

पकड़ना (हाथ आना)	उन के लिए	और कहां	उस पर	हम ईमान लाए	और वह कहेंगे	51	क़रीब जगह (पास)	से	और पकड़ लिए जाएंगे

مِنْ مَّكَانٍۢ بَعِيْدٍ ﴿٥٢﴾ ج وَّقَدْ كَفَرُوْا بِهٖ مِنْ قَبْلُ ۚ وَيَقْذِفُوْنَ

और वह फेंकते हैं	इस से क़ब्ल	उस से	और तहक़ीक़ उन्हों ने कुफ़्र किया	52	दूर (दारुलजज़ा)	जगह	से

بِالْغَيْبِ مِنْ مَّكَانٍۢ بَعِيْدٍ ﴿٥٣﴾ وَحِيْلَ بَيْنَهُمْ وَبَيْنَ مَا يَشْتَهُوْنَ

जो वह चाहते थे	और दरमियान	उन के दरमियान	और आड़ कर दी गई	53	दूर जगह	से	बिन देखे

ع ٦ ٩ ١٢ كَمَا فُعِلَ بِاَشْيَاعِهِمْ مِّنْ قَبْلُ ۭ اِنَّهُمْ كَانُوْا فِيْ شَكٍّ مُّرِيْبٍ ﴿٥٤﴾ ع

54	तरद्दुद में डालने वाले	शक	में	वह थे	बेशक वह	इस से क़ब्ल	उन के हम जिन्सों के साथ	किया गया	जैसे

آيَاتُهَا ٤٥ ❀ سُوْرَةُ فَاطِرٍ (٣٥) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٥

रुकूआत 5	(35) सूरह फ़ातिर पैदा करने वाला	आयात 45

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्रबान, रह्म करने वाला है

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ فَاطِرِ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ جَاعِلِ الْمَلٰٓئِكَةِ رُسُلًا

पैग़म्बर	फ़रिश्ते	बनाने वाला	और ज़मीन	आस्मानों	पैदा करने वाला	तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए

اُولِيْٓ اَجْنِحَةٍ مَّثْنٰى وَثُلٰثَ وَرُبٰعَ ۭ يَزِيْدُ فِي الْخَلْقِ مَا يَشَآءُ ۭ اِنَّ اللّٰهَ

बेशक अल्लाह	जो वह चाहे	पैदाइश में	ज़ियादा कर देता है	और चार चार	और तीन तीन	दो दो	परों वाले

عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ﴿١﴾ مَا يَفْتَحِ اللّٰهُ لِلنَّاسِ مِنْ رَّحْمَةٍ فَلَا مُمْسِكَ

तो बन्द करने वाला नहीं	रहमत से	लोगों के लिए	खोल दे अल्लाह	जो	1	कुदरत रखने वाला	हर शै	पर

لَهَا ۚ وَمَا يُمْسِكْ ۙ فَلَا مُرْسِلَ لَهٗ مِنْۢ بَعْدِهٖ ۭ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٢﴾

2	हिक्मत वाला	ग़ालिब	और वह	उस के बाद	उस का	तो कोई भेजने वाला नहीं	और जो वह बन्द कर दे	उस का

يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ اذْكُرُوْا نِعْمَتَ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ ۭ هَلْ مِنْ خَالِقٍ غَيْرُ اللّٰهِ

अल्लाह के सिवा	कोई पैदा करने वाला	क्या	अपने ऊपर	अल्लाह की नेमत	तुम याद करो	ऐ लोगो

يَرْزُقُكُمْ مِّنَ السَّمَآءِ وَالْاَرْضِ ۭ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ فَاَنّٰى تُؤْفَكُوْنَ ﴿٣﴾

3	उलटे फिरे जाते हो तुम	तो कहां	उस के सिवा	कोई माबूद	नहीं	और ज़मीन	आस्मान से	वह तुम्हें रिज़्क़ देता है

आप (स) फ़रमा दें: हक़ आ गया और न (कोई नई चीज़) दिखाएगा बातिल और न लौटाएगा (कोई पुरानी चीज़)। (49)

आप (स) फ़रमा दें अगर मैं बहका हूँ तो इस के सिवा नहीं कि अपने नुक़्सान को बहका हूँ, और अगर मैं हिदायत पर हूँ तो उस की बदौलत हूँ कि मेरा रब मेरी तरफ़ वहि करता है, बेशक वह सुनने वाला, क़रीब है। (50)

ऐ काश! तुम देखो, जब वह घबराएंगे तो (भाग कर) न बच सकेंगे, और पास ही से पकड़ लिए जाएंगे। (51)

और कहेंगे कि हम उस (नबी स) पर ईमान ले आए और कहां (मुमकिन) है उन के लिए दूर जगह (दारुलजज़ा) से (ईमान का) हाथ आना। (52)

और तहक़ीक़ उन्हों ने इस से क़ब्ल उस से कुफ़्र किया, और वह फेंकते हैं बिन देखे दूर जगह से (अटकल पच्चू बातें करते हैं)। (53)

जो वह चाहते थे, उस के और उन के दरमियान आड़ डाल दी गई, जैसे उन के हम जिन्सों के साथ इस से क़ब्ल किया गया, बेशक वह तरद्दुद में डालने वाले शक में थे। (54)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्रबान, रह्म करने वाला है

तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं जो आस्मानों और ज़मीन का पैदा करने वाला है, फ़रिश्तों को पैग़ाम बर बनाने वाला, परों वाले दो दो, और तीन तीन, और चार चार, पैदाइश में जो चाहे वह ज़ियादा कर देता है, बेशक अल्लाह हर शै पर कुदरत रखने वाला है। (1)

अल्लाह लोगों के लिए जो रहमत खोल दे तो (कोई) उस का बन्द करने वाला नहीं, और जो वह बन्द कर दे तो उस के बाद कोई उस का भेजने वाला नहीं, और वह ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (2)

ऐ लोगो! तुम याद करो अपने ऊपर अल्लाह की नेमत, क्या अल्लाह के सिवा कोई पैदा करने वाला है? वह तुम्हें आस्मान से रिज़्क़ देता है और ज़मीन से, उस के सिवा कोई माबूद नहीं तो कहां तुम उलटे फिरे जाते हो? (3)

وَاِنْ يُّكَذِّبُوْكَ فَقَدْ كُذِّبَتْ رُسُلٌ مِّنْ قَبْلِكَ ؕ وَاِلَى اللّٰهِ تُرْجَعُ

लौटना	और अल्लाह की तरफ़	तुम से पहले	रसूल (जमा)	तो तहक़ीक़ झुटलाए गए	वह तुझे झुटलाएं	और अगर

الْاُمُوْرُ ﴿٤﴾ يٰۤاَيُّهَا النَّاسُ اِنَّ وَعْدَ اللّٰهِ حَقٌّ فَلَا تَغُرَّنَّكُمُ

पस हरगिज़ तुम्हें धोके में न डाल दे	सच्चा	अल्लाह का वादा	बेशक	ऐ लोगो	4	तमाम काम

الْحَيٰوةُ الدُّنْيَا ۪ وَلَا يَغُرَّنَّكُمْ بِاللّٰهِ الْغَرُوْرُ ﴿٥﴾ اِنَّ الشَّيْطٰنَ لَكُمْ عَدُوٌّ

दुश्मन	तुम्हारे लिए	बेशक शैतान	5	धोके बाज़	अल्लाह से	और तुम्हें धोके में न डाल दे	दुनिया की ज़िन्दगी

فَاتَّخِذُوْهُ عَدُوًّا ؕ اِنَّمَا يَدْعُوْا حِزْبَهٗ لِيَكُوْنُوْا مِنْ اَصْحٰبِ السَّعِيْرِ ﴿٦﴾

6	जहन्नम वाले	से	ताकि वह हों	अपने गिरोह को	वह तो बुलाता है	दुश्मन	पस उसे समझो

اَلَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَهُمْ عَذَابٌ شَدِيْدٌ ؕ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ لَهُمْ

उन के लिए	अच्छे	और उन्हों ने अ़मल किए	और जो लोग ईमान लाए	सख़्त अ़ज़ाब	उन के लिए	जिन लोगों ने कुफ़्र किया

ع ١ ١٣ مَّغْفِرَةٌ وَّاَجْرٌ كَبِيْرٌ ﴿٧﴾ اَفَمَنْ زُيِّنَ لَهٗ سُوْٓءُ عَمَلِهٖ فَرَاٰهُ حَسَنًا ؕ

अच्छा	फिर उस ने देखा उसे	उस का बुरा अ़मल	उस के लिए	आरास्ता किया गया	सो क्या जिस	7	बड़ा	और अजर	बख़्शिश

فَاِنَّ اللّٰهَ يُضِلُّ مَنْ يَّشَآءُ وَيَهْدِيْ مَنْ يَّشَآءُ ۫ فَلَا تَذْهَبْ نَفْسُكَ

तुम्हारी जान	पस न जाती रहे	जिस को वह चाहता है	और हिदायत देता है	जिस को वह चाहता है	गुमराह ठहराता है	पस बेशक अल्लाह

عَلَيْهِمْ حَسَرٰتٍ ؕ اِنَّ اللّٰهَ عَلِيْمٌۢ بِمَا يَصْنَعُوْنَ ﴿٨﴾ وَاللّٰهُ الَّذِيْٓ اَرْسَلَ

भेजा	वह जिस ने	और अल्लाह	8	वह करते हैं	उसे जो	जानने वाला	बेशक अल्लाह	हस्रत कर के	उन पर

الرِّيٰحَ فَتُثِيْرُ سَحَابًا فَسُقْنٰهُ اِلٰى بَلَدٍ مَّيِّتٍ فَاَحْيَيْنَا بِهِ الْاَرْضَ

ज़मीन	उस से	फिर हम ने ज़िन्दा किया	मुर्दा शहर	तरफ़	फिर हम उसे ले गए	बादल	फिर वह उठाती हैं	हवाएं

بَعْدَ مَوْتِهَا ؕ كَذٰلِكَ النُّشُوْرُ ﴿٩﴾ مَنْ كَانَ يُرِيْدُ الْعِزَّةَ فَلِلّٰهِ الْعِزَّةُ

तो अल्लाह के लिए इज़्ज़त	इज़्ज़त	चाहता है	जो कोई	9	जी उठना	इसी तरह	उस के मरने के बाद

جَمِيْعًا ؕ اِلَيْهِ يَصْعَدُ الْكَلِمُ الطَّيِّبُ وَالْعَمَلُ الصَّالِحُ يَرْفَعُهٗ ؕ

वह उस को बुलन्द करता है	अच्छा	और अ़मल	पाकीज़ा कलाम	चढ़ता है	उस की तरफ़	तमाम तर

وَالَّذِيْنَ يَمْكُرُوْنَ السَّيِّاٰتِ لَهُمْ عَذَابٌ شَدِيْدٌ ؕ وَمَكْرُ اُولٰٓئِكَ

उन लोगों	और तदबीर	अ़ज़ाब सख़्त	उन के लिए	बुरी	तदबीरें करते हैं	और जो लोग

هُوَ يَبُوْرُ ﴿١٠﴾ وَاللّٰهُ خَلَقَكُمْ مِّنْ تُرَابٍ ثُمَّ مِنْ نُّطْفَةٍ ثُمَّ جَعَلَكُمْ

फिर उस ने तुम्हें बनाया	नुत्फ़े से	फिर	मिट्टी से	उस ने पैदा किया तुम्हें	और अल्लाह	10	वह अकारत जाएगी

اَزْوَاجًا ؕ وَمَا تَحْمِلُ مِنْ اُنْثٰى وَلَا تَضَعُ اِلَّا بِعِلْمِهٖ ؕ وَمَا يُعَمَّرُ

उम्र पाता	और नहीं	उस के इल्म में है	मगर	और न वह जनती है	कोई औ़रत	हामिला होती है	और न	जोड़े जोड़े

مِنْ مُّعَمَّرٍ وَّلَا يُنْقَصُ مِنْ عُمُرِهٖٓ اِلَّا فِيْ كِتٰبٍ ؕ اِنَّ ذٰلِكَ عَلَى اللّٰهِ يَسِيْرٌ ﴿١١﴾

11	आसान	अल्लाह पर	यह	बेशक	किताब में	मगर	उस की उम्र से	और न कमी की जाती है	कोई बड़ी उम्र वाला

और अगर वह तुझे झुटलाएं तो तहक़ीक़ झुटलाए गए हैं तुम से पहले भी रसूल, और तमाम कामों की बाज़गश्त (लौटना) अल्लाह की तरफ़ है। (4)

ऐ लोगो! बेशक अल्लाह का वादा सच्चा है, पस दुनिया की ज़िन्दगी हरगिज़ तुम्हें धोके में न डाल दे, और धोके बाज़ (शैतान) तुम्हें अल्लाह से हरगिज़ धोके में न डाल दे। (5)

बेशक शैतान तुम्हारा दुश्मन है पस तुम उसे दुश्मन (ही) समझो, वह तो अपने गिरोह को बुलाता है ताकि वह जहन्नम वालों से हों। (6)

जिन लोगों ने कुफ़्र किया उन लोगों के लिए सख़्त अ़ज़ाब है, और जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने अच्छे अ़मल किए उन के लिए बख़्शिश और बड़ा अजर है। (7)

सो क्या जिस के लिए उस का बुरा अ़मल आरास्ता क्या गया, फिर उस ने उस को अच्छा देखा (समझा) (क्या वह नेकोकारों जैसा हो सकता है) पस बेशक जिस को अल्लाह चाहता है गुमराह ठहराता है और जिस को चाहता है हिदायत देता है, पस तुम्हारी जान न जाती रहे उन पर हस्रत कर के, बेशक जो वह करते हैं अल्लाह उसे जानता है। (8)

और अल्लाह (ही है) जिस ने भेजा हवाओं को, फिर वह बादलों को उठाती हैं, फिर हम उस (बादल) को मुर्दा शहर की तरफ़ ले गए, फिर हम ने उस से ज़मीन को उस के मरने (बंजर हो जाने) के बाद ज़िन्दा किया, इसी तरह (मुर्दों को रोज़े हश्र) जी उठना है। (9)

जो कोई इज़्ज़त चाहता है तो तमाम तर इज़्ज़त अल्लाह के लिए है। उस की तरफ़ चढ़ता है पाकीज़ा कलाम, और अच्छे अ़मल उस को बुलन्द करता है, और जो लोग बुरी तदबीरें करते हैं, उन के लिए सख़्त अ़ज़ाब है, और उन लोगों की तदबीर अकारत जाएगी। (10)

और अल्लाह (ही) ने तुम्हें मिट्टी से पैदा किया, फिर नुत्फ़े से, फिर तुम्हें जोड़े जोड़े बनाया, और न कोई औ़रत हामिला होती है, और न वह जनती है, मगर उस के इल्म में है, और कोई बड़ी उम्र वाला उम्र नहीं पाता, और न किसी की उम्र से कमी की जाती है मगर (यह सब) किताब में लिखा हुआ है। यह बेशक अल्लाह पर आसान है। (11)

وَمَا يَسْتَوِى الْبَحْرٰنِ ۖ هٰذَا عَذْبٌ فُرَاتٌ سَآئِغٌ شَرَابُهٗ

आसान उस का पीना	शीरीं प्यास बुझाने वाला	यह	दोनों दर्या	और बराबर नहीं

وَهٰذَا مِلْحٌ اُجَاجٌ ؕ وَمِنْ كُلٍّ تَاْكُلُوْنَ لَحْمًا طَرِيًّا وَّتَسْتَخْرِجُوْنَ

और तुम निकालते हो	ताज़ा	गोश्त	तुम खाते हो	और हर एक से	शोर तल्ख़	और यह

حِلْيَةً تَلْبَسُوْنَهَا ۚ وَتَرَى الْفُلْكَ فِيْهِ مَوَاخِرَ لِتَبْتَغُوْا

ताकि तुम तलाश करो	चीरती हैं पानी को	उस में	कश्तियां	और तू देखता है	जिस को पहनते हो तुम	ज़ेवर

مِنْ فَضْلِهٖ وَلَعَلَّكُمْ تَشْكُرُوْنَ ﴿۱۲﴾ يُوْلِجُ الَّيْلَ فِى النَّهَارِ وَيُوْلِجُ النَّهَارَ

और दाख़िल करता है दिन को	दिन में	वह दाख़िल करता है रात	12	तुम शुक्र करो	और ताकि तुम	उस के फ़ज़्ल से (रोज़ी)

فِى الَّيْلِ ۙ وَسَخَّرَ الشَّمْسَ وَالْقَمَرَ ۖ كُلٌّ يَّجْرِىْ لِاَجَلٍ مُّسَمًّى ؕ

मुक़र्ररा	एक वक़्त	हर एक चलता है	और चाँद	सूरज	और उस ने मुसख़्ख़र किया	रात में

ذٰلِكُمُ اللّٰهُ رَبُّكُمْ لَهُ الْمُلْكُ ؕ وَالَّذِيْنَ تَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِهٖ

उस के सिवा	तुम पुकारते हो	और जिन को	उस के लिए बादशाहत	तुम्हारा परवरदिगार	यही है अल्लाह

مَا يَمْلِكُوْنَ مِنْ قِطْمِيْرٍ ﴿۱۳﴾ اِنْ تَدْعُوْهُمْ لَا يَسْمَعُوْا دُعَآءَكُمْ ۚ وَلَوْ

और अगर	तुम्हारी पुकार (दुआ)	वह नहीं सुनेंगे	तुम उन को पुकारो	अगर	13	खजूर की घुटली का छिलका	वह मालिक नहीं

سَمِعُوْا مَا اسْتَجَابُوْا لَكُمْ ؕ وَيَوْمَ الْقِيٰمَةِ يَكْفُرُوْنَ بِشِرْكِكُمْ ؕ

तुम्हारे शिर्क करने का	वह इन्कार करेंगे	और रोज़े क़ियामत	तुम्हारी	वह हाजत पूरी न कर सकेंगे	वह सुन लें

ع ٢ ٧ ١٤ الثلثة

وَلَا يُنَبِّئُكَ مِثْلُ خَبِيْرٍ ﴿۱۴﴾ يٰۤاَيُّهَا النَّاسُ اَنْتُمُ الْفُقَرَآءُ

मोहताज	तुम	ऐ लोगो!	14	ख़बर देने वाला	मानिंद	और तुझ को ख़बर न देगा

اِلَى اللّٰهِ ۚ وَاللّٰهُ هُوَ الْغَنِىُّ الْحَمِيْدُ ﴿۱۵﴾ اِنْ يَّشَاْ يُذْهِبْكُمْ

तुम्हें ले जाए	अगर वह चाहे	15	सज़ावारे हम्द	बेनियाज़	वह	और अल्लाह	अल्लाह के

وَيَاْتِ بِخَلْقٍ جَدِيْدٍ ﴿۱۶﴾ ۚ وَمَا ذٰلِكَ عَلَى اللّٰهِ بِعَزِيْزٍ ﴿۱۷﴾

17	दुशवार	अल्लाह पर	यह	और नहीं	16	नई ख़ल्क़त	और ले आए वह

وَلَا تَزِرُ وَازِرَةٌ وِّزْرَ اُخْرٰى ؕ وَاِنْ تَدْعُ مُثْقَلَةٌ اِلٰى حِمْلِهَا

तरफ़ (लिए) अपना बोझ	कोई बोझ से लदा हुआ	बुलाए	और अगर	बोझ दूसरे का	कोई उठाने वाला	और नहीं उठाएगा

لَا يُحْمَلْ مِنْهُ شَىْءٌ وَّلَوْ كَانَ ذَا قُرْبٰى ؕ اِنَّمَا تُنْذِرُ

आप (स) डराते हैं	इस के सिवा नहीं (सिर्फ़)	क़राबतदार	अगरचे हों	कुछ	उस से	न उठाएगा वह

الَّذِيْنَ يَخْشَوْنَ رَبَّهُمْ بِالْغَيْبِ وَاَقَامُوا الصَّلٰوةَ ؕ

नमाज़	और क़ाइम रखते हैं	बिन देखे	अपना रब	डरते हैं	वह लोग जो

وَمَنْ تَزَكّٰى فَاِنَّمَا يَتَزَكّٰى لِنَفْسِهٖ ؕ وَاِلَى اللّٰهِ الْمَصِيْرُ ﴿۱۸﴾

18	लौट कर जाना	और अल्लाह की तरफ़	ख़ुद अपने लिए	वह पाक साफ़ होता है	तो सिर्फ़	पाक होता है	और जो

और दोनों दर्या बराबर नहीं, यह (एक) शीरीं है प्यास बुझाने वाला, उस का पीना भी आसान, और यह (दूसरा) शोर तल्ख़ है, और हर एक से तुम ताज़ा गोश्त खाते हो, और (उन में से) तुम ज़ेवर (मोती) निकालते हो जिस को तुम पहनते हो, और तू उस में कश्तियां देखता है कि पानी को चीरती (हुई चलती हैं) ताकि तुम उस के फ़ज़्ल से रोज़ी तलाश करो, और ताकि तुम शुक्र करो। (12)
और रात को दिन में दाख़िल करता है और दिन को रात में दाख़िल करता है, और उस ने सूरज चाँद को मुसख़्ख़र किया, हर एक मुक़र्ररा वक़्त तक चलता है, यही तुम्हारा परवरदिगार है, उसी के लिए बादशाहत, और जिन को तुम उस के सिवा पुकारते हो, वह खजूर की घुटली के छिलके (के भी) मालिक नहीं। (13)
और तुम उनको पुकारो तो वह नहीं सुनेंगे तुम्हारी पुकार, और अगर वह सुन भी लें तो तुम्हारी हाजत पूरी न कर सकेंगे, और वह रोज़े क़ियामत तुम्हारे शिर्क करने का इन्कार करेंगे, और तुझ को ख़बर देने वाले (अल्लाह) की मानिंद कोई ख़बर न देगा। (14)
ऐ लोगो! तुम अल्लाह के मोहताज हो, और अल्लाह ही बेनियाज़ सज़ावारे हम्द ओ सना है। (15)
अगर वह चाहे तो (सब को) ले जाए (नाबूद कर दे) और नई ख़ल्क़त ले आए। (16)
और यह नहीं है अल्लाह पर (कुछ) दुशवार। (17)
और कोई उठाने वाला किसी दूसरे का बोझ नहीं उठाएगा, और अगर कोई बोझ से लदा हुआ (गुनाहगार किसी को) अपना बोझ (उठाने) के लिए बुलाए तो वह उस से कुछ न उठाएगा, अगरचे उस का क़राबतदार हो, आप (स) तो सिर्फ़ उनको डरा सकते हैं जो अपने रब से डरते हैं बिन देखे, और नमाज़ क़ाइम रखते हैं, और जो पाक होता है वह सिर्फ़ अपने लिए पाक साफ़ होता है, और अल्लाह की तरफ़ ही लौट कर जाना है। (18)

وَمَا يَسْتَوِي الْاَعْمٰى وَالْبَصِيْرُ ﴿١٩﴾ وَلَا الظُّلُمٰتُ وَلَا النُّوْرُ ﴿٢٠﴾

20	ओर न रोश्नी	और न अन्धेरे	19	और आँखों वाला	अन्धा	और बराबर नहीं

وَلَا الظِّلُّ وَلَا الْحَرُوْرُ ﴿٢١﴾ وَمَا يَسْتَوِي الْاَحْيَآءُ وَلَا الْاَمْوَاتُ

मुर्दे	और न	ज़िन्दे	और नहीं बराबर	21	और न झुलसती हवा	और न साया

اِنَّ اللّٰهَ يُسْمِعُ مَنْ يَّشَآءُ وَمَآ اَنْتَ بِمُسْمِعٍ مَّنْ

जो	सुनाने वाले	और तुम नहीं	जिस को वह चाहता है	सुना देता है	बेशक अल्लाह

فِى الْقُبُوْرِ ﴿٢٢﴾ اِنْ اَنْتَ اِلَّا نَذِيْرٌ ﴿٢٣﴾ اِنَّآ اَرْسَلْنٰكَ بِالْحَقِّ

हक़ के साथ	हम ने आप (स) को भेजा	बेशक हम	23	डराने वाले	मगर-सिर्फ़	तुम नहीं	22	क़ब्रों में

بَشِيْرًا وَّنَذِيْرًا وَاِنْ مِّنْ اُمَّةٍ اِلَّا خَلَا فِيْهَا نَذِيْرٌ ﴿٢٤﴾

24	डराने वाला	उस में	मगर गुज़रा	कोई उम्मत	और नहीं	और डर सुनाने वाला	ख़ुशख़बरी देने वाला

وَاِنْ يُّكَذِّبُوْكَ فَقَدْ كَذَّبَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ جَآءَتْهُمْ

आए उन के पास	इन से अगले	वह लोग जो	तो तहक़ीक़ झुटलाया	वह तुम्हें झुटलाएं	और अगर

رُسُلُهُمْ بِالْبَيِّنٰتِ وَبِالزُّبُرِ وَبِالْكِتٰبِ الْمُنِيْرِ ﴿٢٥﴾ ثُمَّ

फिर	25	रोशन	और किताबों के साथ	और सहीफ़ों के साथ	रोशन दलाइल के साथ	उन के रसूल

ع ٣ ١٢ ١٥ اَخَذْتُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا فَكَيْفَ كَانَ نَكِيْرِ ﴿٢٦﴾ اَلَمْ تَرَ اَنَّ اللّٰهَ

बेशक अल्लाह	क्या तू ने नहीं देखा	26	मेरा अ़ज़ाब	हुआ	फिर कैसा	वह जिन्हों ने कुफ़्र किया	मैं ने पकड़ा

اَنْزَلَ مِنَ السَّمَآءِ مَآءً فَاَخْرَجْنَا بِهٖ ثَمَرٰتٍ مُّخْتَلِفًا

मुख़्तलिफ़	फल (जमा)	उस से	फिर हम ने निकाले	पानी	आस्मान से	उतारा

اَلْوَانُهَا وَمِنَ الْجِبَالِ جُدَدٌۢ بِيْضٌ وَّحُمْرٌ مُّخْتَلِفٌ

मुख़्तलिफ़	और सुर्ख़	क़त्आत सफ़ेद	और पहाड़ों से-में	उन के रंग

اَلْوَانُهَا وَغَرَابِيْبُ سُوْدٌ ﴿٢٧﴾ وَمِنَ النَّاسِ وَالدَّوَآبِّ

और जानवर (जमा)	और लोगों से-में	27	सियाह	गहरे रंग	उन के रंग

وَالْاَنْعَامِ مُخْتَلِفٌ اَلْوَانُهٗ كَذٰلِكَ اِنَّمَا يَخْشَى اللّٰهَ

अल्लाह	डरते हैं	इस के सिवा नहीं	उसी तरह	उन के रंग	मुख़्तलिफ़	और चौपाए

مِنْ عِبَادِهِ الْعُلَمٰٓؤُا اِنَّ اللّٰهَ عَزِيْزٌ غَفُوْرٌ ﴿٢٨﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ

वह लोग जो	बेशक	28	बख़्शने वाला	ग़ालिब	बेशक अल्लाह	इल्म वाले	उस के बन्दे	से

يَتْلُوْنَ كِتٰبَ اللّٰهِ وَاَقَامُوا الصَّلٰوةَ وَاَنْفَقُوْا مِمَّا

उस से जो	और वह ख़र्च करते हैं	नमाज़	और क़ाइम रखते हैं	अल्लाह की किताब	जो पढ़ते हैं

رَزَقْنٰهُمْ سِرًّا وَّعَلَانِيَةً يَّرْجُوْنَ تِجَارَةً لَّنْ تَبُوْرَ ﴿٢٩﴾

29	हरगिज़ घाटा नहीं	ऐसी तिजारत	वह उम्मीद रखते हैं	और खुले तौर पर	पोशीदा	हम ने उन्हें दिया

और बराबर नहीं अन्धा और आँखों वाला। (19)
और न अन्धेरे और न नूर (रोश्नी), (बराबर हैं)। (20)
और न साया और न झुलसती हवा। (21)
और बराबर नहीं ज़िन्दे (आ़लिम) और न मुर्दे (जाहिल), बेशक अल्लाह जिस को चाहता है सुना देता है, और तुम (उनको) सुनाने वाले नहीं जो क़बरों में हैं। (22)
बल्कि तुम सिर्फ़ डराने वाले हो। (23)
बेशक हम ने आप (स) को हक़ के साथ भेजा, ख़ुशख़बरी देने वाला और डर सुनाने वाला, और कोई उम्मत नहीं जिस में कोई डराने वाला न गुज़रा हो। (24)
और अगर वह तुम्हें झुटलाएं तो तहक़ीक़ उन के अगले लोगों ने भी झुटलाया, उन के पास उन के रसूल आए रोशन दलाइल (निशानात) और सहीफ़ों और रोशन किताबों के साथ। (25)
फिर जिन लोगों ने कुफ़्र किया मैं ने उन्हें पकड़ा, फिर कैसा हुआ मेरा अ़ज़ाब? (26)
क्या तू ने नहीं देखा? बेशक अल्लाह ने आस्मान से पानी उतारा, फिर हम ने उस से फल निकाले, उन के रंग मुख़्तलिफ़ हैं, और पहाड़ों में क़त्आत (घाटियां) हैं सफ़ेद और सुर्ख़, उन के रंग मुख़्तलिफ़ हैं, और (कुछ) गहरे सियाह रंग के। (27)
और उसी तरह लोगों में, और जानवरों और चौपायों में, उन के रंग मुख़्तलिफ़ हैं, इस के सिवा नहीं कि अल्लाह से उस के इल्म वाले बन्दे (ही) डरते हैं, बेशक अल्लाह ग़ालिब, बख़्शने वाला है। (28)
बेशक जो लोग अल्लाह की किताब पढ़ते हैं और नमाज़ क़ाइम रखते हैं और जो हम ने उन्हें दिया उस में से ख़र्च करते हैं पोशीदा और ज़ाहिर, वह ऐसी तिजारत के उम्मीदवार हैं (जिस में) हरगिज़ घाटा नहीं। (29)

لِيُوَفِّيَهُمْ اُجُوْرَهُمْ وَيَزِيْدَهُمْ مِّنْ فَضْلِهٖ ؕ اِنَّهٗ غَفُوْرٌ

बख़्शने वाला	बेशक वह	अपने फ़ज़्ल से	और वह उन्हें ज़ियादा दे	उन के अजर	ताकि वह पूरे पूरे दे दे

شَكُوْرٌ ﴿٣٠﴾ وَالَّذِيْٓ اَوْحَيْنَآ اِلَيْكَ مِنَ الْكِتٰبِ هُوَ الْحَقُّ مُصَدِّقًا

तस्दीक़ करने वाली	हक़	वह	किताब से	तुम्हारी तरफ़	हम ने वहि भेजी है	और वह जो	30	क़द्रदान

لِّمَا بَيْنَ يَدَيْهِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ بِعِبَادِهٖ لَخَبِيْرٌۢ بَصِيْرٌ ﴿٣١﴾ ثُمَّ اَوْرَثْنَا

हम ने वारिस बनाया	फिर	31	देखने वाला	अलबत्ता बाख़बर	अपने बन्दों से	बेशक अल्लाह	उन के पास	उस की जो

الْكِتٰبَ الَّذِيْنَ اصْطَفَيْنَا مِنْ عِبَادِنَا ۚ فَمِنْهُمْ ظَالِمٌ لِّنَفْسِهٖ ۚ

अपनी जान पर	ज़ुल्म करने वाला	पस उन से (कोई)	अपने बन्दे	से-को	हम ने चुना	वह जिन्हें	किताब

وَمِنْهُمْ مُّقْتَصِدٌ ۚ وَمِنْهُمْ سَابِقٌۢ بِالْخَيْرٰتِ بِاِذْنِ اللّٰهِ ؕ ذٰلِكَ

यह	हुक्म से अल्लाह के	नेकियों में	सबक़त ले जाने वाला	और उन से (कोई)	बीच का रास्ता चलने वाला	और उन से (कोई)

هُوَ الْفَضْلُ الْكَبِيْرُ ﴿٣٢﴾ جَنّٰتُ عَدْنٍ يَّدْخُلُوْنَهَا يُحَلَّوْنَ

वह ज़ेवर पहनाए जाएंगे	वह उन में दाख़िल होंगे	बाग़ात हमेशगी के	32	फ़ज़्ल बड़ा	वह (यही)

فِيْهَا مِنْ اَسَاوِرَ مِنْ ذَهَبٍ وَّلُؤْلُؤًا ۚ وَلِبَاسُهُمْ فِيْهَا حَرِيْرٌ ﴿٣٣﴾

33	रेशम	उस में	और उन का लिबास	और मोती	सोना	से	कंगन (जमा)	से-का	उन में

وَقَالُوا الْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْٓ اَذْهَبَ عَنَّا الْحَزَنَ ؕ اِنَّ رَبَّنَا

हमारा रब	बेशक	ग़म	हम से	दूर कर दिया	वह जिस ने	तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए	और वह कहेंगे

لَغَفُوْرٌ شَكُوْرُ ۙ﴿٣٤﴾ الَّذِيْٓ اَحَلَّنَا دَارَ الْمُقَامَةِ مِنْ فَضْلِهٖ ۚ

अपना फ़ज़्ल	से	हमेशा रहने का घर	हमें उतारा	वह जिस	34	क़द्र दान	अलबत्ता बख़्शने वाला

لَا يَمَسُّنَا فِيْهَا نَصَبٌ وَّلَا يَمَسُّنَا فِيْهَا لُغُوْبٌ ﴿٣٥﴾ وَالَّذِيْنَ كَفَرُوْا

कुफ़्र किया	और वह जिन लोगों ने	35	थकावट	उस में	और न हमें छुएगी	कोई तक्लीफ़	उस में	न हमें छुएगी

لَهُمْ نَارُ جَهَنَّمَ ۚ لَا يُقْضٰى عَلَيْهِمْ فَيَمُوْتُوْا وَلَا يُخَفَّفُ

और न हल्का किया जाएगा	कि वह मर जाएं	उन पर	न क़ज़ा आएगी	जहन्नम की आग	उन के लिए

عَنْهُمْ مِّنْ عَذَابِهَا ؕ كَذٰلِكَ نَجْزِيْ كُلَّ كَفُوْرٍ ﴿٣٦﴾ وَهُمْ

और वह	36	हर नाशुक्रे	हम सज़ा देते हैं	इसी तरह	उस का अज़ाब	से-कुछ	उन से

يَصْطَرِخُوْنَ فِيْهَا ۚ رَبَّنَآ اَخْرِجْنَا نَعْمَلْ صَالِحًا غَيْرَ

बर अक्स	नेक	हम अमल करें	हमें निकाल ले	ऐ हमारे परवरदिगार	उस (दोज़ख़) में	चिल्लाएंगे

الَّذِيْ كُنَّا نَعْمَلُ ؕ اَوَلَمْ نُعَمِّرْكُمْ مَّا يَتَذَكَّرُ فِيْهِ مَنْ

जो-जिस	उस में	कि नसीहत पकड़ लेता वह	क्या हम ने तुम्हें उम्र न दी थी	हम करते थे	उस के जो

ع ١١ ١٦ تَذَكَّرَ وَجَآءَكُمُ النَّذِيْرُ ؕ فَذُوْقُوْا فَمَا لِلظّٰلِمِيْنَ مِنْ نَّصِيْرٍ ﴿٣٧﴾

37	कोई मददगार	ज़ालिमों के लिए	पस नहीं	सो चखो तुम	डराने वाला	और आया तुम्हारे पास	नसीहत पकड़ता

ताकि अल्लाह उन्हें उन के अजर (ओ सवाब) पूरे पूरे दे, और उन्हें (और) ज़ियादा दे अपने फ़ज़्ल से, बेशक वह बख़्शने वाला, क़द्रदान है। (30)

और वह जो हम ने तुम्हारी तरफ़ किताब भेजी है, वह हक़ है, उस की तस्दीक़ करने वाली जो उन के पास है, बेशक अल्लाह अपने बन्दों से बाख़बर है, देखने वाला। (31)

फिर हम ने अपने चुने हुए बन्दों को किताब का वारिस बनाया, पस उन में से कोई अपनी जान पर ज़ुल्म करने वाला है, और उन में से कोई बीच की रास है, और उन में से कोई अल्लाह के हुक्म से नेकियों में सबक़त ले जाने वाला है, यही है बड़ा फ़ज़्ल। (32)

हमेशगी के बाग़ात हैं जिन में वह दाख़िल होंगे, वह उन में कंगनों के ज़ेवर पहनाए जाएंगे, सोने और मोती के, और उन में उन का लिबास रेशम का होगा। (33)

और वह कहेंगे तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं जिस ने हम से ग़म दूर कर दिया, बेशक हमारा रब बख़्शने वाला, क़द्रदान है। (34)

वह जिस ने हमें हमेशा रहने के घर में उतारा अपने फ़ज़्ल से, न इस में हमें कोई तक्लीफ़ छुएगी, और न हमें इस में कोई थकावट छुएगी। (35)

और जिन लोगों ने कुफ़्र किया उन के लिए जहन्नम की आग है, न उन पर क़ज़ा आएगी कि वह मर जाएं, और न उन से हल्का किया जाएगा दोज़ख़ का कुछ अज़ाब, इसी तरह हर नाशुक्रे को अज़ाब देते हैं। (36)

और वह दोज़ख़ के अन्दर चिल्लाएंगे, ऐ हमारे परवरदिगार! हमें (यहां से) निकाल ले कि हम नेक अमल करें, उस के बरअक्स जो हम करते थे, क्या हम ने तुम्हें (इतनी) उम्र न दी थी कि नसीहत पकड़ लेता उस में जिसे नसीहत पकड़नी होती, और तुम्हारे पास डराने वाला (भी) आया, सो तुम (अब इन्कार का मज़ा) चखो, ज़ालिमों के लिए कोई मददगार नहीं। (37)

بेशक अल्लाह आस्मानों और ज़मीन की पोशीदा बातें जानने वाला है, बेशक वह उन के सीनों के भेदों से बाख़बर है। (38)

वही है जिस ने तुम्हें ज़मीन में जांनशीन बनाया, सो जिस ने कुफ़्र किया तो उसी पर है उस के कुफ़्र (का वबाल) और काफ़िरों को उन के रब के नज़्दीक उन का कुफ़्र सिवाए ग़ज़ब के कुछ नहीं बढ़ाता, और काफ़िरों को नहीं बढ़ाता उन का कुफ़्र सिवाए ख़सारे के। (39)

आप (स) फ़रमा दें क्या तुम ने अपने शरीकों को देखा जिन्हें तुम अल्लाह के सिवा पुकारते हो, तुम मुझे दिखाओ कि उन्हों ने ज़मीन से क्या पेदा किया है? या आस्मानों (के बनाने में) उन का क्या साझा है? या हम ने उन्हें कोई किताब दी है कि वह उस की सनद पर हों (सनद रखते हों), बल्कि ज़ालिम एक दूसरे से वादे नहीं करते सिवाए धोके के। (40)

बेशक अल्लाह ने थाम रखा है आस्मानों को और ज़मीन को कि वह टल (न) जाएं, और अगर वह टल जाएं तो उन्हें उस के बाद कोई भी नहीं थामेगा, बेशक वह (अल्लाह) हिल्म वाला, बख़्शने वाला है। (41)

और उन्हों (मुश्रिकीने मक्कह) ने अल्लाह की बड़ी सख़्त क़स्में खाईं कि अगर उन के पास कोई डराने वाला आए तो वह ज़रूर ज़ियादा हिदायत पाने वाले होंगे (दुनिया की) हर एक उम्मत से (बढ़ कर), फिर जब उन के पास एक नज़ीर आया तो उन में बिदकने के सिवा (और कुछ) ज़ियादा न हुआ। (42)

दुनिया में अपने आप को बड़ा समझने के सबब और बुरी चाल (के सबब), और बुरी चाल (का वबाल) सिर्फ़ उस के करने वाले पर पड़ता है, तो क्या वह सिर्फ़ पहलों के दस्तूर का इंतिज़ार कर रहे हैं! सो तुम अल्लाह के दस्तूर में हरगिज़ कोई तबदीली न पाओगे, और तुम अल्लाह के दस्तूर में हरगिज़ कोई तग़य्युर न पाओगे। (43)

إِنَّ اللّٰهَ عٰلِمُ غَيْبِ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ اِنَّهٗ عَلِيْمٌۢ

बेशक अल्लाह	जानने वाला	आस्मानों की पोशीदा बातें	और ज़मीन	बेशक वह	बाख़बर

بِذَاتِ الصُّدُوْرِ ﴿٣٨﴾ هُوَ الَّذِىْ جَعَلَكُمْ خَلٰٓئِفَ فِى الْاَرْضِ ؕ فَمَنْ كَفَرَ

सीनों (दिलों) के भेदों से	38	वही	जिस ने	तुम्हें बनाया	जांनशीन	ज़मीन में	सो जिस ने कुफ़्र किया

فَعَلَيْهِ كُفْرُهٗ ؕ وَلَا يَزِيْدُ الْكٰفِرِيْنَ كُفْرُهُمْ عِنْدَ رَبِّهِمْ اِلَّا

तो उसी पर	उस का कुफ़्र	और नहीं बढ़ाता	काफ़िर (जमा)	उन का कुफ़्र	नज़्दीक	उन का रब	सिवाए

مَقْتًا ۚ وَلَا يَزِيْدُ الْكٰفِرِيْنَ كُفْرُهُمْ اِلَّا خَسَارًا ﴿٣٩﴾ قُلْ اَرَءَيْتُمْ

नाराज़ी (ग़ज़ब)	और नहीं बढ़ाता	काफ़िर (जमा)	उन का कुफ़्र	सिवाए	ख़सारा	39	फ़रमा दें	किया तुम ने देखा

شُرَكَآءَكُمُ الَّذِيْنَ تَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ ؕ اَرُوْنِىْ مَاذَا خَلَقُوْا

अपने शरीक	वह जिन्हें	तुम पुकारते हो	अल्लाह के सिवा	तुम मुझे दिखाओ	क्या	उन्हों ने पैदा किया

مِنَ الْاَرْضِ اَمْ لَهُمْ شِرْكٌ فِى السَّمٰوٰتِ ۚ اَمْ اٰتَيْنٰهُمْ كِتٰبًا

से	ज़मीन	या	उन के लिए	साझा	आस्मानों में	या	हम ने दी उन्हें	कोई किताब

فَهُمْ عَلٰى بَيِّنَتٍ مِّنْهُ ۚ بَلْ اِنْ يَّعِدُ الظّٰلِمُوْنَ بَعْضُهُمْ

पस (कि) वह	दलील (सनद) पर	उस से-की	बल्कि	नहीं	वादे करते	ज़ालिम (जमा)	उन के बाज़ (एक)

بَعْضًا اِلَّا غُرُوْرًا ﴿٤٠﴾ اِنَّ اللّٰهَ يُمْسِكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ

बाज़ (दूसरे) से	सिवाए	धोका	40	बेशक अल्लाह	थाम रखा है	आस्मान (जमा)	और ज़मीन

اَنْ تَزُوْلَا ۚ وَلَئِنْ زَالَتَآ اِنْ اَمْسَكَهُمَا مِنْ اَحَدٍ مِّنْۢ بَعْدِهٖ ؕ

कि	टल जाएं वह	और अगर वह	टल जाएं	न	थामेगा उन्हें	कोई भी	उस के बाद

اِنَّهٗ كَانَ حَلِيْمًا غَفُوْرًا ﴿٤١﴾ وَاَقْسَمُوْا بِاللّٰهِ جَهْدَ اَيْمَانِهِمْ

बेशक वह	है	हिल्म वाला	बख़्शने वाला	41	और उन्हों ने क़सम खाई	अल्लाह की	अपनी सख़्त क़स्में

لَئِنْ جَآءَهُمْ نَذِيْرٌ لَّيَكُوْنُنَّ اَهْدٰى مِنْ اِحْدَى الْاُمَمِ ۚ

अगर	उन के पास आए	कोई डराने वाला	अलबत्ता वह ज़रूर होंगे	ज़ियादा हिदायत पाने वाले	हर एक से	उम्मत (जमा)

فَلَمَّا جَآءَهُمْ نَذِيْرٌ مَّا زَادَهُمْ اِلَّا نُفُوْرًا ﴿٤٢﴾ اِسْتِكْبَارًا

फिर जब	उन के पास आया	एक नज़ीर	न उन (में) ज़ियादा हुआ	मगर-सिवाए	बिदकना	42	अपने को बड़ा समझने के सबब

فِى الْاَرْضِ وَمَكْرَ السَّيِّئِ ؕ وَلَا يَحِيْقُ الْمَكْرُ السَّيِّئُ اِلَّا

ज़मीन (दुनिया) में	और चाल	बुरी	और नहीं उठता (उलटा पड़ता)	चाल	बुरी	सिर्फ़

بِاَهْلِهٖ ؕ فَهَلْ يَنْظُرُوْنَ اِلَّا سُنَّتَ الْاَوَّلِيْنَ ۚ فَلَنْ تَجِدَ

उस के करने वाले पर	तो क्या	वह इन्तिज़ार कर रहे हैं	मगर सिर्फ़	दस्तूर	पहले	सो तुम हरगिज़ न पाओगे

لِسُنَّتِ اللّٰهِ تَبْدِيْلًا ۚ وَلَنْ تَجِدَ لِسُنَّتِ اللّٰهِ تَحْوِيْلًا ﴿٤٣﴾

अल्लाह के दस्तूर में	कोई तबदीली	और तुम हरगिज़ न पाओगे	अल्लाह के दस्तूर में	कोई तग़य्युर	43

اَوَلَمْ يَسِيْرُوْا فِى الْاَرْضِ فَيَنْظُرُوْا كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ

आक़िबत (अन्जाम)	हुआ	कैसा	सो वह देखते	ज़मीन (दुनिया) में	क्या वह चले फिरे नहीं

الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ وَكَانُوْٓا اَشَدَّ مِنْهُمْ قُوَّةً ؕ وَمَا

और नहीं	कुव्वत में	उन से	बहुत ज़ियादा	और वह थे	उन से पहले	उन लोगों का जो

كَانَ اللّٰهُ لِيُعْجِزَهٗ مِنْ شَیْءٍ فِى السَّمٰوٰتِ وَلَا فِى الْاَرْضِ ؕ

ज़मीन में	और न	आस्मानों में	कोई शै	कि उसे आजिज़ कर दे	अल्लाह	है

اِنَّهٗ كَانَ عَلِيْمًا قَدِيْرًا ﴿٤٤﴾ وَلَوْ يُؤَاخِذُ اللّٰهُ النَّاسَ

लोग	अल्लाह पकड़ करे	और अगर	44	बड़ी कुदरत वाला	इल्म वाला	है	बेशक वह

بِمَا كَسَبُوْا مَا تَرَكَ عَلٰى ظَهْرِهَا مِنْ دَآبَّةٍ وَّلٰكِنْ

और लेकिन	कोई चलने फिरने वाला	उस की पुश्त	पर	वह न छोड़े	उन के आमाल के सबब

يُّؤَخِّرُهُمْ اِلٰٓى اَجَلٍ مُّسَمًّى ۚ فَاِذَا جَآءَ اَجَلُهُمْ

उन की अजल	आ जाएगी	फिर जब	एक मुद्दते मुअय्यन	तक	वह उन्हें ढील देता है

ع ٥ / ٨ / ١٧ فَاِنَّ اللّٰهَ كَانَ بِعِبَادِهٖ بَصِيْرًا ﴿٤٥﴾ ع

	45	देखने वाला	अपने बन्दों को	है	तो बेशक अल्लाह	

آيَاتُهَا ٨٣ ❀ سُوْرَةُ يٰسٓ (٣٦) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٥

रुकुआत 5 (36) सूरह या सीन आयात 83

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

يٰسٓ ﴿١﴾ وَالْقُرْاٰنِ الْحَكِيْمِ ﴿٢﴾ اِنَّكَ لَمِنَ الْمُرْسَلِيْنَ ﴿٣﴾ عَلٰى صِرَاطٍ

रास्ता	पर	3	रसूलों में से	बेशक आप (स)	2	बाहिक्मत	क़सम है कुरआन	1	या सीन

مُّسْتَقِيْمٍ ﴿٤﴾ تَنْزِيْلَ الْعَزِيْزِ الرَّحِيْمِ ﴿٥﴾ لِتُنْذِرَ قَوْمًا مَّآ اُنْذِرَ

नहीं डराए गए	वह क़ौम	ताकि आप (स) डराएं	5	मेहरबान	ग़ालिब	नाज़िल किया	4	सीधा

اٰبَآؤُهُمْ فَهُمْ غٰفِلُوْنَ ﴿٦﴾ لَقَدْ حَقَّ الْقَوْلُ عَلٰٓى اَكْثَرِهِمْ فَهُمْ

पस वह	उन में से अक्सर	पर	बात	तहक़ीक़ साबित हो गई	6	ग़ाफ़िल (जमा)	पस वह	उन के बाप (दादा)

لَا يُؤْمِنُوْنَ ﴿٧﴾ اِنَّا جَعَلْنَا فِىْٓ اَعْنَاقِهِمْ اَغْلٰلًا فَهِىَ اِلَى

तक	फिर वह	तौक़	उन की गरदनें	में	बेशक हम ने किए (डाले)	7	ईमान न लाएंगे

الْاَذْقَانِ فَهُمْ مُّقْمَحُوْنَ ﴿٨﴾ وَجَعَلْنَا مِنْۢ بَيْنِ اَيْدِيْهِمْ

उन के आगे	से	और हम ने कर दी	8	सर ऊँचा किए (सर उलल रहे हैं)	तो वह	ठोड़ियाँ

سَدًّا وَّمِنْ خَلْفِهِمْ سَدًّا فَاَغْشَيْنٰهُمْ فَهُمْ لَا يُبْصِرُوْنَ ﴿٩﴾

9	देखते नहीं	पस वह	फिर हम ने उन्हें ढाँप दिया	एक दीवार	और उन के पीछे	एक दीवार

क्या वह दुनिया में चले फिरे नहीं कि वह देखते कि उन से पहले लोगों का अन्जाम कैसा हुआ! और वह कुव्वत में उन से बहुत ज़ियादा थे, और अल्लाह (ऐसा) नहीं कि कोई शै आस्मानों में उस को आजिज़ कर दे और न ज़मीन में (कोई शै उसे हरा सकती है), बेशक वह इल्म वाला, कुदरत वाला है। (44) और अगर अल्लाह लोगों को उन के आमाल के सबब पकड़े तो वह न छोड़े कोई चलने फिरने वाला उस की पुश्त (रुए ज़मीन) पर, लेकिन वह उन्हें एक मुद्दते मुअय्यन तक ढील देता है, फिर जब आ जाएगी उन की अजल तो बेशक अल्लाह अपने बन्दों को देखने वाला है (उन के आमाल का बदला ज़रूर मिलेगा)। (45)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

या सीन। (1) क़सम है बाहिक्मत कुरआन की। (2) बेशक आप (स) रसूलों में से हैं। (3) सीधे रास्ते पर हैं। (4) नाज़िल किया हुआ ग़ालिब, मेहरबान का। (5) ताकि आप (स) उस क़ौम को डराएं जिस के बाप दादा नहीं डराए गए, पस वह ग़ाफ़िल हैं। (6) तहक़ीक़ उन में से अक्सर पर (अल्लाह की) बात साबित हो चुकी है, पस वह ईमान न लाएंगे। (7) बेशक हम ने उन की गर्दनों में डाले हैं तौक़, फिर वह ठोड़ी तक (अड़ गए हैं) तो उन के सर उलल रहे हैं। (8) और हम ने कर दी उन के आगे एक दीवार और उन के पीछे एक दीवार, फिर हम ने उन्हें ढाँप दिया, पस वह देखते नहीं। (9)

وَسَوَآءٌ عَلَيۡهِمۡ ءَاَنذَرۡتَهُمۡ اَمۡ لَمۡ تُنذِرۡهُمۡ لَا يُؤۡمِنُوۡنَ ﴿١٠﴾

10	वह ईमान न लाएंगे	तुम उन्हें न डराओ	या	ख़ाह तुम उन्हें डराओ	उन पर-उन के लिए	और बराबर

اِنَّمَا تُنذِرُ مَنِ اتَّبَعَ الذِّكۡرَ وَخَشِىَ الرَّحۡمٰنَ بِالۡغَيۡبِ ۚ

बिन देखे	रहमान (अल्लाह)	और डरे	किताबे नसीहत	पैरवी करे	जो	तुम डराते हो	इस के सिवा नहीं

فَبَشِّرۡهُ بِمَغۡفِرَةٍ وَّاَجۡرٍ كَرِيۡمٍ ﴿١١﴾ اِنَّا نَحۡنُ نُحۡىِ الۡمَوۡتٰى

मुर्दे	ज़िन्दा करते हैं	बेशक हम	11	अच्छा	और अजर	बख़्शिश की	पस उसे ख़ुशख़बरी दें

وَنَكۡتُبُ مَا قَدَّمُوۡا وَاٰثَارَهُمۡ ؕ وَكُلَّ شَىۡءٍ اَحۡصَيۡنٰهُ فِىۡۤ

में	हम ने उसे शुमार कर रखा है	और हर शै	और उन के असर (निशानात)	जो उन्हों ने आगे भेजा (अमल)	और हम लिखते हैं

وقف غفران

اِمَامٍ مُّبِيۡنٍ ﴿١٢﴾ وَاضۡرِبۡ لَهُمۡ مَّثَلًا اَصۡحٰبَ الۡقَرۡيَةِ ۘ اِذۡ ع ١٢ ١٨

وقف لازم

जब	बस्ती वाले	मिसाल (क़िस्सा)	उन के लिए	और बयान करें आप (स)	12	किताबे रोशन

جَآءَهَا الۡمُرۡسَلُوۡنَ ﴿١٣﴾ اِذۡ اَرۡسَلۡنَاۤ اِلَيۡهِمُ اثۡنَيۡنِ فَكَذَّبُوۡهُمَا

तो उन्हों ने झुटलाया उन्हें	दो (2)	उन की तरफ़	हम ने भेजे	जब	13	रसूल (जमा)	उन के पास आए

فَعَزَّزۡنَا بِثَالِثٍ فَقَالُوۡۤا اِنَّاۤ اِلَيۡكُمۡ مُّرۡسَلُوۡنَ ﴿١٤﴾ قَالُوۡا

वह बोले	14	भेजे गए	तुम्हारी तरफ़	बेशक हम	पस उन्हों ने कहा	तीसरे से	फिर हम ने तक़वियत दी

مَاۤ اَنۡتُمۡ اِلَّا بَشَرٌ مِّثۡلُنَا ۙ وَمَاۤ اَنۡزَلَ الرَّحۡمٰنُ مِنۡ شَىۡءٍ ۙ

कुछ	रहमान (अल्लाह)	उतारा	और नहीं	हम जैसे	आदमी	मगर-महज़	तुम नहीं हो

اِنۡ اَنۡتُمۡ اِلَّا تَكۡذِبُوۡنَ ﴿١٥﴾ قَالُوۡا رَبُّنَا يَعۡلَمُ اِنَّاۤ اِلَيۡكُمۡ

तुम्हारी तरफ़	बेशक हम	जानता है	हमारा परवरदिगार	उन्हों ने कहा	15	झूट बोलते हो	मगर-महज़	तुम	नहीं

لَمُرۡسَلُوۡنَ ﴿١٦﴾ وَمَا عَلَيۡنَاۤ اِلَّا الۡبَلٰغُ الۡمُبِيۡنُ ﴿١٧﴾ قَالُوۡا

वह कहने लगे	17	साफ़ साफ़	पहुँचा देना	मगर	हम पर	और नहीं	16	अलबत्ता भेजे गए

اِنَّا تَطَيَّرۡنَا بِكُمۡ ۚ لَئِنۡ لَّمۡ تَنۡتَهُوۡا لَنَرۡجُمَنَّكُمۡ وَلَيَمَسَّنَّكُمۡ

और ज़रूर पहुँचेगा तुम्हें	ज़रूर हम संगसार कर देंगे तुम्हें	तुम बाज़ न आए	अगर	तुम्हें	हम ने मनहूस पाया

مِّنَّا عَذَابٌ اَلِيۡمٌ ﴿١٨﴾ قَالُوۡا طَآئِرُكُمۡ مَّعَكُمۡ ؕ اَئِنۡ

क्या	तुम्हारे साथ	तुम्हारी नहूसत	उन्हों ने कहा	18	दर्दनाक	अज़ाब	हम से

ذُكِّرۡتُمۡ ؕ بَلۡ اَنۡتُمۡ قَوۡمٌ مُّسۡرِفُوۡنَ ﴿١٩﴾ وَجَآءَ مِنۡ اَقۡصَا

परला सिरा	से	और आया	19	हद से बढ़ने वाले	लोग	तुम	बल्कि	तुम समझाए गए

الۡمَدِيۡنَةِ رَجُلٌ يَّسۡعٰى قَالَ يٰقَوۡمِ اتَّبِعُوا الۡمُرۡسَلِيۡنَ ۙ ﴿٢٠﴾

20	रसूलों की	तुम पैरवी करो	ऐ मेरी क़ौम	उस ने कहा	दौड़ता हुआ	एक आदमी	शहर

اتَّبِعُوۡا مَنۡ لَّا يَسۡـَٔـلُكُمۡ اَجۡرًا وَّهُمۡ مُّهۡتَدُوۡنَ ﴿٢١﴾

21	हिदायत याफ़्ता	और वह	कोई अजर	तुम से नहीं मांगते	जो	तुम पैरवी करो

और बराबर है उन के लिए ख़ाह तुम उन्हें डराओ या न डराओ, वह ईमान न लाएंगे। (10)
इस के सिवा नहीं कि तुम (उस को) डराते हो जो किताबे नसीहत की पैरवी करे। और बिन देखे अल्लाह से डरे, पस आप (स) उसे बख़्शिश और अच्छे अजर की ख़ुशख़बरी दें। (11)
बेशक हम मुर्दों को ज़िन्दा करते हैं, और हम लिखते हैं उन के अमल जो उन्हों ने आगे भेजे और जो उन्हों ने पीछे (आसार) छोड़े। और हर शै को हम ने किताबे रोशन में शुमार कर रखा है। (12)
और आप (स) उन के लिए बस्ती वालों का क़िस्सा बयान करें, जब उन के पास रसूल आए। (13)
जब हम ने उन की तरफ़ दो (रसूल) भेजे तो उन्हों ने उन्हें झुटलाया, फिर हम ने तीसरे से तक़वियत दी, पस उन्हों ने कहाः बेशक हम तुम्हारी तरफ़ भेजे गए हैं। (14)
वह बोलेः तुम महज़ हम जैसे आदमी हो, और नहीं उतारा रहमान (अल्लाह) ने कुछ भी, तुम महज़ झूट बोलते हो। (15)
उन्हों ने कहाः हमारा परवरदिगार जानता है, बेशक हम तुम्हारी तरफ़ भेजे गए हैं। (16)
और हम पर (हमारे ज़िम्मे) नहीं मगर (सिर्फ़) साफ़ साफ़ पहुँचा देना। (17)
वह कहने लगेः हम ने बेशक मनहूस पाया तुम्हें, अगर तुम बाज़ न आए तो हम तुम्हें ज़रूर संगसार कर देंगे और तुम्हें हम से दर्दनाक अज़ाब ज़रूर पहुँचेगा। (18)
उन्हों ने कहाः तुम्हारी नहूसत तुम्हारे साथ है क्या तुम (इस को नहूसत समझते हो) कि तुम समझाए गए हो, बल्कि तुम हद से बढ़ने वाले लोग हो। (19)
और शहर के परले सिरे से एक आदमी दौड़ता हुआ आया, उस ने कहाः ऐ मेरी क़ौम! तुम रसूलों की पैरवी करो। (20)
तुम उन की पैरवी करो जो तुम से कोई अजर नहीं मांगते और वह हिदायत याफ़्ता हैं। (21)

وَمَا لِيَ لَآ اَعۡبُدُ الَّذِيۡ فَطَرَنِيۡ وَاِلَيۡهِ تُرۡجَعُوۡنَ ﴿٢٢﴾

22	तुम लौट कर जाओगे	और उसी की तरफ़	पैदा किया मुझे	वह जिस ने	मैं न इबादत करूँ	मुझे	और क्या हुआ

ءَاَتَّخِذُ مِنۡ دُوۡنِهٖۤ اٰلِهَةً اِنۡ يُّرِدۡنِ الرَّحۡمٰنُ بِضُرٍّ لَّا تُغۡنِ عَنِّيۡ

न काम आए मेरे	कोई नुक़्सान	रहमान-अल्लाह	वह चाहे	अगर	ऐसे माबूद	उस के सिवा	क्या मैं बना लूँ

شَفَاعَتُهُمۡ شَيۡـًٔا وَّلَا يُنۡقِذُوۡنِ ﴿٢٣﴾ اِنِّيۡۤ اِذًا لَّفِيۡ ضَلٰلٍ مُّبِيۡنٍ ﴿٢٤﴾ اِنِّيۡۤ

बेशक मैं	24	खुली	अलबत्ता गुमराही में	उस वक़्त	बेशक मैं	23	और न छुड़ा सकें वह मुझे	कुछ भी	उन की सिफ़ारिश

اٰمَنۡتُ بِرَبِّكُمۡ فَاسۡمَعُوۡنِ ﴿٢٥﴾ قِيۡلَ ادۡخُلِ الۡجَنَّةَ ؕ قَالَ يٰلَيۡتَ قَوۡمِيۡ

मेरी क़ौम	ऐ काश	उस ने कहा	जन्नत	तू दाख़िल हो जा	इरशाद हुआ	25	पस तुम मेरी सुनो	तुम्हारे रब पर	मैं ईमान लाया

يَعۡلَمُوۡنَ ﴿٢٦﴾ بِمَا غَفَرَ لِيۡ رَبِّيۡ وَجَعَلَنِيۡ مِنَ الۡمُكۡرَمِيۡنَ ﴿٢٧﴾

27	नवाज़े हुए लोग	से	और उस ने किया मुझे	मेरा रब	वह बात जिस की वजह से उस ने बख़्श दिया मुझे	26	वह जानती

وَمَاۤ اَنۡزَلۡنَا عَلٰى قَوۡمِهٖ مِنۡۢ بَعۡدِهٖ مِنۡ جُنۡدٍ مِّنَ السَّمَآءِ وَمَا كُنَّا مُنۡزِلِيۡنَ ﴿٢٨﴾

28	उतारने वाले	और न थे हम	आस्मान	से	कोई लश्कर	उस के बाद	उस की क़ौम	पर	और नहीं उतारा हम ने

اِنۡ كَانَتۡ اِلَّا صَيۡحَةً وَّاحِدَةً فَاِذَا هُمۡ خٰمِدُوۡنَ ﴿٢٩﴾ يٰحَسۡرَةً

हाए हस्रत	29	बुझ कर रह गए	वह	पस अचानक	एक	चिंघाड़	मगर	न थी

عَلَى الۡعِبَادِ ۚ مَا يَاۡتِيۡهِمۡ مِّنۡ رَّسُوۡلٍ اِلَّا كَانُوۡا بِهٖ يَسۡتَهۡزِءُوۡنَ ﴿٣٠﴾ اَلَمۡ يَرَوۡا

क्या उन्हों ने नहीं देखा	30	हँसी उड़ाते	उस से	वह थे	मगर	कोई रसूल	नहीं आया उन के पास	बन्दों पर

كَمۡ اَهۡلَكۡنَا قَبۡلَهُمۡ مِّنَ الۡقُرُوۡنِ اَنَّهُمۡ اِلَيۡهِمۡ لَا يَرۡجِعُوۡنَ ﴿٣١﴾ وَاِنۡ

और नहीं	31	लौट कर नहीं आएंगे वह	उन की तरफ़	कि वह	नसलों से	उन से क़ब्ल	हलाक कीं हम ने	कितनी

كُلٌّ لَّمَّا جَمِيۡعٌ لَّدَيۡنَا مُحۡضَرُوۡنَ ﴿٣٢﴾ وَاٰيَةٌ لَّهُمُ الۡاَرۡضُ الۡمَيۡتَةُ ۚ اَحۡيَيۡنٰهَا

मुर्दा	ज़मीन	उन के लिए	एक निशानी	32	हाज़िर किए जाएंगे	हमारे रूबरू	सब के सब	मगर	सब

وَاَخۡرَجۡنَا مِنۡهَا حَبًّا فَمِنۡهُ يَاۡكُلُوۡنَ ﴿٣٣﴾ وَجَعَلۡنَا فِيۡهَا جَنّٰتٍ

बाग़ात	उस में	और बनाए हम ने	33	वह खाते हैं	पस उस से	अनाज	उस से	और निकाला हम ने	हम ने ज़िन्दा किया उसे

مِّنۡ نَّخِيۡلٍ وَّاَعۡنَابٍ وَّفَجَّرۡنَا فِيۡهَا مِنَ الۡعُيُوۡنِ ﴿٣٤﴾ لِيَاۡكُلُوۡا

ताकि वह खाएं	34	चश्मे	से	उस में	और जारी किए हम ने	और अंगूर	खजूर	से- के

مِنۡ ثَمَرِهٖ ۙ وَمَا عَمِلَتۡهُ اَيۡدِيۡهِمۡ ؕ اَفَلَا يَشۡكُرُوۡنَ ﴿٣٥﴾ سُبۡحٰنَ الَّذِيۡ خَلَقَ

पैदा किए	वह ज़ात जिस ने	पाक	35	तो क्या वह शुक्र न करेंगे	उन के हाथों	बनाया उसे	और नहीं	उस के फलों से

الۡاَزۡوَاجَ كُلَّهَا مِمَّا تُنۡۢبِتُ الۡاَرۡضُ وَمِنۡ اَنۡفُسِهِمۡ وَمِمَّا لَا يَعۡلَمُوۡنَ ﴿٣٦﴾

36	वह नहीं जानते	और उस से जो	और उन की जानों से	ज़मीन	उगाती है	उस से जो	हर चीज़	जोड़े

وَاٰيَةٌ لَّهُمُ الَّيۡلُ ۖ نَسۡلَخُ مِنۡهُ النَّهَارَ فَاِذَا هُمۡ مُّظۡلِمُوۡنَ ﴿٣٧﴾

37	अन्धेरे में रह जाते हैं	वह	तो अचानक	दिन	उस से	हम खींचते हैं	रात	उन के लिए	और एक निशानी

और मुझे क्या हुआ (मेरे पास क्या उज़्र है) कि मैं उस की इबादत न करूँ जिस ने मुझे पैदा किया, और तुम उसी की तरफ़ लौट कर जाओगे। (22)
क्या मैं उस के सिवा ऐसे माबूद बनालूँ? अगर अल्लाह मुझे नुक़्सान पहुँचाना चाहे तो उन की सिफ़ारिश मेरे काम न आए कुछ भी, और न वह मुझे छुड़ा सकें। (23)
बेशक मैं उस वक़्त खुली गुमराही में हूँगा। (24)
बेशक मैं तुम्हारे परवरदिगार पर ईमान लाया, पस तुम मेरी सुनो। (25)
(उस शहीद को) इरशाद हुआ कि तू जन्नत में दाख़िल हो जा, उस ने कहा: ऐ काश! मेरी क़ौम जानती। (26)
वह बात जिस की वजह से मुझे बख़्श दिया मेरे रब ने और उस ने मुझे (अपने) नवाज़े हुए लोगों में से किया। (27)
और हम ने उस के बाद उस की क़ौम पर कोई लशकर नहीं उतारा आस्मान से, और न हम उतारने वाले थे (भेजने की हाजत थी)। (28)
(उन की सज़ा) न थी मगर एक चिंघाड़, पस वह अचानक बुझ कर रह गए। (29)
हाए हस्रत बन्दों पर! कि उन के पास कोई रसूल नहीं आया मगर वह उस की हँसी उड़ाते थे। (30)
क्या उन्हों ने नहीं देखा? हम ने उन से क़ब्ल कितनी नसलें हलाक कीं कि वह उन की तरफ़ लौट कर नहीं आएंगे। (31)
और कोई एसा (नहीं) मगर सब के सब हमारे रूबरू हाज़िर किए जाएंगे। (32)
और मुर्दा ज़मीन उन के लिए एक निशानी है, हम ने उसे ज़िन्दा किया और हम ने उस से अनाज निकाला, पस वह उस से खाते हैं। (33)
और हम ने उस में बाग़ात बनाए (लगाए) खजूर और अंगूर के, और हम ने उस में चश्मे जारी किए। (34)
ताकि वह उस के फलों से खाएं और उसे नहीं बनाया उन के हाथों ने, तो क्या वह शुक्र न करेंगे? (35)
पाक है वह ज़ात जिस ने हर चीज़ के जोड़े पैदा किए उस (क़बील) से जो ज़मीन उगाती है (नबातात) और ख़ुद उनकी जानों (इन्सानों में से) और उन में से जिन्हें वह (ख़ुद भी) नहीं जानते। (36)
और उन के लिए रात एक निशानी है, हम दिन को उस से खींचते (निकालते) हैं तो वह अचानक अन्धेरे में रह जाते हैं। (37)

وَالشَّمْسُ تَجْرِىْ لِمُسْتَقَرٍّ لَّهَا ؕ ذٰلِكَ تَقْدِيْرُ الْعَزِيْزِ الْعَلِيْمِ ﴿٣٨﴾ وَالْقَمَرَ

और चाँद	38	जानने वाला (दाना)	ग़ालिब	निज़ाम	यह	अपने	ठिकाने (मुक़र्ररा रास्ते)	चलता रहता है	और सूरज

قَدَّرْنٰهُ مَنَازِلَ حَتّٰى عَادَ كَالْعُرْجُوْنِ الْقَدِيْمِ ﴿٣٩﴾ لَا الشَّمْسُ يَنْۢبَغِىْ

लाइक़ (मजाल)	सूरज	न	39	पुरानी	खजूर की शाख़ की तरह	हो जाता है	यहाँ तक कि	मनज़िलें	हम ने मुक़र्रर कीं उस को

لَهَآ اَنْ تُدْرِكَ الْقَمَرَ وَلَا الَّيْلُ سَابِقُ النَّهَارِ ؕ وَكُلٌّ فِىْ فَلَكٍ

दाइरे में	और सब	दिन	पहले आ सके	रात	और न	चाँद	जा पकड़े वह	कि	उस के लिए

يَّسْبَحُوْنَ ﴿٤٠﴾ وَاٰيَةٌ لَّهُمْ اَنَّا حَمَلْنَا ذُرِّيَّتَهُمْ فِى الْفُلْكِ الْمَشْحُوْنِ ﴿٤١﴾

41	भरी हुई	कश्ती में	उन की औलाद	हम ने सवार किया	कि हम	उन के लिए	और एक निशानी	40	तैरते (गर्दिश करते) हैं

وَخَلَقْنَا لَهُمْ مِّنْ مِّثْلِهٖ مَا يَرْكَبُوْنَ ﴿٤٢﴾ وَاِنْ نَّشَاْ نُغْرِقْهُمْ فَلَا صَرِيْخَ

तो न फ़र्याद रस	हम ग़र्क़ कर दें उन्हें	हम चाहें	और अगर	42	वह सवार होते हैं	जो-जिस	उस (कश्ती) जैसी	उन के लिए	और हम ने पैदा किया

لَهُمْ وَلَا هُمْ يُنْقَذُوْنَ ﴿٤٣﴾ اِلَّا رَحْمَةً مِّنَّا وَمَتَاعًا اِلٰى حِيْنٍ ﴿٤٤﴾ وَاِذَا

और जब	44	एक वक़्ते मुअ़य्यन तक	और फ़ाइदा देना	हमारी तरफ़ से	रहमत	मगर	43	छुड़ाए जाएं	और न वह	उन के लिए

قِيْلَ لَهُمُ اتَّقُوْا مَا بَيْنَ اَيْدِيْكُمْ وَمَا خَلْفَكُمْ لَعَلَّكُمْ تُرْحَمُوْنَ ﴿٤٥﴾ وَمَا

और नहीं	45	तुम पर रहम किया जाए	शायद तुम	तुम्हारे पीछे	और जो	तुम्हारे सामने	जो	तुम डरो	उन से	कहा जाए

تَاْتِيْهِمْ مِّنْ اٰيَةٍ مِّنْ اٰيٰتِ رَبِّهِمْ اِلَّا كَانُوْا عَنْهَا مُعْرِضِيْنَ ﴿٤٦﴾ وَاِذَا

और जब	46	रूगर्दानी करते	उस से	वह हैं	मगर	उन का रब	निशानियों में से	कोई निशानी	उन के पास

قِيْلَ لَهُمْ اَنْفِقُوْا مِمَّا رَزَقَكُمُ اللّٰهُ ۙ قَالَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لِلَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا

उन लोगों से जो ईमान लाए (मोमिन)	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	कहते हैं	तुम्हें दिया अल्लाह ने	उस से जो	ख़र्च करो तुम	उन से	कहा जाए

اَنُطْعِمُ مَنْ لَّوْ يَشَآءُ اللّٰهُ اَطْعَمَهٗٓ ۖ اِنْ اَنْتُمْ اِلَّا فِىْ ضَلٰلٍ مُّبِيْنٍ ﴿٤٧﴾

47	खुली	गुमराही	में	मगर-सिर्फ़	तुम	नहीं	उसे खाने को देता	अगर अल्लाह चाहता	(उस को) जिसे	क्या हम खिलाएं

وَيَقُوْلُوْنَ مَتٰى هٰذَا الْوَعْدُ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ﴿٤٨﴾ مَا يَنْظُرُوْنَ

वह इन्तिज़ार नहीं कर रहे हैं	48	सच्चे	तुम हो	अगर	यह वादा	कब	और वह कहते हैं

اِلَّا صَيْحَةً وَّاحِدَةً تَاْخُذُهُمْ وَهُمْ يَخِصِّمُوْنَ ﴿٤٩﴾ فَلَا يَسْتَطِيْعُوْنَ

फिर न कर सकेंगे	49	बाहम झगड़ रहे होंगे	और वह	वह उन्हें आ पकड़ेगी	एक	चिंघाड़	मगर

ع ١٨ ٣ ٢ تَوْصِيَةً وَّلَآ اِلٰٓى اَهْلِهِمْ يَرْجِعُوْنَ ﴿٥٠﴾ ع وَنُفِخَ فِى الصُّوْرِ فَاِذَا هُمْ

तो यकायक वह	सूर में	और फूंका जाएगा	50	वह लौट सकेंगे	अपने घर वाले	तरफ़	और न	वसीयत करना

مِّنَ الْاَجْدَاثِ اِلٰى رَبِّهِمْ يَنْسِلُوْنَ ﴿٥١﴾ قَالُوْا يٰوَيْلَنَا مَنْۢ بَعَثَنَا

किस ने उठा दिया हमें	ऐ वाए हम पर	वह कहेंगे	51	दौड़ेंगे	अपने रब की तरफ़	क़ब्रें	से

مِنْ مَّرْقَدِنَا ۜ هٰذَا مَا وَعَدَ الرَّحْمٰنُ وَصَدَقَ الْمُرْسَلُوْنَ ﴿٥٢﴾

52	रसूलों	और सच कहा था	रहमान-अल्लाह	जो वादा किया	यह	हमारी क़ब्रें	से

وقف لازم
وقف منزل
وقف غفران

और सूरज अपने मुक़र्ररा रास्ते पर चलता रहता है, यह अल्लाह ग़ालिब और दाना का निज़ाम (मुक़र्रर करदह) है। (38)
और चाँद के लिए हम ने मनज़िलें मुक़र्रर कीं यहाँ तक कि वह खजूर की पुरानी शाख़ की तरह हो जाता है (पहली का बारीक सा चाँद)। (39)
न सूरज की मजाल कि चाँद को जा पकड़े और न रात की (मजाल) कि पहले आ सके दिन से, और सब अपने दाइरे में गर्दिश करते हैं। (40)
और उन के लिए एक निशानी है कि हम ने उन की औलाद को सवार किया भरी हुई कश्ती में। (41)
और हम ने उन के लिए उस कश्ती जैसी (और चीज़ें) पैदा कीं जिन पर वह सवार होते हैं। (42)
और अगर हम चाहें तो हम उन्हें ग़र्क़ कर दें तो न (कोई) उन के लिए फ़र्याद रस (हो) और न वह छुड़ाए जाएंगे। (43)
मगर हमारी रहमत से (कि पार लगते हैं) और एक वक़्ते मुअ़य्यन तक फ़ाइदा उठाते हैं। (44)
और जब उन से कहा जाए कि तुम डरो उस से जो तुम्हारे सामने है और जो तुम्हारे पीछे है, शायद तुम पर रहम किया जाए (तो सुन कर नहीं देते)। (45)
और उन के पास उन के रब की निशानियों में से कोई निशानी नहीं आती मगर वह उस से रूगर्दानी करते हैं। (46)
और जब उन से कहा जाए कि जो अल्लाह ने तुम्हें दिया है उस में से ख़र्च करो तो काफ़िर कहते हैं मोमिनों से कि क्या हम उसे खिलाएं? जिसे अगर अल्लाह चाहता तो उसे खाने को देता, तुम सिर्फ़ खुली गुमराही में हो। (47)
और वह (काफ़िर) कहते हैं कि कब (पूरा होगा) यह वादाए (क़ियामत)? अगर तुम सच्चे हो। (48)
वह इन्तिज़ार नहीं करते हैं मगर एक चिंघाड़ (सूर की तुन्द आवाज़) की, जो उन्हें आ पकड़ेगी और वह बाहम झगड़ रहे होंगे। (49)
फिर न वह वसीयत कर सकेंगे और न अपने घर वालों की तरफ़ लौट सकेंगे। (50)
और (दोबारा) फूंका जाएगा सूर में तो वह यकायक क़ब्रों से अपने रब की तरफ़ दौड़ेंगे। (51)
वह कहेंगे हाय हम पर! हमें किस ने उठा दिया? हमारी क़ब्रों से, यह है वह जो अल्लाह रहमान ने वादा किया था, और रसूलों ने सच कहा था। (52)

إِنْ كَانَتْ إِلَّا صَيْحَةً وَّاحِدَةً فَإِذَا هُمْ جَمِيعٌ لَّدَيْنَا مُحْضَرُونَ ٥٣

53	हाज़िर किए जाएंगे	हमारे सामने	सब	वह	पस यकायक	एक	चिंघाड़	मगर	होगी	न

فَالْيَوْمَ لَا تُظْلَمُ نَفْسٌ شَيْـًٔا وَّلَا تُجْزَوْنَ إِلَّا مَا كُنْتُمْ تَعْمَلُونَ ٥٤ إِنَّ

बेशक	54	करते थे	जो तुम	मगर-बस	और न तुम बदला पाओगे	कुछ	किसी शख़्स	न ज़ुल्म किया जाएगा	पस आज

أَصْحٰبَ الْجَنَّةِ الْيَوْمَ فِي شُغُلٍ فٰكِهُونَ ٥٥ هُمْ وَأَزْوَاجُهُمْ فِي ظِلٰلٍ

सायों में	और उन की बीवियां	वह	55	बातें (मज़े करने में)	एक शुग्ल में	आज	अहले जन्नत

عَلَى الْأَرَآئِكِ مُتَّكِـُٔونَ ٥٦ لَهُمْ فِيهَا فَاكِهَةٌ وَّلَهُمْ مَّا يَدَّعُونَ ٥٧

57	जो वह चाहेंगे	और उन के लिए	मेवा	उस में	उन के लिए	56	तकिया लगाए हुए	तख़्तों पर

سَلٰمٌ قَوْلًا مِّنْ رَّبٍّ رَّحِيمٍ ٥٨ وَامْتَازُوا الْيَوْمَ أَيُّهَا الْمُجْرِمُونَ ٥٩

59	मुज्रिमो (जमा)	ऐ	आज	और अलग हो जाओ तुम	58	मेहरबान परवरदिगार	से	फ़रमाया जाएगा	सलाम

أَلَمْ أَعْهَدْ إِلَيْكُمْ يٰبَنِيٓ اٰدَمَ أَنْ لَّا تَعْبُدُوا الشَّيْطٰنَ إِنَّهُ لَكُمْ عَدُوٌّ

दुश्मन	तुम्हारा	बेशक वह	शैतान	परस्तिश न करना	ऐ औलादे आदम	तुम्हारी तरफ़	क्या मैं ने हुक्म नहीं भेजा था

وقف غفران

مُّبِينٌ ٦٠ وَّأَنِ اعْبُدُونِي هٰذَا صِرَاطٌ مُّسْتَقِيمٌ ٦١ وَلَقَدْ أَضَلَّ

और तहक़ीक़ गुमराह कर दिया	61	सीधा	रास्ता	यही	और यह कि तुम मेरी इबादत करना	60	खुला

مِنْكُمْ جِبِلًّا كَثِيرًا أَفَلَمْ تَكُونُوا تَعْقِلُونَ ٦٢ هٰذِهِ جَهَنَّمُ الَّتِي

वह जिस का	जहन्नम	यह है	62	सो क्या तुम अक़्ल से काम नहीं लेते?	बहुत सी	मख़्लूक़	तुम में से

كُنْتُمْ تُوعَدُونَ ٦٣ اِصْلَوْهَا الْيَوْمَ بِمَا كُنْتُمْ تَكْفُرُونَ ٦٤ اَلْيَوْمَ

आज	64	तुम कुफ़्र करते थे	उस के बदले जो	आज	उस में दाख़िल हो जाओ	63	तुम से वादा किया गया था

نَخْتِمُ عَلٰى أَفْوَاهِهِمْ وَتُكَلِّمُنَا أَيْدِيهِمْ وَتَشْهَدُ أَرْجُلُهُمْ بِمَا كَانُوا

वह थे	उस की जो	उन के पाऊँ	और गवाही देंगे	उन के हाथ	और हम से बोलेंगे	उन के मुँह	पर	हम मुहर लगा देंगे

يَكْسِبُونَ ٦٥ وَلَوْ نَشَآءُ لَطَمَسْنَا عَلٰى أَعْيُنِهِمْ فَاسْتَبَقُوا الصِّرَاطَ فَأَنّٰى

तो कहां	रास्ता	फिर वह सबक़त करें	उन की आँखें	पर	तो मिटा दें (मिलयामेट करदें)	और अगर हम चाहें	65	कमाते (करते थे)

يُبْصِرُونَ ٦٦ وَلَوْ نَشَآءُ لَمَسَخْنٰهُمْ عَلٰى مَكَانَتِهِمْ فَمَا اسْتَطَاعُوا

फिर न कर सेकें	उन की जगहें	पर-में	हम मस्ख़ कर दें उन्हें	और अगर हम चाहें	66	वह देख सकेंगे

ع ١٧ ٣

مُضِيًّا وَّلَا يَرْجِعُونَ ٦٧ وَمَنْ نُّعَمِّرْهُ نُنَكِّسْهُ فِي الْخَلْقِ

ख़ल्क़त (पैदाइश) में	औन्धा कर देते हैं	हम उम्र दराज़ कर देते हैं	और जिस	67	और न वह लौटें	चलना

أَفَلَا يَعْقِلُونَ ٦٨ وَمَا عَلَّمْنٰهُ الشِّعْرَ وَمَا يَنْبَغِي لَهُ إِنْ هُوَ إِلَّا ذِكْرٌ

नसीहत	मगर	वह (यह)	नहीं	उस के लिए	और नहीं शायान	शेर	और हम ने नहीं सिखाया उस को	68	तो क्या वह समझते नहीं?

وَّقُرْاٰنٌ مُّبِينٌ ٦٩ لِّيُنْذِرَ مَنْ كَانَ حَيًّا وَّيَحِقَّ الْقَوْلُ عَلَى الْكٰفِرِينَ ٧٠

70	काफ़िर (जमा)	पर	बात (हुज्जत)	और साबित हो जाए	ज़िन्दा	हो	जो	ताकि (आप स) डराएं	69	और क़ुरआन वाज़ेह

(यह) न होगी मगर एक चिंघाड़, पस यकायक वह सब हमारे सामने हाज़िर किए जाएंगे। (53)
पस आज ज़ुल्म न किया जाएगा किसी शख़्स पर कुछ (भी) और जो तुम करते थे पस उसी का बदला पाओगे। (54)
बेशक आज अहले जन्नत एक शुग्ल में ख़ुश होते होंगे। (55)
वह और उन की बीवियां सायों में तख़्तों पर तकिया लगाए हुए (बैठे) होंगे। (56)
उन के लिए उस (जन्नत) में हर क़िस्म का मेवा और उन के लिए जो वह चाहेंगे (मौजूद होगा)। (57)
मेहरबान परवरदिगार की तरफ़ से सलाम फ़रमाया जाएगा। (58)
और ऐ मुज्रिमो! तुम आज अलग हो जाओ। (59)
क्या मैं ने तुम्हारी तरफ़ हुक्म नहीं भेजा था ऐ औलादे आदम! कि तुम परस्तिश न करना शैतान की, बेशक वह तुम्हारा खुला दुश्मन है। (60)
और यह कि तुम मेरी इबादत करना, यही सीधा रास्ता है। (61)
और उस ने तुम में से बहुत लोगों को गुमराह कर दिया, सो किया तुम अक़्ल से काम नहीं लेते थे? (62)
यह है वह जहन्नम जिस का तुम से वादा किया गया था। (63)
तुम जो कुफ़्र करते थे उस के बदले आज इस में दाख़िल हो जाओ। (64)
आज हम उन के मुँह पर मुहर लगा देंगे, और हम से उन के हाथ बोलेंगे और उन के पाऊँ गवाही देंगे जो वह करते थे। (65)
और अगर हम चाहें तो उन की आँखें मिलयामेट कर दें, फिर वह रास्ते की तरफ़ सबक़त करें (दौड़ें) तो कहां देख सकेंगे? (66)
और अगर हम चाहें तो उन्हें उन की जगहों पर मस्ख़ कर दें, फिर वह न चल सकेंगे और न लौट सकेंगे। (67)
और हम जिस की उम्र दराज़ करते हैं उसे पैदाइश में औन्धा कर देते हैं तो क्या वह समझते नहीं? (68)
और हम ने उस (आप स) को शेर नहीं सिखाया और यह आप (स) के शायान नहीं है, यह नहीं मगर (किताबे) नसीहत और वाज़ेह क़ुरआन। (69)
ताकि आप (स) (उस को) डराएं जो ज़िन्दा हो और काफ़िरों पर हुज्जत साबित हो जाए। (70)

اَوَلَمۡ يَرَوۡا اَنَّا خَلَقۡنَا لَهُمۡ مِّمَّا عَمِلَتۡ اَيۡدِيۡنَاۤ اَنۡعَامًا فَهُمۡ لَهَا مٰلِكُوۡنَ ﴿۷۱﴾

71	मालिक हैं	उन के	पस वह	चौपाए	बनाया अपने हाथों (कुदरत) से	उस से जो	उन के लिए	हम ने पैदा किया	या क्या वह नहीं देखते?

وَذَلَّلۡنٰهَا لَهُمۡ فَمِنۡهَا رَكُوۡبُهُمۡ وَمِنۡهَا يَاۡكُلُوۡنَ ﴿۷۲﴾ وَلَهُمۡ فِيۡهَا مَنَافِعُ

फ़ाइदे	उन में	और उन के लिए	72	वह खाते हैं	और उन से	उन की सवारी	पस उन से	उन के लिए	और हम ने फ़रमांबरदार किया उन्हें

وَمَشَارِبُ ؕ اَفَلَا يَشۡكُرُوۡنَ ﴿۷۳﴾ وَاتَّخَذُوۡا مِنۡ دُوۡنِ اللّٰهِ اٰلِهَةً لَّعَلَّهُمۡ

शायद वह	और माबूद	अल्लाह के सिवा	और उन्हों ने बना लिए	73	क्या फिर वह शुक्र नहीं करते?	और पीने की चीज़ें

يُنۡصَرُوۡنَ ﴿۷۴﴾ؕ لَا يَسۡتَطِيۡعُوۡنَ نَصۡرَهُمۡ وَهُمۡ لَهُمۡ جُنۡدٌ مُّحۡضَرُوۡنَ ﴿۷۵﴾

75	हाज़िर किए जाएंगे	लशकर	उन के लिए	और वह	उन की मदद	वह नहीं कर सकते	74	मदद किए जाएं

فَلَا يَحۡزُنۡكَ قَوۡلُهُمۡ ۘ اِنَّا نَعۡلَمُ مَا يُسِرُّوۡنَ وَمَا يُعۡلِنُوۡنَ ﴿۷۶﴾ اَوَلَمۡ يَرَ الۡاِنۡسَانُ

इन्सान	क्या नहीं देखा	76	वह ज़ाहिर करते हैं	और जो	जो वह छुपाते हैं	बेशक हम जानते हैं	उन की बात	पस आप (स) को मग़मूम न करे

اَنَّا خَلَقۡنٰهُ مِنۡ نُّطۡفَةٍ فَاِذَا هُوَ خَصِيۡمٌ مُّبِيۡنٌ ﴿۷۷﴾ وَضَرَبَ لَنَا مَثَلًا

एक मिसाल	हमारे लिए	और उस ने बयान की	77	खुला	झगड़ालू	वह	फिर नागहां	नुत्फ़े से	कि हम ने पैदा किया उस को

وَّنَسِيَ خَلۡقَهٗ ؕ قَالَ مَنۡ يُّحۡيِ الۡعِظَامَ وَهِيَ رَمِيۡمٌ ﴿۷۸﴾ قُلۡ يُحۡيِيۡهَا الَّذِيۡۤ

वह जिस ने	उसे ज़िन्दा करेगा	फ़रमा दें	78	गल गई	जब कि वह	हड्डियां	कौन ज़िन्दा करेगा	कहने लगा	अपनी पैदाइश	और भूल गया

اَنۡشَاَهَاۤ اَوَّلَ مَرَّةٍ ؕ وَهُوَ بِكُلِّ خَلۡقٍ عَلِيۡمُ ﴿۷۹﴾ۙ الَّذِيۡ جَعَلَ لَكُمۡ مِّنَ

से	तुम्हारे लिए	पैदा किया	जिस ने	79	जानने वाला	पैदा करना	हर तरह	और वह	पहली बार	उसे पैदा किया

الشَّجَرِ الۡاَخۡضَرِ نَارًا فَاِذَاۤ اَنۡتُمۡ مِّنۡهُ تُوۡقِدُوۡنَ ﴿۸۰﴾ اَوَلَيۡسَ الَّذِيۡ

वह जिस ने	क्या नहीं	80	सुलगाते हो	उस से	तुम	पस अब	आग	सब्ज़	दरख़्त

خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالۡاَرۡضَ بِقٰدِرٍ عَلٰۤى اَنۡ يَّخۡلُقَ مِثۡلَهُمۡ ؕ بَلٰى ۚ وَهُوَ

और वह	हाँ	उन जैसा	वह पैदा करे	कि	पर	क़ादिर	और ज़मीन	आस्मानों	पैदा किया

الۡخَلّٰقُ الۡعَلِيۡمُ ﴿۸۱﴾ اِنَّمَاۤ اَمۡرُهٗۤ اِذَاۤ اَرَادَ شَيۡـًٔا اَنۡ يَّقُوۡلَ لَهٗ كُنۡ فَيَكُوۡنُ ﴿۸۲﴾

82	तो वह हो जाती है	हो जा	उस को	वह कहता है	कि	वह इरादा करे किसी शै का	जब	उस का काम	इस के सिवा नहीं	81	दाना	बड़ा पैदा करने वाला

فَسُبۡحٰنَ الَّذِيۡ بِيَدِهٖ مَلَكُوۡتُ كُلِّ شَيۡءٍ وَّاِلَيۡهِ تُرۡجَعُوۡنَ ﴿۸۳﴾

83	तुम लौट कर जाओगे	और उसी की तरफ़	हर शै	बादशाहत	उस के हाथ में	वह जिस	सो पाक है

وقف لازم — وقف غفران ۱۲ — ع ۱۶

اٰيَاتُهَا ۱۸۲ ❀ سُوۡرَةُ الصّٰٓفّٰتِ (۳۷) ❀ رُكُوۡعَاتُهَا ۵

आयात 182 — (37) सूरतुस साफ़्फ़ात — सफ़ बांधने वाले — रुकूआत 5

بِسۡمِ اللّٰهِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِيۡمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

وَالصّٰٓفّٰتِ صَفًّا ﴿۱﴾ فَالزّٰجِرٰتِ زَجۡرًا ﴿۲﴾ فَالتّٰلِيٰتِ ذِكۡرًا ﴿۳﴾

3	ज़िक्र (क़ुरआन)	फिर तिलावत करने वाले	2	झिड़क कर	फिर डांटने वाले	1	परा जमा कर	क़सम सफ़ बान्धने वाले

المنزل ٦

या क्या वह नहीं देखते कि हम ने जो (चीज़ें) अपनी कुदरत से बनाईं, उन से उन के लिए पैदा किए चौपाए, पस वह उन के मालिक हैं। (71) और हम ने उन (चौपायों) को उन के बस में कर दिया, पस उन में से (बाज़) उन की सवारी हैं और उन में से बाज़ को वह खाते हैं। (72) और उन में उन के लिए (बहुत से) फ़ाइदे और पीने की चीज़ें हैं, क्या फिर वह शुक्र नहीं करते? (73) और उन्हों ने बना लिए अल्लाह के सिवा और माबूद (इस ख़याले बातिल से कि) शायद वह मदद किए जाएंगे। (74) वह उन की मदद नहीं कर सकते और वह उन के लिए (मुजरिम) लशकर (की शक्ल में) हाज़िर किए जाएंगे। (75) पस आप (स) को उनकी बात मग़मूम न करे। बेशक हम जानते हैं जो वह छुपाते हैं और जो वह ज़ाहिर करते हैं। (76) क्या इन्सान ने नहीं देखा कि हम ने उस को नुत्फ़े से पैदा किया? और फिर नागहां वह हुआ झगड़ालू खुला। (77) और उस ने हमारे लिए एक मिसाल बयान की और अपनी पैदाइश को भूल गया, कहने लगा कौन हड्डियों को ज़िन्दा करेगा? जब कि वह गल गईं होंगी। (78) आप (स) फ़रमा दें: उसे वह ज़िन्दा करेगा जिस ने उसे पहली बार पैदा किया, और वह हर तरह से पैदा करना जानता है। (79) जिस ने तुम्हारे लिए सब्ज़ दरख़्त से आग पैदा की, पस अब तुम उस (आग) से सुलगाते हो। (80) वह जिस ने आस्मानों और ज़मीन को पैदा किया, क्या वह इस पर क़ादिर नहीं कि उन जैसों को पैदा करे, हाँ (क्यों नहीं)! वह बड़ा पैदा करने वाला दाना है। (81) उस का काम उस के सिवा नहीं कि वह किसी शै का इरादा करता है तो वह उस को कहता है "हो जा" तो वह हो जाती है। (82) सो पाक है वह (ज़ाते वाहिद) जिस के हाथ में हर शै की बादशाहत है, और उसी की तरफ़ तुम लौट कर जाओगे। (83)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

क़सम है परा जमा कर सफ़ बान्धने वाले (फ़रिश्तों) की। (1) फिर झिड़क कर डांटने वालों की। (2) फिर क़ुरआन तिलावत करने वालों की। (3)

اِنَّ اِلٰهَكُمْ لَوَاحِدٌ ﴿٤﴾ رَبُّ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا وَرَبُّ

और रब	और जो उन के दरमियान	और ज़मीन	आस्मानों	रब	4	अलबत्ता एक	तुम्हारा माबूद	बेशक

الْمَشَارِقِ ﴿٥﴾ اِنَّا زَيَّنَّا السَّمَآءَ الدُّنْيَا بِزِيْنَةِ ِۨالْكَوَاكِبِ ﴿٦﴾ وَحِفْظًا

और महफ़ूज़ किया	6	सितारे	ज़ीनत से	आस्माने दुनिया	बेशक हम ने मुज़ैयन किया	5	मश्रिक़ों

مِّنْ كُلِّ شَيْطٰنٍ مَّارِدٍ ﴿٧﴾ لَا يَسَّمَّعُوْنَ اِلَى الْمَلَاِ الْاَعْلٰى وَيُقْذَفُوْنَ

और मारे जाते हैं	मलाए आला	तरफ़	कान नहीं लगा सकते	7	सरकश	हर शैतान	से

مِنْ كُلِّ جَانِبٍ ﴿٨﴾ دُحُوْرًا وَّلَهُمْ عَذَابٌ وَّاصِبٌ ﴿٩﴾ اِلَّا مَنْ خَطِفَ

ले भागा	जो	सिवाए	9	अ़ज़ाबे दाइमी	और उन के लिए	भगाने को	8	हर तरफ़	से

الْخَطْفَةَ فَاَتْبَعَهٗ شِهَابٌ ثَاقِبٌ ﴿١٠﴾ فَاسْتَفْتِهِمْ اَهُمْ اَشَدُّ خَلْقًا اَمْ

या	ज़ियादा मुश्किल पैदा करना	क्या उन	पस उन से पूछें	10	एक अंगारा दहकता हुआ	तो उस के पीछे लगा	उचक कर

مَّنْ خَلَقْنَا ؕ اِنَّا خَلَقْنٰهُمْ مِّنْ طِيْنٍ لَّازِبٍ ﴿١١﴾ بَلْ عَجِبْتَ وَيَسْخَرُوْنَ ﴿١٢﴾

12	और वह मज़ाक़ उड़ाते हैं	आप (स) ने तअ़ज्जुब किया	बल्कि	11	मिट्टी चिपकती हुई	से	बेशक हम ने पैदा किया उन्हें	हम ने पैदा किया	जो

وَاِذَا ذُكِّرُوْا لَا يَذْكُرُوْنَ ﴿١٣﴾ وَاِذَا رَاَوْا اٰيَةً يَّسْتَسْخِرُوْنَ ﴿١٤﴾ وَقَالُوْٓا اِنْ

नहीं	और उन्हों ने कहा	14	वह हँसी में उड़ा देते हैं	वह देखते हैं कोई निशानी	और जब	13	वह नसीहत क़ुबूल नहीं करते	नसीहत की जाए	और जब

هٰذَآ اِلَّا سِحْرٌ مُّبِيْنٌ ﴿١٥﴾ ءَاِذَا مِتْنَا وَكُنَّا تُرَابًا وَّعِظَامًا ءَاِنَّا لَمَبْعُوْثُوْنَ ﴿١٦﴾

16	फिर उठाए जाएंगे	क्या हम	और हड्डियां	मिट्टी	और हम हो गए	हम मर गए	क्या जब	15	जादू खुला	मगर-सिर्फ़	यह

اَوَ اٰبَآؤُنَا الْاَوَّلُوْنَ ﴿١٧﴾ قُلْ نَعَمْ وَاَنْتُمْ دٰخِرُوْنَ ﴿١٨﴾ فَاِنَّمَا هِيَ زَجْرَةٌ

ललकार	पस इस के सिवा नहीं वह	18	ज़लील ओ ख़्वार	और तुम	हाँ	फ़रमा दें	17	हमारे बाप दादा पहले	क्या

وَّاحِدَةٌ فَاِذَا هُمْ يَنْظُرُوْنَ ﴿١٩﴾ وَقَالُوْا يٰوَيْلَنَا هٰذَا يَوْمُ الدِّيْنِ ﴿٢٠﴾ هٰذَا

यह	20	बदले का दिन	यह	हाए हमारी ख़राबी	और वह कहेंगे	19	देखने लगेंगे	वह	पस नागहां	एक

ع ٢١ ٥ يَوْمُ الْفَصْلِ الَّذِيْ كُنْتُمْ بِهٖ تُكَذِّبُوْنَ ﴿٢١﴾ اُحْشُرُوا الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا

वह जिन्हों ने ज़ुल्म किया (ज़ालिम)	तुम जमा करो	21	झुटलाते	उस को	तुम थे	वह जिस	फ़ैसले का दिन

وَاَزْوَاجَهُمْ وَمَا كَانُوْا يَعْبُدُوْنَ ﴿٢٢﴾ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ فَاهْدُوْهُمْ اِلٰى صِرَاطِ

रास्ता	तरफ़	पस तुम उन को दिखाओ	अल्लाह के सिवा	22	वह परस्तिश करते थे	और जिस	और उन के जोड़े (साथी)

الربع الْجَحِيْمِ ﴿٢٣﴾ وَقِفُوْهُمْ اِنَّهُمْ مَّسْـُٔوْلُوْنَ ﴿٢٤﴾ مَا لَكُمْ لَا تَنَاصَرُوْنَ ﴿٢٥﴾

25	तुम एक दूसरे की मदद नहीं करते	क्या हुआ तुम्हें	24	उन से पुर्सिश होगी	बेशक वह	और ठहराओ उन को	23	जहन्नम

بَلْ هُمُ الْيَوْمَ مُسْتَسْلِمُوْنَ ﴿٢٦﴾ وَاَقْبَلَ بَعْضُهُمْ عَلٰى بَعْضٍ يَّتَسَآءَلُوْنَ ﴿٢٧﴾

27	बाहम सवाल करते हुए	बाज़ पर दूसरे की तरफ़	उन में से बाज़ (एक)	और रुख़ करेगा	26	सर झुकाए फ़रमांबरदार	आज	बल्कि वह

قَالُوْٓا اِنَّكُمْ كُنْتُمْ تَاْتُوْنَنَا عَنِ الْيَمِيْنِ ﴿٢٨﴾ قَالُوْا بَلْ لَّمْ تَكُوْنُوْا مُؤْمِنِيْنَ ﴿٢٩﴾

29	ईमान लाने वाले	तुम न थे	बल्कि	वह कहेंगे	28	दाएं तरफ़ से	तुम हम पर आए थे	बेशक तुम	वह कहेंगे

बेशक तुम्हारा माबूद एक ही है। (4) परवरदिगार है आस्मानों का और ज़मीन का और जो उन दोनों के दरमियान है, और परवरदिगार है मश्रिक़ों (मुक़ामाते तुलूअ़) का। (5) बेशक हम ने मुज़ैयन किया आस्माने दुनिया को सितारों की ज़ीनत से। (6) और हर सरकश शैतान से महफ़ूज़ किया। (7) और मलाए आला (ऊपर की मज्लिस) की तरफ़ कान नहीं लगा सकते, हर तरफ़ से (अंगारे) मारे जाते हैं। (8) भगाने को और उन के लिए दाइमी अ़ज़ाब है। (9) सिवाए उस के जो उचक कर ले भागा तो उस के पीछे एक दहकता हुआ अंगारा लगा। (10) पस आप (स) उन से पूछें: क्या उन का पैदा करना ज़ियादा मुश्किल है या जो (मख़्लूक़) हम ने पैदा की? बेशक हम ने उन्हें चिपकती हुई मिट्टी (गारे) से पैदा किया। (11) बल्कि आप ने (उन की हालत पर) तअ़ज्जुब किया और वह मज़ाक़ उड़ाते हैं। (12) और जब उन्हें नसीहत की जाए तो वह नसीहत क़ुबूल नहीं करते। (13) और जब कोई निशानी देखते हैं तो वह हँसी में उड़ा देते हैं। (14) और उन्हों ने कहा यह तो सिर्फ़ खुला जादू है। (15) क्या जब हम मर गए और हम मिट्टी और हड्डियां हो गए? क्या हम फिर उठाए जाएंगे? (16) क्या हमारे पहले बाप दादा (भी)? (17) आप (स) फ़रमा दें हाँ! और तुम ज़लील ओ ख़्वार होगे। (18) पस इस के सिवा नहीं कि वह एक ललकार होगी, पस नागहां वह देखने लगेंगे। (19) और वह कहेंगे, हाए हमारी ख़राबी! यह बदले का दिन है। (20) यह फ़ैसले का दिन है, वह जिस को तुम झुटलाते थे। (21) तुम जमा करो ज़ालिमों और उन के साथियों को और जिस की वह परस्तिश करते थे। (22) अल्लाह के सिवाए। पस तुम उन को जहन्नम का रास्ता दिखाओ। (23) और उन को ठहराओ, बेशक उन से पुर्सिश होगी। (24) तुम्हें क्या हुआ? तुम एक दूसरे की मदद नहीं करते। (25) बल्कि वह आज सर झुकाए फ़रमांबरदार (अपने आप को पकड़वाते) हैं। (26) और उन में से एक दूसरे की तरफ़ बाहम सवाल करते हुए रुख़ करेगा। (27) वह कहेंगे बेशक तुम हम पर दाएं तरफ़ से (बड़े ज़ोर से) आते थे। (28) वह कहेंगे (नहीं) बल्कि तुम ईमान लाने वाले न थे। (29)

وَمَا كَانَ لَنَا عَلَيْكُمْ مِّنْ سُلْطٰنٍ ۚ بَلْ كُنْتُمْ قَوْمًا طٰغِيْنَ ﴿٣٠﴾ فَحَقَّ عَلَيْنَا

हम पर	पस साबित हो गई	30	सरकश	एक क़ौम	तुम थे	बल्कि	कोई ज़ोर	तुम पर	हमारा	था	और न

قَوْلُ رَبِّنَآ ۖ اِنَّا لَذَآئِقُوْنَ ﴿٣١﴾ فَاَغْوَيْنٰكُمْ اِنَّا كُنَّا غٰوِيْنَ ﴿٣٢﴾ فَاِنَّهُمْ

पस बेशक वह	32	गुमराह	बेशक हम थे	पस हम ने बहकाया तुम्हें	31	अलबत्ता चखने वाले	बेशक हम	हमारा रब	बात

يَوْمَئِذٍ فِى الْعَذَابِ مُشْتَرِكُوْنَ ﴿٣٣﴾ اِنَّا كَذٰلِكَ نَفْعَلُ بِالْمُجْرِمِيْنَ ﴿٣٤﴾

34	मुजरिमों के साथ	करते हैं	इसी तरह	बेशक हम	33	मुश्तरिक (शरीक)	अज़ाब में	उस दिन

اِنَّهُمْ كَانُوْٓا اِذَا قِيْلَ لَهُمْ لَآ اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ يَسْتَكْبِرُوْنَ ﴿٣٥﴾ وَيَقُوْلُوْنَ

और वह कहते हैं	35	वह तकब्बुर करते थे	अल्लाह के सिवा	नहीं कोई माबूद	उन को	कहा जाता	जब	वह थे	बेशक वह

اَئِنَّا لَتَارِكُوْٓا اٰلِهَتِنَا لِشَاعِرٍ مَّجْنُوْنٍ ﴿٣٦﴾ بَلْ جَآءَ بِالْحَقِّ وَصَدَّقَ

और तस्दीक़ की	हक़ के साथ	वह आए	बल्कि	36	दीवाना	एक शायर की ख़ातिर	अपने माबूद	छोड़ देने वाले	क्या हम

الْمُرْسَلِيْنَ ﴿٣٧﴾ اِنَّكُمْ لَذَآئِقُوا الْعَذَابِ الْاَلِيْمِ ﴿٣٨﴾ وَمَا تُجْزَوْنَ اِلَّا مَا

मगर जो	और तुम्हें बदला न दिया जाएगा	38	दर्दनाक	अज़ाब	ज़रूर चखने वाले	बेशक तुम	37	रसूलों की

كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿٣٩﴾ اِلَّا عِبَادَ اللّٰهِ الْمُخْلَصِيْنَ ﴿٤٠﴾ اُولٰٓئِكَ لَهُمْ

उन के लिए	यही लोग	40	ख़ास किए हुए	अल्लाह के बन्दे	मगर	39	तुम करते थे

رِزْقٌ مَّعْلُوْمٌ ﴿٤١﴾ فَوَاكِهُ ۚ وَهُمْ مُّكْرَمُوْنَ ﴿٤٢﴾ فِىْ جَنّٰتِ النَّعِيْمِ ﴿٤٣﴾ عَلٰى

पर	43	नेमत के बाग़ात	में	42	एज़ाज़ वाले होंगे	और वह	मेवे	41	रिज़्क़ मालूम

سُرُرٍ مُّتَقٰبِلِيْنَ ﴿٤٤﴾ يُطَافُ عَلَيْهِمْ بِكَاْسٍ مِّنْ مَّعِيْنٍ ﴿٤٥﴾ بَيْضَآءَ لَذَّةٍ

लज़्ज़त	सफ़ेद	45	बहता हुआ शराब	से-का	जाम	उन पर-उन के आगे	दौरा होगा	44	तख़्त आमने सामने (जमा)

لِّلشّٰرِبِيْنَ ﴿٤٦﴾ لَا فِيْهَا غَوْلٌ وَّلَا هُمْ عَنْهَا يُنْزَفُوْنَ ﴿٤٧﴾ وَعِنْدَهُمْ

और उन के पास	47	बहकी बातें करेंगे	उस से	और न वह	ख़राबी (दर्द सर)	न उस में	46	पीने वालों के लिए

قٰصِرٰتُ الطَّرْفِ عِيْنٌ ﴿٤٨﴾ كَاَنَّهُنَّ بَيْضٌ مَّكْنُوْنٌ ﴿٤٩﴾ فَاَقْبَلَ بَعْضُهُمْ

उन में से बाज़ (एक)	पस रुख़ करेगा	49	पोशीदा रखे हुए	अंडे	गोया वह	48	बड़ी आँखों वालियां	नीची निगाहों वालियां

عَلٰى بَعْضٍ يَّتَسَآءَلُوْنَ ﴿٥٠﴾ قَالَ قَآئِلٌ مِّنْهُمْ اِنِّىْ كَانَ لِىْ قَرِيْنٌ ﴿٥١﴾

51	एक हमनशीन	मेरा	था	बेशक मैं	उन में से	एक कहने वाला	कहेगा	50	बाहम सवाल करते हुए	बाज़ पर (दूसरे की तरफ़)

يَّقُوْلُ ءَاِنَّكَ لَمِنَ الْمُصَدِّقِيْنَ ﴿٥٢﴾ ءَاِذَا مِتْنَا وَكُنَّا تُرَابًا وَّعِظَامًا

और हड्डियां	मिट्टी	और हो गए	हम मर गए	क्या जब	52	सच्चे जानने वाले	से	क्या तू	वह कहता था

ءَاِنَّا لَمَدِيْنُوْنَ ﴿٥٣﴾ قَالَ هَلْ اَنْتُمْ مُّطَّلِعُوْنَ ﴿٥٤﴾ فَاطَّلَعَ

तो वह झांकेगा	54	झांकने वाले हो	तुम	क्या	वह कहने लगा	53	अलबत्ता बदला दिए जाएंगे	क्या हम

فَرَاٰهُ فِىْ سَوَآءِ الْجَحِيْمِ ﴿٥٥﴾ قَالَ تَاللّٰهِ اِنْ كِدْتَّ لَتُرْدِيْنِ ﴿٥٦﴾

56	कि तू मुझे हलाक कर डाले	तो क़रीब था	अल्लाह की क़सम	वह कहेगा	55	दोज़ख़	दरमियान	में	तो उसे देखेगा

और हमारा तुम पर कोई ज़ोर न था, बल्कि तुम एक सरकश क़ौम थे। (30)
पस हम पर हमारे रब की बात साबित हो गई, बेशक हम अलबत्ता (मज़ा) चखने वाले हैं। (31)
पस हम ने तुम्हें बहकाया, बेशक हम (खुद) गुमराह थे। (32)
पस बेशक वह उस दिन अज़ाब में (भी) शरीक रहेंगे। (33)
बेशक हम इसी तरह करते हैं मुजरिमों के साथ। (34)
बेशक जब उन से कहा जाता था कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं (तो) वह तकब्बुर करते थे। (35)
और वह कहते हैं: क्या हम अपने माबूदों को छोड़ दें? एक शायर दीवाने की ख़ातिर। (36)
बल्कि वह (स) हक़ के साथ आए हैं और वह (स) तस्दीक़ करते हैं रसूलों की। (37)
बेशक तुम दर्दनाक अज़ाब ज़रूर चखने वाले हो। (38)
और तुम्हें बदला न दिया जाएगा मगर (उस के मुताबिक़) जो तुम करते थे। (39)
(हाँ) मगर अल्लाह के ख़ास किए हुए (चुने हुए) बन्दे। (40)
उन के लिए रिज़्क़ मालूम (मुक़र्रर) है। (41)
(यानी) मेवे, और वह एज़ाज़ वाले होंगे। (42)
नेमत के बाग़ात में। (43)
तख़्तों पर आमने सामने। (44)
दौरा होगा उन के आगे बहते हुए (साफ़) मशरूब के जाम का। (45)
सफ़ेद रंग का, पीने वालों के लिए लज़्ज़त (देने वाला)। (46)
न उस में दर्दसर होगा और न वह उस से बहकी बहकी बातें करेंगे। (47)
और उन के पास होंगी नीची निगाहों वालियां, बड़ी बड़ी आँखों वालियां। (48)
गोया वह अंडे हैं पोशीदा रखे हुए। (49)
फिर उन में से एक दूसरे की तरफ़ बाहम सवाल करते हुए रुख़ करेगा। (50)
उन में से एक कहने वाला कहेगा: बेशक (दुनिया में) मेरा एक हमनशीन था। (51)
वह कहा करता था क्या तू (क़ियामत को) सच मानने वालों में से है? (52)
क्या जब हम मर गए और हम हो गए मिट्टी और हड्डियां, क्या हमें बदला दिया जाएगा? (53)
वह कहेगा क्या तुम झांकने वाले हो (दोज़ख़ी को झाँक कर देख सकते हो?) (54)
तो वह झाँकेगा तो उसे देखेगा दोज़ख़ के दरमियान में। (55)
वह कहेगा अल्लाह की क़सम! क़रीब था कि तू मुझे हलाक कर डाले। (56)

وَلَوْ لَا نِعْمَةُ رَبِّيْ لَكُنْتُ مِنَ الْمُحْضَرِيْنَ ﴿٥٧﴾ اَفَمَا نَحْنُ

क्या पस नहीं हम	57	हाज़िर किए जाने वाले	से	तो मैं ज़रूर होता	मेरा रब	नेमत	और अगर न

بِمَيِّتِيْنَ ﴿٥٨﴾ اِلَّا مَوْتَتَنَا الْاُوْلٰى وَمَا نَحْنُ بِمُعَذَّبِيْنَ ﴿٥٩﴾ اِنَّ

बेशक	59	अ़ज़ाब दिए जाने वालों में से	हम	और नहीं	पहली	हमारी मौत	सिवाए	58	मरने वालों में से

هٰذَا لَهُوَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ﴿٦٠﴾ لِمِثْلِ هٰذَا فَلْيَعْمَلِ الْعٰمِلُوْنَ ﴿٦١﴾ اَذٰلِكَ

क्या यह	61	अ़मल करने वाले	पस चाहिए ज़रूर अ़मल करें	इस जैसी (नेमत) के लिए	60	कामयाबी अ़ज़ीम	अलबत्ता वह	यह

خَيْرٌ نُّزُلًا اَمْ شَجَرَةُ الزَّقُّوْمِ ﴿٦٢﴾ اِنَّا جَعَلْنٰهَا فِتْنَةً لِّلظّٰلِمِيْنَ ﴿٦٣﴾

63	ज़ालिमों के लिए	एक आज़माइश	हम ने उस को बनाया	बेशक हम	62	थोहर का दरख़्त	या	ज़ियाफ़त	बेहतर

اِنَّهَا شَجَرَةٌ تَخْرُجُ فِيْٓ اَصْلِ الْجَحِيْمِ ﴿٦٤﴾ طَلْعُهَا كَاَنَّهٗ رُءُوْسُ

सर (जमा)	गोया कि वह	उस का ख़ोशा	64	जहन्नम	जड़	में	वह निकलता है	एक दरख़्त	बेशक वह

الشَّيٰطِيْنِ ﴿٦٥﴾ فَاِنَّهُمْ لَاٰكِلُوْنَ مِنْهَا فَمَالِـُٔوْنَ مِنْهَا الْبُطُوْنَ ﴿٦٦﴾

66	पेट (जमा)	उस से	सो भरने वाले	उस से	खाने वाले हैं	पस बेशक वह	65	शैतानों

ثُمَّ اِنَّ لَهُمْ عَلَيْهَا لَشَوْبًا مِّنْ حَمِيْمٍ ﴿٦٧﴾ ثُمَّ اِنَّ مَرْجِعَهُمْ لَاِلَى

अलबत्ता तरफ़	उन की वापसी	बेशक	फिर	67	खौलता हुआ पानी	से	मिला मिला कर	उस पर	उन के लिए	बेशक	फिर

الْجَحِيْمِ ﴿٦٨﴾ اِنَّهُمْ اَلْفَوْا اٰبَآءَهُمْ ضَآلِّيْنَ ﴿٦٩﴾ فَهُمْ عَلٰٓى اٰثٰرِهِمْ

उन के नक़्शे क़दम पर	सो वह	69	गुमराह (जमा)	अपने बाप दादा	उन्हों ने पाया	बेशक वह	68	जहन्नम

يُهْرَعُوْنَ ﴿٧٠﴾ وَلَقَدْ ضَلَّ قَبْلَهُمْ اَكْثَرُ الْاَوَّلِيْنَ ﴿٧١﴾

71	अगलों में से अक्सर	उन से पहले	और तहक़ीक़ गुमराह हुए	70	दौड़ते जाते थे

وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا فِيْهِمْ مُّنْذِرِيْنَ ﴿٧٢﴾ فَانْظُرْ كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ

अन्जाम	हुआ	कैसा	सो देखें	72	डराने वाले	उन में	और तहक़ीक़ हम ने भेजे

ع ٢ ٥٣ ٦ الْمُنْذَرِيْنَ ﴿٧٣﴾ اِلَّا عِبَادَ اللّٰهِ الْمُخْلَصِيْنَ ﴿٧٤﴾ وَلَقَدْ نَادٰىنَا نُوْحٌ

नूह (अ)	और तहक़ीक़ हमें पुकारा	74	ख़ास किए हुए	अल्लाह के बन्दे	मगर	73	जिन्हें डराया गया

فَلَنِعْمَ الْمُجِيْبُوْنَ ﴿٧٥﴾ وَنَجَّيْنٰهُ وَاَهْلَهٗ مِنَ الْكَرْبِ الْعَظِيْمِ ﴿٧٦﴾

76	बड़ी	मुसीबत	से	और उस के घर वाले	और हम ने नजात दी उसे	75	दुआ क़ुबूल करने वाले	सो हम अलबत्ता खूब

وَجَعَلْنَا ذُرِّيَّتَهٗ هُمُ الْبَاقِيْنَ ﴿٧٧﴾ وَتَرَكْنَا عَلَيْهِ فِى الْاٰخِرِيْنَ ﴿٧٨﴾

78	बाद में आने वाले	में	उस पर-उस का	और हम ने छोड़ा	77	बाक़ी रहने वाली	वह	उस की औलाद	और हम ने किया

سَلٰمٌ عَلٰى نُوْحٍ فِى الْعٰلَمِيْنَ ﴿٧٩﴾ اِنَّا كَذٰلِكَ نَجْزِى الْمُحْسِنِيْنَ ﴿٨٠﴾

80	नेकोकारों	हम जज़ा देते हैं	इसी तरह	बेशक हम	79	सारे जहानों में	नूह (अ)	पर	सलाम हो

اِنَّهٗ مِنْ عِبَادِنَا الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٨١﴾ ثُمَّ اَغْرَقْنَا الْاٰخَرِيْنَ ﴿٨٢﴾

82	दूसरे	हम ने ग़र्क़ कर दिया	फिर	81	मोमिन (जमा)	हमारे बन्दे	से	बेशक वह

और अगर मेरे रब की नेमत न होती तो मैं ज़रूर (अ़ज़ाब के लिए) हाज़िर किए जाने वालों में से होता। (57)
तो क्या अब हम मरने वाले नहीं हैं? (58)
सिवाए हमारी पहली मौत (जिस से हम दो चार हो चुके) और न हम अ़ज़ाब दिए जाने वालों में से होंगे? (59)
बेशक यही है अ़ज़ीम कामयाबी। (60)
पस इस जैसी नेमत के लिए चाहिए कि ज़रूर अ़मल करें अ़मल करने वाले। (61)
क्या यह बेहतर ज़ियाफ़त है या थोहर का दरख़्त? (62)
बेशक हम ने उस को एक फ़ितना बनाया है ज़ालिमों के लिए। (63)
बेशक वह एक दरख़्त है जहन्नम की जड़ (गहराई) में निकलता है। (64)
उस का ख़ोशा, गोया कि वह शैतानों के सर (साँपों के फन) हैं। (65)
बेशक वह उस से खाएंगे, सो उस से पेट भरेंगे। (66)
फिर बेशक उस (खाने) पर उन के लिए खौलता हुआ पानी (पीप) मिला मिला कर (दिया जाएगा)। (67)
फिर उन की वापसी जहन्नम की तरफ़ होगी। (68)
बेशक उन्हों ने अपने बाप दादा को गुमराह पाया था। (69)
सो वह उन के नक़्शे क़दम पर दौड़ते जाते थे। (70)
और तहक़ीक़ उन से पहले गुमराह हुए थे (उन के) अगलों में से अक्सर। (71)
तहक़ीक़ हम ने उन में डराने वाले (रसूल) भेजे थे। (72)
सो आप (स) देखें कैसा हुआ उन का अन्जाम जिन्हें डराया गया था? (73)
मगर अल्लाह के ख़ास किए हुए बन्दे (बन्दगाने ख़ास का अन्जाम कितना अच्छा हुआ)। (74)
और तहक़ीक़ नूह (अ) ने हमें पुकारा, सो हम खूब दुआ क़ुबूल करने वाले हैं। (75)
और हम ने उसे और उस के घर वालों को बड़ी मुसीबत से नजात दी। (76)
और हम ने किया उस की औलाद को बाक़ी रहने वाली। (77)
और हम ने उस का (ज़िक्रे ख़ैर) बाद में आने वालों में छोड़ा। (78)
नूह (अ) पर सलाम हो सारे जहानों में। (79)
बेशक हम इसी तरह नेकोकारों को जज़ा देते हैं। (80)
बेशक वह हमारे मोमिन बन्दों में से थे। (81)
फिर हम ने दूसरों को ग़र्क़ कर दिया। (82)

وَاِنَّ مِنْ شِيْعَتِهٖ لَاِبْرٰهِيْمَ ﴿٨٣﴾ اِذْ جَآءَ رَبَّهٗ بِقَلْبٍ سَلِيْمٍ ﴿٨٤﴾

84	साफ़	दिल के साथ	अपना रब	जब वह आया	83	अलबत्ता इब्राहीम (अ)	उस के तरीक़े पर चलने वाले	से	और बेशक

اِذْ قَالَ لِاَبِيْهِ وَقَوْمِهٖ مَاذَا تَعْبُدُوْنَ ﴿٨٥﴾ اَئِفْكًا اٰلِهَةً دُوْنَ اللّٰهِ

अल्लाह के सिवा	माबूद	क्या झूट मूट के	85	तुम परस्तिश करते हो	किस चीज़	और अपनी क़ौम	अपने बाप को	जब उस ने कहा	

تُرِيْدُوْنَ ﴿٨٦﴾ فَمَا ظَنُّكُمْ بِرَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٨٧﴾ فَنَظَرَ نَظْرَةً فِى النُّجُوْمِ ﴿٨٨﴾

88	सितारे	में-को	एक नज़र	फिर उस ने देखा	87	तमाम जहानों	रब के बारे में	तुम्हारा गुमान	सो क्या	86	तुम चाहते हो

فَقَالَ اِنِّىْ سَقِيْمٌ ﴿٨٩﴾ فَتَوَلَّوْا عَنْهُ مُدْبِرِيْنَ ﴿٩٠﴾ فَرَاغَ اِلٰٓى اٰلِهَتِهِمْ

उन के माबूदों	तरफ़-में	फिर पोशीदा घुस गया	90	पीठ फेर कर	उस से	पस वह फिर गए	89	बीमार हूँ	बेशक मैं	तो उस ने कहा

فَقَالَ اَلَا تَاْكُلُوْنَ ﴿٩١﴾ مَا لَكُمْ لَا تَنْطِقُوْنَ ﴿٩٢﴾ فَرَاغَ عَلَيْهِمْ

उन पर	फिर जा पड़ा वह	92	तुम बोलते नहीं	क्या हुआ तुम्हें?	91	क्या तुम नहीं खाते	फिर कहने लगा

ضَرْبًا بِالْيَمِيْنِ ﴿٩٣﴾ فَاَقْبَلُوْٓا اِلَيْهِ يَزِفُّوْنَ ﴿٩٤﴾ قَالَ اَتَعْبُدُوْنَ

क्या तुम परस्तिश करते हो	उस ने फ़रमाया	94	दौड़ते हुए	उस की तरफ़	फिर वह मुतवज्जुह हुए	93	अपने दाएं हाथ (क़ुदरत) से	मारता हुआ	

مَا تَنْحِتُوْنَ ﴿٩٥﴾ وَاللّٰهُ خَلَقَكُمْ وَمَا تَعْمَلُوْنَ ﴿٩٦﴾ قَالُوا ابْنُوْا لَهٗ بُنْيَانًا

एक इमारत	उस के लिए	बनाओ	उन्हों ने कहा	96	तुम करते हो	और जो	उस ने पैदा किया तुम्हें	हालांकि अल्लाह	95	जो तुम तराशते हो

فَاَلْقُوْهُ فِى الْجَحِيْمِ ﴿٩٧﴾ فَاَرَادُوْا بِهٖ كَيْدًا فَجَعَلْنٰهُمُ الْاَسْفَلِيْنَ ﴿٩٨﴾

98	नीचा	तो हम ने कर दिया उन्हें	दाओ	उस पर	फिर उन्हों ने चाहा	97	आग में	फिर डाल दो उसे

وَقَالَ اِنِّىْ ذَاهِبٌ اِلٰى رَبِّىْ سَيَهْدِيْنِ ﴿٩٩﴾ رَبِّ هَبْ لِىْ مِنَ

से	मुझे अ़ता फ़रमा	ऐ मेरे रब	99	अ़नक़रीब वह मुझे राह दिखाएगा	अपने रब की तरफ़	जाने वाला हूँ	बेशक मैं	और उस (इब्राहीम) ने कहा

الصّٰلِحِيْنَ ﴿١٠٠﴾ فَبَشَّرْنٰهُ بِغُلٰمٍ حَلِيْمٍ ﴿١٠١﴾ فَلَمَّا بَلَغَ مَعَهُ السَّعْىَ

दौड़ने	उस के साथ	वह पहुँचा	फिर जब	101	बुर्दबार	एक लड़का	पस बशारत दी हम ने उसे	100	नेक सालेह (जमा)

قَالَ يٰبُنَىَّ اِنِّىْٓ اَرٰى فِى الْمَنَامِ اَنِّىْٓ اَذْبَحُكَ فَانْظُرْ مَاذَا تَرٰى

तेरी राए	क्या	अब तू देख	तुझे ज़ुबह कर रहा हूँ	कि मैं	ख़्वाब	में	बेशक मैं देखता हूँ	ए मेरे बेटे	उस ने कहा

قَالَ يٰٓاَبَتِ افْعَلْ مَا تُؤْمَرُ سَتَجِدُنِىْٓ اِنْ شَآءَ اللّٰهُ مِنَ

से	अल्लाह ने चाहा	अगर	आप जल्द ही मुझे पाएंगे	जो हुक्म आप को किया जाता है	आप करें	ऐ मेरे अब्बा जान	उस ने कहा	

الصّٰبِرِيْنَ ﴿١٠٢﴾ فَلَمَّآ اَسْلَمَا وَتَلَّهٗ لِلْجَبِيْنِ ﴿١٠٣﴾ وَنَادَيْنٰهُ اَنْ يّٰٓاِبْرٰهِيْمُ ﴿١٠٤﴾

104	ऐ इब्राहीम (अ)	कि	और हम ने उस को पुकारा	103	पेशानी के बल	(बाप ने बेटे को) लिटाया	दोनों ने हुक्मे (इलाही) मान लिया	पस जब	102	सब्र करने वाले

قَدْ صَدَّقْتَ الرُّءْيَا اِنَّا كَذٰلِكَ نَجْزِى الْمُحْسِنِيْنَ ﴿١٠٥﴾ اِنَّ هٰذَا

बेशक यह	105	नेकोकारों	हम जज़ा दिया करते हैं	बेशक हम इसी तरह	ख़्वाब	तहक़ीक़ तू ने सच कर दिखाया

لَهُوَ الْبَلٰٓؤُا الْمُبِيْنُ ﴿١٠٦﴾ وَفَدَيْنٰهُ بِذِبْحٍ عَظِيْمٍ ﴿١٠٧﴾

107	बड़ा	एक ज़बीहा	और हम ने उस का फ़िदया दिया	106	खुली	आज़माइश	अलबत्ता वह

وقف لازم

और बेशक इब्राहीम (अ) उसी के तरीक़े पर चलने वालों में से थे। (83)
जब वह अपने रब के पास आए साफ़ दिल के साथ। (84)
(याद करो) जब उस ने अपने बाप और अपनी क़ौम से कहाः तुम किस (वाहियात) चीज़ की परस्तिश करते हो? (85)
क्या तुम अल्लाह के सिवा झूट मूट के माबूद चाहते हो? (86)
सो तमाम जहानों के परवरदिगार के बारे में तुम्हारा क्या गुमान है? (87)
फिर उस ने सितारों को एक नज़र देखा। (88)
तो उस ने कहा बेशक मैं बीमार हूँ। (89)
पस वह लोग पीठ फेर कर उस से फिर गए। (90)
फिर वह उन के माबूदों में छुप कर घुस गया, फिर वह (बतौरे तमस्ख़र) कहने लगाः क्या तुम नहीं खाते? (91)
क्या हुआ तुम्हें? तमु बोलते नहीं? (92)
फिर वह पूरी क़ुव्वत से मारता हुआ उन पर जा पड़ा। (93)
फिर वह (बुत परस्त) मुतवज्जुह हुए उसकी तरफ़ दौड़ते हुए (आए)। (94)
उस ने फ़रमाया क्या तुम (उनकी) परस्तिश करते हो? जो तुम ख़ुद तराशते हो। (95)
हालांकि अल्लाह ने तुम्हें पैदा किया, और जो तुम करते (बनाते) हो। (96)
उन्हों ने (एक दूसरे को) कहाः उस के लिए एक इमारत (आतिश ख़ाना) बनाओ, फिर उसे आग में डाल दो। (97)
फिर उन्हों ने उस पर दाओ करना चाहा तो हम ने उन्हें ज़ेर कर दिया। (98)
और इब्राहीम (अ) ने कहाः मैं अपने रब की तरफ़ जाने वाला हूँ, अ़नक़रीब वह मुझे राह दिखाएगा। (99)
ऐ मेरे रब! मुझे अ़ता फ़रमा (नेक औलाद) सालेहीन में से। (100)
पस हम ने उसे एक बुर्दबार लड़के की बशारत दी। (101)
फिर जब वह उस के साथ दौड़ने (की उम्र को) पहुँचा तो इब्राहीम (अ) ने कहा कि ऐ मेरे बेटे! बेशक मैं ख़्वाब में देखता हूँ कि मैं तुझे ज़ुबह कर रहा हूँ। अब तू देख कि तेरी क्या राए है? उस ने कहा ऐ मेरे अब्बाजान! आप को जो हुक्म किया जाता है वह करें, आप मुझे जल्द ही पाएंगे इंशाअल्लाह (अगर अल्लाह ने चाहा) सब्र करने वालों में से। (102)
पस जब दोनों ने हुक्मे इलाही को मान लिया, बाप ने बेटे को पेशानी के बल लिटाया। (103)
और हम ने उस को पुकारा कि ऐ इब्राहीम (अ)! (104)
तहक़ीक़ तू ने ख़्वाब को सच कर दिखाया, बेशक हम नेकोकारों को इसी तरह जज़ा दिया करते हैं। (105)
बेशक यह खुली आज़माइश (बड़ा इम्तिहान था)। (106)
और हम ने एक बड़ा ज़बीहा (क़ुरबानी को) उस का फ़िदया दिया। (107)

وَتَرَكْنَا عَلَيْهِ فِي الْاٰخِرِيْنَ ﴿١٠٨﴾ سَلٰمٌ عَلٰٓى اِبْرٰهِيْمَ ﴿١٠٩﴾ كَذٰلِكَ

इसी तरह	109	इब्राहीम (अ)	पर	सलाम	108	बाद में आने वालों में	उस पर (उस का ज़िक्रे ख़ैर)	और हम ने बाक़ी रखा

نَجْزِي الْمُحْسِنِيْنَ ﴿١١٠﴾ اِنَّهٗ مِنْ عِبَادِنَا الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١١١﴾ وَبَشَّرْنٰهُ

और हम ने उसे बशारत दी	111	मोमिनीन	हमारे बन्दे	से	बेशक वह	110	नेकोकारों	हम जज़ा दिया करते हैं

بِاِسْحٰقَ نَبِيًّا مِّنَ الصّٰلِحِيْنَ ﴿١١٢﴾ وَبٰرَكْنَا عَلَيْهِ وَعَلٰٓى اِسْحٰقَ ؕ

इस्हाक़ (अ)	और पर	उस पर-उस को	और हम ने बरकत नाज़िल की	112	सालेहीन	से	एक नबी	इस्हाक़ (अ) की

ع ٣ ٣٩ ٧ وَمِنْ ذُرِّيَّتِهِمَا مُحْسِنٌ وَّظَالِمٌ لِّنَفْسِهٖ مُبِيْنٌ ﴿١١٣﴾ وَلَقَدْ مَنَنَّا

और हम ने एहसान किया	और तहक़ीक़ अलबत्ता	113	सरीह	अपनी जान पर	और ज़ुल्म करने वाला	नेकोकार	उन दोनों की औलाद	और से-में

عَلٰى مُوْسٰى وَهٰرُوْنَ ﴿١١٤﴾ وَنَجَّيْنٰهُمَا وَقَوْمَهُمَا مِنَ الْكَرْبِ الْعَظِيْمِ ﴿١١٥﴾

115	बड़ा	ग़म	से	और उन की क़ौम	और उन दोनों को नजात दी	114	और हारून (अ)	मूसा (अ) पर

وَنَصَرْنٰهُمْ فَكَانُوْا هُمُ الْغٰلِبِيْنَ ﴿١١٦﴾ وَاٰتَيْنٰهُمَا الْكِتٰبَ الْمُسْتَبِيْنَ ﴿١١٧﴾

117	वाज़ेह	किताब	और हम ने उन दोनों को दी	116	ग़ालिब (जमा)	वही	तो वह रहे	और हम ने मदद की उन की

وَهَدَيْنٰهُمَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ ﴿١١٨﴾ وَتَرَكْنَا عَلَيْهِمَا

उन दोनों पर (उन का ज़िक्रे ख़ैर)	और हम ने बाक़ी रखा	118	सीधा	रास्ता	और हम ने उन दोनों को हिदायत दी

فِي الْاٰخِرِيْنَ ﴿١١٩﴾ سَلٰمٌ عَلٰى مُوْسٰى وَهٰرُوْنَ ﴿١٢٠﴾ اِنَّا كَذٰلِكَ نَجْزِي

हम जज़ा देते हैं	बेशक हम इसी तरह	120	और हारून (अ)	मूसा (अ) पर	सलाम	119	बाद में आने वालों में

الْمُحْسِنِيْنَ ﴿١٢١﴾ اِنَّهُمَا مِنْ عِبَادِنَا الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١٢٢﴾ وَاِنَّ اِلْيَاسَ

इल्यास (अ)	और बेशक	122	मोमिनीन	हमारे बन्दे	से	बेशक वह दोनों	121	नेकोकारों

لَمِنَ الْمُرْسَلِيْنَ ﴿١٢٣﴾ اِذْ قَالَ لِقَوْمِهٖٓ اَلَا تَتَّقُوْنَ ﴿١٢٤﴾ اَتَدْعُوْنَ

क्या तुम पुकारते हो	124	क्या तुम नहीं डरते	अपनी क़ौम को	जब उस ने कहा	123	रसूलों	अलबत्ता-से

بَعْلًا وَّتَذَرُوْنَ اَحْسَنَ الْخٰلِقِيْنَ ﴿١٢٥﴾ اللّٰهَ رَبَّكُمْ وَرَبَّ اٰبَآئِكُمُ

तुम्हारे बाप दादा	और रब	तुम्हारा रब	अल्लाह	125	पैदा करने वाला (जमा)	सब से बेहतर	और तुम छोड़ देते हो	बअ़ल

الْاَوَّلِيْنَ ﴿١٢٦﴾ فَكَذَّبُوْهُ فَاِنَّهُمْ لَمُحْضَرُوْنَ ﴿١٢٧﴾ اِلَّا عِبَادَ اللّٰهِ

अल्लाह के बन्दे	सिवाए	127	वह ज़रूर हाज़िर किए जाएंगे	तो बेशक वह	पस उन्हों ने झुटलाया	126	पहले

الْمُخْلَصِيْنَ ﴿١٢٨﴾ وَتَرَكْنَا عَلَيْهِ فِي الْاٰخِرِيْنَ ﴿١٢٩﴾ سَلٰمٌ عَلٰٓى

पर	सलाम	129	बाद में आने वालों में	और हम ने बाक़ी रखा उस पर (उस का ज़िक्रे ख़ैर)	128	मुख़लिस (जमा)

اِلْ يَاسِيْنَ ﴿١٣٠﴾ اِنَّا كَذٰلِكَ نَجْزِي الْمُحْسِنِيْنَ ﴿١٣١﴾ اِنَّهٗ مِنْ

से	बेशक वह	131	नेकोकारों	जज़ा दिया करते हैं	बेशक हम इसी तरह	130	इलयासीन (इल्यास अ)

عِبَادِنَا الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١٣٢﴾ وَاِنَّ لُوْطًا لَّمِنَ الْمُرْسَلِيْنَ ﴿١٣٣﴾

133	रसूल (जमा)	अलबत्ता-से	लूत (अ)	और बेशक	132	मोमिनीन	हमारे बन्दे

और हम ने उसका ज़िक्रे ख़ैर बाद में आने वालों में बाक़ी रखा। (108)
सलाम हो इब्राहीम (अ) पर। (109)
وَمَنْ يَّهْدِ اللّٰهُ فَمَا لَهٗ مِنْ مُّضِلٍّ ۭ اَلَيْسَ اللّٰهُ بِعَزِيْزٍ

और जिस	अल्लाह हिदायत दे	तो नहीं	उस के लिए	कोई	गुमराह करने वाला	क्या नहीं अल्लाह	ग़ालिब

ذِي انْتِقَامٍ ﴿٣٧﴾ وَلَىِٕنْ سَاَلْتَهُمْ مَّنْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ

बदला लेने वाला	37	और अगर	तुम पूछो उन से	कौन-किस	पैदा किया	आस्मानों

وَالْاَرْضَ لَيَقُوْلُنَّ اللّٰهُ ۭ قُلْ اَفَرَءَيْتُمْ مَّا تَدْعُوْنَ

और ज़मीन	तो वह ज़रूर कहेंगे	अल्लाह	फ़रमा दें	क्या पस देखा तुम ने	जिन को तुम पुकारते हो

مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ اِنْ اَرَادَنِيَ اللّٰهُ بِضُرٍّ هَلْ هُنَّ كٰشِفٰتُ

से	अल्लाह के सिवा	अगर	चाहे मेरे लिए अल्लाह	कोई ज़र्र	क्या	वह सब	दूर करने वाले हैं

ضُرِّهٖٓ اَوْ اَرَادَنِيْ بِرَحْمَةٍ هَلْ هُنَّ مُمْسِكٰتُ رَحْمَتِهٖ ۭ قُلْ

उस का ज़र्र	या	वह चाहे मेरे लिए	कोई रहमत	क्या	वह सब	रोकने वाले हैं	उस की रहमत	फ़रमा दें

حَسْبِيَ اللّٰهُ ۭ عَلَيْهِ يَتَوَكَّلُ الْمُتَوَكِّلُوْنَ ﴿٣٨﴾ قُلْ يٰقَوْمِ

काफ़ी है मेरे लिए अल्लाह	उस पर	भरोसा करते हैं	भरोसा करने वाले	38	फ़रमा दें	ऐ मेरी क़ौम

اعْمَلُوْا عَلٰي مَكَانَتِكُمْ اِنِّىْ عَامِلٌ ۚ فَسَوْفَ تَعْلَمُوْنَ ﴿٣٩﴾

तुम काम किए जाओ	पर	अपनी जगह	बेशक मैं	काम करता हूँ	पस अनक़रीब	तुम जान लोगे	39

مَنْ يَّاْتِيْهِ عَذَابٌ يُّخْزِيْهِ وَيَحِلُّ عَلَيْهِ عَذَابٌ مُّقِيْمٌ ﴿٤٠﴾

कौन	आता है उस पर	अज़ाब	रुस्वा कर दे उस को	और उतर आता है	उस पर	अज़ाब	दाइमी	40

पस उस से बड़ा ज़ालिम और कौन? जिस ने अल्लाह पर झूट बान्धा, और सच्चाई को झुटलाया जब वह उस के पास आई, क्या काफ़िरों का ठिकाना जहन्नम में नहीं? (32)
और जो शख़्स सच्चाई के साथ आया और उस ने उस की तस्दीक़ की, यही लोग मुत्तक़ी (परहेज़गार) हैं। (33)
उन के लिए हैं उन के रब के हां जो (भी) वह चाहेंगे, यह जज़ा है नेकोकारों की। (34)
ताकि अल्लाह उन से उन के आमाल की बुराई दूर करदे और उन्हें नेक कामों का अजर दे उन के बेहतरीन अमल के लिहाज़ से जो वह करते थे। (35)
क्या अल्लाह अपने बन्दे को काफ़ी नहीं? और वह आप (स) को डराते हैं उन (झूटे माबूदों) से जो उस के सिवा हैं, और जिस को अल्लाह गुमराह करदे तो उस को कोई हिदायत देने वाला नहीं। (36)
और जिस को अल्लाह हिदायत दे तो उस को कोई गुमराह करने वाला नहीं, क्या अल्लाह ग़ालिब, बदला देने वाला नहीं? (37)
और अगर आप (स) उन से पूछें कि आस्मानों और ज़मीन को किस ने पैदा क्या? तो वह ज़रूर कहेंगे "अल्लाह ने", आप (स) फ़रमा दें: पस क्या तुम ने देखा जिन को पुकारते हो अल्लाह के सिवा, अगर अल्लाह मेरे लिए कोई ज़र्र चाहे तो क्या वह सब उस का ज़र्र दूर कर सकती हैं? या वह मेरे लिए कोई रहमत चाहे तो क्या वह सब उस की रहमत रोक सकती हैं? आप (स) फ़रमा दें मेरे लिए अल्लाह काफ़ी है, भरोसा करने वाले उसी पर भरोसा करते हैं। (38)
आप (स) फ़रमा दें, ऐ मेरी क़ौम! तुम अपनी जगह काम किए जाओ, बेशक मैं (अपना) काम करता हूँ, पस अनक़रीब तुम जान लोगे। (39)
कौन है जिस पर आता है अज़ाब जो उसे रुस्वा कर दे और (कौन है) जिस पर दाइमी अज़ाब उतरता है? (40)

बेशक हम ने आप (स) पर लोगों (की हिदायत) के लिए किताब नाज़िल की हक़ के साथ, पस जिस ने हिदायत पाई तो अपनी ज़ात के लिए, और जो गुमराह हुआ तो इस के सिवा नहीं कि वह अपने लिए गुमराह होता है, और आप (स) नहीं उन पर निगहबान (ज़िम्मेदार)। (41)
अल्लाह रूह को उस की मौत के वक़्त क़ब्ज़ करता है, और जो न मरे अपनी नींद में, जिस की मौत का फ़ैसला किया तो उस को (नींद की सूरत में ही) रोक लेता है और दूसरी (रूहों को) छोड़ देता है एक मुक़र्ररा वक़्त तक, बेशक उस में उन लोगों के लिए निशानियां हैं जो ग़ौर ओ फ़िक्र करते हैं। (42)
क्या उन्हों ने अल्लाह के सिवा बना लिए हैं शफ़ाअ़त (सिफ़ारिश) करने वाले? आप (स) फ़रमा दें: (इस सूरत में भी) कि वह कुछ भी इख़्तियार न रखते हों और न समझ रखते हों? (43)
आप (स) फ़रमा दें: अल्लाह ही के (इख़्तियार में) है तमाम शफ़ाअ़त, उसी के लिए है आस्मानों और ज़मीन की बादशाहत, फिर उस की तरफ़ तुम लौटोगे। (44)
और जब ज़िक्र किया जाता है अल्लाह वाहिद का, तो जो लोग आख़िरत पर ईमान नहीं रखते उन के दिल मुतनफ़्फ़िर हो जाते हैं, और जब उन का ज़िक्र किया जाता है जो उस के सिवा हैं (यानी औरों का) तो फ़ौरन ख़ुश हो जाते हैं। (45)
आप (स) फ़रमा दें: ऐ अल्लाह! पैदा करने वाले आस्मानों और ज़मीन के, जानने वाले पोशीदा और ज़ाहिर के, तू अपने बन्दों के दरमियान (इस अमर में) फ़ैसला करेगा जिस में वह इख़्तिलाफ़ करते थे। (46)
और अगर जिन लोगों ने ज़ुल्म किया, जो कुछ ज़मीन में है सब का सब और उस के साथ उतना ही (और भी) उन के पास हो तो वह बदले में दे दें रोज़े क़ियामत बुरे अ़ज़ाब से (बचने के लिए), और अल्लाह की तरफ़ से उन पर ज़ाहिर हो जाएगा जिस का वह गुमान (भी) न करते थे। (47)

اِنَّـآ اَنْزَلْنَا عَلَيْكَ الْكِتٰبَ لِلنَّاسِ بِالْحَقِّ ۚ فَمَنِ اهْتَدٰى

हिदायत पाई	पस जिस	हक़ के साथ	लोगों के लिए	किताब	आप (स) पर	बेशक हम ने नाज़िल की

فَلِنَفْسِهٖ ۚ وَمَنْ ضَلَّ فَاِنَّمَا يَضِلُّ عَلَيْهَا ۚ وَمَآ اَنْتَ عَلَيْهِمْ

उन पर	आप (स)	और नहीं	अपने लिए	वह गुमराह होता है	तो इस के सिवा नहीं	गुमराह हुआ	और जो	तो अपनी ज़ात के लिए

بِوَكِيْلٍ ﴿٤١﴾ اَللّٰهُ يَتَوَفَّى الْاَنْفُسَ حِيْنَ مَوْتِهَا وَالَّتِىْ ع ٤ ١٠ ١

और जो	उस की मौत	वक़्त	(जमा) जान-रूह	क़ब्ज़ करता है	अल्लाह	41	निगहबान

لَمْ تَمُتْ فِىْ مَنَامِهَا ۚ فَيُمْسِكُ الَّتِىْ قَضٰى عَلَيْهَا الْمَوْتَ

मौत	उस पर	फ़ैसला किया उस ने	वह जिस	तो रोक लेता है	अपनी नींद	में	न मरे

وَيُرْسِلُ الْاُخْرٰٓى اِلٰٓى اَجَلٍ مُّسَمًّى ؕ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ

लोगों के लिए	अलबत्ता निशानियां	उस में	बेशक	मुक़र्ररा	एक वक़्त	तक	दूसरों को	वह छोड़ देता है

يَّتَفَكَّرُوْنَ ﴿٤٢﴾ اَمِ اتَّخَذُوْا مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ شُفَعَآءَ ؕ قُلْ

फ़रमा दें	शफ़ाअ़त करने वाले	अल्लाह के सिवा	उन्हों ने बना लिया	क्या	42	ग़ौर ओ फ़िक्र करते हैं

اَوَلَوْ كَانُوْا لَا يَمْلِكُوْنَ شَيْـًٔا وَّلَا يَعْقِلُوْنَ ﴿٤٣﴾ قُلْ لِّلّٰهِ

फ़रमा दें अल्लाह के लिए	43	और न वह समझ रखते हों	कुछ	वह न इख़्तियार रखते हों	क्या अगर

الشَّفَاعَةُ جَمِيْعًا ؕ لَهٗ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ ثُمَّ اِلَيْهِ

उस की तरफ़	फिर	और ज़मीन	आस्मानों	बादशाहत	उसी के लिए	तमाम	शफ़ाअ़त

تُرْجَعُوْنَ ﴿٤٤﴾ وَاِذَا ذُكِرَ اللّٰهُ وَحْدَهُ اشْمَاَزَّتْ قُلُوْبُ الَّذِيْنَ

वह लोग जो	दिल	मुतनफ़्फ़िर हो जाते हैं	एक-वाहिद	ज़िक्र किया जाता है अल्लाह	और जब	44	तुम लौटोगे

لَا يُؤْمِنُوْنَ بِالْاٰخِرَةِ ۚ وَاِذَا ذُكِرَ الَّذِيْنَ مِنْ دُوْنِهٖٓ اِذَا هُمْ

वह	तो फ़ौरन	उस के सिवा	उन का जो	ज़िक्र किया जाता है	और जब	आख़िरत पर	ईमान नहीं रखते

يَسْتَبْشِرُوْنَ ﴿٤٥﴾ قُلِ اللّٰهُمَّ فَاطِرَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ عٰلِمَ

और जानने वाला	और ज़मीन	आस्मानों	पैदा करने वाला	ऐ अल्लाह	फ़रमा दें	45	ख़ुश हो जाते हैं

الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ اَنْتَ تَحْكُمُ بَيْنَ عِبَادِكَ فِىْ مَا كَانُوْا

वह थे	उस में जो	अपने बन्दों	दरमियान	तू फ़ैसला करेगा	तू	और ज़ाहिर	पोशीदा

فِيْهِ يَخْتَلِفُوْنَ ﴿٤٦﴾ وَلَوْ اَنَّ لِلَّذِيْنَ ظَلَمُوْا مَا فِى الْاَرْضِ

और जो कुछ ज़मीन में	ज़ुल्म किया	उन के लिए जिन्हों ने	हो	और अगर	46	इख़्तिलाफ़ करते	उस में

جَمِيْعًا وَّمِثْلَهٗ مَعَهٗ لَافْتَدَوْا بِهٖ مِنْ سُوْٓءِ الْعَذَابِ

अ़ज़ाब	बुरे	से	उस को	बदले में दें वह	उस के साथ	और इतना ही	सब का सब

يَوْمَ الْقِيٰمَةِ ؕ وَبَدَا لَهُمْ مِّنَ اللّٰهِ مَا لَمْ يَكُوْنُوْا يَحْتَسِبُوْنَ ﴿٤٧﴾

47	गुमान करते	न थे वह	जो	अल्लाह (की तरफ़) से	और ज़ाहिर हो जाएगा उन पर	रोज़े क़ियामत

وَبَدَا لَهُمْ سَيِّاٰتُ مَا كَسَبُوْا وَحَاقَ بِهِمْ مَّا كَانُوْا بِهٖ

उस का	वह थे	जो	उन को	और घेर लेगा	जो वह करते थे	बुरे काम	और ज़ाहिर हो जाएंगे उन पर

يَسْتَهْزِءُوْنَ ﴿٤٨﴾ فَاِذَا مَسَّ الْاِنْسَانَ ضُرٌّ دَعَانَا ۡ ثُمَّ اِذَا

जब फिर	कोई तक्लीफ़ वह हमें पुकारता है	इन्सान	पहुँचती है	फिर जब	48	मज़ाक़ उड़ाते

خَوَّلْنٰهُ نِعْمَةً مِّنَّا ۙ قَالَ اِنَّمَآ اُوْتِيْتُهٗ عَلٰى عِلْمٍ ۭ بَلْ هِىَ فِتْنَةٌ

एक आज़माइश	बल्कि यह	इल्म	पर	मुझे दी गई है	यह तो	वह कहता है	अपनी तरफ़ से	कोई नेमत	हम अ़ता करते हैं उस को

وَّلٰكِنَّ اَكْثَرَهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٤٩﴾ قَدْ قَالَهَا الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ

इन से पहले	से	जो लोग	यक़ीनन यही कहा था	49	जानते नहीं	उन में अक्सर	और लेकिन

فَمَآ اَغْنٰى عَنْهُمْ مَّا كَانُوْا يَكْسِبُوْنَ ﴿٥٠﴾ فَاَصَابَهُمْ سَيِّاٰتُ

बुराइयां	पस उन्हें पहुँचें	50	वह करते थे	जो	उन से	तो वह न दूर किया

مَا كَسَبُوْا ۭ وَالَّذِيْنَ ظَلَمُوْا مِنْ هٰٓؤُلَاۗءِ سَيُصِيْبُهُمْ سَيِّاٰتُ

बुराइयां	जल्द पहुँचेंगी इन्हें	इन में से	और जिन लोगों ने ज़ुल्म किया	जो उन्हों ने कमाई

مَا كَسَبُوْا ۙ وَمَا هُمْ بِمُعْجِزِيْنَ ﴿٥١﴾ اَوَلَمْ يَعْلَمُوْٓا اَنَّ اللّٰهَ يَبْسُطُ

फ़राख़ करता है	कि अल्लाह	क्या यह नहीं जानते	51	आजिज़ करने वाले	और यह नहीं	जो इन्हों ने कमाया

الرِّزْقَ لِمَنْ يَّشَاۗءُ وَيَقْدِرُ ۭ اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ

उन लोगों के लिए	निशानियां	इस में	बेशक	और तंग कर देता है	वह चाहता है	जिस के लिए	रिज़्क़

٥ ع ١١ ٢ يُّؤْمِنُوْنَ ﴿٥٢﴾ قُلْ يٰعِبَادِيَ الَّذِيْنَ اَسْرَفُوْا عَلٰٓي اَنْفُسِهِمْ

अपनी जानें	पर	ज़ियादती की	वह जिन्हों ने	ऐ मेरे बन्दो	फ़रमा दें	52	वह ईमान लाए

لَا تَقْنَطُوْا مِنْ رَّحْمَةِ اللّٰهِ ۭ اِنَّ اللّٰهَ يَغْفِرُ الذُّنُوْبَ جَمِيْعًا ۭ

सब	गुनाह (जमा)	बख़्श देता है	बेशक अल्लाह	अल्लाह की रहमत	से	मायूस न हो तुम

اِنَّهٗ هُوَ الْغَفُوْرُ الرَّحِيْمُ ﴿٥٣﴾ وَاَنِيْبُوْٓا اِلٰى رَبِّكُمْ وَاَسْلِمُوْا لَهٗ

और फ़रमांबरदार हो जाओ उस के	अपना रब	तरफ़	और रुजूअ़ करो	53	मेहरबान	बख़्शने वाला	वही	बेशक वह

مِنْ قَبْلِ اَنْ يَّاْتِيَكُمُ الْعَذَابُ ثُمَّ لَا تُنْصَرُوْنَ ﴿٥٤﴾ وَاتَّبِعُوْٓا اَحْسَنَ

सब से बेहतर	और पैरवी करो	54	तुम मदद न किए जाओगे	फिर	अ़ज़ाब	तुम पर आए	कि	इस से क़ब्ल

مَآ اُنْزِلَ اِلَيْكُمْ مِّنْ رَّبِّكُمْ مِّنْ قَبْلِ اَنْ يَّاْتِيَكُمُ الْعَذَابُ

अ़ज़ाब	कि तुम पर आए	इस से क़ब्ल	तुम्हारा रब	से	तुम्हारी तरफ़	जो नाज़िल की गई

بَغْتَةً وَّاَنْتُمْ لَا تَشْعُرُوْنَ ﴿٥٥﴾ اَنْ تَقُوْلَ نَفْسٌ يّٰحَسْرَتٰى عَلٰي

उस पर	हाए अफ़्सोस	कोई शख़्स	कि कहे	55	तुम को शऊर (ख़बर) न हो	और तुम	अचानक

مَا فَرَّطْتُّ فِيْ جَنْۢبِ اللّٰهِ وَاِنْ كُنْتُ لَمِنَ السّٰخِرِيْنَ ﴿٥٦﴾ ۙ

56	हँसी उड़ाने वाले	अलबत्ता-से	और यह कि मैं	अल्लाह की जनाब	में	जो मैं ने कोताही की

और उन पर बुरे काम ज़ाहिर हो जाएंगे जो वह करते थे और वह (अ़ज़ाब) उन को घेर लेगा जिस का वह मज़ाक़ उड़ाते थे। (48) फिर जब इन्सान को कोई तक्लीफ़ पहुँचती है तो वह हमें पुकारता है, फिर जब हम उस को अपनी तरफ़ से कोई नेमत अ़ता करते हैं तो वह कहता है कि यह तो मुझे दिया गया है (मेरे) इल्म (की बिना) पर, (नहीं) बल्कि यह एक आज़माइश है, लेकिन अक्सर लोग जानते नहीं। (49) यक़ीनन यह उन लोगों ने (भी) कहा था जो इन से पहले थे, तो जो वह करते थे उस ने उन से (अ़ज़ाब को) दूर न किया। (50) पस उन्हें पहुँचें (उन पर आ पड़ें) बुराइयां जो उन्हों ने कमाई थीं, और इन में से जिन लोगों ने ज़ुल्म किया जल्द इन्हें पहुँचेंगी (इन पर आ पड़ेंगी) बुराइयां जो इन्हों ने कमाई हैं, और यह नहीं हैं (अल्लाह को) आजिज़ करने वाले। (51) किया यह नहीं जानते कि अल्लाह जिस के लिए चाहता है रिज़्क़ फ़राख़ कर देता है (और वह जिस के लिए चाहता है) तंग कर देता है, बेशक इस में उन लोगों के लिए शिानियां हैं जो ईमान लाए। (52) आप (स) फ़रमा दें, ऐ मेरे बन्दो! जिन्हों ने ज़ियादती की है अपनी जानों पर, तुम अल्लाह की रहमत से मायूस न हो, बेशक अल्लाह सब गुनाह बख़्श देता है, बेशक वही बख़्शने वाला, मेहरबान है। (53) और तुम अपने रब की तरफ़ रुजूअ़ करो, और उस के फ़रमांबरदार हो जाओ इस से क़ब्ल कि तम पर अ़ज़ाब आ जाए, फिर तुम मदद न किए जाओगे। (54) और पैरवी करो सब से बेहतर (किताब की) जो तुम्हारी तरफ़ नाज़िल की गई है तुम्हारे रब की तरफ़ से, इस से क़ब्ल कि तुम पर अचानक अ़ज़ाब आ जाए और तुम्हें ख़बर भी न हो। (55) कि कोई शख़्स कहे, हाए अफ़्सोस उस पर जो मैं ने अल्लाह के हक़ में कोताही की और यह कि मैं हँसी उड़ाने वालों में से रहा। (56)

या यह कहे कि अगर अल्लाह मुझे हिदायत देता तो मैं ज़रूर परहेज़गारों में से होता। (57) या जब वह अ़ज़ाब देखे तो कहे: काश! अगर मेरे लिए दोबारा (दुनिया में जाना हो) तो मैं नेकोकारों में से हो जाऊँ। (58) (अल्लाह फ़रमाएगा) हाँ! तहक़ीक़ तेरे पास मेरी आयात आईं, तू ने उन्हें झुटलाया, और तू ने तकब्बुर किया, और तू काफ़िरों में से था। (59) और क़ियामत के दिन तुम देखोगे जिन लोगों ने अल्लाह पर झूट बोला, उन के चेहरे सियाह होंगे, क्या तकब्बुर करने वालों का ठिकाना जहन्नम में नहीं? (60) और जिन लोगों ने परहेज़गारी की, अल्लाह उन्हें उन को कामयाबी के साथ नजात देगा, न उन्हें कोई बुराई छुएगी, न वह ग़मगीन होंगे। (61) अल्लाह हर शै का पैदा करने वाला है, और वह हर शै पर निगहबान है। (62) उसी के पास हैं आस्मानों और ज़मीन की कुंजियां, और जो लोग अल्लाह की आयात से मुन्किर हुए वही ख़सारा पाने वाले हैं। (63) आप (स) फ़रमा दें कि ऐ जाहिलो! क्या तुम मुझे कहते हो कि मैं अल्लाह के सिवा (किसी और) की परस्तिश करूँ। (64) और यक़ीनन आप (स) की तरफ़ और आप (स) से पहलों की तरफ़ वहि भेजी गई है, अगर तुम ने शिर्क किया तो तुम्हारे अ़मल बिलकुल अकारत जाएंगे और तुम ज़रूर ख़सारा पाने वालों (ज़यां कारों) में से होगे। (65) बल्कि तुम अल्लाह ही की इबादत करो, और शुक्र गुज़ारों में से हो। (66) और उन्हों ने अल्लाह की क़द्र शनासी न की जैसा कि उस की क़द्र शनासी का हक़ था, और तमाम ज़मीन रोज़े क़ियामत उस की मुट्ठी में होगी, और तमाम आस्मान उस के दाएं हाथ में लिपटे होंगे, और वह उस से पाक और बरतर है जो वह शरीक करते हैं। (67)

اَوْ تَقُوْلَ لَوْ اَنَّ اللّٰهَ هَدٰىنِيْ لَكُنْتُ مِنَ الْمُتَّقِيْنَ ﴿٥٧﴾ اَوْ

या	57	परहेज़गार (जमा)	से	मैं ज़रूर होता	मुझे हिदायत देता	यह कि अल्लाह	अगर	वह कहे	या

تَقُوْلَ حِيْنَ تَرَى الْعَذَابَ لَوْ اَنَّ لِيْ كَرَّةً فَاَكُوْنَ مِنَ

से	तो मैं हो जाऊँ	दोबारा	मेरे लिए	काश अगर	अ़ज़ाब	देखे	जब	वह कहे

الْمُحْسِنِيْنَ ﴿٥٨﴾ بَلٰى قَدْ جَآءَتْكَ اٰيٰتِيْ فَكَذَّبْتَ بِهَا وَاسْتَكْبَرْتَ

और तू ने तकब्बुर किया	उन्हें	तू ने झुटलाया	मेरी आयात	तहक़ीक़ तेरे पास आईं	हाँ	58	नेकोकार (जमा)

وَكُنْتَ مِنَ الْكٰفِرِيْنَ ﴿٥٩﴾ وَيَوْمَ الْقِيٰمَةِ تَرَى الَّذِيْنَ كَذَبُوْا

जिन लोगों ने झूट बोला	तुम देखोगे	और क़ियामत के दिन	59	काफ़िरों	से	और तू था

عَلَى اللّٰهِ وُجُوْهُهُمْ مُّسْوَدَّةٌ ۭ اَلَيْسَ فِيْ جَهَنَّمَ مَثْوًى

ठिकाना	जहन्नम	में	क्या नहीं	सियाह	उन के चेहरे	अल्लाह पर

لِّلْمُتَكَبِّرِيْنَ ﴿٦٠﴾ وَيُنَجِّي اللّٰهُ الَّذِيْنَ اتَّقَوْا بِمَفَازَتِهِمْ ۡ

उन की कामयाबी के साथ	वह जिन्हों ने परहेज़गारी की	और नजात देगा अल्लाह	60	तकब्बुर करने वाले

لَا يَمَسُّهُمُ السُّوْٓءُ وَلَا هُمْ يَحْزَنُوْنَ ﴿٦١﴾ اَللّٰهُ خَالِقُ كُلِّ شَيْءٍ ۡ

हर शै	पैदा करने वाला	अल्लाह	61	ग़मगीन होंगे	और न वह	बुराई	न छुएगी उन्हें

وَّهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ وَّكِيْلٌ ﴿٦٢﴾ لَهٗ مَقَالِيْدُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۭ

और ज़मीन	आस्मानों	उस के पास कुंजियां	62	निगहबान	चीज़	हर	पर	और वह

وَالَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِاٰيٰتِ اللّٰهِ اُولٰۗىِٕكَ هُمُ الْخٰسِرُوْنَ ﴿٦٣﴾ قُلْ ع ١١ ٦ ٣

फ़रमा दें	63	ख़सारा पाने वाले	वह	वही लोग	अल्लाह की आयात के	मुन्किर हुए	और जो लोग

اَفَغَيْرَ اللّٰهِ تَاْمُرُوْٓنِّيْٓ اَعْبُدُ اَيُّهَا الْجٰهِلُوْنَ ﴿٦٤﴾ وَلَقَدْ اُوْحِيَ

और यक़ीनन वहि भेजी गई है	64	जाहिलो	ऐ	मैं परस्तिश करूँ	तुम मुझे कहते हो	तो क्या अल्लाह के सिवा

اِلَيْكَ وَاِلَى الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِكَ ۚ لَىِٕنْ اَشْرَكْتَ

तू ने शिर्क किया	अलबत्ता अगर	आप (स) से पहले	वह जो कि	और तरफ़	आप (स) की तरफ़

لَيَحْبَطَنَّ عَمَلُكَ وَلَتَكُوْنَنَّ مِنَ الْخٰسِرِيْنَ ﴿٦٥﴾ بَلِ اللّٰهَ

बल्कि अल्लाह	65	ख़सारा पाने वाले	से	और तू होगा ज़रूर	तेरे अ़मल	अलबत्ता अकारत जाएंगे

فَاعْبُدْ وَكُنْ مِّنَ الشّٰكِرِيْنَ ﴿٦٦﴾ وَمَا قَدَرُوا اللّٰهَ حَقَّ

हक़	और उन्हों ने क़द्र शनासी न की अल्लाह की	66	शुक्र गुज़ारो	से	और हो	पस इबादत करो

قَدْرِهٖ ڰ وَالْاَرْضُ جَمِيْعًا قَبْضَتُهٗ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ وَالسَّمٰوٰتُ

और तमाम आस्मान	रोज़े क़ियामत	उस की मुट्ठी	तमाम	और ज़मीन	उस की क़द्र शनासी

مَطْوِيّٰتٌۢ بِيَمِيْنِهٖ ۭ سُبْحٰنَهٗ وَتَعٰلٰى عَمَّا يُشْرِكُوْنَ ﴿٦٧﴾

67	वह शिर्क करते हैं	उस से जो	और बरतर	वह पाक है	उस के दाएं हाथ में	लिपटे हुए

وَنُفِخَ فِى الصُّوْرِ فَصَعِقَ مَنْ فِى السَّمٰوٰتِ وَمَنْ فِى الْاَرْضِ

ज़मीन में	और जो	आस्मानों में	जो	तो बेहोश हो जाएगा	सूर में	और फूंक दी जाएगी

اِلَّا مَنْ شَآءَ اللّٰهُ ؕ ثُمَّ نُفِخَ فِيْهِ اُخْرٰى فَاِذَا هُمْ قِيَامٌ يَّنْظُرُوْنَ ﴿٦٨﴾

68	देखने लगेंगे	खड़े	वह	तो फ़ौरन	दोबारा	फूंक मारी जाएगी उस में	फिर	चाहे अल्लाह	सिवाए जिसे

وَاَشْرَقَتِ الْاَرْضُ بِنُوْرِ رَبِّهَا وَوُضِعَ الْكِتٰبُ وَجِایْٓءَ بِالنَّبِيّٖنَ

नबी (जमा)	और लाए जाएंगे	किताब	और रख दी जाएगी	अपने रब के नूर से	ज़मीन	और चमक उठेगी

وَالشُّهَدَآءِ وَقُضِىَ بَيْنَهُمْ بِالْحَقِّ وَهُمْ لَا يُظْلَمُوْنَ ﴿٦٩﴾ وَوُفِّيَتْ

और पूरा पूरा दिया जाएगा	69	ज़ुल्म न किया जाएगा	और वह (उन पर)	हक़ के साथ	उन के दरमियान	और फ़ैसला किया जाएगा	और गवाह (जमा)

كُلُّ نَفْسٍ مَّا عَمِلَتْ وَهُوَ اَعْلَمُ بِمَا يَفْعَلُوْنَ ﴿٧٠﴾ وَسِيْقَ

और हांके जाएंगे	70	जो कुछ वह करते हैं	खूब जानता है	और वह	जो उस ने किया (उस के आमाल)	हर शख़्स

الَّذِيْنَ كَفَرُوْٓا اِلٰى جَهَنَّمَ زُمَرًا ؕ حَتّٰٓى اِذَا جَآءُوْهَا فُتِحَتْ

खोल दिए जाएंगे	वह आएंगे वहां	यहां तक कि जब	गिरोह दर गिरोह	जहन्नम	तरफ़	कुफ़्र किया (काफ़िर)	वह जिन्हों ने

اَبْوَابُهَا وَقَالَ لَهُمْ خَزَنَتُهَآ اَلَمْ يَاْتِكُمْ رُسُلٌ مِّنْكُمْ

तु में से	रसूल (जमा)	क्या नहीं आए थे तुम्हारे पास	उस के मुहाफ़िज़	उन से	और कहेंगे	उस के दरवाज़े

يَتْلُوْنَ عَلَيْكُمْ اٰيٰتِ رَبِّكُمْ وَيُنْذِرُوْنَكُمْ لِقَآءَ يَوْمِكُمْ

तुम्हारा दिन	मुलाक़ात	और तुम्हें डराते थे	तुम्हारे रब की आयतें (अहकाम)	तुम पर	वह पढ़ते थे

هٰذَا ؕ قَالُوْا بَلٰى وَلٰكِنْ حَقَّتْ كَلِمَةُ الْعَذَابِ عَلَى الْكٰفِرِيْنَ ﴿٧١﴾

71	काफ़िरों	पर	अ़ज़ाब	हुक्म	पूरा हो गया	और लेकिन	हाँ	वह कहेंगे	यह

قِيْلَ ادْخُلُوْٓا اَبْوَابَ جَهَنَّمَ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ۚ فَبِئْسَ مَثْوَى

ठिकाना	सो बुरा है	उस में	हमेशा रहने को	जहन्नम	दरवाज़े	तुम दाख़िल हो	कहा जाएगा

الْمُتَكَبِّرِيْنَ ﴿٧٢﴾ وَسِيْقَ الَّذِيْنَ اتَّقَوْا رَبَّهُمْ اِلَى الْجَنَّةِ زُمَرًا ؕ

गिरोह दर गिरोह	जन्नत की तरफ़	अपना रब	वह डरे	वह लोग जो	ले जाया जाएगा	72	तकब्बुर करने वाले

حَتّٰٓى اِذَا جَآءُوْهَا وَفُتِحَتْ اَبْوَابُهَا وَقَالَ لَهُمْ خَزَنَتُهَا

उस के मुहाफ़िज़	उन से	और कहेंगे	उस के दरवाज़े	और खोल दिए जाएंगे	वह वहां आएंगे	जब	यहां तक कि

سَلٰمٌ عَلَيْكُمْ طِبْتُمْ فَادْخُلُوْهَا خٰلِدِيْنَ ﴿٧٣﴾ وَقَالُوا

और वह कहेंगे	73	हमेशा रहने को	सो इस में दाख़िल हो	तुम अच्छे रहे	तुम पर	सलाम

الْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِىْ صَدَقَنَا وَعْدَهٗ وَاَوْرَثَنَا الْاَرْضَ

ज़मीन	और हमें वारिस बनाया	अपना वादा	हम से सच्चा किया	वह जिस ने	तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए

نَتَبَوَّاُ مِنَ الْجَنَّةِ حَيْثُ نَشَآءُ ۚ فَنِعْمَ اَجْرُ الْعٰمِلِيْنَ ﴿٧٤﴾

74	अ़मल करने वाले	अजर	सो किया ही अच्छा	हम चाहें	जहां	जन्नत	से-में	हम मुक़ाम करलें

और सूर में फूंक मारी जाएगी तो (हर कोई) जो आस्मानों और ज़मीन में है बेहोश हो जाएगा, सिवाए उस के जिसे अल्लाह चाहे, फिर उस में फूंक मारी जाएगी दोबारा, तो वह फ़ौरन खड़े हो कर (इधर उधर) देखने लगेंगे। (68)

और ज़मीन अपने रब के नूर से चमक उठेगी और (आमाल की) किताब (खोल कर) रख दी जाएगी और नबी और गवाह लाए जाएंगे, और उन के दरमियान हक़ के साथ (ठीक ठीक) फ़ैसला किया जाएगा और उन पर ज़ुल्म न किया जाएगा। (69)

और हर शख़्स को उस के आमाल का पूरा पूरा बदला दिया जाएगा, और वह खूब जानता है जो कुछ वह करते हैं। (70)

और काफ़िर हाँके जाएंगे गिरोह दर गिरोह जहन्नम की तरफ़, यहां तक कि जब वह वहां आएंगे तो उस के दरवाज़े खोल दिए जाएंगे और उन से कहेंगे उस के मुहाफ़िज़ (दारोग़ा) क्या तुम्हारे पास तुम में से रसूल नहीं आए थे? जो तुम पर तुम्हारे रब के अहकाम पढ़ते थे, और तुम्हें डराते थे इस दिन की मुलाक़ात से। वह कहेंगे "हाँ" लेकिन काफ़िरों पर अ़ज़ाब का हुक्म पूरा हो गया। (71)

कहा जाएगा तुम जहन्नम के दरवाज़ों में दाख़िल हो, इस में हमेशा रहने को, सो बुरा है तकब्बुर करने वालों का ठिकाना। (72)

और जो लोग अपने रब से डरे उन्हें जन्नत की तरफ़ गिरोह दर गिरोह ले जाया जाएगा, यहां तक कि जब वह वहां आएंगे और खोल दिए जाएंगे उस के दरवाज़े, और उन से उस के मुहाफ़िज़ (दारोग़ा) कहेंगे कि तुम पर सलाम हो, तुम अच्छे रहे, सो इस में हमेशा रहने को दाख़िल हो। (73)

और वह कहेंगे तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं, जिस ने अपना वादा सच्चा किया और हमें ज़मीन का वारिस बनाया कि हम मुक़ाम कर लें जन्नत में जहां हम चाहें, सो किया ही अच्छा है अ़मल करने वालों का अजर। (74)

وَتَرَى الْمَلٰٓئِكَةَ حَآفِّيْنَ مِنْ حَوْلِ الْعَرْشِ يُسَبِّحُوْنَ بِحَمْدِ

तारीफ़ के साथ	पाकीज़गी बयान करते हुए	अर्श के गिर्द	से	हलक़ा बान्धे	फ़रिश्ते	और तुम देखोगे

رَبِّهِمْ ۚ وَقُضِيَ بَيْنَهُمْ بِالْحَقِّ وَقِيْلَ الْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٧٥﴾ ع ٥/٥ الربع

75	परवरदिगार सारे जहानों का	तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए	और कहा जाएगा	हक़ के साथ	उन के दरमियान	और फ़ैसला कर दिया जाएगा	अपना रब

آيَاتُهَا ٨٥ ❀ سُوْرَةُ الْمُؤْمِن (٤٠) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٩

रुकूआत 9 — (40) सूरतुल मोमिन — आयात 85

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

حٰمٓ ﴿١﴾ تَنْزِيْلُ الْكِتٰبِ مِنَ اللّٰهِ الْعَزِيْزِ الْعَلِيْمِ ﴿٢﴾ غَافِرِ الذَّنْبِ

गुनाह (जमा)	बख़्शने वाला	2	हर चीज़ का जानने वाला	ग़ालिब	अल्लाह से	किताब (क़ुरआन)	उतारा जाना	1	हा-मीम

وَقَابِلِ التَّوْبِ شَدِيْدِ الْعِقَابِ ذِي الطَّوْلِ ۭ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۭ

उस के सिवा	नहीं कोई माबूद	बड़े फ़ज़्ल वाला	शदीद अज़ाब वाला	तौबा	और क़बूल करने वाला

اِلَيْهِ الْمَصِيْرُ ﴿٣﴾ مَا يُجَادِلُ فِيْٓ اٰيٰتِ اللّٰهِ اِلَّا الَّذِيْنَ كَفَرُوْا

वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया	मगर	अल्लाह की आयात	में	वह नहीं झगड़ते	3	लौट कर जाना	उसी की तरफ़

فَلَا يَغْرُرْكَ تَقَلُّبُهُمْ فِي الْبِلَادِ ﴿٤﴾ كَذَّبَتْ قَبْلَهُمْ قَوْمُ نُوْحٍ

नूह (अ) की क़ौम	इन से क़ब्ल	झुटलाया	4	शहरों में	उन का चलना फिरना	सो तुम्हें धोके में न डाल दे

وَّالْاَحْزَابُ مِنْۢ بَعْدِهِمْ ۠ وَهَمَّتْ كُلُّ اُمَّةٍۢ بِرَسُوْلِهِمْ

अपने रसूल के मुतअल्लिक़	हर उम्मत	और इरादा बान्धा	उन के बाद	और गिरोह (जमा)

لِيَاْخُذُوْهُ وَجٰدَلُوْا بِالْبَاطِلِ لِيُدْحِضُوْا بِهِ الْحَقَّ فَاَخَذْتُهُمْ ۣ

तो मैं ने उन्हें पकड़ लिया	हक़	उस से	ताकि नाचीज़ कर दें, दबा दें	नाहक़	और झगड़ा करें	कि वह उसे पकड़ लें

فَكَيْفَ كَانَ عِقَابِ ﴿٥﴾ وَكَذٰلِكَ حَقَّتْ كَلِمَتُ رَبِّكَ عَلَى

पर	तुम्हारे रब की	बात	साबित हो गई	और इसी तरह	5	मेरा अज़ाब	हुआ	सो कैसा

الَّذِيْنَ كَفَرُوْٓا اَنَّهُمْ اَصْحٰبُ النَّارِ ﴿٦﴾ اَلَّذِيْنَ يَحْمِلُوْنَ الْعَرْشَ وقف لازم / وقف النبي ﷺ ١٢

अर्श	उठाए हुए हैं	वह जो (फ़रिश्ते)	6	दोज़ख़ वाले	कि वह	जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)

وَمَنْ حَوْلَهٗ يُسَبِّحُوْنَ بِحَمْدِ رَبِّهِمْ وَيُؤْمِنُوْنَ بِهٖ وَيَسْتَغْفِرُوْنَ

और मग़फ़िरत मांगते हैं	उस पर	और ईमान लाते हैं	अपना रब	तारीफ़ के साथ	वह पाकीज़गी बयान करते हैं	और जो उस के इर्द गिर्द

لِلَّذِيْنَ اٰمَنُوْا ۚ رَبَّنَا وَسِعْتَ كُلَّ شَيْءٍ رَّحْمَةً وَّعِلْمًا فَاغْفِرْ

सो तू बख़्श दे	और इल्म	रहमत	हर शै	समो लिया है	ऐ हमारे रब	वह ईमान लाए	उन के लिए जो

لِلَّذِيْنَ تَابُوْا وَاتَّبَعُوْا سَبِيْلَكَ وَقِهِمْ عَذَابَ الْجَحِيْمِ ﴿٧﴾

7	जहन्नम	अज़ाब	और तू उन्हें बचाले	तेरा रास्ता	और उन्हों ने पैरवी की	वह लोग जिन्हों ने तौबा की

और तुम देखोगे फ़रिश्तों को हलक़ा बान्धे अर्श के गिर्द, अपने रब की तारीफ़ के साथ पाकीज़गी बयान करते हुए, उन के दरमियान हक़ के साथ (ठीक ठीक) फ़ैसला कर दिया जाएगा और कहा जाएगा तमाम तारीफ़ें सारे जहानों के परवरदिगार अल्लाह के लिए हैं। (75)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

हा-मीम। (1) इस क़ुरआन का उतारा जाना अल्लाह ग़ालिब, हर चीज़ के जानने वाले (की तरफ़) से है। (2) गुनाहों को बख़्शने वाला, तौबा क़ुबूल करने वाला, शदीद अज़ाब वाला, बड़े फ़ज़्ल वाला, उस के सिवा कोई माबूद नहीं, उसी की तरफ़ लौट कर जाना है। (3) नहीं झगड़ते अल्लाह की आयात में, मगर वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया, सो तुम्हें धोके में न डाल दे उन की चलत फिरत दुनिया के मुल्कों में। (4) उन से क़ब्ल नूह (अ) की क़ौम और उन के बाद (दूसरे) गिरोहों ने झुटलाया, और हर उम्मत ने अपने रसूलों के बारे में इरादा बान्धा कि वह उसे पकड़ लें, और नाहक़ झगड़ा करें ताकि उस से हक़ को दबा दें, तो मैं ने उन्हें पकड़ लिया, सो (देखो) कैसा हुआ मेरा अज़ाब। (5) और इसी तरह तुम्हारे रब की बात काफ़िरों पर साबित हो गई कि वह दोज़ख़ वाले हैं। (6) जो फ़रिश्ते अर्श को उठाए हुए हैं और जो उस के इर्द गिर्द हैं वह तारीफ़ के साथ पाकीज़गी बयान करते हैं अपने रब की, और वह उस पर ईमान लाते हैं, और ईमान लाने वालों के लिए मग़्फ़िरत मांगते हैं कि ऐ हमारे रब! हर शै को समो लिया है (तेरी) रहमत और इल्म ने, सो तू उन लोगों को बख़्श दे जिन्हों ने तौबा की, और तेरे रास्ते की पैरवी की, और तू उन्हें जहन्नम के अज़ाब से बचा ले। (7)

رَبَّنَا وَاَدْخِلْهُمْ جَنّٰتِ عَدْنِ ِالَّتِیْ وَعَدْتَّهُمْ وَمَنْ صَلَحَ

सालेह हैं	और जो	तू ने उन से वादा किया	वह जिन का	हमेशगी के बाग़ात	और उन्हें दाख़िल करना	ऐ हमारे रब

مِنْ اٰبَآىِٕهِمْ وَاَزْوَاجِهِمْ وَذُرِّيّٰتِهِمْ ؕ اِنَّكَ اَنْتَ الْعَزِيْزُ

ग़ालिब	तू ही	बेशक तू	और उन की औलाद	और उन की बीवियां	उन के बाप दादा	से

الْحَكِيْمُ ۙ﴿٨﴾ وَقِهِمُ السَّيِّاٰتِ ؕ وَمَنْ تَقِ السَّيِّاٰتِ يَوْمَىِٕذٍ

उस दिन	बुराइयों	बचा	और जो	बुराइयों	और तू उन्हें बचाले	8	हिक्मत वाला

ع ١ ٩ ٦ فَقَدْ رَحِمْتَهٗ ؕ وَذٰلِكَ هُوَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ﴿٩﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا

जिन लोगों ने कुफ़्र किया	बेशक	9	अज़ीम	कामयाबी	(यही) वह	और यह	तो यक़ीनन तू ने उस पर रहम किया

يُنَادَوْنَ لَمَقْتُ اللّٰهِ اَكْبَرُ مِنْ مَّقْتِكُمْ اَنْفُسَكُمْ

अपने तईं	तुम्हारा बेज़ार होना	से	बहुत बड़ा	अलबत्ता अल्लाह का बेज़ार होना	वह पुकारे जाएंगे

اِذْ تُدْعَوْنَ اِلَى الْاِيْمَانِ فَتَكْفُرُوْنَ ﴿١٠﴾ قَالُوْا رَبَّنَآ اَمَتَّنَا

तू ने हमें मुर्दा रखा	ऐ हमारे रब	वह कहेंगे	10	तो तुम कुफ़्र करते थे	ईमान की तरफ़	तुम बुलाए जाते थे	जब

اثْنَتَيْنِ وَاَحْيَيْتَنَا اثْنَتَيْنِ فَاعْتَرَفْنَا بِذُنُوْبِنَا فَهَلْ اِلٰى

तरफ़	तो क्या	अपने गुनाहों का	पस हम ने एतिराफ़ कर लिया	दो बार	और ज़िन्दगी बख़्शी हमें तू ने	दो बार

خُرُوْجٍ مِّنْ سَبِيْلٍ ﴿١١﴾ ذٰلِكُمْ بِاَنَّهٗۤ اِذَا دُعِىَ اللّٰهُ وَحْدَهٗ

वाहिद	पुकारा जाता अल्लाह	इस लिए कि जब	यह तुम (पर)	11	सबील	से-कोई	निकलना

كَفَرْتُمْ ۚ وَاِنْ يُّشْرَكْ بِهٖ تُؤْمِنُوْا ؕ فَالْحُكْمُ لِلّٰهِ الْعَلِيِّ الْكَبِيْرِ ﴿١٢﴾

12	बड़ा	बुलन्द	पस हुक्म अल्लाह के लिए	तुम मान लेते	उस का शरीक किया जाता	और अगर	तुम कुफ़्र करते

هُوَ الَّذِىْ يُرِيْكُمْ اٰيٰتِهٖ وَيُنَزِّلُ لَكُمْ مِّنَ السَّمَآءِ رِزْقًا ؕ

रिज़्क़	आस्मानों से	तुम्हारे लिए	और उतारता है	अपनी निशानियां	तुम्हें दिखाता है	जो कि	वह

وَمَا يَتَذَكَّرُ اِلَّا مَنْ يُّنِيْبُ ﴿١٣﴾ فَادْعُوا اللّٰهَ مُخْلِصِيْنَ لَهُ

उस के लिए	ख़ालिस करते हुए	पस पुकारो अल्लाह	13	रुजूअ करता है	सिवाए जो	और नहीं नसीहत क़बूल करता

الدِّيْنَ وَلَوْ كَرِهَ الْكٰفِرُوْنَ ﴿١٤﴾ رَفِيْعُ الدَّرَجٰتِ ذُو الْعَرْشِ ۚ

अर्श का मालिक	दरजे	बुलन्द	14	काफ़िर (जमा)	बुरा मानें	अगरचे	इबादत

يُلْقِى الرُّوْحَ مِنْ اَمْرِهٖ عَلٰى مَنْ يَّشَآءُ مِنْ عِبَادِهٖ لِيُنْذِرَ

ताकि वह डराए	अपने बन्दों (में) से	वह चाहता है	जिस पर	अपने हुक्म से	वह डालता है रूह

يَوْمَ التَّلَاقِ ۙ﴿١٥﴾ يَوْمَ هُمْ بٰرِزُوْنَ ۚ لَا يَخْفٰى عَلَى اللّٰهِ

अल्लाह पर	न पोशीदा होंगी	ज़ाहिर होंगे	वह	जिस दिन	15	मुलाक़ात (क़ियामत) का दिन

مِنْهُمْ شَىْءٌ ؕ لِمَنِ الْمُلْكُ الْيَوْمَ ؕ لِلّٰهِ الْوَاحِدِ الْقَهَّارِ ﴿١٦﴾

16	ज़बरदस्त क़हर वाला	वाहिद	अल्लाह के लिए	आज	बादशाहत	किस के लिए	कोई शै	उन से-की

ऐ हमारे रब! और उन्हें हमेशगी के बाग़ात में दाख़िल फ़रमा, वह जिन का तू ने उन से वादा किया है और (उन को भी) जो सालेह हैं उन के बाप दादा में से और उन की बीवियों और उन की औलाद में से, बेशक तू ही ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (8)

और उन्हें बुराइयों से बचाले और जो उस दिन बुराइयों से बचा, तो यक़ीनन तू ने उस पर रहम किया और यही अज़ीम कामयाबी है। (9)

बेशक जिन लोगों ने कुफ़्र किया वह पुकारे जाएंगे (उन्हें पुकार कर कहा जाएगा) कि अल्लाह का बेज़ार होना तुम्हारे अपने तईं बेज़ार होने से बहुत बड़ा है, जब तुम ईमान की तरफ़ बुलाए जाते थे तो तुम कुफ़्र करते थे। (10)

वह कहेंगे ऐ हमारे रब! तू ने हमें मुर्दा रखा दो बार, और हमें ज़िन्दगी बख़्शी दो बार, पस हम ने अपने गुनाहों का एतिराफ़ कर लिया, तो क्या (अब यहां से) निकलने की कोई सबील है? (11)

कहा जाएगा यह तुम पर इस लिए (है) कि जब अल्लाह वाहिद को पुकारा जाता तो तुम कुफ़्र करते और अगर (किसी को) उस का शरीक किया जाता तो तुम मान लेते, पस हुक्म अल्लाह के लिए है जो बुलन्द, बड़ा है। (12)

वह जो तुम्हें अपनी निशानियां दिखाता है, और तुम्हारे लिए आस्मान से रिज़्क़ उतारता है, और नसीहत क़बूल नहीं करता सिवाए जो (अल्लाह की तरफ़) रुजुअ करता है। (13)

पस तुम अल्लाह को पुकारो, उसी के लिए इबादत ख़ालिस करते हुए, अगरचे काफ़िर बुरा मानें। (14)

बुलन्द दरजों वाला, अर्श का मालिक, वह अपने हुक्म से रूह (वहि) डालता है (भेजता है) जिस पर अपने बन्दों में से चाहता है ताकि वह क़ियामत के दिन से डराए। (15)

जिस दिन वह ज़ाहिर होंगे, न पोशीदा होंगी अल्लाह पर उन की कोई शै, (निदा होगी) आज किस के लिए है बादशाहत? (एलान होगा) "अल्लाह के लिए" जो वाहिद, ज़बरदस्त क़हर वाला है। (16)

आज हर शख़्स को उस के आमाल का बदला दिया जाएगा, आज कोई ज़ुल्म न होगा, बेशक अल्लाह जल्द हिसाब लेने वाला है। (17) और उन्हें क़रीब आने वाले रोज़े क़ियामत से डराएं, जब दिल ग़म से भरे गलों के नज़्दीक (कलेजे मुँह को) आ रहे होंगे। ज़ालिमों के लिए नहीं कोई दोस्त, न कोई सिफ़ारिश करने वाला, जिस की बात मानी जाए। (18)
वह जानता है आँखों की ख़ियानत और जो वह सीनों में छुपाते हैं। (19)
और अल्लाह हक़ के साथ फ़ैसला करता है, और जो लोग उस के सिवा पुकारते हैं वह कुछ भी फ़ैसले नहीं करते, बेशक अल्लाह ही सुनने वाला, देखने वाला है। (20)
क्या वह ज़मीन में चले फिरे नहीं? तो वह देखते कैसा अन्जाम हुआ उन लोगों का जो उन से पहले थे, वह कुव्वत में उन से बहुत ज़ियादा सख़्त थे, और ज़मीन में आसार (निशानियों के एतिबार से भी), तो अल्लाह ने उन्हें गुनाहों के सबब पकड़ा, और उन के लिए नहीं है कोई अल्लाह से बचाने वाला। (21)
इस लिए कि उन के पास उन के रसूल खुली निशानियां ले कर आते थे, तो उन्हों ने कुफ़्र किया, पस उन्हें अल्लाह ने पकड़ा, बेशक वह क़व्वी, सख़्त अज़ाब देने वाला है। (22)
और तहक़ीक़ हम ने मूसा (अ) को भेजा अपनी निशानियों और रोशन सनद के साथ। (23)
फ़िरऔन और हामान और क़ारून की तरफ़ तो उन्हों ने कहा (मूसा अ तो) जादूगर, बड़ा झूटा है। (24)
फिर जब वह उन के पास हमारी तरफ़ से हक़ के साथ आए, तो उन्हों ने कहा: उन के बेटों को क़त्ल कर डालो जो उस के साथ ईमान लाए, और उन की बेटियों को ज़िन्दा रहने दो, और काफ़िरों का दाओ गुमराही के सिवा (कुछ) नहीं। (25)

اَلْيَوْمَ تُجْزٰى كُلُّ نَفْسٍۭ بِمَا كَسَبَتْ ۭ لَا ظُلْمَ الْيَوْمَ ۭ اِنَّ اللّٰهَ

बेशक अल्लाह	आज	नहीं ज़ुल्म	वह जो उस ने कमाया (आमाल)	हर शख़्स	बदला दिया जाएगा	आज

سَرِيْعُ الْحِسَابِ ﴿١٧﴾ وَاَنْذِرْهُمْ يَوْمَ الْاٰزِفَةِ اِذِ الْقُلُوْبُ

जब दिल (जमा)	क़रीब आने वाला रोज़ (क़ियामत)	और आप (स) उन्हें डराएं	17	हिसाब लेने वाला	तेज़

لَدَى الْحَنَاجِرِ كٰظِمِيْنَ ۬ مَا لِلظّٰلِمِيْنَ مِنْ حَمِيْمٍ وَّلَا شَفِيْعٍ

और न कोई सिफ़ारिश करने वाला	दोस्त	से-कोई	नहीं ज़ालिमों के लिए	ग़म से भरे हुए	गलों के नज़्दीक

يُّطَاعُ ﴿١٨﴾ يَعْلَمُ خَآئِنَةَ الْاَعْيُنِ وَمَا تُخْفِى الصُّدُوْرُ ﴿١٩﴾

19	सीने (जमा)	छुपाते हैं	और जो कुछ	आँखों	ख़ियानत	वह जानता है	18	जिस की बात मानी जाए

وَاللّٰهُ يَقْضِىْ بِالْحَقِّ ۭ وَالَّذِيْنَ يَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِهٖ

उस के सिवा	पुकारते हैं	और जो लोग	हक़ के साथ	फ़ैसला करता है	और अल्लाह

لَا يَقْضُوْنَ بِشَيْءٍ ۭ اِنَّ اللّٰهَ هُوَ السَّمِيْعُ الْبَصِيْرُ ﴿٢٠﴾ اَوَ لَمْ ع ٢ ١١

क्या नहीं	20	देखने वाला	सुनने वाला	वही	बेशक अल्लाह	कुछ भी	नहीं फ़ैसले करते

يَسِيْرُوْا فِى الْاَرْضِ فَيَنْظُرُوْا كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الَّذِيْنَ

उन लोगों का जो	अन्जाम	हुआ	कैसा	तो वह देखते	ज़मीन में	वह चले फिरे

كَانُوْا مِنْ قَبْلِهِمْ ۭ كَانُوْا هُمْ اَشَدَّ مِنْهُمْ قُوَّةً وَّاٰثَارًا

और आसार	कुव्वत	इन से	ज़ियादा सख़्त	वह	वह थे	इन से पहले	थे

فِى الْاَرْضِ فَاَخَذَهُمُ اللّٰهُ بِذُنُوْبِهِمْ ۭ وَمَا كَانَ لَهُمْ مِّنَ اللّٰهِ

अल्लाह से	उन के लिए	है	और नहीं	उन के गुनाहों के सबब	तो उन्हें पकड़ा अल्लाह	ज़मीन में

مِنْ وَّاقٍ ﴿٢١﴾ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ كَانَتْ تَّاْتِيْهِمْ رُسُلُهُمْ بِالْبَيِّنٰتِ

खुली निशानियों के साथ	उन के रसूल	उन के पास आते थे	इस लिए कि वह	यह	21	बचाने वाला	से-कोई

فَكَفَرُوْا فَاَخَذَهُمُ اللّٰهُ ۭ اِنَّهٗ قَوِيٌّ شَدِيْدُ الْعِقَابِ ﴿٢٢﴾

22	सख़्त अज़ाब वाला	क़व्वी	बेशक वह	पस पकड़ा उन्हें अल्लाह	तो उन्हों ने कुफ़्र किया

وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا مُوْسٰى بِاٰيٰتِنَا وَسُلْطٰنٍ مُّبِيْنٍ ﴿٢٣﴾ اِلٰى فِرْعَوْنَ

फ़िरऔन की तरफ़	23	रोशन	और सनद	अपनी निशानियों के साथ	मूसा (अ)	और तहक़ीक़ हम ने भेजा

وَهَامٰنَ وَقَارُوْنَ فَقَالُوْا سٰحِرٌ كَذَّابٌ ﴿٢٤﴾ فَلَمَّا جَآءَهُمْ

वह आए उन के पास	फिर जब	24	बड़ा झूटा	जादूगर	तो उन्हों ने कहा	और क़ारून	और हामान

بِالْحَقِّ مِنْ عِنْدِنَا قَالُوا اقْتُلُوْٓا اَبْنَآءَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مَعَهٗ

उस के साथ	ईमान लाए	वह जो	उन के बेटे	तुम क़त्ल करो	उन्हों ने कहा	हमारे पास (तरफ़) से	हक़ के साथ

وَاسْتَحْيُوْا نِسَآءَهُمْ ۭ وَمَا كَيْدُ الْكٰفِرِيْنَ اِلَّا فِيْ ضَلٰلٍ ﴿٢٥﴾

25	गुमराही में	सिवाए	काफ़िरों	और नहीं दाओ	उन की औरतें (बेटियां)	और ज़िन्दा रहने दो

وَقَالَ فِرْعَوْنُ ذَرُوْنِيْٓ اَقْتُلْ مُوْسٰى وَلْيَدْعُ رَبَّهٗ ۚ

अपना रब	और उसे पुकारने दो	मूसा (अ)	मैं क़त्ल करूँ	मुझे छोड़ दो	फ़िरऔन	और कहा

اِنِّيْٓ اَخَافُ اَنْ يُّبَدِّلَ دِيْنَكُمْ اَوْ اَنْ يُّظْهِرَ فِي الْاَرْضِ

ज़मीन में	यह कि ज़ाहिर कर दे (फैला दे)	या	तुम्हारा दीन	कि वह बदल दे	बेशक मैं डरता हूँ

الْفَسَادَ ﴿٢٦﴾ وَقَالَ مُوْسٰٓى اِنِّيْ عُذْتُ بِرَبِّيْ وَرَبِّكُمْ

और तुम्हारे रब से-की	अपने रब से-की	पनाह ले ली	बेशक मैं	मूसा (अ)	और कहा	26	फ़साद

ع ٣ ٧ ٨ مِّنْ كُلِّ مُتَكَبِّرٍ لَّا يُؤْمِنُ بِيَوْمِ الْحِسَابِ ﴿٢٧﴾ وَقَالَ رَجُلٌ

एक मर्द	और कहा	27	रोज़े हिसाब पर	(जो) ईमान नहीं रखता	मग़रूर	हर	से

مُّؤْمِنٌ مِّنْ اٰلِ فِرْعَوْنَ يَكْتُمُ اِيْمَانَهٗٓ اَتَقْتُلُوْنَ رَجُلًا

एक आदमी	क्या तुम क़त्ल करते हो	अपना ईमान	वह छुपाए हुए था	फ़िरऔन के लोग	से	मोमिन

اَنْ يَّقُوْلَ رَبِّيَ اللّٰهُ وَقَدْ جَآءَكُمْ بِالْبَيِّنٰتِ مِنْ رَّبِّكُمْ ۭ

तुम्हारे रब की तरफ़ से	खुली निशानियों के साथ	और वह तुम्हारे पास आया है	मेरा रब अल्लाह	कि वह कहता है

وَاِنْ يَّكُ كَاذِبًا فَعَلَيْهِ كَذِبُهٗ ۚ وَاِنْ يَّكُ صَادِقًا يُّصِبْكُمْ

तुम्हें पहुँचेगा	सच्चा	और अगर है वह	उस का झूट	तो उस पर	झूटा	वह है	और अगर

بَعْضُ الَّذِيْ يَعِدُكُمْ ۭ اِنَّ اللّٰهَ لَا يَهْدِيْ مَنْ هُوَ مُسْرِفٌ

हद से गुज़रने वाला	जो हो	हिदायत नहीं देता	बेशक अल्लाह	तुम से वादा करता है	वह जो	कुछ

كَذَّابٌ ﴿٢٨﴾ يٰقَوْمِ لَكُمُ الْمُلْكُ الْيَوْمَ ظٰهِرِيْنَ فِي الْاَرْضِ

ज़मीन में	ग़ालिब	आज	बादशाहत	तुम्हारे लिए	ऐ मेरी क़ौम	28	सख़्त झूटा

فَمَنْ يَّنْصُرُنَا مِنْۢ بَاْسِ اللّٰهِ اِنْ جَآءَنَا ۭ قَالَ فِرْعَوْنُ

फ़िरऔन	कहा	अगर वह आ जाए हम पर	अल्लाह का अ़ज़ाब	से	हमारी मदद करेगा	तो कौन

مَآ اُرِيْكُمْ اِلَّا مَآ اَرٰى وَمَآ اَهْدِيْكُمْ اِلَّا سَبِيْلَ الرَّشَادِ ﴿٢٩﴾

29	भलाई	राह	मगर	और राह नहीं दिखाता तुम्हें	जो मैं देखता हूँ	मैं दिखाता (राए देता) तुम्हें मगर	नहीं

وَقَالَ الَّذِيْٓ اٰمَنَ يٰقَوْمِ اِنِّيْٓ اَخَافُ عَلَيْكُمْ مِّثْلَ

मानिंद	तुम पर	मैं डरता हूँ	ऐ मेरी क़ौम	ईमान ले आया	वह शख़्स जो	और कहा

يَوْمِ الْاَحْزَابِ ﴿٣٠﴾ مِثْلَ دَاْبِ قَوْمِ نُوْحٍ وَّعَادٍ وَّثَمُوْدَ

और समूद	और आद	क़ौमे नूह	हाल	जैसे	30	(साबिक़ा) गिरोहों का दिन

وَالَّذِيْنَ مِنْۢ بَعْدِهِمْ ۭ وَمَا اللّٰهُ يُرِيْدُ ظُلْمًا لِّلْعِبَادِ ﴿٣١﴾

31	अपने बन्दों के लिए	कोई ज़ुल्म	चाहता	अल्लाह	और नहीं	उन के बाद	और जो लोग

وَيٰقَوْمِ اِنِّيْٓ اَخَافُ عَلَيْكُمْ يَوْمَ التَّنَادِ ﴿٣٢﴾

32	दिन चीख़ ओ पुकार	तुम पर	मैं डरता हूँ	और ऐ मेरी क़ौम

और फ़िरऔन ने कहाः मुझे छोड़ दो कि मैं मूसा (अ) को क़त्ल कर दूँ और उसे अपने रब को पुकारने दो, बेशक मैं डरता हूँ कि वह बदल देगा तुम्हारा दीन या ज़मीन में फ़साद फैलाएगा। (26)

और मूसा (अ) ने कहा, बेशक मैं ने पनाह ले ली है अपने और तुम्हारे रब की, हर मग़रूर से जो रोज़े हिसाब पर ईमान नहीं रखता। (27)

और कहा फ़िरऔन के लोगों में से एक मोमिन मर्द ने (जो) अपना ईमान छुपाए हुए था, क्या तुम एक आदमी को (महज़ इस बात पर) क़त्ल करते हो कि वह कहता है "मेरा रब अल्लाह है" और वह तुम्हारे पास तुम्हारे रब की तरफ़ से खुली निशानियों के साथ आया है और अगर वह झूटा है तो उस के झूट (का वबाल) उसी पर होगा, और अगर वह सच्चा है तो वह जो तुम से वादा कर रहा हे उस का कुछ (अ़ज़ाब) तुम पर (ज़रूर) पहुँचेगा, बेशक अल्लाह (उसे) हिदायत नहीं देता जो हद से गुज़रने वाला, सख़्त झूटा। (28)

ऐ मेरी क़ौम आज बादशाहत तुम्हारी है, तुम ग़ालिब हो ज़मीन में, अगर अल्लाह का अ़ज़ाब हम पर आ जाए तो उस से बचाने के लिए कौन हमारी मदद करेगा? फ़िरऔन ने कहा, मैं तुम्हें राए नहीं देता मगर जो मैं देखता हूँ, और मैं तुम्हें राह नहीं दिखाता मगर भलाई की राह। (29)

और उस शख़्स ने कहा जो ईमान ले आया था, ऐ मेरी क़ौम! मैं तुम पर साबिक़ा गिरोहों के दिन के मानिंद (अ़ज़ाब नाज़िल होने से) डरता हूँ, (30)

जैसे हाल हुआ क़ौमे नूह और आ़द और समूद का और जो उन के बाद (हुए) और अल्लाह नहीं चाहता अपने बन्दों के लिए कोई ज़ुल्म। (31)

और ऐ मेरी क़ौम! मैं तुम पर चीख़ ओ पुकार के दिन से डरता हूँ। (32)

يَوْمَ تُوَلُّوْنَ مُدْبِرِيْنَ ۚ مَا لَكُمْ مِّنَ اللّٰهِ مِنْ عَاصِمٍ ۚ وَمَنْ يُّضْلِلِ

गुमराह कर दे	और जिस को	बचाने वाला	कोई	अल्लाह से	नहीं तुम्हारे लिए	पीठ फेर कर	तुम फिर जाओगे (भागोगे)	जिस दिन

اللّٰهُ فَمَا لَهٗ مِنْ هَادٍ ﴿٣٣﴾ وَلَقَدْ جَآءَكُمْ يُوْسُفُ مِنْ قَبْلُ

इस से क़ब्ल	यूसुफ़ (अ)	और तहक़ीक़ आए तुम्हारे पास	33	कोई हिदायत देने वाला	तो नहीं उस के लिए	अल्लाह

بِالْبَيِّنٰتِ فَمَا زِلْتُمْ فِيْ شَكٍّ مِّمَّا جَآءَكُمْ بِهٖ ؕ حَتّٰۤى اِذَا هَلَكَ قُلْتُمْ

तुम ने कहा	वह फ़ौत हो गए	जब	यहां तक	आए तुम्हारे पास जिस के साथ	शक में उस से	सो तुम हमेशा रहे	(वाज़ेह) दलाइल के साथ

لَنْ يَّبْعَثَ اللّٰهُ مِنْۢ بَعْدِهٖ رَسُوْلًا ؕ كَذٰلِكَ يُضِلُّ اللّٰهُ مَنْ هُوَ

जो वह	गुमराह करता है अल्लाह	इसी तरह	कोई रसूल	उस के बाद	हरगिज़ न भेजेगा अल्लाह

مُسْرِفٌ مُّرْتَابُ ﴿٣٤﴾ ۚ الَّذِيْنَ يُجَادِلُوْنَ فِيْۤ اٰيٰتِ اللّٰهِ بِغَيْرِ سُلْطٰنٍ

बग़ैर किसी दलील	अल्लाह की आयतें	में	झगड़ा करते हैं	जो लोग	34	शक में रहने वाला	हद से गुज़रने वाला

اَتٰىهُمْ ؕ كَبُرَ مَقْتًا عِنْدَ اللّٰهِ وَعِنْدَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا ؕ كَذٰلِكَ يَطْبَعُ اللّٰهُ

मुहर लगा देता है अल्लाह	इसी तरह	ईमान लाए	उन लोगों के जो	और नज़्दीक	अल्लाह के नज़्दीक	सख़्त ना पसंद	आई उन के पास

عَلٰى كُلِّ قَلْبِ مُتَكَبِّرٍ جَبَّارٍ ﴿٣٥﴾ وَقَالَ فِرْعَوْنُ يٰهَامٰنُ ابْنِ

बना दे तो	ऐ हामान	फ़िरऔन	और कहा	35	सरकश	मग़रूर	हर दिल	पर

لِيْ صَرْحًا لَّعَلِّيْۤ اَبْلُغُ الْاَسْبَابَ ﴿٣٦﴾ اَسْبَابَ السَّمٰوٰتِ فَاَطَّلِعَ

पस झाँक लूँ	आस्मानों	रास्ते	36	रास्ते	पहुँच जाऊँ	शायद कि मैं	एक (बुलन्द) महल	मेरे लिए

اِلٰۤى اِلٰهِ مُوْسٰى وَاِنِّيْ لَاَظُنُّهٗ كَاذِبًا ؕ وَكَذٰلِكَ زُيِّنَ لِفِرْعَوْنَ

फ़िरऔन को	आरास्ता दिखाए गए	और उसी तरह	झूटा	उसे अलबत्ता गुमान करता हूँ	और बेशक मैं	मूसा (अ) का माबूद	तरफ़, को

سُوْٓءُ عَمَلِهٖ وَصُدَّ عَنِ السَّبِيْلِ ؕ وَمَا كَيْدُ فِرْعَوْنَ اِلَّا فِيْ تَبَابٍ ﴿٣٧﴾ ع ١٠ ٩

37	मगर (सिर्फ़) तबाही में	फ़िरऔन	और नहीं तदबीर	सीधा रास्ता	से	और वह रोक दिया गया	उस के बुरे अ़मल

وَقَالَ الَّذِيْۤ اٰمَنَ يٰقَوْمِ اتَّبِعُوْنِ اَهْدِكُمْ سَبِيْلَ الرَّشَادِ ﴿٣٨﴾ ۚ

38	भलाई	रास्ता	मैं तुम्हें राह दिखाऊँगा	तुम मेरी पैरवी करो	ऐ मेरी क़ौम	वह जो ईमान ले आया था	और कहा

يٰقَوْمِ اِنَّمَا هٰذِهِ الْحَيٰوةُ الدُّنْيَا مَتَاعٌ ۫ وَّاِنَّ الْاٰخِرَةَ هِيَ

वह	आख़िरत	और बेशक	(थोड़ा) फ़ाइदा	दुनिया की ज़िन्दगी	यह	इस के सिवा नहीं	ऐ मेरी क़ौम

دَارُ الْقَرَارِ ﴿٣٩﴾ مَنْ عَمِلَ سَيِّئَةً فَلَا يُجْزٰۤى اِلَّا مِثْلَهَا ۚ وَمَنْ

और जो-जिस	उसी जैसा	मगर	उसे बदला न दिया जाएगा	बुरा	अ़मल किया	जो-जिस	39	(हमेशा) रहने का घर

عَمِلَ صَالِحًا مِّنْ ذَكَرٍ اَوْ اُنْثٰى وَهُوَ مُؤْمِنٌ فَاُولٰٓئِكَ

तो यही लोग	और (बशर्ते यह कि) वह मोमिन	या औ़रत	मर्द	से	अच्छा	अ़मल किया

يَدْخُلُوْنَ الْجَنَّةَ يُرْزَقُوْنَ فِيْهَا بِغَيْرِ حِسَابٍ ﴿٤٠﴾

40	बे हिसाब	उस में	वह रिज़्क़ दिए जाएंगे	जन्नत	दाख़िल होंगे

जिस दिन तुम भागोगे पीठ फेर कर, तुम्हारे लिए अल्लाह से बचाने वाला कोई न होगा, और जिस को अल्लाह गुमराह करदे उस के लिए कोई नहीं हिदायत देने वाला। (33)

और तहक़ीक़ तुम्हारे पास इस से क़ब्ल यूसुफ़ (अ) वाज़ेह दलाइल के साथ आए, सो तुम हमेशा शक में रहे उस (के बारे में) जिस के साथ वह तुम्हारे पास आए, यहां तक कि जब वह फ़ौत हो गए तो तुम ने कहाः उस के बाद अल्लाह हरगिज़ कोई रसूल न भेजेगा, इसी तरह अल्लाह (उसे) गुमराह करता है जो हद से गुज़रने वाला, शक में रहने वाला हो। (34)

जो लोग अल्लाह की आयतों (के बारे) में झगड़ते हैं किसी दलील के बग़ैर जो उन के पास हो (उन की यह कज बह्सी) सख़्त ना पसंद है अल्लाह के नज़्दीक और उन के नज़्दीक जो ईमान लाए, इसी तरह अल्लाह हर मग़रूर, सरकश के दिल पर मुहर लगा देता है। (35)

और फ़िरऔन ने कहा ऐ हामान! मेरे लिए बुलन्द इमारत बना, शायद कि मैं पहुँच जाऊँ। (36)

आस्मानों के रास्ते, पस मैं मूसा (अ) के माबूद को झाँक लूँ, और बेशक मैं उसे झूटा गुमान करता हूँ, और उसी तरह फ़िरऔन को उस के बुरे अ़मल आरास्ता दिखाए गए और वह रोक दिया गया सीधे रास्ते से, और फ़िरऔन की तदबीर सिर्फ़ तबाही ही थी। (37)

और जो शख़्स ईमान ले आया था, उस ने कहा कि ऐ मेरी क़ौम! तुम मेरी पैरवी करो, मैं तुम्हें भलाई का रास्ता दिखाऊँगा। (38)

ऐ मेरी क़ौम! इस के सिवा नहीं कि यह दुनिया की ज़िन्दगी थोड़ा सा फ़ाइदा है, और आख़िरत बेशक हमेशा रहने का घर है। (39)

जिस शख़्स ने बुरा अ़मल किया उसे उस जैसा बदला दिया जाएगा, और जिस ने अच्छा अ़मल किया, वह ख़ाह मर्द हो या औ़रत, बशर्ते यह कि वह मोमिन हो, तो यही लोग दाख़िल होंगे जन्नत में, उस में उन्हें बे हिसाब रिज़्क़ दिया जाएगा। (40)

وَيٰقَوْمِ مَا لِيْٓ اَدْعُوْكُمْ اِلَى النَّجٰوةِ وَتَدْعُوْنَنِيْٓ اِلَى النَّارِ ﴿٤١﴾

और ऐ मेरी क़ौम	क्या हुआ मुझे	मैं बुलाता हूँ तुम्हें	तरफ़	नजात	और बुलाते हो तुम मुझे	तरफ़	आग (जहन्नम)	41

تَدْعُوْنَنِيْ لِاَكْفُرَ بِاللّٰهِ وَاُشْرِكَ بِهٖ مَا لَيْسَ لِيْ بِهٖ عِلْمٌ

तुम बुलाते हो मुझे	कि मैं इन्कार करूँ	अल्लाह का	और मैं शरीक ठहराऊँ	उस के साथ	जो	नहीं	मुझे	उस का	कोई इल्म

وَّاَنَا اَدْعُوْكُمْ اِلَى الْعَزِيْزِ الْغَفَّارِ ﴿٤٢﴾ لَا جَرَمَ اَنَّمَا تَدْعُوْنَنِيْٓ

और मैं	बुलाता हूँ तुम्हें	तरफ़	ग़ालिब	बख़्शने वाला	42	कोई शक नहीं	यह कि	तमु बुलाते हो मुझे

اِلَيْهِ لَيْسَ لَهٗ دَعْوَةٌ فِى الدُّنْيَا وَلَا فِى الْاٰخِرَةِ وَاَنَّ مَرَدَّنَآ

उस की तरफ़	नहीं उस के लिए	बुलाना	दुनिया में	और न	आख़िरत में	और यह कि	फिर जाना है हमें

اِلَى اللّٰهِ وَاَنَّ الْمُسْرِفِيْنَ هُمْ اَصْحٰبُ النَّارِ ﴿٤٣﴾ فَسَتَذْكُرُوْنَ

अल्लाह की तरफ़	और यह कि	हद से बढ़ने वाले	वह-वही	आग वाले (जहन्नमी)	43	सो तुम जल्द याद करोगे

مَآ اَقُوْلُ لَكُمْ ۭ وَاُفَوِّضُ اَمْرِيْٓ اِلَى اللّٰهِ ۭ اِنَّ اللّٰهَ بَصِيْرٌۢ

जो मैं कहता हूँ	तुम्हें	और मैं सौंपता हूँ	अपना काम	अल्लाह को	बेशक अल्लाह	देखने वाला

بِالْعِبَادِ ﴿٤٤﴾ فَوَقٰىهُ اللّٰهُ سَيِّاٰتِ مَا مَكَرُوْا وَحَاقَ

बन्दों को	44	सो उसे बचा लिया अल्लाह ने	बुराइयां	दाओ जो वह करते थे	और घेर लिया

بِاٰلِ فِرْعَوْنَ سُوْۗءُ الْعَذَابِ ﴿٤٥﴾ اَلنَّارُ يُعْرَضُوْنَ عَلَيْهَا

फ़िरऔन वालों को	बुरा अज़ाब	45	आग	वह हाज़िर किए जाते हैं	उस पर

غُدُوًّا وَّعَشِيًّا ۚ وَيَوْمَ تَقُوْمُ السَّاعَةُ ۣ اَدْخِلُوْٓا

सुबह	और शाम	और जिस दिन	क़ाइम होगी	क़ियामत	दाख़िल करो तुम

اٰلَ فِرْعَوْنَ اَشَدَّ الْعَذَابِ ﴿٤٦﴾ وَاِذْ يَتَحَاۗجُّوْنَ فِي النَّارِ

फ़िरऔन वाले	शदीद तरीन	अज़ाब	46	और जब	वह बाहम झगड़ेंगे	आग (जहन्नम) में

فَيَقُوْلُ الضُّعَفٰۗؤُا لِلَّذِيْنَ اسْتَكْبَرُوْٓا اِنَّا كُنَّا لَكُمْ

तो कहेंगे	कमज़ोर	उन लोगों को जो	वह बड़े बनते थे	बेशक हम थे	तुम्हारे

تَبَعًا فَهَلْ اَنْتُمْ مُّغْنُوْنَ عَنَّا نَصِيْبًا مِّنَ النَّارِ ﴿٤٧﴾

ताबे	तो क्या	तुम	दूर कर दोगे	हम से	कुछ हिस्सा	से-का	आग	47

قَالَ الَّذِيْنَ اسْتَكْبَرُوْٓا اِنَّا كُلٌّ فِيْهَآ اِنَّ اللّٰهَ قَدْ حَكَمَ

कहेंगे	वह लोग जो	बड़े बनते थे	बेशक हम	सब	इस में	बेशक अल्लाह	फ़ैसला कर चुका है

بَيْنَ الْعِبَادِ ﴿٤٨﴾ وَقَالَ الَّذِيْنَ فِي النَّارِ لِخَزَنَةِ جَهَنَّمَ

बन्दों के दरमियान	48	और कहेंगे	वह लोग जो	आग में	निगहबान दारोग़ा (जमा) को	जहन्नम

ادْعُوْا رَبَّكُمْ يُخَفِّفْ عَنَّا يَوْمًا مِّنَ الْعَذَابِ ﴿٤٩﴾

तुम दुआ करो	अपने रब से	हल्का कर दे	हम से	एक दिन	से-का अज़ाब	49

और ऐ मेरी क़ौम! यह क्या बात है कि मैं तुम्हें नजात की तरफ़ बुलाता हूँ और तुम मुझे जहन्नम की तरफ़ बुलाते हो। (41)

तुम मुझे बुलाते हो कि मैं अल्लाह का इन्कार करूँ और उस के साथ उसे शरीक ठहराऊँ जिस का मुझे कोई इल्म नहीं और मैं तुम्हें ग़ालिब बख़्शने वाले (अल्लाह) की तरफ़ बुलाता हूँ। (42)

कोई शक नहीं कि तुम मुझे जिस की तरफ़ बुलाते हो उस का दुनिया में और आख़िरत में (कुछ भी) नहीं और यह कि हमें फिर जाना है अल्लाह की तरफ़, और यह कि हद से बढ़ जाने वाले ही जहन्नमी हैं। (43)

सो तुम जल्दी याद करोगे जो मैं तुम्हें कहता हूँ और मैं अपना काम (मामला) अल्लाह को सौंपता हूँ, बेशक अल्लाह बन्दों को देखने वाला है। (44)

सो अल्लाह ने उसे बचा लिया (उन) बुरे दाओ से जो वह करते थे, और फ़िरऔन वालों को बुरे अज़ाब ने घेर लिया। (45)

(जहन्नम की) आग जिस पर वह सुबह ओ शाम पेश किए जाते हैं, और जिस दिन क़ियामत क़ाइम होगी (हुक्म होगा कि) तुम दाख़िल करो फ़िरऔन वालों को शदीद तरीन अज़ाब में। (46)

और जब वह जहन्नम में बाहम झगड़ेंगे तो कहेंगे कमज़ोर उन लोगों को जो बड़े बनते थे: बेशक हम (दुनिया में) तुम्हारे मातहत थे तो क्या (अब) तुम दूर कर दोगे हम से आग का कुछ हिस्सा? (47)

वह लोग जो बड़े बनते थे कहेंगे: बेशक हम सब इस में हैं, बेशक अल्लाह बन्दों के दरमियान फ़ैसला कर चुका है। (48)

और वह लोग जो आग में होंगे वह कहेंगे दारोग़ों (जहन्नम के निगहबान फ़रिश्तों) को: अपने रब से दुआ करो, एक दिन का अज़ाब हम से हल्का कर दे। (49)

قَالُوْٓا اَوَ لَمْ تَكُ تَاْتِيْكُمْ رُسُلُكُمْ بِالْبَيِّنٰتِ ؕ قَالُوْا بَلٰى ؕ

हाँ	वह कहेंगे	निशानियों के साथ	तुम्हारे रसूल	तुम्हारे पास आते	क्या नहीं थे	वह कहेंगे

قَالُوْا فَادْعُوْا ۚ وَمَا دُعٰٓؤُا الْكٰفِرِيْنَ اِلَّا فِيْ ضَلٰلٍ ﴿٥٠﴾ ع ٥ ١٣ ١٠

50	गुमराही में (बेसूद)	मगर	काफ़िर (जमा)	पुकार	और न	तो तुम पुकारो	वह कहेंगे

اِنَّا لَنَنْصُرُ رُسُلَنَا وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا فِي الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا

दुनिया	ज़िन्दगी	में	ईमान लाए	और जो लोग	अपने रसूल (जमा)	ज़रूर मदद करते हैं	बेशक हम

وَيَوْمَ يَقُوْمُ الْاَشْهَادُ ﴿٥١﴾ يَوْمَ لَا يَنْفَعُ الظّٰلِمِيْنَ

ज़ालिम (जमा)	नफ़ा न देगी	जिस दिन	51	गवाही देने वाले	खड़े होंगे	और जिस दिन

مَعْذِرَتُهُمْ وَلَهُمُ اللَّعْنَةُ وَلَهُمْ سُوْٓءُ الدَّارِ ﴿٥٢﴾ وَلَقَدْ اٰتَيْنَا

और तहक़ीक़ हम ने दी	52	बुरा घर (ठिकाना)	और उन के लिए	लानत	और उन के लिए	उन की उज़्र ख़ाही

مُوْسَى الْهُدٰى وَاَوْرَثْنَا بَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ الْكِتٰبَ ﴿٥٣﴾

53	किताब (तौरेत)	बनी इस्राईल	और हम ने वारिस बनाया	हिदायत	मूसा (अ)

هُدًى وَّذِكْرٰى لِاُولِي الْاَلْبَابِ ﴿٥٤﴾ فَاصْبِرْ اِنَّ وَعْدَ اللّٰهِ

अल्लाह का वादा	बेशक	पस आप (स) सब्र करें	54	अक़्ल मन्दों के लिए	और नसीहत	हिदायत

حَقٌّ وَّاسْتَغْفِرْ لِذَنْۢبِكَ وَسَبِّحْ بِحَمْدِ رَبِّكَ

अपने परवरदिगार की तारीफ़ के साथ	और पाकीज़गी बयान करें	अपने गुनाहों के लिए	और मग़्फ़िरत तलब करें	सच्चा

بِالْعَشِيِّ وَالْاِبْكَارِ ﴿٥٥﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ يُجَادِلُوْنَ فِيْٓ اٰيٰتِ اللّٰهِ

अल्लाह की आयात	में	झगड़ते हैं	वह लोग जो	बेशक	55	और सुबह	शाम

بِغَيْرِ سُلْطٰنٍ اَتٰىهُمْ ۙ اِنْ فِيْ صُدُوْرِهِمْ اِلَّا كِبْرٌ

तकब्बुर	सिवाए	उन के सीने (दिल)	में	नहीं	उन के पास आई हो	किसी सनद	बग़ैर

مَّا هُمْ بِبَالِغِيْهِ ۚ فَاسْتَعِذْ بِاللّٰهِ ؕ اِنَّهٗ هُوَ السَّمِيْعُ

वही सुनने वाला	बेशक वह	अल्लाह की	पस आप (स) पनाह चाहें	उस तक पहुँचने वाले	नहीं वह

الْبَصِيْرُ ﴿٥٦﴾ لَخَلْقُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ اَكْبَرُ مِنْ

से	बहुत बड़ा	और ज़मीन	आस्मानों	यक़ीनन पैदा करना	56	देखने वाला

خَلْقِ النَّاسِ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٥٧﴾

57	जानते (समझते) नहीं	अक्सर लोग	और लेकिन	लोगों को पैदा करना

وَمَا يَسْتَوِي الْاَعْمٰى وَالْبَصِيْرُ ۙ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

और जो लोग ईमान लाए	और बीना	नाबीना	और बराबर नहीं

وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ وَلَا الْمُسِيْٓءُ ؕ قَلِيْلًا مَّا تَتَذَكَّرُوْنَ ﴿٥٨﴾

58	जो तुम ग़ौर ओ फ़िक्र करते हो	बहुत कम	और न बदकार	और उन्हों ने अच्छे अमल किए

वह कहेंगे, क्या तुम्हारे पास तुम्हारे रसूल खुली निशानियों के साथ नहीं आए थे? वह कहेंगे हाँ! वह कहेंगे तो तुम पुकारो, और न होगी काफ़िरों की पुकार मगर बेसूद। (50)

बेशक हम ज़रूर मदद करते हैं अपने रसूलों की और उन लोगों की जो ईमान लाए दुनिया की ज़िन्दगी में और (उस दिन भी) जिस दिन गवाही देने वाले खड़े होंगे। (51)

जिस दिन ज़ालिमों को नफ़ा न देगी उन की उज़्र ख़ाही, और उन के लिए लानत (अल्लाह की रहमत से दूरी) है और उन के लिए बुरा घर है। (52)

और तहक़ीक़ हम ने मूसा (अ) को हिदायत (तौरेत) दी और हम ने बनी इस्राईल को तौरेत का वारिस बनाया। (53)

(जो) अक़्ल मन्दों के लिए हिदायत और नसीहत है। (54)

पस आप (स) सब्र करें, बेशक अल्लाह का वादा सच्चा है, और अपने क़ुसूरों के लिए मग़्फ़िरत तलब करें, और अपने रब की तारीफ़ के साथ पाकीज़गी बयान करें शाम और सुबह। (55)

बेशक जो लोग अल्लाह की आयात में झगड़ते हैं बग़ैर किसी सनद के, जो उन के पास आई हो, उन के दिलों में तकब्बुर (बड़ाई की हवस) के सिवा कुछ नहीं, जिस तक वह कभी पहुँचने वाले नहीं। पस आप अल्लाह की पनाह चाहें, बेशक वही सुनने वाला देखने वाला है। (56)

यक़ीनन आस्मानों का और ज़मीन का पैदा करना लोगों के पैदा करने से बहुत बड़ा है, लेकिन अक्सर लोग समझते नहीं। (57)

और बराबर नहीं नाबीना और बीना, और (न) वह जो ईमान लाए और उन्हों ने अच्छे अमल किए, और न वह जो बदकार हैं। बहुत कम तुम ग़ौर ओ फ़िक्र करते हो। (58)

اِنَّ السَّاعَةَ لَاٰتِيَةٌ لَّا رَيْبَ فِيْهَا ۙ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ

लोग	अक्सर	और लेकिन	इस में	नहीं शक	ज़रूर आने वाली	क़ियामत	बेशक

لَا يُؤْمِنُوْنَ ﴿٥٩﴾ وَقَالَ رَبُّكُمُ ادْعُوْنِيْٓ اَسْتَجِبْ لَكُمْ ۭ

तुम्हारी	मैं क़ुबूल करूँगा	तुम दुआ करो मुझ से	तुम्हारे रब ने	और कहा	59	ईमान नहीं लाते

اِنَّ الَّذِيْنَ يَسْتَكْبِرُوْنَ عَنْ عِبَادَتِيْ سَيَدْخُلُوْنَ جَهَنَّمَ

जहन्नम	अ़नक़रीब वह दाख़िल होंगे	मेरी इबादत	से	तकब्बुर करते हैं	जो लोग	बेशक

ع ٦ / ١٠ / ١١ دٰخِرِيْنَ ﴿٦٠﴾ ع اَللّٰهُ الَّذِيْ جَعَلَ لَكُمُ الَّيْلَ لِتَسْكُنُوْا فِيْهِ

उस में	ताकि तुम सुकून हासिल करो	रात	तुम्हारे लिए	बनाई	वह जिस ने	अल्लाह	60	ख़ार हो कर

وَالنَّهَارَ مُبْصِرًا ۭ اِنَّ اللّٰهَ لَذُوْ فَضْلٍ عَلَى النَّاسِ

लोगों पर	फ़ज़्ल वाला	बेशक अल्लाह	दिखाने को	और दिन

وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ لَا يَشْكُرُوْنَ ﴿٦١﴾ ذٰلِكُمُ اللّٰهُ رَبُّكُمْ خَالِقُ

पैदा करने वाला	तुम्हारा रब	अल्लाह	यह है	61	शुक्र नहीं करते	अक्सर लोग	और लेकिन

كُلِّ شَيْءٍ ۘ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۡ فَاَنّٰى تُؤْفَكُوْنَ ﴿٦٢﴾ كَذٰلِكَ

इसी तरह	62	उलटे फिरे जाते हो	तो कहां तुम	उस के सिवा	नहीं कोई माबूद	हर शै

يُؤْفَكُ الَّذِيْنَ كَانُوْا بِاٰيٰتِ اللّٰهِ يَجْحَدُوْنَ ﴿٦٣﴾ اَللّٰهُ

अल्लाह	63	वह इन्कार करते हैं	अल्लाह की आयात से - का	थे	वह लोग जो	उलटे फिर जाते हैं

الَّذِيْ جَعَلَ لَكُمُ الْاَرْضَ قَرَارًا وَّالسَّمَاۗءَ بِنَاۗءً وَّصَوَّرَكُمْ

और तुम्हें सूरत दी	छत	और आस्मान	क़रारगाह	ज़मीन	तुम्हारे लिए	बनाया	वह जिस ने

فَاَحْسَنَ صُوَرَكُمْ وَرَزَقَكُمْ مِّنَ الطَّيِّبٰتِ ۭ ذٰلِكُمُ

यह है	पाकीज़ा चीज़ें	से	और तुम्हें रिज़्क़ दिया	तुम्हें सूरत दी	तो बहुत ही हसीन

اللّٰهُ رَبُّكُمْ ښ فَتَبٰرَكَ اللّٰهُ رَبُّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٦٤﴾ هُوَ

वही	64	परवरदिगार सारे जहानों का	सो बरकत वाला है अल्लाह	अल्लाह तुम्हारा परवरदिगार

الْحَيُّ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ فَادْعُوْهُ مُخْلِصِيْنَ لَهُ الدِّيْنَ ۭ

उस के लिए दीन	ख़ालिस कर के	पस तुम पुकारो उसे	सिवाए उस के	नहीं कोई माबूद	ज़िन्दा रहने वाला

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٦٥﴾ قُلْ اِنِّيْ نُهِيْتُ اَنْ اَعْبُدَ

कि परस्तिश करूँ मैं	मुझे मना कर दिया गया है	बेशक मैं	आप (स) फ़रमा दें	65	परवरदिगार सारे जहानों का	तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए

الَّذِيْنَ تَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ لَمَّا جَاۗءَنِيَ الْبَيِّنٰتُ

खुली निशानियां	वह मेरे पास आ गईं	जब	अल्लाह के सिवा	तुम पूजा करते हो	वह जिन की

مِنْ رَّبِّيْ ۡ وَاُمِرْتُ اَنْ اُسْلِمَ لِرَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٦٦﴾

66	परवरदिगार के लिए तमाम जहानों का	कि मैं अपनी गर्दन झुका दूँ	और मुझे हुक्म दिया गया	मेरे रब से

बेशक क़ियामत ज़रूर आने वाली है, इस में कोई शक नहीं, लेकिन अक्सर लोग ईमान नहीं लाते। (59)
और तुम्हारे रब ने कहाः तुम मुझ से दुआ करो, मैं तुम्हारी (दुआ) क़ुबूल करूँगा, बेशक जो लोग मेरी इबादत से तकब्बुर (सरताबी) करते हैं अ़नक़रीब ख़ार हो कर वह जहन्नम में दाख़िल होंगे। (60)
अल्लाह वह है जिस ने बनाई तुम्हारे लिए रात ताकि तुम उस में सुकून हासिल करो और दिन दिखाने को (रोशन बनाया), बेशक अल्लाह फ़ज़्ल वाला है लोगों पर और लेकिन अक्सर लोग शुक्र नहीं करते। (61)
यह है अल्लाह तुम्हारा परवरदिगार, हर शै का पैदा करने वाला, उस के सिवा कोई माबूद नहीं, तो तुम कहां उलटे फिरे जाते हो? (62)
इसी तरह वह लोग उलटे फिर जाते हैं जो अल्लाह की आयात का इन्कार करते हैं। (63)
अल्लाह, जिस ने तुम्हारे लिए ज़मीन को क़रारगाह बनाया और आस्मान को छत (बनाया) और तुम्हें सूरत दी तो बहुत ही हसीन सूरत दी, और तुम्हें पाकीज़ा चीज़ों से रिज़्क़ दिया, यह है अल्लाह तुम्हारा परवरदिगार, सो बरकत वाला है अल्लाह, सारे जहां का परवरदिगार। (64)
वही ज़िन्दा रहने वाला है, नहीं कोई माबूद उस के सिवा, पस तुम उसी को पुकारो उस के लिए दीन ख़ालिस करके, तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं, सारे जहान का परवरदिगार। (65)
आप (स) फ़रमा दें: बेशक मुझे मना कर दिया गया है कि मैं उन की परस्तिश करूँ जिन की तुम अल्लाह के सिवा पूजा करते हो, जब मेरे पास आ गईं मेरे रब (की तरफ़) से खुली निशानियां, और मुझे हुक्म दिया गया है कि तमाम जहानों के परवरदिगार के लिए अपनी गर्दन झुका दूँ, (66)

هُوَ الَّذِیْ خَلَقَكُمْ مِّنْ تُرَابٍ ثُمَّ مِنْ نُّطْفَةٍ ثُمَّ مِنْ عَلَقَةٍ

लोथड़े से	फिर	नुत्फ़े से	फिर	मिट्टी से	पैदा किया तुम्हें	वह जिस ने

ثُمَّ یُخْرِجُكُمْ طِفْلًا ثُمَّ لِتَبْلُغُوْٓا اَشُدَّكُمْ ثُمَّ لِتَكُوْنُوْا شُیُوْخًا ۚ

बूढ़े	ताकि तुम हो जाओ	फिर	अपनी जवानी	ताकि तुम पहुँचो	फिर	बच्चा सा	तुम्हें निकालता है वह	फिर

وَمِنْكُمْ مَّنْ یُّتَوَفّٰى مِنْ قَبْلُ وَلِتَبْلُغُوْٓا اَجَلًا مُّسَمًّى وَّلَعَلَّكُمْ

और ताकि तुम	वक़्ते मुक़र्ररा	और ताकि तुम पहुँचो	उस से क़ब्ल	जो फ़ौत हो जाता है	और तुम में से

تَعْقِلُوْنَ ﴿٦٧﴾ هُوَ الَّذِیْ یُحْیٖ وَیُمِیْتُ ۚ فَاِذَا قَضٰٓى اَمْرًا فَاِنَّمَا

तो इस के सिवा नहीं	किसी अमर	वह फ़ैसला करता है	फिर जब	और मारता है	ज़िन्दगी अ़ता करता है	वही है जो	67	समझो

ع ٨ ١٢

یَقُوْلُ لَهٗ كُنْ فَیَكُوْنُ ﴿٦٨﴾ اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِیْنَ یُجَادِلُوْنَ فِیْٓ

में	झगड़ते हैं	जो लोग	तरफ़	क्या नहीं देखा तुम ने	68	सो वह हो जाता है	हो जा	वह कहता है उस के लिए

اٰیٰتِ اللّٰهِ ؕ اَنّٰى یُصْرَفُوْنَ ﴿٦٩﴾ الَّذِیْنَ كَذَّبُوْا بِالْكِتٰبِ وَبِمَآ

औ उस को जो	किताब को	झुटलाया	जिन लोगों ने	69	फिरे जाते हैं	कहां	अल्लाह की आयात

معانقة ١٣ عند المتأخرين ١٢

اَرْسَلْنَا بِهٖ رُسُلَنَا ۫ فَسَوْفَ یَعْلَمُوْنَ ﴿٧٠﴾ اِذِ الْاَغْلٰلُ

तौक़ (जमा)	जब	70	वह जान लेंगे	पस जल्द	अपने रसूल	उस के साथ	हम ने भेजा

فِیْٓ اَعْنَاقِهِمْ وَالسَّلٰسِلُ ؕ یُسْحَبُوْنَ ﴿٧١﴾ فِی الْحَمِیْمِ ۙ ثُمَّ

और अगर हम चाहें तो तुम्हें उन लोगों को दिखा दें, सो अलबत्ता तुम उन्हें उन के चेहरों से पहचान लोगे, और तुम ज़रूर उन्हें उन के तरज़े कलाम से पहचान लोगे, और अल्लाह तुम्हारे आमाल को जानता है। (30) और हम ज़रूर तुम्हें आज़माएंगे यहां तक हम मालूम कर लें कि (कौन हैं) तुम में से मुजाहिद और सब्र करने वाले और हम जाँच लें तुम्हारे हालात। (31) बेशक जिन लोगों ने कुफ़्र किया और अल्लाह के रास्ते से रोका, और उन्हों ने रसूल (स) की मुख़ालिफ़त की उस के बाद जब कि उन पर हिदायत वाज़ेह हो गई, वह हरगिज़ अल्लाह का कुछ भी न बिगाड़ सकेंगे और वह (अल्लाह) जल्द उन के आमाल अकारत कर देगा। (32) ऐ मोमिनो! अल्लाह की इताअ़त करो और रसूल (स) की इताअ़त करो, और अपने आमाल बातिल न करलो। (33) बेशक जिन लोगों ने कुफ़्र किया और अल्लाह के रास्ते से रोका, फिर वह काफ़िर (कुफ़्र की हालत में) मर गए तो अल्लाह हरगिज़ न बख़्शेगा उन को। (34) पस तुम सुस्ती (कम हिम्मती) न करो और (ख़ुद) सुलह की तरफ़ न बुलाओ, और तुम ही ग़ालिब रहोगे, और अल्लाह तुम्हारे साथ है और वह हरगिज़ कमी न करेगा तुम्हारे आमाल में। (35) इस के सिवा नहीं कि दुनिया की ज़िन्दगी (महज़) खेल कूद है, और तुम अगर ईमान ले आओ और तक़्वा इख़्तियार करो तो वह तुम्हें तुम्हारे अजर देगा, और तुम से तुम्हारे माल तलब न करेगा। (36) अगर वह तुम से माल तलब करे और तुम से चिमट जाए (तलब ही करता रहे) तो तुम बुख़्ल करो, और ज़ाहिर हो जाएं तुम्हारे खोट। (37) हाँ! तुम ही वह लोग हो जिन्हें पुकारा जाता है कि अल्लाह के रास्ते में ख़र्च करो, फिर तुम में से कोई ऐसा है जो बुख़्ल करता है, और जो बुख़्ल करता है तो इस के सिवा नहीं कि वह अपने आप से बुख़्ल करता है, और अल्लाह बेनियाज़ है और तुम (उस के) मोहताज हो और अगर तुम रूगर्दानी करोगे तो वह तुम्हारे सिवा (तुम्हारी जगह) कोई दूसरी क़ौम बदल देगा और वह तुम्हारे जैसे न होंगे। (38)

آيَاتُهَا ٢٩ ❀ (٤٨) سُوْرَةُ الْفَتْحِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٤

रुकुआत 4 | (48) सूरतुल फ़त्ह — जीत | आयात 29

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

اِنَّا فَتَحْنَا لَكَ فَتْحًا مُّبِيْنًا ۙ﴿١﴾ لِّيَغْفِرَ لَكَ اللّٰهُ مَا تَقَدَّمَ مِنْ ذَنْۢبِكَ

आप (स) के क़ुसूर	से	जो पहले गुज़रे	अल्लाह	आप के लिए	ताकि बख़्शदे	1	खुली	फ़तह	आप (स) को	बेशक हम ने फ़तह दी

وَمَا تَاَخَّرَ وَيُتِمَّ نِعْمَتَهٗ عَلَيْكَ وَيَهْدِيَكَ صِرَاطًا مُّسْتَقِيْمًا ۙ﴿٢﴾

2	सीधा	रास्ता	और आप (स) की रहनुमाई करे	आप (स) पर	अपनी नेमत	और वह मुकम्मल करदे	और जो पीछे हुए

وَّيَنْصُرَكَ اللّٰهُ نَصْرًا عَزِيْزًا ﴿٣﴾ هُوَ الَّذِيْٓ اَنْزَلَ السَّكِيْنَةَ فِيْ

में	सकीना (तसल्ली)	उतारी	वह जिस	वही	3	ज़बरदस्त	नुस्रत	और आप (स) को नुस्रत दे अल्लाह

قُلُوْبِ الْمُؤْمِنِيْنَ لِيَزْدَادُوْٓا اِيْمَانًا مَّعَ اِيْمَانِهِمْ ؕ وَلِلّٰهِ جُنُوْدُ

और अल्लाह के लिए लशकर (जमा)	उन का ईमान	साथ	ईमान	ताकि वह बढ़ाए	मोमिनों	दिल (जमा)

السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ وَكَانَ اللّٰهُ عَلِيْمًا حَكِيْمًا ۙ﴿٤﴾ لِّيُدْخِلَ

ताकि वह दाख़िल करे	4	हिक्मत वाला	जानने वाला	अल्लाह	और है	और ज़मीन	आस्मानों

الْمُؤْمِنِيْنَ وَالْمُؤْمِنٰتِ جَنّٰتٍ تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ

वह हमेशा रहेंगे	नहरें	उन के नीचे	जारी हैं	जन्नत	और मोमिन औरतें	मोमिन मर्दों

فِيْهَا وَيُكَفِّرَ عَنْهُمْ سَيِّاٰتِهِمْ ؕ وَكَانَ ذٰلِكَ عِنْدَ اللّٰهِ فَوْزًا عَظِيْمًا ۙ﴿٥﴾

5	बड़ी कामयाबी	अल्लाह के नज़्दीक	यह	और है	उन की बुराइयां	उन से	और दूर कर देगा	उन में

وَّيُعَذِّبَ الْمُنٰفِقِيْنَ وَالْمُنٰفِقٰتِ وَالْمُشْرِكِيْنَ وَالْمُشْرِكٰتِ

और मुश्रिक औरतों	और मुश्रिक मर्दों	और मुनाफ़िक़ औरतों	मुनाफ़िक़ मर्दों	और वह अज़ाब देगा

الظَّآنِّيْنَ بِاللّٰهِ ظَنَّ السَّوْءِ ؕ عَلَيْهِمْ دَآئِرَةُ السَّوْءِ ۚ

बुरी	दायरा (गर्दिश)	उन पर	गुमान बुरे	अल्लाह के साथ	गुमान करने वाले

وَغَضِبَ اللّٰهُ عَلَيْهِمْ وَلَعَنَهُمْ وَاَعَدَّ لَهُمْ جَهَنَّمَ ؕ وَسَآءَتْ مَصِيْرًا ۙ﴿٦﴾

6	ठिकाना	और बुरा है	जहन्नम	और तैयार किया उन के लिए	और उन पर लानत की	उन पर	और अल्लाह का ग़ज़ब

وَلِلّٰهِ جُنُوْدُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ وَكَانَ اللّٰهُ عَزِيْزًا حَكِيْمًا ۙ﴿٧﴾

7	हिक्मत वाला	ग़ालिब	और है अल्लाह	और ज़मीन	और अल्लाह के लिए लशकर आस्मानों के

اِنَّآ اَرْسَلْنٰكَ شَاهِدًا وَّمُبَشِّرًا وَّنَذِيْرًا ۙ﴿٨﴾ لِّتُؤْمِنُوْا بِاللّٰهِ

अल्लाह पर	ताकि तुम ईमान लाओ	8	और डराने वाला	और ख़ुशख़बरी देने वाला	गवाही देने वाला	बेशक हम ने आप (स) को भेजा

وَرَسُوْلِهٖ وَتُعَزِّرُوْهُ وَتُوَقِّرُوْهُ ؕ وَتُسَبِّحُوْهُ بُكْرَةً وَّاَصِيْلًا ۙ﴿٩﴾

9	और शाम	सुबह	और उस (अल्लाह) की तस्बीह करो	और उस की ताज़ीम करो	और उस की मदद करो	और उस का रसूल (स)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

बेशक हम ने आप (स) को खुली फ़तह दी, (1)

ताकि अल्लाह आप (स) की अगली पिछली कोताहियों को बख़्शदे, और आप (स) पर अपनी नेमत मुकम्मल कर दे, और आप (स) को सीधे रास्ते की रहनुमाई करे। (2)

और अल्लाह आप (स) को नुस्रत दे, एक नुस्रत (मदद) ज़बरदस्त। (3)

वही है जिस ने मोमिनों के दिल में तसल्ली उतारी, ताकि वह (उन का) ईमान बढ़ाए उन के (पहले) ईमान के साथ, और आस्मानों और ज़मीन के लशकर अल्लाह ही के हैं, और है अल्लाह जानने वाला, हिक्मत वाला। (4)

ताकि वह मोमिन मर्दों और मोमिन औरतों को उन बाग़ात में दाख़िल कर दे जिन के नीचे नहरें जारी हैं, वह उन में हमेशा रहेंगे और उन से उन की बुराइयां दूर कर देगा, और यह अल्लाह के नज़्दीक बड़ी कामयाबी है। (5)

और वह अ़ज़ाब देगा मुनाफ़िक़ मर्दों और मुनाफ़िक़ औरतों को, और अल्लाह के साथ बुरे गुमान करने वाले मुश्रिक मर्दों और मुश्रिक औरतों को, उन पर बुरी गर्दिश है। और अल्लाह ने उन पर ग़ज़ब किया, और उन पर लानत की (रहमत से महरूम कर दिया) और उन के लिए जहन्नम तैयार किया, और वह बुरा ठिकाना है। (6)

और अल्लाह ही के लिए हैं आस्मानों और ज़मीन के लशकर, और अल्लाह ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (7)

बेशक हम ने आप (स) को भेजा है गवाही देने वाला, और ख़ुशख़बरी देने वाला, और डराने वाला। (8)

ताकि तुम लोग अल्लाह पर और उस के रसूल (स) पर ईमान लाओ, और उस की मदद करो और उस की ताज़ीम करो, और अल्लाह की तस्बीह (पाकीज़गी बयान) करो सुब्ह ओ शाम। (9)

اِنَّ الَّذِيْنَ يُبَايِعُوْنَكَ اِنَّمَا يُبَايِعُوْنَ اللّٰهَ ؕ يَدُ اللّٰهِ فَوْقَ اَيْدِيْهِمْ ۚ

उन के हाथों के ऊपर	अल्लाह का हाथ	वह अल्लाह से बैअ़त कर रहे हैं	इस के सिवा नहीं कि	आप से बैअ़त कर रहे हैं	बेशक जो लोग

فَمَنْ نَّكَثَ فَاِنَّمَا يَنْكُثُ عَلٰى نَفْسِهٖ ۚ وَمَنْ اَوْفٰى بِمَا عٰهَدَ عَلَيْهُ اللّٰهَ

अल्लाह पर-से	जो उस ने अ़हद किया	पूरा किया	और जिस	अपनी ज़ात पर	उस ने तौड़ दिया	तो इस के सिवा नहीं	फिर जिस ने तौड़ दिया अ़हद

ع ١٠ ٩ فَسَيُؤْتِيْهِ اَجْرًا عَظِيْمًا ﴿١٠﴾ سَيَقُوْلُ لَكَ الْمُخَلَّفُوْنَ مِنَ

से	पीछे रह जाने वाले	आप (स) से	अब कहेंगे	10	अजरे अ़ज़ीम	तो वह अ़नक़रीब उसे देगा

الْاَعْرَابِ شَغَلَتْنَآ اَمْوَالُنَا وَاَهْلُوْنَا فَاسْتَغْفِرْ لَنَا ۚ يَقُوْلُوْنَ

वह कहते हैं	और बख़्शिश मांगिए हमारे लिए	और हमारे घर वाले	हमारे मालों	हमें मशग़ूल रखा	देहाती

بِاَلْسِنَتِهِمْ مَّا لَيْسَ فِيْ قُلُوْبِهِمْ ؕ قُلْ فَمَنْ يَّمْلِكُ لَكُمْ مِّنَ اللّٰهِ

अल्लाह के सामने	तुम्हारे लिए	इख़्तियार रखता है	तो कौन	फ़रमा दें	उन के दिलों में	जो नहीं	अपनी ज़बानों से

شَيْـًٔا اِنْ اَرَادَ بِكُمْ ضَرًّا اَوْ اَرَادَ بِكُمْ نَفْعًا ؕ بَلْ كَانَ اللّٰهُ

है अल्लाह	बल्कि	कोई फ़ाइदा	चाहे तुम्हें	या	कोई नुक़्सान	तुम्हें	अगर वह चाहे	किसी चीज़ का

بِمَا تَعْمَلُوْنَ خَبِيْرًا ﴿١١﴾ بَلْ ظَنَنْتُمْ اَنْ لَّنْ يَّنْقَلِبَ الرَّسُوْلُ وَالْمُؤْمِنُوْنَ

और मोमिन (जमा)	रसूल (स)	हरगिज़ वापस न लौटेंगे	कि	तुम ने गुमान किया	बल्कि	11	ख़बरदार	उस से जो तुम करते हो

اِلٰٓى اَهْلِيْهِمْ اَبَدًا وَّزُيِّنَ ذٰلِكَ فِيْ قُلُوْبِكُمْ وَظَنَنْتُمْ ظَنَّ السَّوْءِ ۖۚ

बुरा गुमान	और तुम ने गुमान किया	तुम्हारे दिलों में-को	यह	और भली लगी	कभी	अपने अहले ख़ाना	तरफ़

وَكُنْتُمْ قَوْمًا ۢ بُوْرًا ﴿١٢﴾ وَمَنْ لَّمْ يُؤْمِنْ ۢ بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ

और उस का रसूल	अल्लाह पर	ईमान नहीं लाता	और जो	12	हलाक होने वाली क़ौम	और तुम थे-हो गए

فَاِنَّآ اَعْتَدْنَا لِلْكٰفِرِيْنَ سَعِيْرًا ﴿١٣﴾ وَلِلّٰهِ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ

और ज़मीन	और अल्लाह के लिए आस्मानों की बादशाहत	13	दहकती आग	काफ़िरों के लिए	तो बेशक हम ने तैयार की

يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ؕ وَكَانَ اللّٰهُ غَفُوْرًا رَّحِيْمًا ﴿١٤﴾

14	मेहरबान	बख़्शने वाला	अल्लाह	और है	जिस को वह चाहे	और अ़ज़ाब दे	जिस को वह चाहे	वह बख़्शदे

سَيَقُوْلُ الْمُخَلَّفُوْنَ اِذَا انْطَلَقْتُمْ اِلٰى مَغَانِمَ لِتَاْخُذُوْهَا

कि तुम उन्हें ले लो	ग़नीमतों की तरफ़	तुम चलोगे	जब	पीछे बैठ रहने वाले	अ़नक़रीब कहेंगे

ذَرُوْنَا نَتَّبِعْكُمْ ۚ يُرِيْدُوْنَ اَنْ يُّبَدِّلُوْا كَلٰمَ اللّٰهِ ؕ قُلْ

फ़रमा दें	अल्लाह का फ़रमान	कि वह बदल डालें	वह चाहते हैं	हम तुम्हारे पीछे चलें	हमें छोड़ दो (इजाज़त दो)

لَّنْ تَتَّبِعُوْنَا كَذٰلِكُمْ قَالَ اللّٰهُ مِنْ قَبْلُ ۚ فَسَيَقُوْلُوْنَ

फिर अब वह कहेंगे	इस से क़ब्ल	कहा अल्लाह ने	इसी तरह	तुम हरगिज़ हमारे पीछे न आओ

بَلْ تَحْسُدُوْنَنَا ؕ بَلْ كَانُوْا لَا يَفْقَهُوْنَ اِلَّا قَلِيْلًا ﴿١٥﴾

15	मगर थोड़ा	वह समझते नहीं हैं	बल्कि-जबकि	तुम हसद करते हो हम से	बल्कि

बेशक (हुदैबिया में) जो लोग आप (स) से बैअ़त कर रहे हैं इस के सिवा नहीं कि वह अल्लाह से बैअ़त कर रहे हैं, उन के हाथों पर अल्लाह का हाथ है, फिर जिस ने अ़हद तोड़ दिया तो इस के सिवा नहीं कि उस ने अपनी ज़ात (के बुरे) को तोड़ा, और जिस ने वह अ़हद पूरा किया जो उस ने अल्लाह से किया था तो वह (अल्लाह) उसे अ़नक़रीब देगा अजरे अ़ज़ीम। (10)

अब पीछे रह जाने वाले देहाती आप (स) से कहेंगे कि हमें हमारे मालों और हमारे घर वालों ने मशग़ूल रखा (रुख़सत न दी) सो आप (स) हमारे लिए बख़्शिश मांगिए, वह अपनी ज़बानों से वह कहते हैं जो उन के दिलों में नहीं, आप (स) फ़रमा दें तुम्हारे लिए अल्लाह के सामने कौन इख़्तियार रखता है किसी चीज़ का? अगर वह तुम्हें नुक़्सान (पहुँचाना) चाहे या तुम्हें नफ़ा (पहुँचाना) चाहे, बल्कि तुम जो कुछ करते हो, अल्लाह उस से ख़बरदार है। (11)

बल्कि तुम ने गुमान (बातिल) किया कि रसूल (स) और मोमिन हरगिज़ अपने अहले ख़ाना की तरफ़ कभी वापस न लौटेंगे, और यह बात भली लगी तुम्हारे दिलों को, और तुम ने गुमान किया एक बुरा गुमान, और तुम हलाक होने वाली क़ौम हो गए। (12)

और जो ईमान नहीं लाता अल्लाह पर और उस के रसूल (स) पर, तो बेशक हम ने काफ़िरों के लिए दहकती आग तैयार कर रखी है। (13)

और अल्लाह (ही) के लिए है आस्मानों की और ज़मीन की बादशाहत, वह जिस को चाहे बख़्श दे और जिस को चाहे अ़ज़ाब दे, और अल्लाह बख़्शने वाला मेहरबान है। (14)

अ़नक़रीब कहेंगे पीछे बैठ रहने वाले: जब तुम चलोगे (ख़ैबर की) ग़नीमतों की तरफ़ कि तुम उन्हें लेलो, हमें इजाज़त दो कि हम तुम्हारे पीछे चलें, वह चाहते हैं कि अल्लाह का फ़रमान बदल डालें, आप (स) फ़रमा दें: तुम हरगिज़ हमारे पीछे न आओ, इसी तरह कहा अल्लाह ने इस से क़ब्ल, फिर अब वह कहेंगे: बल्कि तुम हम से हसद करते हो जबकि (हक़ीक़त यह है) कि वह बहुत थोड़ा समझते हैं। (15)

आप (स) देहातियों में से पीछे रह जाने वालों से फ़रमा दें: अनक़रीब तुम एक सख़्त जंगजू क़ौम की तरफ़ बुलाए जाओगे कि तुम उन से लड़ते रहो या वह इस्लाम क़ुबूल कर लें, सो अगर तुम इताअ़त करोगे तो अल्लाह तुम्हें अच्छा अजर देगा, और अगर तुम फिर गए जैसे तुम इस से क़ब्ल फिर गए थे तो वह तुम्हें अ़ज़ाब देगा अ़ज़ाब दर्दनाक। (16) नहीं है अँधे पर कोई गुनाह, और नहीं है लंगड़े पर कोई गुनाह, और न बीमार पर कोई गुनाह, और जो अल्लाह और उस के रसूल (स) की इताअ़त करेगा वह उसे उन बाग़ात में दाख़िल करेगा जिन के नीचे नहरें बहती हैं, और जो फिर जाएगा वह उसे दर्दनाक अ़ज़ाब देगा। (17) तहक़ीक़ अल्लाह मोमिनों से राज़ी हुआ जब वह आप (स) से बैअ़त कर रहे थे दरख़्त के नीचे, सो उस ने मालूम कर लिया जो उन के दिलों में (ख़ुलूस था) तो उस ने उन पर तसल्ली उतारी, और बदले में उन्हें क़रीब ही एक फ़तह अ़ता की। (18) और बहुत सी ग़नीमतें उन्हों ने हासिल कीं, और है अल्लाह ग़ालिब, हिक्मत वाला। (19) और अल्लाह ने तुम से वादा किया नेमतों का, कस्रत से जिन्हें तुम लोगे, पस उस ने यह तुम्हें जल्द दे दी और लोगों के हाथ तुम से रोक दिए, और ताकि (यह) हो मोमिनों के लिए एक निशानी, और तुम्हें सीधे रास्ते की हिदायत दे। (20) और एक और फ़तह भी, तुम ने (अभी) उस पर क़ाबू नहीं पाया। घेर रखा है अल्लाह ने उस को, और अल्लाह है हर शै पर क़ुदरत रखने वाला। (21) और अगर तुम से काफ़िर लड़ते तो वह पीठ फेरते, फिर वह न कोई दोस्त पाते और न कोई मददगार। (22) अल्लाह का दस्तूर है जो इस से क़ब्ल गुज़र चुका है (चला आ रहा है) और तुम अल्लाह के दस्तूर में हरगिज़ कोई तबदीली न पाओगे। (23)

قُلْ لِّلْمُخَلَّفِيْنَ مِنَ الْاَعْرَابِ سَتُدْعَوْنَ اِلٰى قَوْمٍ اُولِىْ بَاْسٍ شَدِيْدٍ

सख़्त लड़ने वाली (जंगजू)	एक क़ौम की तरफ़	अनक़रीब तुम बुलाए जाओगे	देहातियों	से	पीछे बैठ रहने वालों को	फ़रमा दें

تُقَاتِلُوْنَهُمْ اَوْ يُسْلِمُوْنَ ۚ فَاِنْ تُطِيْعُوْا يُؤْتِكُمُ اللّٰهُ اَجْرًا

अजर	तुम्हें देगा अल्लाह	तुम इताअ़त करोगे	अगर	या वह इस्लाम क़ुबूल कर लें	तुम उन से लड़ते रहो

حَسَنًا ۚ وَاِنْ تَتَوَلَّوْا كَمَا تَوَلَّيْتُمْ مِّنْ قَبْلُ يُعَذِّبْكُمْ عَذَابًا اَلِيْمًا ﴿١٦﴾

16	दर्दनाक	अ़ज़ाब	वह तुम्हें अ़ज़ाब देगा	इस से क़ब्ल	जैसे तुम फिर गए थे	तुम फिर गए	और अगर	अच्छा

لَيْسَ عَلَى الْاَعْمٰى حَرَجٌ وَّلَا عَلَى الْاَعْرَجِ حَرَجٌ وَّلَا عَلَى الْمَرِيْضِ

मरीज़ पर	और न	कोई गुनाह	लंगड़े पर	और नहीं	कोई तंगी (गुनाह)	अँधे पर	नहीं

حَرَجٌ ۗ وَمَنْ يُّطِعِ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ يُدْخِلْهُ جَنّٰتٍ تَجْرِىْ مِنْ تَحْتِهَا

उन के नीचे	बहती हैं	बाग़ात	वह दाख़िल करेगा उसे	और उस के रसूल की	इताअ़त करेगा अल्लाह की	और जो	कोई गुनाह

الْاَنْهٰرُ ۚ وَمَنْ يَّتَوَلَّ يُعَذِّبْهُ عَذَابًا اَلِيْمًا ﴿١٧﴾ ع لَقَدْ رَضِىَ اللّٰهُ ع ٢ النصف ١٠

तहक़ीक़ राज़ी हुआ अल्लाह	17	अ़ज़ाब दर्दनाक	वह अ़ज़ाब देगा उसे	फिर जाएगा	और जो	नहरें

عَنِ الْمُؤْمِنِيْنَ اِذْ يُبَايِعُوْنَكَ تَحْتَ الشَّجَرَةِ فَعَلِمَ مَا فِىْ قُلُوْبِهِمْ

जो उन के दिलों में	सो उस ने मालूम कर लिया	दरख़्त	नीचे	वह आप (स) से बैअ़त कर रहे थे	जब	मोमिनों से

فَاَنْزَلَ السَّكِيْنَةَ عَلَيْهِمْ وَاَثَابَهُمْ فَتْحًا قَرِيْبًا ﴿١٨﴾ لا وَّمَغَانِمَ كَثِيْرَةً

बहुत सी	और ग़नीमतें	18	एक फ़तह क़रीब	और बदले में दी उन्हें	उन पर	सकीना (तसल्ली)	तो उस ने उतारी

يَّاْخُذُوْنَهَا ۗ وَكَانَ اللّٰهُ عَزِيْزًا حَكِيْمًا ﴿١٩﴾ وَعَدَكُمُ اللّٰهُ مَغَانِمَ

ग़नीमतें	वादा किया अल्लाह ने	19	हिक्मत वाला	ग़ालिब	और है अल्लाह	उन्हों ने वह हासिल कीं

كَثِيْرَةً تَاْخُذُوْنَهَا فَعَجَّلَ لَكُمْ هٰذِهٖ وَكَفَّ اَيْدِىَ النَّاسِ

लोग	हाथ	और रोक दिए	यह	तुम्हें	तो जल्द दे दी उस ने	तुम लोगे उन्हें	कस्रत से

عَنْكُمْ ۚ وَلِتَكُوْنَ اٰيَةً لِّلْمُؤْمِنِيْنَ وَيَهْدِيَكُمْ صِرَاطًا مُّسْتَقِيْمًا ﴿٢٠﴾ لا

20	सीधा	रास्ता	और वह हिदायत दे तुम्हें	मोमिनों के लिए	एक निशानी	और ताकि हो	तुम से

وَّاُخْرٰى لَمْ تَقْدِرُوْا عَلَيْهَا قَدْ اَحَاطَ اللّٰهُ بِهَا ۗ وَكَانَ اللّٰهُ

और है अल्लाह	उस को	घेर रखा है अल्लाह	उस पर	तुम ने क़ाबू नहीं पाया	और एक और (फ़तह)

عَلٰى كُلِّ شَىْءٍ قَدِيْرًا ﴿٢١﴾ وَلَوْ قٰتَلَكُمُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَوَلَّوُا

अलबत्ता वह फेरते	वह जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	तुम से लड़ते	और अगर	21	क़ुदरत रखने वाला	हर शै	पर

الْاَدْبَارَ ثُمَّ لَا يَجِدُوْنَ وَلِيًّا وَّلَا نَصِيْرًا ﴿٢٢﴾ سُنَّةَ اللّٰهِ الَّتِىْ

वह जो	अल्लाह का दस्तूर	22	और न कोई मददगार	कोई दोस्त	वह न पाते	फिर	पीठ (जमा)

قَدْ خَلَتْ مِنْ قَبْلُ ۖ وَلَنْ تَجِدَ لِسُنَّةِ اللّٰهِ تَبْدِيْلًا ﴿٢٣﴾

23	कोई तबदीली	अल्लाह के दस्तूर में	और तुम हरगिज़ न पाओगे	इस से क़ब्ल	गुज़र चुका

وَهُوَ الَّذِىْ كَفَّ اَيْدِيَهُمْ عَنْكُمْ وَاَيْدِيَكُمْ عَنْهُمْ بِبَطْنِ مَكَّةَ

दरमियान (वादी-ए) मक्का में	उन से	और तुम्हारे हाथ	तुम से	उन के हाथ	जिस ने रोका	और वह

مِنْۢ بَعْدِ اَنْ اَظْفَرَكُمْ عَلَيْهِمْ ؕ وَكَانَ اللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ بَصِيْرًا ﴿٢٤﴾

24	देखने वाला	तुम जो कुछ करते हो उसे	और है अल्लाह	उन पर	कि फ़तह मन्द किया तुम्हें	उस के बाद

هُمُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَصَدُّوْكُمْ عَنِ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ وَالْهَدْىَ

और क़ुर्बानी के जानवर	मस्जिदे हराम	से	और तुम्हें रोका	जिन्हों ने कुफ़्र किया	वह-यह

مَعْكُوْفًا اَنْ يَّبْلُغَ مَحِلَّهٗ ؕ وَلَوْ لَا رِجَالٌ مُّؤْمِنُوْنَ وَنِسَآءٌ مُّؤْمِنٰتٌ

और मोमिन औरतें	मोमिन (जमा)	मर्द	और अगर न	अपना मुक़ाम	कि वह पहुँचे	रुके हुए

لَّمْ تَعْلَمُوْهُمْ اَنْ تَطَـُٔوْهُمْ فَتُصِيْبَكُمْ مِّنْهُمْ مَّعَرَّةٌۢ بِغَيْرِ عِلْمٍ ۚ

नादानिस्ता	सदमा-नुक़सान	उन से	पस तुम्हें पहुँच जाता	तुम उनको पामाल करदेते	कि	तुम नहीं जानते उन्हें

لِيُدْخِلَ اللّٰهُ فِىْ رَحْمَتِهٖ مَنْ يَّشَآءُ ۚ لَوْ تَزَيَّلُوْا لَعَذَّبْنَا الَّذِيْنَ

उन लोगों को	अलबत्ता हम अज़ाब देते	अगर वह जुदा हो जाते	जिसे वह चाहे	अपनी रहमत में	ताकि दाख़िल करे अल्लाह

كَفَرُوْا مِنْهُمْ عَذَابًا اَلِيْمًا ﴿٢٥﴾ اِذْ جَعَلَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا

जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर)	की	जब	25	दर्दनाक	अज़ाब	उन में से	जो काफ़िर हुए

فِىْ قُلُوْبِهِمُ الْحَمِيَّةَ حَمِيَّةَ الْجَاهِلِيَّةِ فَاَنْزَلَ اللّٰهُ سَكِيْنَتَهٗ

अपनी तसल्ली	तो अल्लाह ने उतारी	ज़मानाए जाहिलियत	ज़िद	ज़िद	अपने दिलों में

عَلٰى رَسُوْلِهٖ وَعَلَى الْمُؤْمِنِيْنَ وَاَلْزَمَهُمْ كَلِمَةَ التَّقْوٰى

तक़्वे की बात	और उन पर लाज़िम फ़रमा दिया	और मोमिनों पर	अपने रसूल (स) पर

ع ٣ ٩ ١١ وَكَانُوْٓا اَحَقَّ بِهَا وَاَهْلَهَا ؕ وَكَانَ اللّٰهُ بِكُلِّ شَىْءٍ عَلِيْمًا ﴿٢٦﴾

26	जानने वाला	हर शै का	और है अल्लाह	और उस के अहल	ज़ियादा हक़दार उस के	और वह थे

لَقَدْ صَدَقَ اللّٰهُ رَسُوْلَهُ الرُّءْيَا بِالْحَقِّ ۚ لَتَدْخُلُنَّ الْمَسْجِدَ الْحَرَامَ

मस्जिदे हराम	अलबत्ता तुम ज़रूर दाख़िल होगे	हक़ीक़त के मुताबिक़	ख़्वाब	अपने रसूल (स) को	सच्चा दिखाया अल्लाह ने	यक़ीनन

اِنْ شَآءَ اللّٰهُ اٰمِنِيْنَ ۙ مُحَلِّقِيْنَ رُءُوْسَكُمْ وَمُقَصِّرِيْنَ ۙ

और (बाल) कटवाओगे	अपने सर	मुंडवाओगे	अम्न ओ अमान के साथ	अल्लाह ने चाहा	अगर

لَا تَخَافُوْنَ ؕ فَعَلِمَ مَا لَمْ تَعْلَمُوْا فَجَعَلَ مِنْ دُوْنِ ذٰلِكَ

इस	उस से वरे (पहले)	पस कर दी उस ने	जो तुम नहीं जानते	पस उस ने मालूम कर लिया	तुम्हें कोई ख़ौफ़ न होगा

فَتْحًا قَرِيْبًا ﴿٢٧﴾ هُوَ الَّذِىْٓ اَرْسَلَ رَسُوْلَهٗ بِالْهُدٰى وَدِيْنِ الْحَقِّ

हक़	और दीन	हिदायत के साथ	अपना रसूल (स)	जिस ने भेजा	वह	27	एक क़रीबी फ़तह

لِيُظْهِرَهٗ عَلَى الدِّيْنِ كُلِّهٖ ؕ وَكَفٰى بِاللّٰهِ شَهِيْدًا ﴿٢٨﴾

28	गवाह	अल्लाह	और काफ़ी है	तमाम	दीन	पर	ताकि उसे ग़ालिब कर दे

और वही है जिस ने वादीए मक्का में उन के हाथ तुम से रोके और तुम्हारे हाथ उन से, उस के बाद कि तुम्हें उन पर फ़तह मन्द किया, और तुम जो कुछ करते हो अल्लाह उसे है देखने वाला। (24) यह वह लोग हैं जिन्हों ने कुफ़्र किया और तुम्हें मस्जिदे हराम से रोका, और रुके हुए क़ुरबानी के जानवरों को उन के मुक़ाम पर पहुँचने से रोका, और (हम तुम्हें क़िताल की इजाज़त देते) अगर (शह्रे मक्का में) ऐसे मोमिन मर्द और मोमिन औरतें न होते जिन्हें तुम नहीं जानते कि तुम उन्हें पामाल कर देते, पस उन से तुम्हें पहुँच जाता सदमा (नुक़्सान) नादानिस्ता। (ताख़ीर इस लिए हुई) ताकि अल्लाह जिसे चाहे अपनी रहमत में दाख़िल करे, अगर वह जुदा हो जाते तो हम अज़ाब देते उन में से काफ़िरों को दर्दनाक अज़ाब। (25) जब काफ़िरों ने अपने दिलों में ज़िद की, ज़िद (हट) ज़मानाए जाहिलियत की तो अल्लाह ने अपने रसूल (स) पर और मोमिनों पर अपनी तसल्ली उतारी और उन्हें लाज़िम फ़रमाया (क़ाइम रखा) तक़्वे की बात पर, और वही उस के ज़ियादा हक़दार और उस के अहल थे, और अल्लाह हर शै का जानने वाला है। (26) यक़ीनन अल्लाह ने अपने रसूल (स) को सच्चा ख़्वाब हक़ीक़त के मुताबिक़ दिखाया कि अल्लाह ने चाहा तो तुम ज़रूर मस्जिदे हराम में दाख़िल होगे अम्न ओ अमान के साथ, अपने सर मुंडवाओगे और बाल कटवाओगे, तुम्हें कोई ख़ौफ़ न होगा, पस उस ने मालूम कर लिया जो तुम नहीं जानते थे, पस उस ने कर दी उस (फ़त्हे मक्का) से पहले ही एक क़रीबी फ़तह। (27) वही है जिस ने अपने रसूल (स) को भेजा हिदायत और दीने हक़ के साथ ताकि उसे तमाम दीनों पर ग़ालिब कर दे, और अल्लाह की गवाही काफ़ी है। (28)

मुहम्मद (स) अल्लाह के रसूल हैं, और जो लोग उन के साथ हैं वह काफ़िरों पर बड़े सख़्त हैं, आपस में रहम दिल हैं, तू उन्हें देखेगा रुकूअ़ करते, सिज्दा रेज़ होते, वह तलाश करते हैं अल्लाह का फ़ज़्ल और (उस की) रज़ा मन्दी, उन की अ़लामत उन के चेहरों पर सिज्दों के असर (निशानात) हैं, यह उन की सिफ़त तौरेत में (मज़्कूर) है और उन की यह सिफ़त इन्जील में है, जैसे एक खेती, उस ने अपनी सुई निकाली, फिर उसे क़व्वी किया, फिर वह मोटी हुई, फिर वह अपनी नाल पर खड़ी हो गई, वह किसानों को भली लगती है ताकि उन काफ़िरों को गुस्से में लाए (उन के दिल जलाए), अल्लाह ने वादा किया है उन से जो ईमान लाए और उन्हों ने अच्छे अ़मल किए, मग़्फ़िरत और अजरे अ़ज़ीम का। **(29)**

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

ऐ मोमिनो! अल्लाह और उस के रसूल (स) के आगे न बढ़ो और अल्लाह से डरो, बेशक अल्लाह सुनने वाला, जानने वाला है। **(1)** ऐ मोमिनो! नबी (स) की आवाज़ पर तुम अपनी आवाज़ें ऊँची न करो, और उन के सामने ज़ोर से न बोलो, जैसे तुम एक दूसरे से बुलन्द आवाज़ में गुफ़्तगू करते हो, कहीं तुम्हारे अ़मल अकारत (न) हो जाएं और तुम्हें ख़बर भी न हो। **(2)** बेशक जो लोग अल्लाह के रसूल (स) के नज़्दीक (सामने) अपनी आवाज़ें पस्त रखते हैं, यह वह लोग हैं जिन के दिलों को अल्लाह ने परहेज़गारी के लिए आज़माया है, उन के लिए मग़्फ़िरत और अजरे अ़ज़ीम है। **(3)** बेशक जो लोग आप (स) को पुकारते हैं हुजरों के बाहर से, उन में से अक्सर अ़क़्ल नहीं रखते। **(4)**

مُحَمَّدٌ رَّسُوْلُ اللّٰهِ ؕ وَالَّذِيْنَ مَعَهٗۤ اَشِدَّآءُ عَلَى الْكُفَّارِ رُحَمَآءُ بَيْنَهُمْ

आपस में	रहम दिल	काफ़िरों पर	बड़े सख़्त	उन के साथ	और जो लोग	अल्लाह के रसूल	मुहम्मद (स)

تَرٰىهُمْ رُكَّعًا سُجَّدًا يَّبْتَغُوْنَ فَضْلًا مِّنَ اللّٰهِ وَرِضْوَانًا ۫ سِيْمَاهُمْ

उन की अ़लामत	और रज़ा मन्दी	अल्लाह से-का	फ़ज़्ल	वह तलाश करते हैं	सिज्दा रेज़ होते	रुकूअ़ करते	तू उन्हें देखेगा

فِيْ وُجُوْهِهِمْ مِّنْ اَثَرِ السُّجُوْدِ ؕ ذٰلِكَ مَثَلُهُمْ فِي التَّوْرٰىةِ ۛۖ وَمَثَلُهُمْ

معانقة ١٥ عند المتأخرين ١٢

और उन की मिसाल (सिफ़त)	तौरेत में	उन की मिसाल (सिफ़त)	यह	सिज्दों का असर	से	उन के चेहरों में-पर

فِي الْاِنْجِيْلِ ۛۚ كَزَرْعٍ اَخْرَجَ شَطْـَٔهٗ فَاٰزَرَهٗ فَاسْتَغْلَظَ فَاسْتَوٰى

फिर वह खड़ी हो गई	फिर वह मोटी हुई	फिर उसे क़व्वी किया	अपनी सुई	उस ने निकाली	जैसे एक खेती	इन्जील में

عَلٰى سُوْقِهٖ يُعْجِبُ الزُّرَّاعَ لِيَغِيْظَ بِهِمُ الْكُفَّارَ ؕ وَعَدَ اللّٰهُ الَّذِيْنَ

उन से जो	वादा किया अल्लाह ने	काफ़िरों	उन से	ताकि गुस्से में लाए	किसान (जमा)	वह भली लगती है	अपनी जड़ (नाल) पर

اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ مِنْهُمْ مَّغْفِرَةً وَّاَجْرًا عَظِيْمًا ﴿٢٩﴾ ع ٣ ١٢

29	अ़ज़ीम	और अजर	मग़्फ़िरत	उन में से	और उन्हों ने आमाल किए अच्छे	ईमान लाए

آيَاتُهَا ١٨ ❀ سُوْرَةُ الْحُجُرٰتِ (٤٩) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢

रुकूआ़त 2 — (49) सूरतुल हुजुरात — आयात 18

कमरे

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تُقَدِّمُوْا بَيْنَ يَدَيِ اللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ

और उस का रसूल (स)	अल्लाह के सामने-आगे	न आगे बढ़ो तुम	जो लोग ईमान लाए (मोमिन)	ऐ

وَاتَّقُوا اللّٰهَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ﴿١﴾ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَرْفَعُوْٓا

न ऊँची करो	मोमिनो	ऐ	1	जानने वाला	सुनने वाला	बेशक अल्लाह	और डरो अल्लाह से

اَصْوَاتَكُمْ فَوْقَ صَوْتِ النَّبِيِّ وَلَا تَجْهَرُوْا لَهٗ بِالْقَوْلِ كَجَهْرِ

जैसे बुलन्द आवाज़	गुफ़्तगू में	उस के सामने	और न ज़ोर से बोलो	नबी (स) की आवाज़	ऊपर-पर	अपनी आवाज़ें

بَعْضِكُمْ لِبَعْضٍ اَنْ تَحْبَطَ اَعْمَالُكُمْ وَاَنْتُمْ لَا تَشْعُرُوْنَ ﴿٢﴾ اِنَّ

बेशक	2	न जानते (ख़बर भी न) हो	और तुम	तुम्हारे अ़मल	अकारत हो जाएं	कहीं	बाज़ (दूसरे) से	तुम्हारे बाज़ (एक)

الَّذِيْنَ يَغُضُّوْنَ اَصْوَاتَهُمْ عِنْدَ رَسُوْلِ اللّٰهِ اُولٰٓئِكَ الَّذِيْنَ

जो-जिन	यह वह लोग	अल्लाह का रसूल (स)	नज़्दीक	अपनी आवाज़ें	पस्त रखते हैं	जो लोग

امْتَحَنَ اللّٰهُ قُلُوْبَهُمْ لِلتَّقْوٰى ؕ لَهُمْ مَّغْفِرَةٌ وَّاَجْرٌ عَظِيْمٌ ﴿٣﴾ اِنَّ

बेशक	3	अ़ज़ीम	और अजर	मग़्फ़िरत	उन के लिए	परहेज़गारी के लिए	उन के दिल	आज़माया है अल्लाह ने

الَّذِيْنَ يُنَادُوْنَكَ مِنْ وَّرَآءِ الْحُجُرٰتِ اَكْثَرُهُمْ لَا يَعْقِلُوْنَ ﴿٤﴾

4	अ़क़्ल नहीं रखते	उन में से अक्सर	हुजरों	बाहर से	आप (स) को पुकारते हैं	जो लोग

وَلَوْ اَنَّهُمْ صَبَرُوْا حَتّٰى تَخْرُجَ اِلَيْهِمْ لَكَانَ خَيْرًا لَّهُمْ ؕ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ

बख़्शने वाला	और अल्लाह	उन के लिए	बेहतर	अलबत्ता होता	उन के पास	आप (स) निकल आते	यहां तक कि	सब्र करते	अलबत्ता वह	और अगर

رَّحِيْمٌ ۝٥ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِنْ جَآءَكُمْ فَاسِقٌۢ بِنَبَاٍ فَتَبَيَّنُوْٓا اَنْ

कहीं	तो ख़ूब तहक़ीक़ कर लिया करो	ख़बर ले कर	कोई फ़ासिक़ बद किर्दार	आए तुम्हारे पास	अगर	जो लोग ईमान लाए (मोमिन)	ऐ	5	मेहरबान

تُصِيْبُوْا قَوْمًاۢ بِجَهَالَةٍ فَتُصْبِحُوْا عَلٰى مَا فَعَلْتُمْ نٰدِمِيْنَ ۝٦ وَاعْلَمُوْٓا

और जान रखो	6	नादिम (जमा)	जो तुम ने किया (अपना किया)	पर	फिर हो तुम	नादानी से	किसी क़ौम को	तुम ज़रर पहुँचाओ

اَنَّ فِيْكُمْ رَسُوْلَ اللّٰهِ ؕ لَوْ يُطِيْعُكُمْ فِيْ كَثِيْرٍ مِّنَ الْاَمْرِ لَعَنِتُّمْ

अलबत्ता तुम मुशकिल में पड़ो	कामों से-में	अक्सर	में	अगर वह तुम्हारा कहा मानें	अल्लाह का रसूल (स)	तुम्हारे दरमियान	कि

وَلٰكِنَّ اللّٰهَ حَبَّبَ اِلَيْكُمُ الْاِيْمَانَ وَزَيَّنَهٗ فِيْ قُلُوْبِكُمْ وَكَرَّهَ اِلَيْكُمُ

तुम्हारे सामने	और नापसंदीदा कर दिया	तुम्हारे दिलों में	और उसे आरास्ता कर दिया	ईमान की	तुम्हें	मुहब्बत दी	और लेकिन अल्लाह

الْكُفْرَ وَالْفُسُوْقَ وَالْعِصْيَانَ ؕ اُولٰٓئِكَ هُمُ الرّٰشِدُوْنَ ۝٧ فَضْلًا

फ़ज़्ल	7	हिदायत पाने वाले	वह	यही लोग	और नाफ़रमानी	और गुनाह	कुफ़्र

مِّنَ اللّٰهِ وَنِعْمَةً ؕ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ۝٨ وَاِنْ طَآئِفَتٰنِ مِنَ

से-के	दो गिरोह	और अगर	8	हिक्मत वाला	जानने वाला	और अल्लाह	और नेमत	अल्लाह से-के

الْمُؤْمِنِيْنَ اقْتَتَلُوْا فَاَصْلِحُوْا بَيْنَهُمَا ۚ فَاِنْۢ بَغَتْ اِحْدٰىهُمَا

उन दोनों में से एक	फिर अगर ज़ियादती करे	उन दोनों के दरमियान	तो सुलह करा दो तुम	बाहम लड़ पड़ें	मोमिन (जमा)

عَلَى الْاُخْرٰى فَقَاتِلُوا الَّتِيْ تَبْغِيْ حَتّٰى تَفِيْٓءَ اِلٰٓى اَمْرِ اللّٰهِ ۚ فَاِنْ فَآءَتْ

फिर अगर जब वह रुजूअ कर ले	हुक्मे इलाही	तरफ़	रुजूअ करे	यहां तक कि	ज़ियादती करता है	उस से जो	तो तुम लड़ो	दूसरे पर

فَاَصْلِحُوْا بَيْنَهُمَا بِالْعَدْلِ وَاَقْسِطُوْا ؕ اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ الْمُقْسِطِيْنَ ۝٩

9	इंसाफ़ करने वाले	दोस्त रखता है	बेशक अल्लाह	और तुम इंसाफ़ किया करो	अ़दल के साथ	उन दोनों के दरमियान	तो सुलह करा दो तुम

اِنَّمَا الْمُؤْمِنُوْنَ اِخْوَةٌ فَاَصْلِحُوْا بَيْنَ اَخَوَيْكُمْ ۚ وَاتَّقُوا اللّٰهَ لَعَلَّكُمْ

ताकि तुम पर	और डरो अल्लाह से	अपने भाई	दरमियान	पस सुलह करा दो	भाई	मोमिन (जमा)	इस के सिवा नहीं

ع ١٠ الثلثة ١٣

تُرْحَمُوْنَ ۝١٠ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا يَسْخَرْ قَوْمٌ مِّنْ قَوْمٍ عَسٰٓى

क्या अ़जब	(दूसरे) गिरोह का	एक गिरोह	न मज़ाक़ उड़ाए	जो लोग ईमान लाए (मोमिन)	ऐ	10	रहम किया जाए

اَنْ يَّكُوْنُوْا خَيْرًا مِّنْهُمْ وَلَا نِسَآءٌ مِّنْ نِّسَآءٍ عَسٰٓى اَنْ يَّكُنَّ خَيْرًا

बेहतर	कि वह हों	क्या अ़जब	औरतों से-का	और न औरतें	उन से	बेहतर	कि वह हों

مِّنْهُنَّ ۚ وَلَا تَلْمِزُوْٓا اَنْفُسَكُمْ وَلَا تَنَابَزُوْا بِالْاَلْقَابِ ؕ بِئْسَ الْاِسْمُ

बुरा नाम	बुरे अल्क़ाब से	और बाहम न चिड़ाओ	बाहम (एक दूसरे)	और न ऐब लगाओ	उन से

الْفُسُوْقُ بَعْدَ الْاِيْمَانِ ۚ وَمَنْ لَّمْ يَتُبْ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الظّٰلِمُوْنَ ۝١١

11	वह ज़ालिम (जमा)	तो यही लोग	तौबा न की (बाज़ न आया)	और जो-जिस	ईमान के बाद	फ़िस्क़

और अगर वह सब्र करते यहां तक कि आप (स) (ख़ुद) उन के पास निकल आते तो उन के लिए अल्बत्ता बेहतर होता, और अल्लाह बख़्शने वाला मेहरबान है। (5)
ऐ मोमिनो! अगर तुम्हारे पास कोई बदकार आए ख़बर ले कर तो ख़ूब तहक़ीक़ कर लिया करो, कहीं नादानी से तुम किसी क़ौम को ज़रर पहुँचा बैठो, फिर तुम्हें अपने किए पर नादिम होना पड़े। (6)
और जान रखो कि तुम्हारे दरमियान अल्लाह के रसूल (स) हैं, अगर वह अक्सर कामों में तुम्हारा कहा मानें तो तुम (ख़ुद ही) मुश्किलात में पड़ जाओ, लेकिन अल्लाह ने तुम्हें ईमान की मुहब्बत दी और उसे तुम्हारे दिलों में आरास्ता (पसंदीदा) कर दिया और उस ने तुम्हारे सामने (दिलों में) नापसंदीदा कर दिया कुफ़्र ओ फ़िस्क़ और नाफ़रमानी को, यही लोग (राहे) हिदायत पाने वाले हैं। (7)
अल्लाह के तरफ़ से फ़ज़्ल और नेमत, और अल्लाह है जानने वाला, हिक्मत वाला। (8)
और अगर मोमिनों के दो गिरोह बाहम लड़ पड़ें तो तुम उन दोनो के दरमियान सुलह करा दो, फिर अगर ज़ियादती करे उन दोनों में से एक दूसरे पर, तो तुम उस से लड़ो जो ज़ियादती करता है, यहां तक कि वह अल्लाह के हुक्म की तरफ़ रुजूअ़ कर ले, फिर जब वह रुजूअ़ कर ले तो तुम उन दोनों के दरमियान अ़दल के साथ सुलह करा दो और तुम इंसाफ़ करो, बेशक अल्लाह इंसाफ़ करने वालों को दोस्त रखता है। (9)
इस के सिवा नहीं कि सब मोमिन भाई (भाई) हैं, पस तुम अपने दो भाइयों के दरमियान सुलह करा दो, अल्लाह से डरो ताकि तुम पर रहम किया जाए। (10)
ऐ मोमिनो! (तुम से) एक गिरोह (मर्द) दूसरे गिरोह (मर्दों) का मज़ाक़ न उड़ाएं, क्या अ़जब कि वह उन से बेहतर हों और न औरतें औरतों का (मज़ाक़) उड़ाएं, क्या अ़जब कि वह उन से बेहतर हों, और एक दूसरे पर ऐब न लगाओ, और बाहम बुरे अल्क़ाब से न चिड़ाओ (नाम न बिगाड़ो), ईमान के बाद फ़िस्क़ में नाम कमाना बुरा है, और जो बाज़ न आया तो यही लोग ज़ालिम हैं। (11)

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اجْتَنِبُوْا كَثِيْرًا مِّنَ الظَّنِّ ۫ اِنَّ بَعْضَ الظَّنِّ

बाज़ गुमान	बेशक	गुमानों से	बहुत से	बचो	जो लोग ईमान लाए (मोमिन)	ऐ

اِثْمٌ وَّلَا تَجَسَّسُوْا وَلَا يَغْتَبْ بَّعْضُكُمْ بَعْضًا ؕ اَيُحِبُّ اَحَدُكُمْ اَنْ يَّاْكُلَ

कि वह खाए	तुम में से कोई	क्या पसंद करता है?	बाज़ (दूसरे) की	तुम में से (एक)	और ग़ीबत न करे	और टटोल में न रहा करो एक दूसरे की	गुनाह

لَحْمَ اَخِيْهِ مَيْتًا فَكَرِهْتُمُوْهُ ؕ وَاتَّقُوا اللّٰهَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ تَوَّابٌ رَّحِيْمٌ ﴿١٢﴾

12	निहायत मेहरबान	तौबा क़ुबूल करने वाला	बेशक अल्लाह	और अल्लाह से डरो तुम	तो उस से तुम घिन करोगे	मुर्दा	अपने भाई का गोश्त

يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ اِنَّا خَلَقْنٰكُمْ مِّنْ ذَكَرٍ وَّاُنْثٰى وَجَعَلْنٰكُمْ شُعُوْبًا وَّقَبَآئِلَ

और क़बीले	ज़ातें	और बनाया तुम्हें	और एक औरत	एक मर्द से	बेशक हम ने पैदा किया तुम्हें	ऐ लोगो!

لِتَعَارَفُوْا ؕ اِنَّ اَكْرَمَكُمْ عِنْدَ اللّٰهِ اَتْقٰىكُمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ عَلِيْمٌ خَبِيْرٌ ﴿١٣﴾

13	बाख़बर	जानने वाला	बेशक अल्लाह	तुम में सब से बड़ा परहेज़गार	अल्लाह के नज़्दीक	बेशक तुम में सब से ज़ियादा इज़्ज़त वाला	ताकि तुम एक दूसरे की शनाख़्त करो

قَالَتِ الْاَعْرَابُ اٰمَنَّا ؕ قُلْ لَّمْ تُؤْمِنُوْا وَلٰكِنْ قُوْلُوْٓا اَسْلَمْنَا وَلَمَّا

और अभी नहीं	हम इस्लाम लाए है	तुम कहो	और लेकिन	तुम ईमान नहीं लाए	फ़रमा दें	हम ईमान लाए	देहाती	कहते हैं

يَدْخُلِ الْاِيْمَانُ فِيْ قُلُوْبِكُمْ ؕ وَاِنْ تُطِيْعُوا اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ لَا يَلِتْكُمْ

तुम्हें कमी न करेगा	अल्लाह और उस का रसूल (स)	तुम इताअ़त करोगे	और अगर	तुम्हारे दिलों में	ईमान	दाख़िल हुआ

مِّنْ اَعْمَالِكُمْ شَيْـًٔا ؕ اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿١٤﴾ اِنَّمَا الْمُؤْمِنُوْنَ الَّذِيْنَ

वह लोग जो	मोमिन (जमा)	इस के सिवा नहीं	14	मेहरबान	बख़्शने वाला	बेशक अल्लाह	कुछ भी	तुम्हारे आमाल	से

اٰمَنُوْا بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ ثُمَّ لَمْ يَرْتَابُوْا وَجٰهَدُوْا بِاَمْوَالِهِمْ

अपने मालों से	और उन्हों ने जिहाद किया	न पड़े शक में वह	फिर	और उस का रसूल (स)	अल्लाह पर	ईमान लाए

وَاَنْفُسِهِمْ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ؕ اُولٰٓئِكَ هُمُ الصّٰدِقُوْنَ ﴿١٥﴾ قُلْ

फ़रमा दें	15	सच्चे	वह	यही लोग	अल्लाह की राह	में	और अपनी जानों से

اَتُعَلِّمُوْنَ اللّٰهَ بِدِيْنِكُمْ ؕ وَاللّٰهُ يَعْلَمُ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا

और जो	आस्मानों में	जो	जानता है	और अल्लाह	अपना दीन	क्या तुम जतलाते हो अल्लाह को?

فِي الْاَرْضِ ؕ وَاللّٰهُ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيْمٌ ﴿١٦﴾ يَمُنُّوْنَ عَلَيْكَ اَنْ اَسْلَمُوْا ؕ

वह इस्लाम लाए	कि	आप (स) पर	वह एहसान रखते हैं	16	जानने वाला	चीज़	हर एक	और अल्लाह	ज़मीन में

قُلْ لَّا تَمُنُّوْا عَلَيَّ اِسْلَامَكُمْ ۚ بَلِ اللّٰهُ يَمُنُّ عَلَيْكُمْ

तुम पर	एहसान रखता है	बल्कि अल्लाह	अपने इस्लाम लाने का	मुझ पर	न एहसान रखो तुम	फ़रमा दें

اَنْ هَدٰىكُمْ لِلْاِيْمَانِ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ﴿١٧﴾ اِنَّ اللّٰهَ يَعْلَمُ

वह जानता है	बेशक अल्लाह	17	सच्चे	तुम हो	अगर	ईमान की तरफ़	कि उस ने हिदायत दी तुम्हें

غَيْبَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ وَاللّٰهُ بَصِيْرٌۢ بِمَا تَعْمَلُوْنَ ﴿١٨﴾ ع ٢ ٨ ١٣

18	तुम करते हो	वह जो	देखने वाला	और अल्लाह	और ज़मीन	पोशीदा बातें आस्मानों की

ऐ मोमिनो! बहुत से गुमानों से बचो, बेशक बाज़ गुमान गुनाह होते हैं और एक दूसरे की टटोल में न रहा करो, और तुम में से कोई एक दूसरे की ग़ीबत न करे, क्या पसंद करता है तुम में से कोई कि वह अपने मुर्दा भाई का गोश्त खाए? तो तुम उस से घिन करोगे, और अल्लाह से डरो, बेशक अल्लाह तौबा क़ुबूल करने वाला, निहायत मेहरबान है। (12)

ऐ लोगो! बेशक हम ने तुम्हें एक मर्द और एक औ़रत से पैदा किया, और हम ने तुम्हें बनाया ज़ातें और क़बीले ताकि तुम एक दूसरे को पहचानो, बेशक अल्लाह के नज़्दीक तुम में सब से ज़ियादा इज़्ज़त वाला वह है जो सब से ज़ियादा परहेज़गार है, अल्लाह बेशक जानने वाला, ख़बरदार है। (13)

देहाती कहते हैं कि हम ईमान ले आए, आप (स) फ़रमा दें: तुम ईमान नहीं लाए हो, बल्कि तुम कहो कि हम झुक गए हैं, और अभी दाख़िल नहीं हुआ तुम्हारे दिलों में ईमान, और अगर तुम अल्लाह और उस के रसूल (स) की इताअ़त करोगे तो अल्लाह तुम्हारे आमाल से कमी न करेगा कुछ भी, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला, निहायत मेहरबान है। (14)

इस के सिवा नहीं कि मोमिन वह लोग हैं जो अल्लाह और उस के रसूल (स) पर ईमान लाए, फिर वह शक में न पड़े और उन्हों ने अपने मालों और जानों से अल्लाह की राह में जिहाद किया, यही लोग हैं सच्चे। (15)

आप (स) फ़रमा दें: क्या तुम अल्लाह को अपना दीन (दीनदारी) जतलाते हो? और अल्लाह जानता है जो आस्मानों में और जो ज़मीन में है, और अल्लाह हर चीज़ का जानने वाला है। (16)

वह आप (स) पर एहसान रखते हैं कि वह इस्लाम लाए, आप (स) फ़रमा दें कि तुम मुझ पर अपने इस्लाम लाने का एहसान न रखो, बल्कि अल्लाह तुम पर एहसान रखता है कि उस ने तुम्हें ईमान की तरफ़ हिदायत दी, अगर तुम सच्चे हो। (17)

बेशक अल्लाह आस्मानों और ज़मीन की पोशीदा बातें जानता है, और अल्लाह वह (सब कुछ) देखने वाला है जो तुम करते हो। (18)

المنزل ٧

آيَاتُهَا ٤٥ ❀ سُوْرَةُ قٓ (٥٠) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٣

रुकुआत 3 | (50) सूरह क़ाफ़ | आयात 45

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

قٓ وَالْقُرْاٰنِ الْمَجِيْدِ ﴿١﴾ بَلْ عَجِبُوْٓا اَنْ جَآءَهُمْ مُّنْذِرٌ مِّنْهُمْ

उन में से	एक डर सुनाने वाला	उन के पास आया	कि	उन्हों ने तअ़ज्जुब किया	बल्कि	1	मजीद	क़सम है क़ुरआन	क़ाफ़

فَقَالَ الْكٰفِرُوْنَ هٰذَا شَيْءٌ عَجِيْبٌ ﴿٢﴾ ءَاِذَا مِتْنَا وَكُنَّا تُرَابًا

मिट्टी	और हो गए	क्या जब हम मर गए	2	अ़जीब	शै	यह	काफ़िरों	तो कहा

ذٰلِكَ رَجْعٌۢ بَعِيْدٌ ﴿٣﴾ قَدْ عَلِمْنَا مَا تَنْقُصُ الْاَرْضُ مِنْهُمْ وَعِنْدَنَا

और हमारे पास	उन में से	ज़मीन	जो कुछ कम करती है	तहक़ीक़ हम जानते हैं	3	दूर	दोबारा लौटना	यह

كِتٰبٌ حَفِيْظٌ ﴿٤﴾ بَلْ كَذَّبُوْا بِالْحَقِّ لَمَّا جَآءَهُمْ فَهُمْ فِيْٓ اَمْرٍ مَّرِيْجٍ ﴿٥﴾

5	उलझी हुई	एक बात में	पस वह	जब वह आया उन के पास	हक़ को	बल्कि उन्हों ने झुटलाया	4	महफ़ूज़ रखने वाली किताब

اَفَلَمْ يَنْظُرُوْٓا اِلَى السَّمَآءِ فَوْقَهُمْ كَيْفَ بَنَيْنٰهَا وَزَيَّنّٰهَا وَمَا لَهَا

और उस में नहीं	और उस को आरास्ता किया	बनाया उस को	कैसे	उन के ऊपर	आस्मान की तरफ़	तो क्या वह नहीं देखते?

مِنْ فُرُوْجٍ ﴿٦﴾ وَالْاَرْضَ مَدَدْنٰهَا وَاَلْقَيْنَا فِيْهَا رَوَاسِيَ وَاَنْۢبَتْنَا

और उगाए	पहाड़ (जमा)	उस में	और डाले (जमाए)	हम ने फैलाया	और ज़मीन	6	शिगाफ़	कोई

فِيْهَا مِنْ كُلِّ زَوْجٍۢ بَهِيْجٍ ﴿٧﴾ تَبْصِرَةً وَّذِكْرٰى لِكُلِّ عَبْدٍ مُّنِيْبٍ ﴿٨﴾

8	रुजूअ़ करने वाला बन्दा	लिए-हर	और नसीहत	ज़रीआए बीनाई	7	ख़ुशनुमा	हर क़िस्म	से-के	उस में

وَنَزَّلْنَا مِنَ السَّمَآءِ مَآءً مُّبٰرَكًا فَاَنْۢبَتْنَا بِهٖ جَنّٰتٍ وَّحَبَّ الْحَصِيْدِ ﴿٩﴾

9	काटने (खेती)	और दाना (ग़ल्ला)	बाग़ात	उस से	फिर हम ने उगाए	बाबरकत	पानी	आस्मान से	और हम ने उतारा

وَالنَّخْلَ بٰسِقٰتٍ لَّهَا طَلْعٌ نَّضِيْدٌ ﴿١٠﴾ رِّزْقًا لِّلْعِبَادِ وَاَحْيَيْنَا بِهٖ

उस से	और हम ने ज़िन्दा किया	बन्दों के लिए	रिज़्क़	10	तह ब तह	ख़ोशे	जिन के	बुलन्द ओ बाला	और खजूर के दरख़्त

بَلْدَةً مَّيْتًا ؕ كَذٰلِكَ الْخُرُوْجُ ﴿١١﴾ كَذَّبَتْ قَبْلَهُمْ قَوْمُ نُوْحٍ

नूह (अ) की क़ौम	इन से क़ब्ल	झुटलाया	11	निकलना	इसी तरह	मुर्दा	शहर (ज़मीन)

وَّاَصْحٰبُ الرَّسِّ وَثَمُوْدُ ﴿١٢﴾ وَعَادٌ وَّفِرْعَوْنُ وَاِخْوَانُ لُوْطٍ ﴿١٣﴾

13	लूत (अ)	और भाई (जमा)	और फ़िरऔ़न	और आद	12	और समूद	और अहले रस

وَّاَصْحٰبُ الْاَيْكَةِ وَقَوْمُ تُبَّعٍ ؕ كُلٌّ كَذَّبَ الرُّسُلَ فَحَقَّ وَعِيْدِ ﴿١٤﴾

14	वादाए अ़ज़ाब	पस साबित हो गया	रसूलों	सब ने झुटलाया	और क़ौमे तुब्बअ़	और अहले अयका (बन के रहने वाले)

ع ١٥ اَفَعَيِيْنَا بِالْخَلْقِ الْاَوَّلِ ؕ بَلْ هُمْ فِيْ لَبْسٍ مِّنْ خَلْقٍ جَدِيْدٍ ﴿١٥﴾

15	पैदा करना अज़ सरे नौ	से	शक में	बल्कि वह	पहली बार	पैदा करने से	तो क्या हम थक गए

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है
क़ाफ़ - क़सम है क़ुरआन मजीद की। (1)
बल्कि उन्हों ने तअ़ज्जुब किया कि उन के पास उन में से एक डर सुनाने वाला आया, तो काफ़िरों ने कहा कि यह अ़जीब शै है। (2)
क्या जब हम मर गए और मिट्टी हो गए (फिर जी उठेंगे?), यह दोबारा लौटना दूर (अज़ अ़क़्ल) है। (3)
तहक़ीक़ हम जानते हैं जो कुछ कम करती है उन (के अज्साम) में से ज़मीन और हमारे पास महफ़ूज़ रखने वाली किताब है। (4)
बल्कि उन्हों ने हक़ को झुटलाया जब वह उन के पास आया, पस वह एक उलझी हुई बात में (पड़े हैं)। (5)
तो क्या वह अपने ऊपर आस्मान की तरफ़ नहीं देखते? कि हम ने उस को कैसे बनाया! और हम ने उसको (सितारों से) आरास्ता किया और उस में कोई शिगाफ़ तक नहीं। (6)
और ज़मीन को हम ने फैलाया और उस में पहाड़ जमाए, और हम ने उस में उगाईं हर क़िस्म की ख़ुशनुमा (चीज़ें)। (7)
हर रुजूअ़ करने वाले बन्दे के लिए ज़रीआए बीनाई ओ नसीहत। (8)
और हम ने आस्मान से बाबरकत पानी उतारा, फिर हम ने उस से बाग़ात उगाए और खेती का ग़ल्ला। (9)
और बुलन्द ओ बाला खजूर के दरख़्त, जिन के तह ब तह (ख़ूब गुंधे हुए) ख़ोशे हैं। (10)
रिज़्क़ बन्दों के लिए और हम ने उस से मुर्दा ज़मीन को ज़िन्दा किया, इसी तरह (क़ब्र से) निकलना होगा। (11)
इन से क़ब्ल झुटलाया नूह (अ) की क़ौम और अहले रस और समूद ने। (12)
आद और फ़िरऔ़न और लूत (अ) के भाइयों ने। (13)
और बन के रहने वालों ने और क़ौमे तुब्बअ़ ने, सब ने रसूलों को झुटलाया, पस वादाए अ़ज़ाब साबित हो गया। (14)
तो क्या हम पहली बार पैदा करने से थक गए हैं? बल्कि वह दोबारा पैदा करने की (तरफ़) से शक में हैं। (15)

وَلَقَدْ خَلَقْنَا الْاِنْسَانَ وَنَعْلَمُ مَا تُوَسْوِسُ بِهٖ نَفْسُهٗ ۚ وَنَحْنُ اَقْرَبُ

बहुत क़रीब	और हम	उस का जी	उस के	जो वस्वसे गुज़रते हैं	और हम जानते हैं	इन्सान	और तहक़ीक़ हम ने पैदा किया

اِلَيْهِ مِنْ حَبْلِ الْوَرِيْدِ ﴿١٦﴾ اِذْ يَتَلَقَّى الْمُتَلَقِّيٰنِ عَنِ الْيَمِيْنِ

दाएं से	दो (2) लेने (लिख लेने) वाले	जब लेते (लिख लेते) हैं	16	रगे गर्दन (शह रग)	से	उस के

وَعَنِ الشِّمَالِ قَعِيْدٌ ﴿١٧﴾ مَا يَلْفِظُ مِنْ قَوْلٍ اِلَّا لَدَيْهِ رَقِيْبٌ عَتِيْدٌ ﴿١٨﴾

18	तैयार बैठा हुआ	एक निगहबान	उस के पास	मगर	कोई बात	और नहीं निकालता	17	बैठा हुआ	और बाएं से

وَجَآءَتْ سَكْرَةُ الْمَوْتِ بِالْحَقِّ ۭ ذٰلِكَ مَا كُنْتَ مِنْهُ تَحِيْدُ ﴿١٩﴾ وَنُفِخَ

और फूंका गया	19	भागता (बिदकता)	उस से	जिस से तू था	यह	हक़ के साथ	मौत की बेहोशी	और आ गई

فِي الصُّوْرِ ۭ ذٰلِكَ يَوْمُ الْوَعِيْدِ ﴿٢٠﴾ وَجَآءَتْ كُلُّ نَفْسٍ مَّعَهَا سَآئِقٌ

एक चलाने वाला	उस के साथ	हर शख़्स	और आएगा (हाज़िर होगा)	20	वईद का दिन	यह	सूर में

وَّشَهِيْدٌ ﴿٢١﴾ لَقَدْ كُنْتَ فِيْ غَفْلَةٍ مِّنْ هٰذَا فَكَشَفْنَا عَنْكَ غِطَآءَكَ

तेरा पर्दा	तुझ से	तो हम ने हटा दिया	इस से	ग़फ़्लत में	तहक़ीक़ तू था	21	और गवाही देने वाला

فَبَصَرُكَ الْيَوْمَ حَدِيْدٌ ﴿٢٢﴾ وَقَالَ قَرِيْنُهٗ هٰذَا مَا لَدَيَّ عَتِيْدٌ ﴿٢٣﴾

23	हाज़िर	जो मेरे पास	यह	उस का हम नशीन	और कहेगा	22	बड़ी तेज़	आज	पस तेरी नज़र

اَلْقِيَا فِيْ جَهَنَّمَ كُلَّ كَفَّارٍ عَنِيْدٍ ﴿٢٤﴾ مَّنَّاعٍ لِّلْخَيْرِ مُعْتَدٍ مُّرِيْبِ ﴿٢٥﴾

25	शुबहात डालने वाला	हद से गुज़रने वाला	माल के लिए	मना करने वाला	24	सरकश	हर नाशुक्रा	जहन्नम में	तुम दोनों डाल दो

اِلَّذِيْ جَعَلَ مَعَ اللّٰهِ اِلٰهًا اٰخَرَ فَاَلْقِيٰهُ فِي الْعَذَابِ الشَّدِيْدِ ﴿٢٦﴾

26	सख़्त	अज़ाब में	पस उसे डाल दो तुम	दूसरा	माबूद	अल्लाह के साथ	ठहराया	वह जिस

قَالَ قَرِيْنُهٗ رَبَّنَا مَآ اَطْغَيْتُهٗ وَلٰكِنْ كَانَ فِيْ ضَلٰلٍۢ بَعِيْدٍ ﴿٢٧﴾ قَالَ

फ़रमाएगा	27	परले दरजे की	गुमराही में	था	और लेकिन वह	मैं ने उसे सरकश नहीं बनाया	ऐ हमारे रब	उस का हम नशीन	कहेगा

لَا تَخْتَصِمُوْا لَدَيَّ وَقَدْ قَدَّمْتُ اِلَيْكُمْ بِالْوَعِيْدِ ﴿٢٨﴾ مَا يُبَدَّلُ الْقَوْلُ

बात	नहीं बदली जाती	28	वादा-ए-अज़ाब	तुम्हारी तरफ़	और मैं पहले भेज चुका हूँ	मेरे पास-सामने	तुम न झगड़ो

لَدَيَّ وَمَآ اَنَا بِظَلَّامٍ لِّلْعَبِيْدِ ﴿٢٩﴾ يَوْمَ نَقُوْلُ لِجَهَنَّمَ هَلِ امْتَلَاْتِ ٢ ع ١٤ ١٦

क्या तू भर गई?	जहन्नम से	हम कहेंगे	जिस दिन	29	बन्दों पर	ज़ुल्म करने वाला	और नहीं मैं	मेरे पास (हाँ)

وَتَقُوْلُ هَلْ مِنْ مَّزِيْدٍ ﴿٣٠﴾ وَاُزْلِفَتِ الْجَنَّةُ لِلْمُتَّقِيْنَ غَيْرَ بَعِيْدٍ ﴿٣١﴾

31	दूर	न	परहेज़गारों के लिए	जन्नत	और नज़दीक कर दी जाएगी	30	मज़ीद है	से-कुछ	क्या	और वह कहेगी

هٰذَا مَا تُوْعَدُوْنَ لِكُلِّ اَوَّابٍ حَفِيْظٍ ﴿٣٢﴾ مَنْ خَشِيَ الرَّحْمٰنَ بِالْغَيْبِ

बिन देखे	रहमान (अल्लाह)	डरा	जो	32	निगहदाश्त करने वाला	हर रुजूअ करने वाले के लिए	यह जो तुम से वादा किया जाता था

وَجَآءَ بِقَلْبٍ مُّنِيْبِ ﴿٣٣﴾ اِدْخُلُوْهَا بِسَلٰمٍ ۭ ذٰلِكَ يَوْمُ الْخُلُوْدِ ﴿٣٤﴾

34	हमेशा रहने का दिन	यह	सलामती के साथ	तुम उस में दाख़िल हो जाओ	33	रुजूअ करने वाले दिल के साथ	और आया

और तहक़ीक़ हम ने इन्सान को पैदा किया और हम जानते हैं जो वस्वसे गुज़रते हैं उस के जी में, और हम उस की शह रग से (भी) ज़ियादा क़रीब हैं। (16)

जब (वह कोई काम करता है) तो लिखने वाले लिख लेते हैं (एक) दाएं से और (एक) बाएं से बैठा हुआ। (17)

और वह कोई बात (ज़बान से) नहीं निकालता मगर उस के पास (लिखने के लिए) एक निगहबान तैयार बैठा है। (18)

और हक़ के साथ मौत की बेहोशी आ गई, यह वह है जिस से तू बिदकता था। (19)

और सूर फूंका गया, यह वईद का दिन है। (20)

और हर शख़्स (हमारे हुज़ूर) हाज़िर होगा, उस के साथ एक चलाने वाला और एक गवाही देने वाला होगा। (21)

तहक़ीक़ तू इस से ग़फ़्लत में था, तो हम ने तुझ से तेरा (ग़फ़्लत का) पर्दा हटा दिया। पस तेरी नज़र आज बड़ी तेज़ है। (22)

और कहेगा उस का हम नशीन (फ़रिश्ता) जो मेरे पास (आमाल नामा था) यह हाज़िर है। (23)

(हुक्म होगा) तुम दोनों जहन्नम में डाल दो हर नाशुक्रे सरकश को, (24)

भलाई को रोकने वाला, हद से गुज़रने वाला, शुबहात डालने वाला। (25)

जिस ने अल्लाह के साथ दूसरा माबूद ठहराया, पस तुम उसे डाल दो सख़्त अज़ाब में। (26)

उस का हम नशीन (शैतान) कहेगा कि ऐ हमारे रब! मैं ने उसे सरकश नहीं बनाया, बल्कि वह परले दरजे की गुमराही में था। (27)

(अल्लाह) फ़रमाएगाः तुम मेरे सामने न झगड़ो, और मैं तुम्हारी तरफ़ पहले वादाए अज़ाब भेज चुका हूँ। (28)

मेरे पास बात नहीं बदली जाती और नहीं मैं ज़ुल्म करने वाला बन्दों पर। (29)

जिस दिन हम जहन्नम से कहेंगे कि क्या तू भर गई? और वह कहेगीः क्या कुछ (और) मज़ीद है? (30)

और जन्नत परहेज़गारों के नज़दीक कर दी जाएगी, न होगी दूर। (31)

यह है जो तुम से वादा किया जाता था, हर रुजूअ करने वाले, निगहदाश्त करने वाले के लिए। (32)

जो अल्लाह रहमान से बिन देखे डरा, और रुजूअ करने वाले दिल के साथ आया। (33)

(हम फ़रमाएंगे) उस में सलामती के साथ दाख़िल हो जाओ, यह हमेशा रहने का दिन है। (34)

لَهُمْ مَّا يَشَآءُوْنَ فِيْهَا وَلَدَيْنَا مَزِيْدٌ ﴿٣٥﴾ وَكَمْ اَهْلَكْنَا قَبْلَهُمْ

इन से क़ब्ल	और कितनी हलाक कीं हम ने	35	और भी ज़ियादा	और हमारे पास	उस में	जो वह चाहेंगे	उन के लिए

مِّنْ قَرْنٍ هُمْ اَشَدُّ مِنْهُمْ بَطْشًا فَنَقَّبُوْا فِى الْبِلَادِ ؕ هَلْ مِنْ مَّحِيْصٍ ﴿٣٦﴾

36	भागने की जगह	से (कहीं)	क्या	पस कुरेदने (छान मारने) लगे शहरों में	पकड़ में	इन से	वह ज़ियादा सख़्त	उम्मतें

اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَذِكْرٰى لِمَنْ كَانَ لَهٗ قَلْبٌ اَوْ اَلْقَى السَّمْعَ وَهُوَ

और वह	डाले (लगाए) कान	या	दिल	उस का	हो	उस के लिए जो	नसीहत	इस	में	बेशक

شَهِيْدٌ ﴿٣٧﴾ وَلَقَدْ خَلَقْنَا السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ وَمَا بَيْنَهُمَا فِىْ سِتَّةِ اَيَّامٍ ۖ

छः (6) दिन में	और जो उन दोनों के दरमियान	और ज़मीन	आस्मानों	हम ने पैदा किया	और तहक़ीक़	37	मुतवज्जेह

وَّمَا مَسَّنَا مِنْ لُّغُوْبٍ ﴿٣٨﴾ فَاصْبِرْ عَلٰى مَا يَقُوْلُوْنَ وَسَبِّحْ

और पाकीज़गी बयान करो	जो वह कहते हैं	पर	पस सब्र करो तुम	38	किसी तकान ने	और नहीं छुआ हमें

بِحَمْدِ رَبِّكَ قَبْلَ طُلُوْعِ الشَّمْسِ وَقَبْلَ الْغُرُوْبِ ﴿٣٩﴾ وَمِنَ الَّيْلِ

और रात में	39	और ग़ुरूब होने से क़ब्ल	सूरज का तुलूअ़	क़ब्ल	अपने रब की तारीफ़ के साथ

فَسَبِّحْهُ وَاَدْبَارَ السُّجُوْدِ ﴿٤٠﴾ وَاسْتَمِعْ يَوْمَ يُنَادِ الْمُنَادِ مِنْ

से	पुकारने वाला पुकारेगा	जिस दिन	और सुनो तुम	40	सिज्दों (नमाज़)	और बाद	पस उसकी पाकीज़गी बयान करो

مَّكَانٍ قَرِيْبٍ ﴿٤١﴾ يَّوْمَ يَسْمَعُوْنَ الصَّيْحَةَ بِالْحَقِّ ؕ ذٰلِكَ يَوْمُ الْخُرُوْجِ ﴿٤٢﴾

42	बाहर निकलने का दिन	यह	हक़ के साथ	चीख़	वह सुनेंगे	जिस दिन	41	जगह क़रीब

اِنَّا نَحْنُ نُحْىٖ وَنُمِيْتُ وَاِلَيْنَا الْمَصِيْرُ ﴿٤٣﴾ يَوْمَ تَشَقَّقُ الْاَرْضُ عَنْهُمْ

उन से	ज़मीन	जिस दिन शक़ हो जाएगी	43	फिर लौट कर आना है	और हमारी तरफ़	और मारते हैं	ज़िन्दगी देते हैं	बेशक हम

سِرَاعًا ؕ ذٰلِكَ حَشْرٌ عَلَيْنَا يَسِيْرٌ ﴿٤٤﴾ نَحْنُ اَعْلَمُ بِمَا يَقُوْلُوْنَ

वह कहते हैं	वह जो	हम ख़ूब जानते हैं	44	आसान	हमारे लिए	हश्र	यह	जल्दी करते हुए

ع ٣ ١٦ ١٧ وَمَآ اَنْتَ عَلَيْهِمْ بِجَبَّارٍ ۛ فَذَكِّرْ بِالْقُرْاٰنِ مَنْ يَّخَافُ وَعِيْدِ ﴿٤٥﴾

45	मेरी वईद	वह डरता है	जो	क़ुरआन से	पस नसीहत करें	जब्र करने वाले	उन पर	और नहीं आप (स)

آيَاتُهَا ٦٠ ❀ سُوْرَةُ الذّٰرِيٰتِ (٥١) ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٣

रुकूआ़त 3 — (51) सूरतुज़ ज़ारियात — बिखेरने वालियाँ — आयात 60

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

وَالذّٰرِيٰتِ ذَرْوًا ﴿١﴾ فَالْحٰمِلٰتِ وِقْرًا ﴿٢﴾ فَالْجٰرِيٰتِ يُسْرًا ﴿٣﴾ فَالْمُقَسِّمٰتِ

फिर तक़सीम करने वाले	3	नर्मी से	फिर चलने वाली	2	बोझ	फिर उठाने वाली	1	उड़ा कर	क़सम है परागन्दा करने वाली (हवाओं)

اَمْرًا ﴿٤﴾ اِنَّمَا تُوْعَدُوْنَ لَصَادِقٌ ﴿٥﴾ وَّاِنَّ الدِّيْنَ لَوَاقِعٌ ﴿٦﴾

6	अलबत्ता वाक़े होने वाली	जज़ा ओ सज़ा	और बेशक	5	अलबत्ता सच है	तुम्हें वादा दिया जाता है	इस के सिवा नहीं	4	हुक्म से

उस में उन के लिए है जो वह चाहेंगे और हमारे पास और भी ज़ियादा है। (35)
और हम ने इन (अहले मक्का) से क़ब्ल कितनी (ही) हलाक कीं उम्मतें, वह पकड़ (क़ुव्वत) में इन से ज़ियादा सख़्त थीं, पस उन्हों ने शहरों को छान मारा था, क्या कहीं भागने की जगह पा सके? (36)
बेशक उस में नसीहत (बड़ी इब्रत) है उस के लिए जिस का दिल (बेदार) हो, या कान लगाए, और वह मुतवज्जेह हो। (37)
और तहक़ीक़ हम ने आस्मानों और ज़मीन को पैदा किया और जो उन के दरमियान है, छः (6) दिन में, और हमें किसी तकान ने नहीं छुआ। (38)
पस जो वह कहते हैं तुम उस पर सब्र करो, और अपने रब की तारीफ़ के साथ पाकीज़गी बयान करो, सूरज के तुलूअ़ और ग़ुरूब से क़ब्ल। (39)
और रात में पस उस की पाकीज़गी बयान करो और नमाज़ों के बाद (भी)। (40)
और सुनो, जिस दिन पुकराने वाला क़रीब जगह से पुकारेगा। (41)
जिस दिन वह ठीक ठीक चीख़ सुनेंगे, यह (क़ब्रों से) बाहर निकलने का दिन होगा। (42)
बेशक हम ज़िन्दगी देते हैं और हम ही मारते हैं और हमारी तरफ़ (ही) लौट कर आना है। (43)
जिस दिन ज़मीन शक़ हो जाएगी वह जल्दी करते हुए निकलेंगे, यह हश्र हमारे लिए आसान है। (44)
जो वह कहते हैं हम ख़ूब जानते हैं, और तुम उन पर जब्र करने वाले नहीं, पस आप (स) (उस को) क़ुरआन से नसीहत करें, जो मेरी वईद (वादाए अ़ज़ाब) से डरता है। (45)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

क़सम है (ख़ाक) उड़ा कर परागन्दा करने वाली हवाओं की, (1)
फिर (बारिश का) बोझ उठाने वाली हवाओं की, (2)
फिर नर्मी से चलने वाली (कश्तियों) की, (3)
फिर हुक्म से तक़सीम करने वाले (फ़रिश्तों) की, (4)
इस के सिवा नहीं कि तुम्हें वादा जो दिया जाता है अलबत्ता सच है। (5)
और बेशक जज़ा ओ सज़ा अलबत्ता वाक़े होने वाली है। (6)

وَالسَّمَآءِ ذَاتِ الْحُبُكِ ۝٧ اِنَّكُمْ لَفِيْ قَوْلٍ مُّخْتَلِفٍ ۝٨ يُّؤْفَكُ عَنْهُ

उस से	फेरा जाता है	8	मुख़्तलिफ़	बात	अलबत्ता में	बेशक तुम	7	रास्तों वाले	और क़सम है आस्मान की

مَنْ اُفِكَ ۝٩ قُتِلَ الْخَرّٰصُوْنَ ۝١٠ الَّذِيْنَ هُمْ فِيْ غَمْرَةٍ سَاهُوْنَ ۝١١

11	भूले हुए हैं	ग़फ़्लत में	वह	वह जो	10	अटकल दौड़ाने वाले	मारे गए	9	जो फेरा जाता है

يَسْـَٔلُوْنَ اَيَّانَ يَوْمُ الدِّيْنِ ۝١٢ يَوْمَ هُمْ عَلَى النَّارِ يُفْتَنُوْنَ ۝١٣ ذُوْقُوْا

तुम चखो	13	उलटे सीधे पड़ेंगे	आग पर	वह	उस दिन	12	जज़ा औ सज़ा का दिन	कब?	वह पूछते हैं

فِتْنَتَكُمْ ۭ هٰذَا الَّذِيْ كُنْتُمْ بِهٖ تَسْتَعْجِلُوْنَ ۝١٤ اِنَّ الْمُتَّقِيْنَ فِيْ جَنّٰتٍ

बाग़ात में	मुत्तक़ी (नेक चलन)	बेशक	14	जल्दी करते	तुम थे उस की	वह जो	यह	अपनी शरारत

وَّعُيُوْنٍ ۝١٥ اٰخِذِيْنَ مَآ اٰتٰىهُمْ رَبُّهُمْ ۭ اِنَّهُمْ كَانُوْا قَبْلَ ذٰلِكَ

इस	क़ब्ल	थे	बेशक वह	उन का रब	जो दिया उन्हें	लेने वाले	15	और चश्मे

مُحْسِنِيْنَ ۝١٦ كَانُوْا قَلِيْلًا مِّنَ الَّيْلِ مَا يَهْجَعُوْنَ ۝١٧ وَبِالْاَسْحَارِ هُمْ

वह	और वक़्ते सुबह	17	वह सोते	रात से-में	थोड़ा	वह थे	16	नेकोकार

يَسْتَغْفِرُوْنَ ۝١٨ وَفِيْٓ اَمْوَالِهِمْ حَقٌّ لِّلسَّاۗىِٕلِ وَالْمَحْرُوْمِ ۝١٩

19	और तंगदस्त (ग़ैर सवाली)	सवाली के लिए	हक़	उन के माल (जमा)	और में	18	असतग़फ़ार करते

وَفِي الْاَرْضِ اٰيٰتٌ لِّلْمُوْقِنِيْنَ ۝٢٠ وَفِيْٓ اَنْفُسِكُمْ ۭ اَفَلَا تُبْصِرُوْنَ ۝٢١ وَفِي

और में	21	तो क्या तुम देखते नहीं?	और तुम्हारी ज़ात में	20	यक़ीन करने वालों के लिए	निशानियां	और ज़मीन में

السَّمَآءِ رِزْقُكُمْ وَمَا تُوْعَدُوْنَ ۝٢٢ فَوَرَبِّ السَّمَآءِ وَالْاَرْضِ اِنَّهٗ لَحَقٌّ

हक़ है	बेशक यह	और ज़मीन	आस्मानों	क़सम है रब की	22	और जो तुम से वादा किया जाता है	तुम्हारा रिज़्क़	आस्मानों

مِّثْلَ مَآ اَنَّكُمْ تَنْطِقُوْنَ ۝٢٣ هَلْ اَتٰىكَ حَدِيْثُ ضَيْفِ اِبْرٰهِيْمَ ع ١ ٢٣ ١٨

इब्राहीम (अ)	मेहमान	बात (ख़बर)	आई तुम्हारे पास	क्या	23	बोलते हो	जो तुम	जैसे

الْمُكْرَمِيْنَ ۝٢٤ اِذْ دَخَلُوْا عَلَيْهِ فَقَالُوْا سَلٰمًا ۭ قَالَ سَلٰمٌ ۚ قَوْمٌ مُّنْكَرُوْنَ ۝٢٥ وقف لازم

25	नाशनासा	लोग	सलाम	उस ने कहा	सलाम	तो उन्हों ने कहा	उस के पास	वह आए	जब	24	इज़्ज़तदार

فَرَاغَ اِلٰٓى اَهْلِهٖ فَجَاۗءَ بِعِجْلٍ سَمِيْنٍ ۝٢٦ فَقَرَّبَهٗٓ اِلَيْهِمْ قَالَ

कहा	उन के	फिर वह सामने रखा	26	मोटा ताज़ा बछड़ा	पस लाया	अपने अहले ख़ाना की तरफ़	फिर वह मुतवज्जेह हुआ

اَلَا تَاْكُلُوْنَ ۝٢٧ فَاَوْجَسَ مِنْهُمْ خِيْفَةً ۭ قَالُوْا لَا تَخَفْ ۭ وَبَشَّرُوْهُ بِغُلٰمٍ

एक बेटे की	और उन्हों ने बशारत दी	तुम डरो नहीं	वह बोले	कुछ डर	उन से	तो उस ने महसूस किया	27	क्या तुम खाते नहीं?

عَلِيْمٍ ۝٢٨ فَاَقْبَلَتِ امْرَاَتُهٗ فِيْ صَرَّةٍ فَصَكَّتْ وَجْهَهَا وَقَالَتْ عَجُوْزٌ

बुढ़िया	और बोली	अपना चेहरा	उस ने हाथ मारा	हैरत से बोलती हुई	उस की बीवी	फिर आगे आई	28	दानिशमन्द

عَقِيْمٌ ۝٢٩ قَالُوْا كَذٰلِكِ ۙ قَالَ رَبُّكِ ۭ اِنَّهٗ هُوَ الْحَكِيْمُ الْعَلِيْمُ ۝٣٠

30	जानने वाला	हिक्मत वाला	वह	बेशक	तेरा रब	फ़रमाया	यूँ ही	उन्हों ने कहा	29	बांझ

और क़सम है रास्तों वाले आस्मान की। (7)
बेशक तुम अलबत्ता मुख़्तलिफ़ बात में हो। (8)
उस (क़ुरआन) से वही फेरा जाता है जो (अल्लाह की तरफ़ से) फेरा जाता है। (9)
अटकल दौड़ाने वाले मारे गए। (10)
जो वह ग़फ़्लत में भूले हुए हैं। (11)
वह पूछते हैं कि जज़ा ओ सज़ा का दिन कब होगा? (12)
(हाँ) उस दिन वह आग पर उलटे सीधे पड़ेंगे। (13)
(अब) तुम अपनी शरारत (का मज़ा) चखो, यह है वह जिस की तुम जल्दी करते थे। (14)
बेशक मुत्तक़ी बाग़ात और चश्मों में होंगे। (15)
लेने वाले जो दिया उन्हें उन का रब, बेशक वह इस से क़ब्ल नेकोकार थे। (16)
वह रात में थोड़ा सोते थे। (17)
और वक़्ते सुबह वह असतग़फ़ार करते (बख़्शिश मांगते) थे। (18)
और उन के मालों में हक़ है सवाली और ग़ैर सवाली (तंगदस्त) के लिए। (19)
और ज़मीन में यक़ीन करने वालों के लिए निशानियां हैं। (20)
और तुम्हारी ज़ात में (भी), तो क्या तुम देखते नहीं? (21)
और आस्मानों में तुम्हारा रिज़्क़ है और जो तुम से वादा किया जाता है। (22)
क़सम है रब की आस्मानों और ज़मीन के, बेशक यह (क़ुरआन) हक़ है जैसे तुम बोलते हो। (23)
क्या आप (स) के पास ख़बर आई इब्राहीम (अ) के मुअज़्ज़ज़ मेहमानों की? (24)
जब वह उस के पास आए तो उन्हों ने "सलाम" कहा, उस (इब्राहीम अ) ने (भी) सलाम कहा, वह लोग नाशनासा थे। (25)
फिर वह अपने अहले ख़ाना की तरफ़ मुतवज्जेह हुए, फिर एक मोटा ताज़ा बछड़ा (के कबाब) ले आए। (26)
फिर उन के सामने रखा (और) कहाः क्या तुम खाते नहीं? (27)
तो उस (इब्राहीम अ) ने उन से (दिल में) डर महसूस किया, वह बोले कि तुम डरो नहीं, और उन्हों ने उसे एक दाशिमन्द बेटे की बशारत दी। (28)
फिर उस की बीवी आगे आई हैरत से बोलती हुई, उस ने अपने चेहरे पर (हाथ) मारा और बोलीः (मैं) बुढ़िया (और ऊपर से) बांझ। (29)
उन्हों ने कहाः ऐसे ही फ़रमाया है तेरे रब ने, बेशक वह है हिक्मत वाला, जानने वाला। (30)

الجزء ٢٧

قَالَ فَمَا خَطْبُكُمْ اَيُّهَا الْمُرْسَلُوْنَ ﴿٣١﴾ قَالُوْٓا اِنَّآ اُرْسِلْنَآ

उस ने कहा	तो क्या	मक़सद तुम्हारा	ऐ	भेजे हुए (फ़रिश्तो)	31	उन्हों ने जवाब दिया	बेशक हम भेजे गए हैं

اِلٰى قَوْمٍ مُّجْرِمِيْنَ ﴿٣٢﴾ لِنُرْسِلَ عَلَيْهِمْ حِجَارَةً مِّنْ طِيْنٍ ﴿٣٣﴾ مُّسَوَّمَةً

तरफ़	मुज्रिम क़ौम (मुज्रिमों की क़ौम)	32	ताकि हम भेजें (बरसाएं)	उन पर	पत्थर	पकी हुई मिट्टी से	33	निशान किए हुए

عِنْدَ رَبِّكَ لِلْمُسْرِفِيْنَ ﴿٣٤﴾ فَاَخْرَجْنَا مَنْ كَانَ فِيْهَا مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٣٥﴾

तुम्हारे रब के हां	हद से गुज़र जाने वालों के लिए	34	पस हम ने निकाल लिया	जो था	उस में	से	ईमान वाले	35

فَمَا وَجَدْنَا فِيْهَا غَيْرَ بَيْتٍ مِّنَ الْمُسْلِمِيْنَ ﴿٣٦﴾ وَتَرَكْنَا فِيْهَآ اٰيَةً

पस हम ने न पाया	उस में	एक घर के सिवा	से-का	मुसलमानों	36	और हम ने छोड़ दी	उस में	एक निशानी

لِّلَّذِيْنَ يَخَافُوْنَ الْعَذَابَ الْاَلِيْمَ ﴿٣٧﴾ وَفِيْ مُوْسٰٓى اِذْ اَرْسَلْنٰهُ

उन लोगों के लिए	जो डरते हैं	दर्दनाक अ़ज़ाब	37	और मूसा (अ) में	जब हम ने उसे भेजा

اِلٰى فِرْعَوْنَ بِسُلْطٰنٍ مُّبِيْنٍ ﴿٣٨﴾ فَتَوَلّٰى بِرُكْنِهٖ وَقَالَ سٰحِرٌ اَوْ مَجْنُوْنٌ ﴿٣٩﴾

फ़िरऔ़न की तरफ़	रोशन दलील (मोजिज़े) के साथ	38	तो उस ने सरताबी की	अपनी कुव्वत के साथ	और कहा	जादूगर	या दीवाना	39

فَاَخَذْنٰهُ وَجُنُوْدَهٗ فَنَبَذْنٰهُمْ فِي الْيَمِّ وَهُوَ مُلِيْمٌ ﴿٤٠﴾ وَفِيْ عَادٍ

पस हम ने उसे पकड़ा	और उस का लशकर	फिर हम ने उन्हें फेंक दिया	दर्या में	और वह	मलामत ज़दा	40	और आ़द में

اِذْ اَرْسَلْنَا عَلَيْهِمُ الرِّيْحَ الْعَقِيْمَ ﴿٤١﴾ مَا تَذَرُ مِنْ شَيْءٍ اَتَتْ

जब हम ने भेजी	उन पर	नामुबारक आन्धी	41	वह न छोड़ती थी	किसी शै को	आती

عَلَيْهِ اِلَّا جَعَلَتْهُ كَالرَّمِيْمِ ﴿٤٢﴾ وَفِيْ ثَمُوْدَ اِذْ قِيْلَ لَهُمْ تَمَتَّعُوْا

जिस पर	मगर उसे कर देती	गली सड़ी हड्डी की तरह	42	और समूद में	जब कहा गया	उन को	फ़ाइदा उठा लो

حَتّٰى حِيْنٍ ﴿٤٣﴾ فَعَتَوْا عَنْ اَمْرِ رَبِّهِمْ فَاَخَذَتْهُمُ الصّٰعِقَةُ

एक मुद्दत तक	43	तो उन्हों ने सरकशी की	से	अपने रब का हुक्म	पस उन्हें पकड़ा	बिजली की कड़क

وَهُمْ يَنْظُرُوْنَ ﴿٤٤﴾ فَمَا اسْتَطَاعُوْا مِنْ قِيَامٍ وَّمَا كَانُوْا مُنْتَصِرِيْنَ ﴿٤٥﴾

और वह	देखते थे	44	पस उन में सकत न रही	खड़ा होने की	और वह न थे	खुद अपनी मदद करने वाले	45

ع ٢ ٢٣ ١ وَقَوْمَ نُوْحٍ مِّنْ قَبْلُ اِنَّهُمْ كَانُوْا قَوْمًا فٰسِقِيْنَ ﴿٤٦﴾

और नूह (अ) की क़ौम	उस से क़ब्ल	बेशक वह	थे	लोग नाफ़रमान	46

وَالسَّمَآءَ بَنَيْنٰهَا بِاَيْىدٍ وَّاِنَّا لَمُوْسِعُوْنَ ﴿٤٧﴾ وَالْاَرْضَ فَرَشْنٰهَا

और आस्मान	हम ने उसे बनाया	हाथ (कुव्वत) से	और बेशक हम	वसीउ़ल कुदरत हैं	47	और ज़मीन	हम ने फ़र्श बनाया उसे

